# GORAKHPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-09-06-2024




पुलिस लाइन में क्राइम की समीक्षा बैठक करते एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर व एसपी सिटी केके विश्नोई। फोटो : एसएनबी

# एसएसपी की मीटिंग : थानेदारों और चौकी प्रभारियों के छूटे पसीने

**गोरखपुर (एसएनबी)।** शनिवार को पुलिस लाइन में लोक सभा चुनाव संपन्न होने के बाद पहली बार शहर के थानेदारों और चौकी प्रभारियों की एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर ने मीटिंग बुलाई थी। मीटिंग में पहुंचने वाले थानेदारों को पहले लगा कि चुनाव को लेकर पीठ थपथपायी जाएगी, लेकिन अंदर पहुंचने के बाद मीटिंग शुरू हुई तो कप्तान का पारा हाई देख थानेदारों व चौकी प्रभारियों का पसीना छुट गया। कप्तान ने दो टूक में कहा कि जिस तरह जगदीशपुर चौकी की पुलिस की करतूत सामने आयी है इस तरह की यदि शिकायत मिली तो संस्पेंड के बाद पुलिसवालों पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा। खासकर रामगढ़ताल, तिवारीपुर और एम्स थानेदारों की कार्यप्रणाली को लेकर बेहद खफा थे और खरी -खोटी सुनायी गई।

पुलिस लाइन में बुलायी गई बैंठक में एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर,एसपी सिटी के के विश्नोई और शहर के सीओ के अलावा थानेदार व चौकी प्रभारियों को कप्तान ने कहा कि रामगढ़ताल पुलिस सात माह पहले 307 के तहत केस दर्ज किया लेकिन उसके बाद मुकदमे में कुछ नहीं किया गया। इसी प्रकार एम्स थाने की पुलिस की शिकायतों का अंबार है। जगदीशपुर चौकी की पुलिस सारी हदे पार कर दीं। थानेदार की मानिटरिंग नहीं के बराबर था। तिवारीपुर पुलिस की करतूत का भी जिक्र किया गया जिससे सभी लोग सुनकर हैरान हो गए।

## एसएसपी का पारा हाई, थानेदारों के करतूत पर मारा हथौड़ा

- रामगढ़ताल, तिवारीपुर और एम्स थानेदारों को सुनायी खरी -खोटी
- मीटिंग में जगदीशपुर चौकी की करतूत का किया उजागर
- पीड़ितों की बात नहीं सुनना, भ्रष्ट्रचार की मिली शिकायत पर सस्पेंड के बाद दर्ज होगा मुकदमा

एसएसपी ने इशारों में सभी को मैसेंज दे दिया कि थाने व चौकी पर पहुंचने वाले पीड़ितों की बात सुनी जाए। उनकी समस्याओं को त्वरित निस्तारित किया जाए। थाने पर यदि किसी ने पैसे का लेने देन किया तो शिकायत मिलने पर पुलिसवालों को संस्पेंड करने के साथ ही केस दभी दर्ज कराया जाएगा। कप्तान का तेवर देख खाकीवालों का पसीना छुट रहा था।

इस दौरान एसएसपी ने थाने व चौकी पर आने वाले प्रत्येक फरियादियों के प्रति अच्छा व्यवहार, तत्काल सुनवाई तथा समयबद्ध तरीके से गुणवत्तापूर्ण कार्यवाही करने के निर्देश दिये। अपने क्षेत्र में निवास कर रहे अपराधियों की लगातार निगरानी की जाए एवं उनके विरुद्ध कठोर कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। अपने क्षेत्र में चल रहे अवैध गतिविधियों पर तत्काल प्रभाव से कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। पेंडिग विवेचनाओं का गुणवत्तापूर्वक निस्तारण किया जाय एवं यदि उसमें लापरवाही पायी जाती है तो संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। थाने व चौकी पर अनावश्यक रूप से (विशेष रूप से सिविल प्रवृत्ति के मामलों में) किसी को ना बैठाया जाय । सिविल प्रवृत्ति के मामलों में अनावश्यक हस्तक्षेप करने पर संबंधित पुलिस कर्मियों के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान पुलिस अधीक्षक नगर, क्षेत्राधिकारी कैण्ट, क्षेत्राधिकारी कोतवाली, क्षेत्राधिकारी गोरखनाथ, शहर क्षेत्र के सभी थाना प्रभारी,थानाध्यक्ष, यातायात निरीक्षक व शहर क्षेत्र के सभी चौकी प्रभारी मौजूद रहे।

# समाधान दिवस में एक भी मामले का निस्तारण नहीं

**बांसगांव (एसएनबी)।** कोतवाली परिसर में शनिवार को नायब तहसीलदार मुकेश वर्मा की अध्यक्षता में बांसगांव कोतवाली परिसर में थाना दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उनके समक्ष कुल 14 प्रार्थना पत्र आये।मौके पर किसी मामले का निस्तारण नहीं हुआ , लोक सभा चुनाव के बाद पहला थाना दिवस होने पर फरियादी तो आये लेकिन अधिकांश राजवकर्मियो के न आने के कारण मौके पर किसी मामले का निस्तारण नही हुआ सभी प्रार्थना पत्रों को गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण के लिए सम्बंधित बीट अधिकारी एवं रराजस्व टीम को भेज दिया गया। इस अवसर पर प्रभारी कोतवाल अरविंद सिंह सहित अन्य उप निरीक्षक के अलावा राजस्व निरीक्षक आशीष शाही ,लेखपाल ष्ण कुमार श्रीवास्तव, राहुल सिंह, विवेक रानू उपस्थित रहे।

# थाना दिवस पर आये छह मामले

**पीपीगंज (एसएनबी)**। पीपीगँज थाना दिवस के अवसर पर कुल छः मामले आये। जिसमें नगर पँचायत पीपीगँज के वार्ड नम्बर 19 मे डीह की जमीन में अन्नपूर्णा द्वारा दिवाल चलाने को लेकर दो पक्षों में मारपीट का मामला थाना दिवस प्रभारी नायब तहसीलदार हँसराज व थानाध्यक्ष पुरूषोत्तम आन्नद सिंह के समक्ष पेश हुआ। दोनों पक्षों की बात सुनकर नायब तहसीलदार ने कहा कि डीह की जमीन मे हम निर्माण कार्य मे हस्तक्षेप नहीं करेगें। दोनों पक्षों के मारपीट के मामले मे थानाध्यक्ष ने चार महिलाओं को शाँति भँग मे चालान कर दिया। इसी तरह ग्राम महुआसर मे गुडिया के पति दिनानाथ ने गुडिया के माता पिता के घर छत पर चढकर गुडिया को मारपीट कर मोबाइल छीन कर भाग गया। गुडिया के पिता विकलांग है। गुडिया ने थाने पर तहरीर दिया है। एक मामला राजस्व का है। उसके निस्तारण के लिए मातहत को निस्तारण के लिए निर्देशित किया है। चुनाव बाद आज थाना दिवस का पहला दिन था। मौके पर राजस्व निरीक्षक अरविंद यादव लेखपाल शुभम तिवारी अनिल कृष्णा जायसवाल के अलावा क्षेत्र के कुछ लोग मौजूद थे।

# 15 मामले आये, निस्तारण को निर्देशित

**कैम्पियरगंज (एसएनबी)**। स्थानीय थाना परिसर में आयोजित थाना समाधान तहसीलदार कृष्ण गोपाल त्रिपाठी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। समाधान दिवस में कुल 15 मामले आये, निस्तारण के लिए राजस्व कर्मियों को निर्देशित किया गया। लोक सभा चुनाव के आदर्श आचार संहिता समाप्त होने के बाद आयोजित थाना समाधान दिवस में फरियाद के 15 लोगों ने प्रार्थना पत्र दिया। तहसीलदार ष्ण गोपाल त्रिपाठी व थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने शिकायती पत्र निस्तारण के लिए राजस्व कर्मियों को निर्देशित किया।इस दौरान एसएसआई दिनेश सहानी, राकेश कुमार सिंह, विनीत यादव, अमित सिंह, जद्दू सिंह, रमाशंकर, भगवंत प्रसाद,प्रिंस जायसवाल, अनिल कुमार, दिवाकर वर्मा सहित अन्य पुलिस व राजस्व कर्मी मौजूद रहे।

# संपत्ति की वसीयत कराने के आरोप में मुकदमा

**गोला (एसएनबी)।** गोला थाना क्षेत्र के सेमरी निवासी प्णमोहन तिवारी ने थानाध्यक्ष को तहरीर देकर चचेरी बहन पर कूटरचित दस्तावेजों के सहारे फर्जी वसीयत कराने का आरोप लगाया है। पुलिस ने इस मामले में आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दिया है। उन्होंने तहरीर में लिखा है कि मेरी चाची इसरावती देवी की तीन पुत्रियां थीं। जो विवाह के पश्चात से अपने ससुराल में राजी खुशी से रह रही हैं। उसके पश्चात से उनकी सेवा मैं व मेरा भाई गौरव तिवारी करते थे। जिससे खुश होकर उन्होंने वर्ष 2018 में हम दोनों भाइयों को अपनी संपत्ति का वसीयतनामा कर दिया था। इसके पश्चात वर्ष 2022 में उनकी पुत्री मीरा पत्नी संतोष कुमार ने कूटरचित व जालसाजी करते हुए एक अन्य महिला को खड़ा करके तथा बिहार के रहने वाले एक अन्य व्यक्ति के सहयोग से फर्जी वसीयत करा लिया।पुलिस ने इस मामले में मीरा मिश्रा, संतोष कुमार मिश्रा, धर्मेंद्र राय व एक अज्ञात के विरुद्ध धारा 419, 420, 467, 468, 471 के तहत केस दर्ज कर लिया है तथा जांच शुरू कर दिया है।

# कथित पत्नी समेत चार पर आत्महत्या को उकसाने का केस

**भटहट (एसएनबी)।** जमानत पर रिहा युवक शव लटकते मिलने के मामले पुलिस मृतक के पिता लालजी की तहरीर पर कथित पत्नी उसके पिता, चाचा और भाई के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में केस दर्ज कर ली। वायरल वीडियो के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

24 वर्षीय मृतक मोनू उर्फ महेंद्र के पिता लालजी के मुताबिक करीब तीन वर्ष पहले मोनू उर्फ महेन्द्र गांव की एक युवती से, कथित तौर पर दोनो ने अपनी मर्जी से मंदिर में शादी करने के बाद बाहर चले गए। कुछ ही दिन बाद कथित बहू व उसके पिता ने मिलकर पिता पुत्र के खिलाफ फर्जी मुकदमा दर्ज कराया। जिसमें पिता पुत्र दोनो जेल गये थे। इस समय जमानत पर रिहा है।

जेल से छूटने के बाद कथित बहू और उसके पिता द्वारा मानसिक रुप से प्रताड़ित किया जा रहा था। साक्ष्य के रुप में इंटर नेट पर बेटे का एक वीडियो वायरल हो रहा है। लगातार प्रताड़ना से तंग आकर मोनू उर्फ महेन्द्र ने आत्मघाती कदम उठा लिया। पेड़ की डाल से रस्सी से लटक कर जान देने की बात सामने आयी थी।

## यह है मामला

शुक्रवार की सुबह जमानत पर रिहा मृतक मोनू उर्फ महेंद्र का शव आम के बाग में पेड़ से शव लटकने की सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इधर पिता की तहरीर और वायरल वीडियो के आधार पर जांच पड़ताल शुरु कर दी है। विवेचक विवेक मिश्रा ने बताया कि तहरीर के आधार कथित पत्नी मोनिका, पिता ईश्वर, चाचा उदय, भाई सूरज के खिलाफ धारा 306 के तहत केस दर्ज विवेचना की जा रही है।

# गाली देने से मना करने पर जान से मारने की धमकी, केस

**ककरही (एसएनबी)।** गोला थाना क्षेत्र के एक गाँव में मतदान के दिन प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को गाली दे रहे मनबढ़ युवक को ऐसा करने से मना करने वाले युवक को जान से मारने की धमकी। पीड़ित के तहरीर पर युवक व उसके दो साथियों के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच में जुटी है।

थाना क्षेत्र के खिरकिटा दीगर निवासी अमर दीप शर्मा पुत्र हरिहर शर्मा ने 2 जून को तहरीर देकर पुलिस को सूचित किया था कि हम 1 जून को मतदान केंद्र से अपना मतदान करने के बाद घर लौट रहे थे।

रास्ते में खिरकिटा दूबे निवासी सत्यम पुत्र नेवास प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को गाली दे रहा था। जिसका हमारे द्वारा विरोध किया गया, जिससे नाराज हो कर अपराधिक प्रवृत्त का युवक हमे मारने की धमकी देने लगा।

उसी दिन शाम तकरीबन 9 बजे हम पकड़ी चौराहे से समान लेकर आ रहे थे तब उपरोक्त मनबढ़ युवक मोटरसाइकिल से हमारा पीछा कर घेर लिया तथा अपने दो अज्ञात साथियों के साथ मिलकर मारने पीटने लगा तथा चार सौ रूपये छीन कर जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से फरार हो गया।

पूर्व में भी वह अपराधिक मामलों में संलिप्त रहा है। प्रभारी मधुपनाथ मिश्र ने बताया कि दो अज्ञात सहित तीन लोगों के खिलाफ 323, 504, 506, 341, 392 की धारा के अंतर्गत मुकदमा दर्ज करा दिया गया है।

# कैंट व एम्स पुलिस ने सीमा विवाद में नहीं दर्ज किया केस

**गोरखपुर (एसएनबी)।** एसएसपी के आदेश के बावजूद जिले के दो थानों की पुलिस ने जालसाजी का केस दर्ज नही किया। इस मामले में सीओ कैंट व एएसपी आंशिका वर्मा ने भी जांच कर एम्स पुलिस को केस दर्ज करने का निर्देश दिया था। लेकिन एम्स पुलिस ने कुछ नही किया । फरियादी को यह कह कर टरका दिया कि मामला कैंट का है, वंहा जाए। जब फरियादी कैंट थाना गया तो वहां अपने सीमा क्षेत्र से बाहर का मामला बताते हुए फिर से एम्स पुलिस के पास जाने की सलाह दे दी। इस भागदौड़ से परेशान फरियादी शनिवार को जनसुनवाई में एसपी सिटी के पास पहुंचा। एसपी सीटी ने सीओ व दोनो थानेदारो से बात करने के बाद कैंट इंस्पेक्टर को मौके पर जाकर जांच कर मुकदमा लिखने का निर्देश दिया है।

मिली जानकारी के अनुसार एम्स इलाके के लालचंद निषाद की जमीन आदर्श नगर सिंघड़िया में है। वह वर्तमान में मुम्बई में रहते है। एक माह पहले उन्होंने एसएसपी से शिकायत की कि उनकी जमीन को 5 लोग दूसरे को खड़ा कर बैनामा करा लिए। एसएसपी ने एएसपी व सीओ कैंट से जांच कराई फिर जांच रिपोर्ट फरियादी के पक्ष में आयी। एसएसपी व सीओ कैंट ने एम्स पुलिस को केस दर्ज का निर्देश एक माह पहले दिया। लेकिन वंहा की पुलिस केस दर्ज नही किया बल्कि फरियादी को कहा कि जंहा जमीन है वह कैंट में पड़ेगा। जब फरियादी कैंट गया

- एसएसपी के आदेश के बाद उलझी रही दो थानों की पुलिस
- सीओ की जांच भी हो चुकी थी पूरी,
- एसपी सिटी ने कैंट पुलिस को केस दर्ज करने का दिया निर्देश

तो उसे सीमा बाहर का मामला बताकर एम्स भेजा गया। लगातार दौड़ने के बाद पीड़ित शनिवार को एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई से मिला। व अपनी पीड़ा बताई। एसपी सिटी ने पहले सीओ से बात की फिर एसओ एम्स से बात करने के बाद कैंट इंस्पेक्टर से बात की। बाद में उन्होंने कैंट इंस्पेक्टर को मौके का निरीक्षण कर केस दर्ज करने का निर्देश दिया।

**15 दिन से परेशान है महिला :** इसी प्रकार आदर्श नगर सिंघड़िया निवासी महिला की जमीन एक व्यक्ति ने हड़प लिया है। न उसे पैसे दे रहा न ही जमीन। बल्कि अगले महीने महिला के बेटी की शादी है। फिर भी पुलिस कोई कार्रवाई नही कर रही। शनिवार को एसपी सिटी ने चौकी इंचार्ज इंजीनियरिंग कालेज राकेश कुमार को जल्द से जल्द कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

**महिला थाना पुलिस ने नही दर्ज किया केस :** इसी प्रकार का मामला महिला थाने का आया है। बांसगांव की महिला सोनिया का मायका रानीडीहा में है। उसने पति के प्रताड़ना की शिकायत एसएसपी से की। आदेश हुआ कि महिला थाना केस दर्ज कर जांच करे। लेकिन पीड़ित का कहना है कि अभी तक कोई कार्रवाई नही हुई। न ही उसके पास थाने से कोई फोन आया।

इस सम्बंध के एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर ने कहा कि पुलिस की इस लापरवाही पर जांच कराकर सख्त कार्यवाही की जाएगी। कोई बक्शा नही जाएगा। पीड़ितों की सुनवाई हर कीमत पर होनी ही चाहिए।

# रोडवेज की बसें सड़क पर, अफसरों ने कसा नकेल

गोरखपुर(एसएनबी)। कैण्ट पुलिस ने यातायात सीज किया गया है। अधीक्षक नगर को निर्देश के तहत शनिवार प्रभारी से निजात दिलाने के लिए यातायात नियमो को उल्लंघन करने वाले वाहनो के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए 20 वाहनों का चालान किया गया तथा 06 वाहनों को सीज किया गया। इस दौरान उक्त वाहन चालकों द्वारा यातयात नियमों का उल्लंघन करते हुए





रेलवे रोडवेज बस स्टैंड पर यातायात व्यवस्था का निरीक्षण करते एसएसपी डा.गौरव ग्रोवर तथा कैंट थाने पर सीज की गयी यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाली बसें। फोटो : एसएनबी

**■ अभियान में 20 वाहनों का चालान, छह सीज**

यातायात को प्रभावित किया गया जा रहा था, सवारी उतारने व चढाने हेतु निर्धारित स्थान पर वाहन खड़ा न

नियमो का उल्लंघन करने वाले वाहनो के विरूद्ध कार्यवाही की है। जिसमें 20 वाहनों का चालान व छह को

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा.गौरव ग्रोवर ने यातायात नियमो को प्रभावी रूप से लागू कराने के लिए पुलिस

निरीक्षक के नेतृत्व में रेलवे स्टेशन के निकट रोडवेज की बसे सड़क पर खड़ी करने से जाम लग लग गया था। जाम

करके रोड के दोनो तरफ खड़ा कर यातायात को बाधित करते हुए सवारी उतारा व चढाया जा रहा था।

# चिड़ियाघर चौकी प्रभारी निलंबित पांच दारोगा भी लाइन हाजिर

गोरखपुर (एसएनबी)। एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर ने गुरुवार की रात को पिपराइच थाना प्रभारी अमित कुमार शर्मा को लाइन हाजिर करने के बाद शुक्रवार देर रात एक साथ पांच दरोगाओं को लाइन हाजिर करने के साथ ही एक चौकी प्रभारी को निलंबित कर इन सभी के खिलाफ विभागीय जांच के आदेश भी दिए।

**■ एक्शन के बाद सभी के खिलाफ जांच के आदेश**

एसएसपी ने जिन पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई की है उनमें, रामगढ़ताल थाने पर तैनात दरोगा भारत भूषण यादव, विवेक राज सिंह चौकी प्रभारी मछलीगांव थाना कैम्पियरगंज, अभय नरायण सिंह चौकी प्रभारी मोतीराम अड्डा थाना झंगहा, विशाल राय थाना बेलीपार और संजय सिंह थाना बेलीपार शामिल हैं। इसके अलावा रामगढ़ताल थाना के चिड़ियाघर चौकी इंचार्ज विनय कुमार सिंह को सस्पेंड कर दिया।

इस संबंध में उन्होंने बताया कि जिन पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई हुई है, उन सभी के खिलाफ लगातार शिकायतें मिल रही थी। जांच के दौरान पुलिसकर्मियों की अपने कर्तव्यों के प्रति घोर लापरवाही और अनुशासनहीनता बरतने के की पुष्टि हुई। इसके बाद तत्काल प्रभाव से सभी को लाईन हाजिर किया गया। साथ ही चिड़ियाघर चौकी इंचार्ज को सस्पेंड कर दिया गया है। इन सभी पुलिसकर्मियों के खिलाफ विभागीय जांच के आदेश भी दिए गए हैं। जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई होगी।

# ट्रक चालक व उसके भाइयों पर दर्ज हुआ मुकदमा

मुंडेरा बाजार : चौरी चौरा थाना क्षेत्र के भरतपुर गांव में गुरुवार की रात ट्रक चालक विनय मिश्रा के साथ हुई मारपीट और लूट के मामले में पुलिस ने दूसरे पक्ष से भी मुकदमा दर्ज कर लिया है। चालक विनय मिश्रा की मां उर्मिला देवी की तहरीर पर पुलिस ने राज निषाद और उसके चाचा छोटेलाल सहित कई अज्ञात पर मुकदमा दर्ज किया है। शनिवार को पुलिस ने आरोपी छोटेलाल निषाद की बेटी चांदनी साहनी की तहरीर पर चालक विनय मिश्रा और उसके भाई नमन मिश्रा व किशन मिश्रा के अलावा रामपुर रकबा निवासी कमलेश मौर्या विरुद्ध मारपीट और धमकी देने का मुकदमा दर्ज किया है।

# मारपीट के मामले में तीन के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

गोला : थाना क्षेत्र के बनवारपार गांव की ऊषा देवी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 24 मई को मोबाइल गेम में 200 रुपये के लेन-देन में बेटे प्रियांशु व गांव के पंकज से विवाद हो गया। इस दौरान पंकज ने बेटे की पिटाई की। इससे बेटे के सिर में गंभीर चोट लगी। मैं बेटे के इलाज के लिए गोरखपुर चली गई थी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने पंकज, आकाश व अभिषेक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

# अपराधियों पर कसें शिकंजा, फरियादी से करें अच्छा व्यवहार

- पुलिस लाइन में एसएसपी ने शहर क्षेत्र के थानेदारों के साथ की बैठक
- चौकी और थाने पर किसी को अनावश्यक न बैठाने का दिया निर्देश

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर ने शनिवार की शाम पुलिस लाइन में शहर क्षेत्र के अपराधों की समीक्षा की। बदमाशों पर हुई कार्रवाई, विवेचना निस्तारण की जानकारी लेने के बाद थानेदारों को निर्देश दिया कि फरियादी के साथ अच्छा व्यवहार करें। दुर्व्यवहार की शिकायत मिलने पर थानेदार की जवाबदेही तय होगी।

एसएसपी ने कहा कि लंबित विवेचना का समय से निस्तारण करने के साथ ही मुकदमे में वांछित चल रहे आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेजें।

लंबे से फरार रहे आरोपितों के विरुद्ध गैर जमानती वारंट जारी कराने के साथ ही कुर्की व इनाम घोषित कराने की कार्रवाई करें।



पुलिस लाइन में शहर क्षेत्र की अपराध समीक्षा करते एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर। ● सौ. पुलिस मीडिया सेल

लेन-देन के विवाद में किसी को भी अनावश्यक रूप से प्रताड़ित न किया जाए। थाना व चौकी में किसी को बैठाने की शिकायत मिली तो कार्रवाई तय है। जगदीशपुर पुलिस चौकी में हुई घटना के बारे में भी अधिकारियों के साथ ही शहर क्षेत्र के सभी थानेदारों को बताया। एसएसपी ने कहा कि अवैध गतिविधियों में लिप्त लोगों को चिह्नित कर अभियान चलाकर जेल भेजने के साथ ही गुंडा व गैंगस्टर की कार्रवाई करें।

### लंबित विवेचना का शीघ्र करें निस्तारण : एसपी रेलवे

जासं. गोरखपुर : एसपी रेलवे डा. अवधेश सिंह ने शनिवार को पुलिस लाइन में अपराध गोष्ठी व सैनिक सम्मेलन किया। थानेदार व चौकी प्रभारियों से कहा कि लंबित विवेचना के साथ ही चोरी की लंबित घटना का शीघ्र निस्तारण करें। एसपी ने कहा कि अपने क्षेत्र में रहने वाले सक्रिय अपराधियों के विरुद्ध न्यायालय में लंबित मुकदमे की सूची तैयार कर प्रभावी पैरवी करके सजा दिलवाएं। महिला संबंधी मामले में त्वरित कार्रवाई करने के साथ ही वांछित चल रहे अभियुक्त को अभियान चलाकर गिरफ्तार करें। अपराध गोष्ठी में अनुभाग के सभी थाना व चौकी प्रभारी मौजूद रहे।

# थाना और पुलिस चौकियों के बोर्डो से हटेगा निजी संस्था का नाम

- एडीजी ने आईजी, डीआईजी व सभी पुलिस कप्तानों को दिये निर्देश
- जनपद के सीमावर्ती क्षेत्र में पुलिस थानों का लगाये बोर्ड

**गोरखपुर (एसएनबी)।** अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन डा. के एस प्रताप कुमार ने सभी जिला पुलिस प्रमुखों को निर्देश जारी किया है कि जनपदों के थानों व पुलिस चौकियों के नाम के बोर्ड से किसी भी प्राइवेट एजेन्सी व संस्था का नाम तत्काल हटाया जाए।

उनका कहना है कि उत्तर प्रदेश पुलिस एक निष्पक्ष पुलिस बल है ऐसी स्थिति में जनपदों के थानों पुलिस चौकियों के नाम के बोर्ड पर किसी प्राइवेट एजेन्सी व संस्था का नाम अंकित होने से आम जनमानस में उस प्राइवेट संस्था का उत्तर प्रदेश पुलिस बल पर प्रभाव होने को संदेश जाने की प्रबल संभावना है। इससे पुलिस की निष्पक्षता पर भी प्रश्नचिन्ह उठ सकता है । इससे इन एजेंसियों व संस्थाओं का प्रचार-प्रसार व मार्केटिंग भी होती है जो कदापि उचित नही है। इसके अतिरिक्त जनपदों की जनपदीय सीमा पर पुलिस विभाग से सम्बन्धित सीमा समाप्त और प्रारम्भ होने के बोर्ड काफी जर्जर अवस्था में है। इससे यह ज्ञात नही हो पाता है कि एक-दूसरे जनपद की सीमा कहाँ पर समाप्त-व प्रारम्भ हो रही है।

इस सन्दर्भ में अपर पुलिस महानिदेशक ने शनिवार को जोन के समस्त पुलिस महानिरीक्षक-पुलिस उपमहानिरीक्षक एवं पुलिस कप्तानों को निर्देशित किया गया है कि थाने व चौकियों पर लगाये जाने वाले बोर्ड पर किसी भी प्राइवेट एजेन्सी संस्था का नाम अंकित न किया जाए साथ ही समस्त जनपदों की सीमा समाप्त व प्रारम्भ होने का पुलिस विभाग से सम्बन्धित बोर्ड स्थापित करना सुनिश्चित करें। जिसकी गुणवत्ता ऐसी हो कि उसे रात्रि में भी पढ़ने पर भी कोई कठिनाई न हो ।

# जालसाज दंपती के घर कुर्की का नोटिस चस्पा

जागरण संवाददाता, कौशांबी : गोरखपुर के रामगढ़ताल थाना क्षेत्र में कई लोगों से चिटफंड कंपनी में रुपये जमा कराकर लाखों रुपये ठगने वाले जालसाज दंपती व बेटे के घर सरायअकिल के बुद्धपुरी मोहल्ले में शनिवार को गोरखपुर पुलिस ने कुर्की की नोटिस चस्पा की। इसके पहले मोहल्ले में घूमकर पुलिस टीम ने मुनादी कराई।

सरायअकिल के बुद्धपुरी मोहल्ला निवासी सुरेश चंद्र, पत्नी अर्चना शुक्ला व बेटा सत्यम के साथ चिटफंड कंपनी खोलकर यूपी के कई जनपदों में लोगों को झांसा दिया और कहा कि एक लाख रुपये जमा करने के बाद आठ से 10 माह के भीतर प्रतिमाह 20 हजार रुपये के हिसाब से ब्याज दिया जाएगा। सरायअकिल में इन जालसाजों के खिलाफ वर्ष 2020 व 2022 में मुकदमा दर्ज

**वर्ष 2021 से गोरखपुर में रह रहे थे आरोपित, रामगढ़ताल इलाके में चिटफंड कंपनी खोल कर कई लोगों से की है ठगी**

कराया गया था। जमानत पर रिहा होने के बाद आरोपित दंपती व बेटा फरार हो गए।

प्रभारी निरीक्षक विनीत सिंह ने बताया कि वर्ष 2021 में तीनों आरोपितों ने गोरखपुर के रामगढ़ताल क्षेत्र के लोगों को झांसे में लिया और लाखों रुपये जमा कराने के बाद फरार हो गए। रामगढ़ताल थाना में भी तीनों के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज किया। काफी तलाश के बाद भी फरार आरोपित पुलिस के हत्थे नहीं चढ़े। लिहाजा, सीजेएम की अदालत ने आरोपितों के घर पर कुर्की की कार्रवाई प्रक्रिया शुरू करने के आदेश दिए।

# आत्महत्या के लिए उकसाने पर महिला समेत चार पर केस

जागरण संवाददाता, भटहट : युवक को आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में गुलरिहा थाना पुलिस ने उसकी कथित पत्नी, ससुर समेत चार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। आरोप है कि विवाद के बाद पत्नी ने युवक व उसके पिता पर मुकदमा दर्ज कराया था, जिसमें पुलिस ने उन्हें जेल भेजा था। मुकदमे में समझौता के लिए युवती व उसके स्वजन 30 लाख रुपये मांग रहे थे।

जंगल मोहम्मद बरवां गांव में रहने वाले लालजी निषाद के पुत्र महेंद्र निषाद ने तीन वर्ष पहले गांव की ही मोनिका से मंदिर में प्रेम विवाह किया था। शादी के बाद दोनों बाहर चले गए थे। कुछ दिन बाद लौटे तो युवती ने लालजी व महेंद्र के विरुद्ध स्वयं को बेंचने का आरोप लगाकर मुकदमा दर्ज करा दिया। इस मामले में पुलिस ने दोनों

**प्रेम विवाह करने वाली युवती ने विवाद के बाद करा दिया था मुकदमा**

को जेल भेज दिया। गुरुवार की रात में महेंद्र ने गांव के बगीचे में फंदे से लटक कर आत्महत्या कर ली। इससे पहले उसने इंटरनेट मीडिया पर एक वीडियो प्रसारित किया, जिसमें मोनिका व उसके स्वजन पर ब्लैकमेल कर धनादोहन करने एवं मानसिक रूप से प्रताड़ित करने की बात कह रहा है। महेंद्र का कहना था कि मुकदमे में समझौता करने के लिए उससे 30 लाख रुपये मांगे जा रहे थे। आत्महत्या से पहले बनाए गए वीडियो को महेंद्र ने रात 2:55 बजे अपने अधिवक्ता के पास भेजा था। सीओ गोरखनाथ योगेंद्र सिंह ने बताया कि जांच की जा रही है। साक्ष्य के आधार पर कार्रवाई होगी।

# थाने व पुलिस चौकी के बोर्ड से हटेगा एजेंसी व संस्था का नाम

**जागरण प्रभाव**

- एडीजी ने दिया आदेश, कहा- पुलिस की निष्पक्षता पर न उठे सवाल
- थाना क्षेत्र की सीमा प्रारंभ व समाप्त होने का बोर्ड भी लगवाने को कहा

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : थाना और पुलिस चौकी के भवन व प्रवेश द्वार पर लगे बोर्ड से निजी संस्था का नाम हटेगा। एडीजी डा. केएस प्रताप कुमार ने जोन के सभी आइजी/ डीआइजी व पुलिस कप्तान को पत्र लिखकर इस पर तत्काल अमल करने को कहा है। सुंदरीकरण के नाम पर शुरू हुई इस नई परंपरा पर शनिवार को दैनिक जागरण में प्रमुखता से खबर प्रकाशित हुई थी।

एडीजी ने पत्र में लिखा है कि थाना और चौकी का सुंदरीकरण कराने के नाम पर निजी संस्थानों व कंपनियों द्वारा जनसहयोग लेने के साथ ही बोर्ड पर उनका नाम लिखा जा रहा है। इससे समाज में यह संदेश जा रहा कि उस संस्था या व्यक्ति का प्रभाव पुलिसबल पर है। थाने में अपना बोर्ड लगाकर संस्था प्रचार- प्रसार कर रही है। ऐसे में पुलिस की निष्पक्षता पर भी सवाल खड़े हो सकते हैं, जो किसी भी दशा में उचित नहीं है इसलिए थाना व पुलिस चौकी के बोर्ड पर संस्था या व्यक्ति का नाम अंकित न किया जाए।

इसके अलावा अधिकांश जिलों में थाने की सीमा समाप्त व प्रारंभ होने का बोर्ड जर्जर अवस्था में है। कई जगह तो बोर्ड ही नहीं लगा है। अधिकारी इसका संज्ञान लेकर सभी थाना क्षेत्रों की सीमा पर बोर्ड लगवा दें, जिस पर स्थानीय थाना व अधिकारियों का सीयूजी नंबर लिखा हो और रात में बिना किसी कठिनाई के पढ़ा जा सके।


रसूखदारों में थानों के नामों पर नाम लिखवाने की होड़, एसएसपी थाने के बोर्ड पर कोचिंग सेंटर संचालक का फोटो

## स्कूल, अस्पताल या थाना, यहां मुश्किल है समझ पाना

जागरण में प्रकाशित खबर।



> पुलिस निष्पक्ष संस्था है। थाने व चौकी पर बोर्ड लगने से कोई ऐसा न समझे कि पुलिस उक्त संस्था या व्यक्ति के प्रभाव में काम करती है, इसलिए बोर्ड से नाम हटाने के आदेश जोन के सभी पुलिस कप्तान को दिए गए हैं। रेंज के आइजी/ डीआइजी आदेश का अनुपालन कराएंगे।
>
> – **डा. केएस प्रताप कुमार**, एडीजी जोन

### चलते जाइये पता नहीं चलेगा, कौन सा है थाना

जासं. गोरखपुर : हाईवे के साथ ही कस्बे में आप किस थाना क्षेत्र में चल रहे हैं, यह पता लगाना मुश्किल है। इसकी वजह हाईवे और सीमा पर थाना क्षेत्र की सीमा समाप्त व शुरू होने का बोर्ड का न लगना है। थानेदार के साथ ही अधिकारी भी इसको लेकर उदासीन बने हैं। जिले के अधिकांश थानों की सीमा पर बोर्ड नहीं है। कुछ जगह है तो जर्जर स्थिति में, जिसे दिन में ही कोई पढ़ न पाए।

# व्यापारी की हत्या के आरोपित को भेजा गया जेल

जासं, गोरखपुर : अहमदनगर चक्सा हुसैन मोहल्ले में गुरुवार रात कपड़ा व्यापारी की गला रेतकर हत्या के आरोपित बबलू उर्फ शमीम को गोरखनाथ थाना पुलिस ने शनिवार की दोपहर जेल भेज दिया। सीओ गोरखनाथ योगेंद्र सिंह ने बताया कि चक्सा हुसैन में रहने वाले 35 वर्षीय जिशान पर गुरुवार रात नूरी मस्जिद के पास रहने वाले बबलू उर्फ शमीम ने हत्या कर दी थी। शुक्रवार की रात में आरोपित गिरफ्तार कर लिया गया।

# चौकी प्रभारी समेत चार पर केस, किए गए निलंबित

## आरोपितों में दो सिपाही व एक अज्ञात दलाल भी शामिल, शुक्रवार को पीड़ित ने एसएसपी से की थी शिकायत

जागरण संवददाता, गोरखपुर : जगदीशपुर पुलिस चौकी में युवक की पिटाई और वसूली करने के मामले में एम्स थाना पुलिस ने चौकी प्रभारी रमेश कुशवाहा, सिपाही अमित यादव, अजय चौहान व एक दलाल पर मारपीट कर रंगदारी मांगने और भ्रष्टाचार का मुकदमा दर्ज किया है। एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर ने आरोपित पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया है। एएसपी/सीओ कैंट अंशिका वर्मा इस मामले की विवेचना करेंगी। पुलिसकर्मियों पर हुई कार्रवाई के बाद महकमे में हड़कंप मचा है।

कुसम्ही के रुद्रापुर में रहने वाले विनय शर्मा ने शुक्रवार को पुलिस कार्यालय पहुंचकर एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर को बताया था कि उसके भाई अजीत शर्मा और कुशीनगर के कुबेरस्थान क्षेत्र में रहने वाले वशींदर सिंह के बीच रुपये के लेन-देन को लेकर विवाद है। वशींदर ने जगदीशपुर पुलिस चौकी पर तहरीर दी है। 30 मई को दोपहर 12 बजे जगदीशपुर पुलिस चौकी प्रभारी रमेश कुशवाहा, सिपाही अमित यादव व अजय चौहान उनके घर पहुंचे और भाई अजीत के बारे में पूछा। उसके घर में न होने पर मुझे गाड़ी में बैठाकर चौकी पर ले गए। रात में 12 बजे पिटाई करके रुपये न देने पर फर्जी मुकदमे में जेल भेजने की धमकी देने लगे। 10 हजार रुपये वसूलकर 31 मई की शाम को पुलिस चौकी से छोड़ा गया। फिर 40 हजार और मांगे जा रहे हैं। विनय ने बताया कि पिटाई में गंभीर चोट लगी थी, जिसका उसने एम्स में उपचार कराया। एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर ने एएसपी/सीओ कैंट अंशिका वर्मा को मामले की जांच देने के साथ ही 24 घंटे में रिपोर्ट मांगी थी। शनिवार को जगदीशपुर पुलिस चौकी पर पहुंचीं सीओ ने आरोपों की जांच की तो मारपीट व रुपये लेने की पुष्टि हुई।

**पुलिस चौकी में पिटाई व वसूली करने के आरोप की एएसपी/सीओ कैंट की जांच में पुष्टि होने पर एसएसपी ने की कार्रवाई, हड़कंप**



पुलिस चौकी मे युवक को ले जाकर पीटने और रुपये लेकर छोड़े जाने के मामले मे चौकी प्रभारी व दो सिपाहियों के साथ ही दलाल पर मुकदमा दर्ज कराया गया है। आरोपित पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है।एएसपी/सीओ कैंट मुकदमे की विवेचना कर रही हैं। साक्ष्य के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।
– डा. गौरव ग्रोवर, एसएसपी

## लापरवाही में तीन चौकी प्रभारी समेत पांच दारोगा नपे

- चिड़ियाघर चौकी प्रभारी को एसएसपी ने किया निलंबित
- मोतीराम व मछलीगांव चौकी प्रभारी हुए लाइन हाजिर



जागरण संवददाता, गोरखपुर : एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर ने शुक्रवार की देर रात चिड़ियाघर चौकी प्रभारी विनय कुमार सिंह को निलंबित कर दिया।

उन पर विवेचना में लापरवाही और आरोपित के विरुद्ध कार्रवाई न करने का आरोप था। इसके अलावा चौकी पर पिटाई के मामले में मोतीराम अड्डा व फरियादियों से अच्छा व्यवहार न करने पर मछलीगांव चौकी प्रभारी को लाइन हाजिर कर दिया गया।

एसएसपी ने जिन पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की है उनमें रामगढ़ताल थाने पर तैनात दारोगा भारत भूषण यादव, मोतीराम अड्डा चौकी प्रभारी अभय नारायण सिंह, मछलीगांव चौकी प्रभारी विवेक राज सिंह, बेलीपार थाने में तैनात उपनिरीक्षक विशाल राय और संजय सिंह शामिल हैं।

एसएसपी डा.गौरव ग्रोवर ने बताया कि जिन पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई हुई है, उनके विरुद्ध लगातार शिकायत मिल रही थी। जांच के दौरान पुलिसकर्मियों की अपने कर्तव्यों के प्रति घोर लापरवाही और अनुशासनहीनता बरतने की पुष्टि होने पर कार्रवाई की गई है।

एक दिन पहले लापरवाही व मनमाना काम करने वाले पिपराइच थानेदार अमित शर्मा को एसएसपी ने लाइन हाजिर किया था।

# व्यापारी की हत्या का आरोपित जेल गया

गोरखपुर : अहमदनगर चक्सा हुसैन मोहल्ले में गुरुवार की रात कपड़ा व्यापारी की गला रेतकर हत्या के आरोपित बबलू उर्फ शमीम को गोरखनाथ थाना पुलिस ने शनिवार की दोपहर न्यायालय में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया। सीओ गोरखनाथ योगेंद्र सिंह ने बताया कि चक्सा हुसैन में रहने वाले 35 वर्षीय जिशान पर गुरुवार की रात नूरी मस्जिद के पास रहने वाले बबलू उर्फ शमीम ने चाकू से हमला कर हत्या कर दी थी। शुक्रवार की रात में आरोपित को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से घटना में इस्तेमाल चाकू बरामद किया गया था।

# कूटरचित दस्तावेजों से वसीयत कराने के आरोपितों पर मुकदमा

जासं, गोला : थाना क्षेत्र के सेमरी गांव के कृष्णमोहन तिवारी की तहरीर पर पुलिस ने तीन नामजद व एक अज्ञात के विरुद्ध कूटरचित दस्तावेजों के सहारे फर्जी वसीयत कराने का मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस को दी तहरीर में कृष्णमोहन ने लिखा है कि चाची इसरावती देवी की तीन बेटियां हैं। शादी के बाद तीनों अपने घर रहती हैं। मैं व मेरा भाई गौरव तिवारी चाची की सेवा करते थे। वर्ष 2018 में चाची ने हम दोनों भाइयों को अपनी संपत्ति लिख दी। 2022 में उनकी बेटी मीरा पत्नी संतोष कुमार ने जालसाजी करते हुए बिहार के रहने वाले एक व्यक्ति के सहयोग से अन्य महिला को खड़ी कर फर्जी वसीयत करा ली।

# 87 में केवल आठ मामलों का निस्तारण

जागरण टीम, गोरखपुर : चुनाव आचार संहिता समाप्त होने के बाद शनिवार को जनपद के थानों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान समस्याओं के निस्तारण की गति धीमी रही। जिससे कि अधिकांश फरियादियों को निराश होकर वापस लौटना पड़ा। नौ थानों में कुल 87 मामले आए, जिसमें केवल आठ का ही निस्तारण हो सका।

सहजनवां थाने में कोई मामला नहीं आया। यहां सुनवाई के लिए तहसीलदार राकेश कन्नौजिया मौजूद रहे। हरपुर बुदहट थाने में एक मामला आया। एसओ विशाल उपाध्याय ने मौके पर ही निस्तारण कर दिया। गीडा थाना में समाधान दिवस की अध्यक्षता पर इंस्पेक्टर शैलेंद्र सिंह ने की। यहां राजस्व के छह मामले आए। मौके पर लेखपाल के नहीं पहुंचने के कारण एक भी मामले का निस्तारण नहीं हो सका। बांसगांव कोतवाली में नायब तहसीलदार मुकेश वर्मा के समक्ष 14 प्रार्थना पत्र आए। किसी का भी निस्तारण नहीं हुआ। गगहा में थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह की अध्यक्षता में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। कुल 13 मामले आए, इसमें 11 राजस्व और दो मामले पुलिस से संबंधित थे। केवल दो मामलों का ही निस्तारण मौके हो सका। कानूनगो जयनाथ यादव, एसएसआइ राकेश सिंह आदि मौजूद रहे। खजनी कोतवाली में चार आवेदन आए। जिसमें दो का निस्तारण किया गया। पिपराइच में नायब तहसीलदार आकांक्षा पासवान तथा थाना प्रभारी रविसेन यादव मामलों की सुनवाई के लिए उपस्थित रहे। यहां कुल 18 शिकायतें आयीं। किसी भी शिकायत का निस्तारण नहीं हुआ। चौरी चौरा में 16 मामले आए। नायब तहसीलदार संजय सिंह ने तीन का निस्तारण किया।

# शोहदे के भय से छात्रा ने कोचिंग जाना छोड़ा, केस

जासं. भटहट : गुलरिहा क्षेत्र में रहने वाली छात्रा ने शोहदे के भय से कोचिंग जाना छोड़ दिया है। आरोपित अब छात्रा के भाई को फोन कर अभद्रता करने के साथ ही आपत्तिजनक बातें कर रहा है। पिता की तहरीर पर आरोपित के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। पीड़ित ने गुलरिहा थाना पुलिस को दिए तहरीर में लिखा है कि इंटरमीडिएट की पढ़ाई पूरी होने के बाद बेटी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए कोचिंग करती है। पड़ोस में रहने वाला युवक उसका पीछा करता था। आपत्तिजनक कमेंट करने के साथ ही विरोध पर जान से मारने की धमकी देता। परेशान होकर बेटी ने कोचिंग जाना छोड़ दिया, जिसके बाद से आरोपित आपत्तिजनक टिप्पणी करता है।

# विद्युत कर्मी के घर चोरी कैमरे में कैद हुए चोर

जासं. गोरखपुर : हुमायूंपुर उत्तरी, अशोक नगर कालोनी में शुक्रवार की रात विद्युत कर्मचारी के बंद मकान की कुंडी तोड़कर चोर नकदी व सामान उठा ले गए। शनिवार की सुबह ताला टूटा देख पड़ोसियों ने चोरी की जानकारी मकान मालिक को दी। कालोनी में लगे सीसी कैमरे में तीन चोर कैद हो गए हैं। गोरखनाथ थाना पुलिस फुटेज की मदद से तलाश कर रही है।

शशिकांत गुप्ता बिजली विभाग में मीटर रीडर हैं। शुक्रवार की दोपहर में वह परिवार के साथ बलिया जिले में स्थित ससुराल चले गए। रात करीब दो बजे चोर मकान के मुख्य द्वार पर लगा ताला न खुलने पर कुंडी तोड़कर अंदर घुस गए। पड़ोसियों के जानकारी देने पर शनिवार की सुबह घर पहुंचे शशिकांत ने गोरखनाथ थाना पुलिस को तहरीर दी।

# फरार आरोपित के घर कुर्की का नोटिस चस्पा

उनवल : खजनी थाना क्षेत्र के बिहारी बुजुर्ग गांव के रहने वाले आरोपित के घर पुलिस ने कुर्की का नोटिस चस्पा किया और गांव में मुनादी कराई। आरोपित घनश्याम पांडेय के विरुद्ध पीपीगंज थाने में वर्ष 2005 में मुकदमा दर्ज हुआ था। वह फरार चल रहा है। कोर्ट के आदेश पर पुलिस से यह कार्रवाई की है।

# चिड़ियाघर चौकी प्रभारी सस्पेंड, पांच दारोगा लाइन हाजिर

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (8 June):** एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने गुरुवार की रात को पिपराइच थाना प्रभारी अमित कुमार शर्मा को लाइन हाजिर करने के बाद शुक्रवार की देर रात को एक साथ पांच दरोगाओं को लाइन हाजिर कर दिया. साथ ही एसएसपी ने एक चौकी प्रभारी को भी सस्पेंड कर दिया. इन सभी के खिलाफ विभागीय जांच के आदेश भी दिए गए हैं.

जानकारी के अनुसार, एसएसपी ने रामगढ़ताल थाने पर तैनात दरोगा भारत भूषण यादव, विवेक राज सिंह चौकी प्रभारी मछलीगांव थाना कैंपियरगंज, अभय नरायण सिंह चौकी प्रभारी मोतीराम अड्डा थाना झंगहा, विशाल राय थाना बेलीपार और संजय सिंह थाना बेलीपार शामिल हैं. इसके अलावा रामगढ़ताल थाना के चिड़ियाघर चौकी इंचार्ज विनय कुमार सिंह को सस्पेंड कर दिया है. कार्रवाई को लेकर एसएसपी ने बताया कि जिन पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई हुई है, उन सभी के खिलाफ लगातार शिकायतें मिल रही थी. जांच के दौरान पुलिसकर्मियों की अपने कर्तव्यों के प्रति घोर लापरवाही और अनुशासनहीनता बरतने की पुष्टि हुई, इसके बाद तत्काल प्रभाव से सभी को लाईन हाजिर कर दिया.

# रोडवेज की छह बसें सीज, 49 का पुलिस ने काटा चालान

सड़क पर बस खड़ी होने से स्टेशन रोड पर **लग रहा था जाम,** एसएसपी के निर्देश पर कैंट थाना पुलिस ने की कार्रवाई, मचा हड़कंप



पुलिस कार्रवाई के बाद रेलवे बस स्टेशन के सामने का दृश्य • जागरण



रेलवे बस स्टेशन के सामने लगने वाले जाम को लेकर निर्देश देते एसएसपी • जागरण



कैंट थाने में खड़ी सीज की गई रोडवेज की बसें • जागरण

**जागरण प्रभाव**

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : रेलवे स्टेशन रोड बस अड्डा के सामने सड़क पर गाड़ी खड़ी करके जाम लगाने वाले रोडवेज चालकों के विरुद्ध पुलिस ने शनिवार को अभियान चलाकर कार्रवाई की। एसएसपी के आदेश पर छह बसें सीज करने के साथ ही कैंट थाना पुलिस ने 49 का चालान काटा। पुलिस की सख्ती के बाद हड़कंप मच गया। शाम को निरीक्षण करने पहुंचे एसएसपी डा.गौरव ग्रोवर ने कैंट थानेदार को कार्रवाई जारी रखने और एआरएम महेश चंद को बस चालकों की मनमानी पर लगाम लगाने को कहा।

रेलवे स्टेशन रोड बस अड्डा के सामने सड़क पर ही बसें खड़ी होने से रोज जाम लगता है। स्टेशन आने-जाने वाले लोगों को घंटों जाम में जूझना पड़ता है। दोपहर में स्थिति भयावह हो जाती है। यातायात-व्यवस्था सुगम बनाए रखने के लिए यातायात उपनिरीक्षक समेत तीन पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगती है, लेकिन रोडवेज बस चालकों की मनमानी से व्यवस्था बिगड़ जा रही थी। लगातार चेतावनी देने के बाद भी सुधार न होने पर शनिवार को एसएसपी के निर्देश पर कैंट थाना पुलिस ने अभियान चलाया। सड़क पर खड़ी छह रोडवेज बसों को थाने में खड़ा कराने के साथ ही सीज कर दिया गया। इसके अलावा 49 बसों का चालान काटा गया। शाम पांच बजे एसएसपी डा.गौरव ग्रोवर ने बस अड्डा पहुंचकर एआरएम महेश चंद को बताया कि सड़क पर बस खड़ी होने से राहगीर परेशान हो रहे हैं। चालकों की मनमानी पर लगाम लगाने के साथ ही उनके विरुद्ध कार्रवाई करिए।

**खाली हो गई सड़क :** प्रभारी निरीक्षक थाना कैंट व रेलवे चौकी प्रभारी ने शाम को स्टेशन रोड से अतिक्रमण हटवाया। चेतावनी दी कि बाहर कोई सामान न रखें, जिसकी वजह से जाम लगे। पुलिस के सख्त होने के बाद स्टेशन रोड पूरा खाली हो गया।

## आटो स्टैंड पर वसूली को लेकर मारपीट, चालक घायल

गोरखपुर : धर्मशाला अंडरपास के पास स्थित आटो स्टैंड पर वसूली को लेकर शनिवार को दो पक्षों में मारपीट हो गई, जिसमें एक चालक के सिर में चोट लग गई। हुमायूंपुर उत्तरी में रहने वाले आटो चालक अजय कुमार वर्मा ने शाहपुर पुलिस को दी तहरीर में लिखा है कि धर्मशाला अंडरपास के पास कुछ लोग स्टैंड पर अवैध वसूली करते हैं। शनिवार को इन लोगों ने जेब से 170 रुपये निकाल लिए। विरोध पर उन्हें मारपीट कर घायल कर दिया। सीओ गोरखनाथ योगेंद्र सिंह ने बताया कि दोनों पक्ष ने तहरीर दी है। जांच कराई जा रही है। साक्ष्य के आधार पर कार्रवाई होगी।



**हम नही सुधरेंगे**

जागरण में प्रकाशित तस्वीर•

# मारपीट के आरोप में दी तहरीर, केस दर्ज

भर्थौह। गोला थाना क्षेत्र के बनवारपार की ऊषा देवी ने थानाध्यक्ष को तहरीर देकर गांव के युवकों पर अपने पुत्र को पीटने का आरोप लगाकर कार्रवाई की मांग की है। तहरीर में उन्होंने लिखा है कि 24 मई को मोबाइल गेम में दो सौ रुपये के लेन-देन में मेरे पुत्र प्रियांशु व गांव के पंकज में विवाद हो गया। इस दौरान पंकज ने प्रियांशु को डंडों से बेरहमी से मारा पीटा, जिससे उसके सिर में गंभीर चोट लग गई। पुलिस ने मामले में आरोपित पंकज, आकाश व अभिषेक के विरुद्ध केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# पुलिस चौकी के बोर्ड से हटेगा एजेंसी व संस्था का नाम

**एडीजी ने दिया आदेश, कहा- पुलिस की निष्पक्षता पर न उठे सवाल**

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (8 June):** थाना और पुलिस चौकी के भवन व प्रवेश द्वार पर लगे बोर्ड से निजी संस्था




का नाम हटेगा. एडीजी डा. केएस प्रताप कुमार ने जोन के सभी आइजी/डीआइजी व पुलिस कप्तान को पत्र लिखकर इस पर तत्काल अमल करने को कहा है. एडीजी ने पत्र में लिखा है कि थाना और चौकी का सुंदरीकरण कराने के नाम पर निजी संस्थानों व कंपनियों द्वारा जनसहयोग लेने के साथ ही बोर्ड पर उनका नाम लिखा जा रहा है. इससे समाज में यह संदेश जा रहा कि उस संस्था या व्यक्ति का प्रभाव पुलिसबल पर है.

**पुलिस निष्पक्ष संस्था है. थाने व चौकी पर बोर्ड लगने से कोई ऐसा न समझे कि पुलिस संस्था या व्यक्ति के प्रभाव में काम करती है, नाम हटाने के आदेश जोन के सभी पुलिस कप्तान को दिए गए हैं.**

**डा. केएस प्रताप कुमार,** एडीजी जोन



## जो आपको अच्छा लगे वही काम करें

वहीं कार्यक्रम में मौजूद स्पेशल गेस्ट (आईपीएस) एसीपी-सीओ कैंट अंशिका वर्मा ने कहा कि जीवन में अपने निर्णय खुद लेने चाहिए. जिसमें आपका इंट्रेस्ट हो वही करें. उन्होंने कहा कि सभी स्टूडेंट को डेली, वीकली और मंथली टारगेट बनाकर पढ़ाई करनी चाहिए. इससे सेलेबस को पूरा करने में आसानी होती है. पढ़ाई के लिए ऑडियो और वीडियो का भी इस्तेमाल करें, इससे चीजों को समझने में मदद मिलती है.

# अभियान में 20 वाहनों का चालान, छह सीज

**GORAKHPUR (8 June):** कैंट पुलिस ने ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनो के विरूद्ध कार्रवाई की है. जिसमें 20 वाहनों का चालान व छह को सीज किया गया है. एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने ट्रैफिक नियमों को प्रभावी रूप से लागू कराने के लिए दिए गए दिशा-निर्देश के तहत एसपी सिटी कृष्ण विश्नोई के मार्गदर्शन में सीओ कैंट अंशिका वर्मा और कैंट इंस्पेक्टर के नेतृत्व में शनिवार को रेलवे बस स्टेशन एरिया में ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों पर कार्रवाई.

# थाने में फरियादी से करें अच्छा व्यवहार

**क्राइम मीटिंग**

- एसएसपी ने थाना प्रभारियों के साथ क्राइम मीटिंग कर दिया निर्देश
- बैठक में एसपी सिटी, सीओ कैंट समेत अन्य अफसर रहे मौजूद




लंबित विवेचनाओं को लेकर शनिवार को एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने पुलिस लाइंस में मातहतों के साथ बैठक की। ● हिन्दुस्तान

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। चुनाव खत्म होने के बाद एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने शनिवार को पुलिस लाइंस में क्राइम मीटिंग की। एसएसपी ने दो टूक कहा, आने वाले फरियादी से अच्छा व्यवहार करें। लंबित विवेचनाओं का समय से निपटारा भी करें।

एसएसपी ने कहा कि अपने क्षेत्र में निवास कर रहे अपराधियों की लगातार निगरानी की जाए एवं उनके विरुद्ध कठोर कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। अपने क्षेत्र में चल रहे अवैध गतिविधियों पर तत्काल प्रभाव से कार्रवाई को कहा। लंबित विवेचनाओं का गुणवत्तापूर्वक निस्तारण किया जाए एवं यदि उसमें लापरवाही पाई जाती है तो संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। प्रत्येक फरियादियों के प्रति अच्छा व्यवहार, तत्काल सुनवाई तथा गुणवत्तापूर्ण कार्रवाई करने के निर्देश दिया। साथ ही थाने व चौकी पर अनावश्यक रूप से (विशेष रूप से सिविल प्रवृत्ति के मामलों में) किसी को न बैठाया जाए। सिविल प्रवृत्ति के मामलों में अनावश्यक हस्तक्षेप करने पर संबंधित पुलिस कर्मियों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। बैठक में एसपी सिटी , सीओ कैंट अंशिका वर्मा समेत अन्य अफसर मौजूद रहे।

### एसएसपी ने रोडवेज के अफसरों के साथ किया रेलवे स्टेशन बस अड्डे का निरीक्षण, 49 बसों को चालान

# सड़क पर जाम की वजह बनीं छह बसें सीज

**सख्ती**





शनिवार को सड़क पर जाम की सूचना पर रोडवेज बस अड्डे का निरीक्षण करते एसएसपी ,एसपी सिटी और रोडवेज के अफसर (बाएं)। वहीं छह बसों को सीज किया गया।

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर रेलवे स्टेशन रोड और आसपास के इलाकों में जाम की वजह बनी बसों पर शनिवार को फिर कार्रवाई की गई। एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर, एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने रोडवेज के अफसरों के साथ निरीक्षण किया। इस दौरान जाम की वजह बन रही छह बसों को सीज किया गया और 49 बसों का चालान कर जुर्माना वसूला गया। परिवहन निगम के क्षेत्रीय प्रबंधक को निर्देश दिया गया है कि वे परिसर में ही बसों को खड़ी कराएं, नहीं तो कार्रवाई के लिए तैयार रहें।

दरअसल, रेलवे स्टेशन रोड पर जाम की सबसे बड़ी वजह बसों का सड़क पर खड़ा होना है। दिन हो या रात रोजाना ही ये बसें सड़क पर ही सवारियों को उतारी और बैठाती हैं। इसे दुरुस्त करने के लिए कई बार कार्रवाई की जा चुकी है, लेकिन सुधार की व्यवस्था ज्यादा दिन चल नहीं पाती। शिकायतें सामने आने पर शनिवार को एसएसपी एक बार फिर रोडवेज अफसरों के साथ सड़क पर उतरे। दोपहर में एसएसपी जब पहुंचे तो पूरा रोड जाम था। इसके बाद कैंट पुलिस ने यातायात नियमो का उल्लंघन करने वाले वाहनो के विरूद्ध कार्रवाई की। 49 वाहनों का चालान व छह को सीज किया गया है। इस दौरान प्राइवेट बसें के खिलाफ भी कार्रवाई की गई।

**कमिश्नर ने परिवहन निगम को दी चेतावनी, सड़क पर न खड़ी हों बसें**

कमिश्नर अनिल ढींगरा ने परिवहन निगम के क्षेत्रीय प्रबंधक को सख्त निर्देश दिए हैं। कमिश्नर ने कहा कि आगे से सड़क पर बसें नहीं खड़ी होनी चाहिए। एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि रोडवेज के अफसरों ने भी पुलिस के सहयोग में अपने चालकों को निर्देशित किया है कि वे सड़क पर बसों को न खड़ा करें। एसपी ने पुलिस को निर्देशित किया है नियमों का पालन कराएं और उल्लंघन करने पर कानूनी कार्रवाई करें।

**टूट गए 50 बैरियर, फिर से लगाए जाएंगे**

पूर्व में सड़क के बीच डिवाइडर के तौर पर लगाए गए 50 बैरियर टूट गए हैं। वहां पर पूरी सड़क बिना डिवाइडर की हो चुकी है, जिसका फायदा उठाकर बस चालक मनमानी करते हैं। पुलिस ने फैसला लिया है फिर से वहां पर बैरिकेडिंग कराई जाएगी।

“ रेलवे बस स्टेशन की सड़क पर दो कर्मचारियों की ड्यूटी अलग-अलग शिफ्ट में लगाई गई है। ये कर्मचारी बसों को रोड पर खड़ी न करने के आदेश का अनुपालन करवाते हैं। यदि फिर भी कोई नहीं मानता है तो चालक और परिचालक पर एक-एक हजार का जुर्माना लगाया जाता है। वहीं चुनाव से वापस आई बसों की संख्या काफी बढ़ गई है। शनिवार को परिवहन निगम ने सड़क पर खड़ी 11 बसों पर अर्थदंड लगाया है।

–लव कुमार सिंह, आरएम

# थानों के सीमा के बोर्ड ऐसे लगाएं जो रात में भी दिखे

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। एडीजी जोन डॉ. केएस प्रताप ने सभी जिले के एसपी को पत्र भेजकर निर्देशित किया है कि जिले और थाने की सीमा को चिह्नित करने के लिए लगाए गए बोर्ड ऐसे हों जो रात में भी पढ़ने में आएं। जर्जर बोर्ड तत्काल बदले जाएं। इसके अलावा उन्होंने थाने और चौकी पर किसी भी प्राइवेट एजेंसी, संस्था का प्रचार करने वाले बोर्ड का इस्तेमाल बंद करने को कहा है। एडीजी जोन का मानना है कि इससे लोगों में उस संस्था या व्यक्ति के थाने में प्रभावी होने की आशंका होती है।

एडीजी के मुताबिक, जनपदीय सीमा पर पुलिस विभाग से संबंधित सीमा समाप्त/ प्रारंभ होने का बोर्ड काफी जर्जर अवस्था में हैं, इससे यह पता नहीं चल पाता है कि दूसरे जनपद की सीमा कहां पर समाप्त / प्रारंभ हो रही है। इसे तत्काल ठीक कराया जाए। वहीं थाने, चौकियों पर लगाये जाने वाले बोर्ड पर किसी भी प्राइवेट एजेंसी, संस्था का नाम अंकित होने से आम जनमानस में संस्था के प्रभाव का भ्रम होता है। जो सही नहीं है।



एडीजी जोन डॉ. केएस प्रताप

# विद्युतकर्मी के बंद मकान को खंगाला

गोरखपुर। गोरखनाथ के हुमायूंपुर उत्तरी, अशोक नगर कॉलोनी में शुक्रवार की रात चोर विद्युत कर्मचारी के बंद मकान की कुंडी तोड़कर नगदी समेत कीमती सामान उठा ले गए। सुबह ताला टूटा देख पड़ोसियों ने चोरी की जानकारी मकान मालिक को दी। कॉलोनी में लगे सीसीटीवी कैमरे में तीन चोरों की तस्वीर कैद हो गई है। शशिकांत गुप्ता बिजली विभाग में मीटर रीडर के पद पर तैनात हैं। शुक्रवार की दोपहर में वह परिवार के साथ बलिया जिले में ससुराल चले गए थे। इस बीच रात करीब दो बजे चोर मकान के मुख्य द्वार पर लगा ताला नहीं खुलने पर कुंडी तोड़कर अंदर घुस गए। वे सभी कमरों का ताला तोड़कर नगदी समेत कीमती सामान लेकर फरार हो गए।

# युवक की खुदकुशी के मामले में पत्नी समेत चार पर केस

भटहट। गुलरिहा क्षेत्र के जंगल मोहम्मद बरवां गांव के बगीचे में युवक के पेड़ से लटककर खुदकुशी करने के मामले में पुलिस ने पत्नी समेत चार लोगों पर केस दर्ज किया है। आरोप है कि बेटे ने जिस युवती से मंदिर में शादी की थी और उसने घरवालों संग मिलकर बेटे को परेशान किया, जिस वजह से उसने आत्मघाती कदम उठाया।

क्षेत्र के जंगल मोहम्मद बरवां निवासी लालजी द्वारा पुलिस को दी गई तहरीर में बताया गया है कि उनके पुत्र महेंद्र उर्फ मोनू की लगभग तीन वर्ष पहले मोनिका के साथ मंदिर में शादी हुई थी। दोनों अपनी मर्जी से शादी करने के बाद बाहर चले गए। आरोप है कि कुछ दिनों बाद लड़की व उसके पिता ने हम लोगों के खिलाफ फर्जी केस दर्ज करा दिया। जिसमें पिता-पुत्र दोनों जेल चले गए। जमानत के बाद बाहर आए तो लड़की व उसके पिता द्वारा लगातार ब्लैकमेल करने के साथ ही मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था।

पुलिसकर्मियों ने चौकी पर बुलाकर पीटा और छोड़ने के नाम पर वसूले 27 हजार रुपये, शनिवार को एसएसपी ने की कार्रवाई

# पिटाई कर वसूली करने वाले चौकी इंचार्ज सहित तीन पर केस, सस्पेंड

**कार्रवाई**

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। पुलिस चौकी में युवक की पिटाई कर रुपये वसूलने के मामले में शनिवार को एम्स थाने में उसी इलाके के जगदीशपुर चौकी इंचार्ज रमेश कुशवाहा, सिपाही अमित यादव, अजय चौहान पर भ्रष्टाचार और पिटाई का केस दर्ज किया गया है। वहीं तीनों को एसएसपी ने तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया है। इनकी विभागीय जांच भी शुरू करा दी है। इस कार्रवाई के बाद से जिले में पुलिसकर्मियों में हड़कम्प मच गया।

एम्स थानाक्षेत्र के ग्राम पंचायत रुद्रापुर निवासी विनय शर्मा ने बताया कि उसका भाई अजीत शर्मा और वशीन्दर सिंह पुत्र सुभाष सिंह निवासी बड़गांव थाना कुबेरस्थान जिला कुशीनगर के बीच पैसे को लेकर कुछ विवाद था। इसको लेकर वशीन्दर ने एम्स थाना के जगदीशपुर चौकी पर तहरीर दी थी। जगदीशपुर चौकी प्रभारी रमेश कुशवाहा अपने साथ सिपाही अमित यादव और अजय प्रताप के साथ आये और भाई के बारे में पूछा। विनय ने उनको बताया कि उसका भाई अजीत लखनऊ गया है। इस बात पर चौकी प्रभारी गाली देने लगे और जबरिया गाड़ी में बैठाकर चौकी पर ले जाकर बैठा दिए।

रात में नशे में चूर होने के बाद छोड़ने के नाम पर 50 हजार रुपये की मांग करने लगे। पैसा देने में असमर्थता जताने पर चौकी प्रभारी और दोनों सिपाही मारने-पीटने लगे। विनय का कहना है कि अगले दिन रुपये देने के बाद उसे शाम को छह बजे छोड़ा गया। विनय का कहना है कि पुलिस ने उसे इस तरह पीटा है कि उसे कई जगह अंदरूनी चोटें आईं और इलाज के लिए एम्स की इमरजेंसी में जाना पड़ा। विनय का कहना है कि उसका इलाज चल रहा है और चौकी पुलिस 40 हजार रुपये की और मांग कर रहे हैं। न देने पर फर्जी मुकदमों में फंसाने की धमकी दी जा रही है।

> प्रथमदृष्टया जांच में दोषी मिलने पर चौकी इंचार्ज व दोनों सिपाहियो को सस्पेंड कर दिया गया है। विभागीय जांच शुरू कर दी गई। साथ ही मुकदमा भी दर्ज कर लिया गया है।
>
> – डॉ. गौरव ग्रोवर, एसएसपी



विनय ने बताया कि उसके पास पैसा नहीं था तो रिश्वत लेने के लिए चौकी इंचार्ज ने एक सूदखोर को भी चौकी पर बुला लिया और कहा कि अपना कोई गारंटर दे दो तो तुमको 50 हजार रुपये दिलवा देता हूं। मेरी गारंटी लेने वाला कोई नहीं था तो पैसा नहीं मिला और किसी तरह दस हजार की व्यवस्था करके दिया तब पुलिस ने हमे चौकी से छोड़ा। विनय का कहना है कि जब आरोप उसके भाई पर था तो पुलिस उसे पकड़कर क्यों ले गयी और पिटाई के साथ अवैध धनउगाही क्यों की।

विनय ने इसकी शिकायत एसएसपी से मिलकर की। पूरे प्रकरण की जांच करने शनिवार सुबह एएसपी सीओ कैंट अंशिका वर्मा मौके पर गईं। उनकी जांच में करीब 27 हजार लेने व पिटाई करने तथा सूदखोर को बुलाने की बात सच साबित हुई। इसके बाद यह कार्यवाही हुई।

## चिड़ियाघर चौकी इंचार्ज नपे पांच दरोगा लाइन हाजिर

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। पिपराइच थाना प्रभारी अमित कुमार शर्मा को लाइन हाजिर करने के बाद शुक्रवार की देर रात को एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने एक साथ पांच दरोगाओं को लाइन हाजिर करने के साथ ही एक चौकी प्रभारी को निलंबित कर दिया। इसके साथ ही एसएसपी ने इन सभी के खिलाफ विभागीय जांच के आदेश भी दिए हैं।

एसएसपी ने जिन पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई की है उनमें, रामगढ़ताल थाने पर तैनात दरोगा भारत भूषण यादव, विवेक राज सिंह चौकी प्रभारी मछलीगांव थाना कैम्पियरगंज, अभय नरायण सिंह चौकी प्रभारी मोतीराम अड्डा थाना झंगहा, विशाल राय थाना बेलीपार और संजय सिंह थाना बेलीपार शामिल हैं।

इसके अलावा रामगढ़ताल थाना के चिड़ियाघर चौकी इंचार्ज विनय कुमार सिंह को सस्पेंड कर दिया है। इस संबंध में उन्होंने बताया कि जिन पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई हुई है उन



सभी के खिलाफ लगातार शिकायतें मिल रही थीं।

जांच के दौरान पुलिसकर्मियों की अपने कर्तव्यों के प्रति घोर लापरवाही और अनुशासनहीनता बरतने के की पुष्टि हुई। इसके बाद तत्काल प्रभाव से सभी को लाइन हाजिर कर दिया। साथ ही चिड़ियाघर चौकी इंचार्ज को सस्पेंड कर दिया गया है। इन सभी पुलिसकर्मियों के खिलाफ विभागीय जांच के आदेश भी दिए गए हैं। जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई होगी।

# अपहरण कर दुष्कर्म के आरोपित को भेजा जेल

गुलरिहा। गुलरिहा थाना क्षेत्र के एक गांव की 16 वर्षीय किशोरी को 29 मार्च की रात एक युवक अपने दोस्त के साथ मिलकर भगा ले गया था। गुलरिहा पुलिस ने झंगहा क्षेत्र के बरकछा निवासी रोहित निषाद और उसके साथी के खिलाफ अपहरण और दुष्कर्म का केस दर्ज किया था। शनिवार की सुबह आरोपित रोहित निषाद को पुलिस ने मेडिकल कॉलेज से गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# जमीन पर कब्जा करने का आरोपी गिरफ्तार

गोरखपुर। कूटरचित दस्तावेज के सहारे जमीन कब्जा करने के आरोपी गायत्री देवी को शाहपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। शाहपुर पुलिस ने कुछ महीने पहले कूटरचित दस्तावेज के सहारे रजिस्ट्री कराने वाली गायत्री देवी के खिलाफ केस दर्ज किया था। पुलिस के मुताबिक गायत्री ने अपने पट्टीदारों के साथ मिलकर बैनामा किये हुए जमीन को पुन: हड़प लिया था। मामले में स्थानीय थाने पर केस दर्ज किया गया था।

# व्यापारी की हत्या करने के आरोपी को भेजा जेल

गोरखपुर। वरिष्ठ संवाददाता
अहमदनगर चक्सा हुसैन मोहल्ले में गुरुवार की रात कपड़ा व्यापारी की गला रेतकर हत्या करने के मुख्य आरोपित को गोरखनाथ थाना पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर शनिवार को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस ने आरोपित के पास से घटना में इस्तेमाल चाकू भी बरामद कर लिया है।

एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि चक्सा हुसैन में रहने वाला 35 वर्षीय जिशान पिता जमीर अहमद के साथ गोरखनाथ थाने के पीछे कपड़े की दुकान पर बैठता था।

- अहमदनगर चक्सा हुसैन मोहल्ले में हुई थी वारदात
- परिजनों ने चार के खिलाफ दर्ज कराया है मुकदमा

गुरुवार की रात में नौ बजे वह दुकान बंद कर घर आया था। मोहल्ले में स्थित नूरी मस्जिद के पास रहने वाले बबलू नामक युवक ने रात 10 बजे दरवाजे के पास टहल रहे जिशान पर चाकू से हमला कर दिया, जिससे उसकी मृत्यु हो गई थी। जिशान के परिवारीजनों ने चार लोगों पर मुकदमा दर्ज कराया है।

# कूटरचित दस्तावेज से कराई वसीयत, केस

भरोंह। गोला क्षेत्र के सेमरी निवासी कृष्णमोहन तिवारी ने थानाध्यक्ष को तहरीर देकर चचेरी बहन पर कूटरचित दस्तावेजों के सहारे फर्जी वसीयत कराने का आरोप लगाया है। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। उन्होंने तहरीर में लिखा है कि चाची इसरावती देवी की तीनों पुत्रियों की शादी के बाद से उनकी सेवा मैं व मेरा भाई गौरव तिवारी करते थे। उन्होंने वर्ष 2018 में हम दोनों भाइयों को अपनी संपत्ति का वसीयतनामा कर दिया था। इसके बाद वर्ष 2022 में उनकी पुत्री मीरा ने जालसाजी करते हुए एक अन्य महिला को खड़ा करके तथा बिहार के रहने वाले एक अन्य व्यक्ति के सहयोग से फर्जी वसीयत करा लिया।

# पिटाई कर वसूली में चौकी इंचार्ज सहित 3 पर केस, सस्पेंड

गोरखपुर। पुलिस चौकी में युवक की पिटाई कर रुपये वसूलने के मामले में शनिवार को एम्स थाने में उसी इलाके के जगदीशपुर चौकी इंचार्ज रमेश कुशवाहा, सिपाही अमित यादव, अजय चौहान पर भ्रष्टाचार और पिटाई का केस दर्ज किया गया है। वहीं तीनों को एसएसपी ने तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया है। इनकी विभागीय जांच भी शुरू करा दी है। कार्रवाई से पुलिस कर्मियों में हड़कम्प है ब्योरा P05

# युवती के अपहरण का केस दर्ज

चौरीचौरा। चौरीचौरा क्षेत्र के एक गांव की महिला ने अपने 19 वर्षीया बेटी के अपहरण का आरोप लगाया है।

महिला का आरोप है कि गौनर मौनहा बारी टोला निवासी अरविंद सिंह उनकी पुत्री को कही भगा ले गया है। पुलिस ने आरोपी अरविंद सिंह के खिलाफ केस दर्ज कर जांच कर रही है।

# पेशबंदी में ट्रक चालक व उसके भाइयों पर केस

चौरीचौरा। थाना क्षेत्र के भरतपुर में बृहस्पतिवार की रात ट्रक चालक विनय मिश्रा के साथ मारपीट और लूट हुई थी। पुलिस ने चालक विनय मिश्रा की मां की तहरीर पर राज निषाद और उसके चाचा छोटेलाल समेत कई अज्ञात पर केस दर्ज किया था। शुक्रवार को पुलिस ने पेशबंदी में दूसरे पक्ष के छोटेलाल निषाद की पुत्री चांदनी साहनी की तहरीर पर घायल ट्रक चालक विनय मिश्रा, उसके भाई नमन मिश्रा और किशन मिश्रा के अलावा रामपुर रकबा निवासी कमलेश मौर्या पर केस दर्ज किया है। संवाद

# फरार आरोपी के घर नोटिस चस्पा कर कराई मुनादी

खजनी। पीपीगंज थाने में पंजीकृत केस में फरार चल रहे खजनी क्षेत्र बिहारी बुजुर्ग निवासी घनश्याम पांडेय के घर पर शनिवार को पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर नोटिस चस्पा किया। आरोपियों के विरुद्ध न्यायालय ने 14 जून को गिरफ्तारी का वारंट जारी किया गया था। इसी क्रम में पीपीगंज पुलिस ने मुनादी कराते हुए घर पर नोटिस चस्पा किया। ब्यूरो

# चिड़ियाघर के चौकी इंचार्ज निलंबित पांच दरोगा लाइनहाजिर किए गए

### शिकायत मिलने पर एसएसपी ने की कार्रवाई

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने बृहस्पतिवार की रात को पिपराइच थाना प्रभारी अमित कुमार शर्मा को लाइन हाजिर करने के बाद शुक्रवार देर रात को एक साथ पांच दरोगा को लाइन हाजिर करने के साथ ही चौकी प्रभारी चिड़ियाघर को निलंबित कर दिया। इनके खिलाफ एसएसपी ने विभागीय जांच के आदेश भी दिए हैं।

एसएसपी ने रामगढ़ताल थाने पर तैनात दरोगा भारत भूषण यादव, चौकी प्रभारी मछलीगांव थाना कैम्पियरगंज के विवेक राज सिंह, चौकी प्रभारी मोतीराम अड्डा थाना झंगहा के अभय नरायण सिंह, थाना बेलीपार के विशाल राय और इसी थाने के संजय सिंह पर कार्रवाई की है। इसके अलावा रामगढ़ताल थाना के चिड़ियाघर चौकी इंचार्ज विनय कुमार सिंह को सस्पेंड कर दिया है।

उन्होंने बताया कि जिन पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई हुई है, उन सभी के खिलाफ लगातार शिकायतें मिल रही थीं। जांच के दौरान पुलिसकर्मियों की अपने कर्तव्यों के प्रति घोर लापरवाही और अनुशासनहीनता बरतने की पुष्टि हुई, जिसके बाद तत्काल प्रभाव से सभी को लाइन हाजिर कर दिया गया। इन सभी पुलिसकर्मियों के खिलाफ विभागीय जांच के आदेश भी दिए गए हैं।

# 'घमंड' पर विवाद प्रचंड.. गोपनीय जांच शुरू

## पोस्टर मामला : पुलिस जानने में जुटी-चर्चित होने के लिए किया या इसके पीछे है कोई मास्टरमाइंड, दोनों आरोपी फरार

अमर उजाला ब्यूरो




बृहस्पतिवार को लगाया गया था विवादित पोस्टर। पुलिस ने उसी दिन उतरवा दिया था। संवाद

**गोरखपुर।** शहर में बृहस्पतिवार को विभिन्न चौराहों के यूनिपोल पर लगाए गए विवादित पोस्टर का मामला अब शासन स्तर तक पहुंच गया है। इसकी गोपनीय जांच भी शुरू हो गई है। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश में जुटी है कि पोस्टर सिर्फ चर्चित होने के लिए लगाया गया था या इसके पीछे कोई मास्टरमाइंड भी है। लिहाजा हर बिंदु की आला अफसर बारीकी से जांच करवा रहे हैं। इस मामले में खुफिया एजेंसी को भी लगाया गया है।

इस मामले में सीसीटीवी फुटेज के आधार पर एक श्रमिक को पुलिस ने पकड़कर 151 में चालान किया है। पुलिस के मुताबिक, इसी श्रमिक ने यूनिपोल पर पोस्टर लगाया था। फर्म के प्रोपराइटर की तहरीर इस मामले में पुलिस ने दो आरोपियों यशवर्धन मिश्रा और विश्वविद्यालय के छात्र नेता गौतम यादव के खिलाफ केस दर्ज किया था। दोनों आरोपी अभी भी पुलिस की पकड़ से काफी दूर हैं।

खबर है कि इस मामले में शासन स्तर से रिपोर्ट मांगी गई है। सूत्रों की मानें तो आरोपियों में से एक यशवर्धन मिश्रा के परिवार के लोगों के पास पुलिस ने फोन किया था। उसका एक आवास गोरखपुर में भी है। वह मूलतः बिहार का ही रहना वाला है। गौतम के कुछ करीबियों को उठाकर पुलिस ने पूछताछ भी की है। उसके बारे में जानकारी हासिल की है।

**151 में पोस्टर लगाने वाले श्रमिक का चालान**

*इस मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जो भी दोषी होगा, उसपर कार्रवाई की जाएगी। कैंट थाने में आरोपियों पर केस दर्ज कर पुलिस उनकी तलाश कर रही है।*

– डॉ. गौरव ग्रोवर, एसएसपी

**आरोपी यशवर्धन के परिवार ने दी सफाई :** इस मामले में एक नया ट्विस्ट आया है। आरोपी यशवर्धन मिश्रा के परिवार ने पुलिस को पत्र भेजकर सफाई दी है। आरोपी के भाई ने बताया है कि उनका पूरा परिवार इस समय मां के कैंसर के इलाज के कारण परेशान है। भाई यशवर्धन कॉमर्शियल पायलट लाइसेंस (सीपीएल) के लिए प्रशिक्षण ले रहा है और पिछले छह महीने से गोरखपुर नहीं आया है, न ही वह किसी अवैध गतिविधि में शामिल हुआ है। गौतम यादव एक पार्टी का समर्थक है। कई साल पहले, गौतम यादव और उनके भाई सहपाठी थे, इसलिए वे एक-दूसरे को जानते थे। उन्होंने सीसीटीवी की गहनता व निष्पक्ष जांच करने की गुहार लगाई है।


चर्चा में आने के लिए होर्डिंग लगाए केस दर्ज हुआ तो हो गए फरार

8 जून को प्रकाशित खबर।

### ये है मामला

**बृहस्पतिवार** को शहर के यूनिपोल पर छात्र नेताओं के नाम के साथ ही उसपर बड़े-बड़े अक्षरों में घमंड टूटने की बधाई लिखा हुआ पोस्टर लगाया गया था। यह पोस्टर थोड़ी ही देर में सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर तेजी से वायरल हो गया। इसके बाद कई जगहों से प्रतिक्रिया भी आने लगी। पोस्टर पर समाज सेवक यशवर्धन मिश्रा और विश्वविद्यालय के छात्र नेता गौतम यादव का नाम लिखा था। इनके खिलाफ देर शाम यूनिपोल का ठेका लेने वाली फर्म की ओर से तहरीर देकर कैंट थाने में केस दर्ज कराया गया।

# पिटाई और वसूली के आरोप में चौकी इंचार्ज समेत तीन निलंबित, केस दर्ज

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। एम्स क्षेत्र के जगदीशपुर चौकी में पिटाई कर रुपये वसूलने के आरोप में चौकी इंचार्ज समेत तीन पुलिस कर्मियों को निलंबित कर केस दर्ज किया गया है।

सीओ कैंट अंशिका वर्मा ने शनिवार को जगदीशपुर चौकी पर जाकर जांच करके रिपोर्ट एसएसपी को सौंपी। इसके बाद एसएसपी के निर्देश पर कार्रवाई हुई है।

शनिवार को एम्स थाने में जगदीशपुर चौकी इंचार्ज रमेश कुशवाहा, सिपाही अमित यादव, अजय चौहान पर भ्रष्टाचार व पिटाई करने का केस दर्ज किया गया है। इन्हें निलंबित कर इनकी विभागीय जांच भी शुरू कर दी गई है।

## जेसीबी दिलाने के लिए बुलाकर पीटा, पुलिसकर्मियों पर छोड़ने के बदले रुपये लेने का आरोप

एम्स थाने के जगदीशपुर चौकी पुलिस पर रुद्रापुर निवासी विनय शर्मा ने पिटाई करने के साथ धनउगाही का आरोप लगाया था। विनय का आरोप है कि नशे में चूर चौकी प्रभारी और दो सिपाहियों ने छोड़ने के बदले 50 हजार रुपये रिश्वत न देने पर उसकी ऐसी पिटाई किया कि उसे इलाज के लिए एम्स जाना पड़ा। जबकि अगले दिन उसने 10 हजार रुपये दिए तब उसे छोड़ा गया।

पीड़ित ने शुक्रवार को एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर से मुलाकात कर प्रार्थना पत्र सौंपा था। इसके बाद एसएसपी ने सीओ कैंट को जांच सौंपी थी।

# सड़क पर उतरे अफसर...रोडवेज की 6 बसें सीज

## रेलवे बस स्टैंड के सामने जाम से परेशान होते थे यात्री, 11 बसों के ड्राइवर और कंडक्टर पर लगा जुर्माना



रेलवे बस स्टेशन के सामने सड़क पर सवारी भरने के आरोप में रोडवेज की बसों को पुलिस कर्मी कैंट थाना ले आए। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

गोरखपुर। रेलवे बस स्टैंड के सामने लग रहे जाम का संज्ञान लेकर शनिवार को अफसर मौके पर पहुंचे। उन्होंने सड़क पर खड़ीं बसों को हटाकर रोडवेज परिसर में खड़ा करवा दिया। पुलिस ने यातायात बाधित कर सवारी भर रहीं छह बसों को कैंट थाने लाकर सीज कर दिया। परिवहन विभाग ने 11 बसों के ड्राइवरों व कंडक्टरों पर एक-एक हजार का जुर्माना लगाया। निगरानी के लिए लगाए गए दो कर्मचारियों को भी नोटिस दिया गया है।

अमर उजाला में शुक्रवार को प्रकाशित खबर ''सड़क पर रोडवेज की बसें, राहगीर परेशान'' का संज्ञान लेते हुए परिवहन व पुलिस विभाग ने सख्ती दिखाई है। परिवहन विभाग के एआरएम महेश चंद्र के निर्देश पर सुबह से ही बसों को रोडवेज परिसर में खड़ा कर दिया गया।



8 जून को छपी खबर।

### निगरानी के लिए लगाए गए रोडवेज के दो कर्मचारियों को नोटिस

अमर उजाला इंपैक्ट

एआरएम ने खुद भी मौके का निरीक्षण कर दिशा-निर्देश देते हुए सड़कों से बसों को हटवाया। सड़क पर बस मिलने पर 11 बसों के ड्राइवरों व कंडक्टरों पर परिवहन विभाग ने एक-एक हजार का जुर्माना लगाया। पुलिस भी सक्रियता दिखाते हुए दिनभर सड़कों पर डटी रही।

रोडवेज के सामने बसों के खड़े होने से आने-जाने वाले यात्रियों व लोगों को जाम से काफी परेशानी होती है। इसके लिए परिवहन विभाग ने निगरानी के लिए दो कर्मचारी राजाराम सिंह व रमेश कुमार को लगाया गया है। कई पार्किंग कर्मचारी भी तैनात किए गए हैं। बावजूद इसके सड़कों पर बसों के खड़े होने से राहगीरों को जाम झेलना पड़ता था।

## बस स्टेशन परिसर में खड़ी हुईं बसें तो नहीं लगा जाम

संवाद न्यूज एजेंसी

गोरखपुर। रोडवेज बस स्टेशन परिसर में शनिवार को बसें खड़ी होने से यात्रियों को काफी सुविधा हुई। रोडवेज के सामने सड़क पर जाम नहीं लगने से समय की काफी बचत भी हुई। सड़कें जो बस की पार्किंग की तरह दिखाई देती थीं, वहां आवागमन सुगम रहा। सड़कें बसों की भीड़ से मुक्त रहीं। लोगों ने कहा कि आज लगा ही नहीं यह वही जाम वाली सड़क है।

शनिवार लगभग एक बजे रोडवेज बस स्टेशन के सामने का नजारा देखने लायक रहा। जाम के झाम से जूझते लोग आसानी से अपने गंतव्य को जा रहे थे। सड़कों पर खड़ी बसें नहीं दिखने से जाम से लोगों को छुटकारा मिल गया। प्रतिदिन रोडवेज बस से कुशीनगर की यात्रा करने वाले सरकारी कर्मचारी हरीश ने बताया कि रोज बस पकड़ने में हमारा 15 मिनट का नुकसान होता था। परन्तु आज बस पकड़ने में ज्यादा समय नहीं लगा।



शनिवार को रेलवे बस स्टेशन के सामने से रोडवेज की बसें हटाई गईं तो इस तरह खाली नजर आई सड़क। अमर उजाला

### लोग आसानी से जा रहे थे गंतव्य की ओर, सड़कें बसों की भीड़ से मुक्त रहीं

आटो वाले ने भी हमको दूर न उतारकर बस के निकट छोड़ा। जिससे बस पकड़ने में आसानी हुई।

रोडवेज बस से यात्रा कर रहे यात्री अनुपम चौधरी को देवरिया जाना था। उन्होंने बताया कि वह अपने व्यसाय के काम से हमेशा गोरखपुर आते हैं परन्तु रोडवेज पर हरदम जाम का सामना करना पड़ता था। आज पहली बार यह देखने को मिला है कि यहां से जाम हटवाया जा रहा है। सड़कें जाम से मुक्त दिखाई दे रहीं हैं। उन्होंने बताया कि इस तरह का नजारा हमेशा देखने को मिले तो यहां आने-जाने वाले लोगों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होगी।

### 20 अन्य वाहनों का भी चालान

गोरखपुर। रेलवे बस स्टेशन रोड पर वाहन खड़ा कर सवारी भर रहे 20 अन्य वाहनों का भी चालान किया गया है। एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि वाहन चालक यातायात नियमों का उल्लंघन कर सवारी उतारने व चढ़ाने के लिए निर्धारित स्थान पर वाहन खड़ा न करके सड़क पर गाड़ी खड़े करते पाए गए। रोड के दोनों तरफ आवागमन अवरूद्ध होने पर कार्रवाई की गई है। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। संवाद

कुछ कर्मचारियों की लापरवाही के कारण जाम लगता था। बसों को रोडवेज परिसर में खड़ा कर दिया गया है। दो कर्मचारियों को इस कार्य के लिए लगाया गया है। उन्हें नोटिस देकर जवाब मांगा गया है। दोषी पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।
**- लव कुमार सिंह**, क्षेत्रीय प्रबंधक परिवहन विभाग गोरखपुर

# निजी संस्था का थाने में बोर्ड लगवाया तो होगी कार्रवाई

## एडीजी डॉ. केएस प्रताप ने जोन के सभी थाने और चौकियों के लिए जारी किए निर्देश

संवाद न्यूज एजेंसी

गोरखपुर। थाना और चौकियों पर प्राइवेट एजेंसी और संस्था के सौजन्य से बोर्ड लगवाने वाले थानेदार और चौकी प्रभारियों की अब खैर नहीं।

एडीजी डॉ. केएस प्रताप ने इस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए तत्काल प्रभाव से थाने और चौकियों पर प्राइवेट एजेंसी व संस्था के सौजन्य से लगे बोर्ड को हटवाने का निर्देश दिया है। उन्होंने जोन के सभी जिलों के कप्तान को निर्देश जारी कर सख्ती से पालन कराने का आदेश जारी किया है।

### थाने और चौकियों पर प्राइवेट एजेंसियों एवं संस्था के सौजन्य से बोर्ड लगाने की मनाही

सुंदरीकरण के नाम पर थाना और चौकियों पर काम कराने के बाद प्राइवेट एजेंसी या संस्था के नाम का बोर्ड लगाने की नयी परंपरा हाल के दिनों में शुरू हुई है। मामला संज्ञान में आने के बाद एडीजी ने इस पर नाराजगी जताते हुए जोन के सभी जिलों के कप्तान को पत्र लिखा है। पुलिस चौकी और थाने के बोर्ड पर प्राइवेट संस्था का नाम होने से समाज में यह संदेश जा रहा है कि उक्त संस्था या व्यक्ति का पुलिस पर प्रभाव है।

थाने में अपना बोर्ड लगाकर संस्था अपना प्रचार-प्रसार कर रही हैं। ऐसे में पुलिस की निष्पक्षता पर भी सवाल खड़ा हो सकता है जो किसी भी दशा में उचित नहीं है। इसलिए थाना व पुलिस चौकी के बोर्ड पर संस्था या व्यक्ति का नाम अंकित न किया जाए।

उन्होंने आगे कहा कि अधिकांश जिलों में थाने की सीमा समाप्त व प्रारंभ होने का बोर्ड जर्जर अवस्था में है। कई जगह तो बोर्ड ही नहीं लगा है।

जिससे जिले की सीमा का आंकलन नहीं हो पा रहा है। अधिकारी इसका संज्ञान लेते हुए सभी थानाक्षेत्र की सीमा पर बोर्ड लगवा दें, जिस पर स्थानीय थाना व अधिकारियों का सीयूजी नंबर लिखा हो। बोर्ड ऐसा लगे की उसे रात में भी बिना किसी कठिनाई के पढ़ा जा सके।

# DEORIA POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 09-06-2024

## नगर के प्रमुख मंदिरों से ताला तोड़कर चोरी

**बरहज (एसएनबी)।** नगर के आधा दर्जन सार्वजनिक मंदिरों से एक सप्ताह के अन्दर चोरों ने चोरी कर मंदिर के प्रमुख समानों को चुरा ले गए है। इस बढ़ती चोरी पर कब और कौन अंकुश लगायेगा यह नगर वासियों को समझ नहीं आ रहा है। जानकारी के अनुसार नगर के नन्दना वार्ड पूर्वी स्थित दुर्गा मंदिर से घण्टा, बाबा गया दास स्कूल के परिसर में स्थित श्रीराम जानकी मंदिर से 4 जून को पूजा का बर्तन एवं घण्टी तथा बेचू साह पोखरे पर स्थित संत मणिनाथ मंदिर परिसर स्थित विवाह भवन कक्ष का ताला तोड़कर उसमें रखा पानी का मोटर व तीन लोटे, पाइप व बल्ब चुरा ले गए हैं। पुराना बरहज स्थित काली मंदिर से दानपेटी का ताला तोड़कर पैसा चुरा लिए हैं। इतना ही नही मोहांव काली मंदिर से पानी का मोटर तथा पूजा का बर्तन चुरा ले गए हैं। एक सप्ताह के अन्दर नगर क्षेत्र के मंदिरों से हुई चोरी की घटना से नगरवासी भयभीत है। पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

## विद्युत आपूर्ति बाधित होने से लोग बेहाल

**श्रीरामपुर (एसएनबी)।** मजहरवा विद्युत आपूर्ति केंद्र के बंगरुआ गांव में पिछले दो दिनों से इस भीषण गर्मी में बिजली सप्लाई बाधित है जिसके कारण गांव आधी आबादी बिजली संकट से पानी तक मय्यसर नहीं हो पा रहा है। जबकि बिजली विभाग कोई सुध नहीं ले रहा है। जबकि शासन का स्पष्ट आदेश कि दो घंटे से अधिक विद्युत आपूर्ति बाधित नहीं रहना चाहिए। जबकि बंगरुआ गांव में पिछले दो दिनों से विद्युत आपूर्ति बाधित है जिसके कारण महिलाओं बच्चों के साथ साथ बुजुर्ग भी भीषण गर्मी व पानी पीने वास्ते तड़प रहे हैं। इसको लेकर ग्रामीण आक्रोशित हैं और भवानीछापर मैरवा मुख्य मार्ग को जाम करने की योजना बना रहे हैं। इस संबंध में एसडीओ भिंगारी मयंक अग्रवाल से पूछे जाने पर बताया कि मेरे संज्ञान में नहीं था अभी किसी को भेजकर विद्युत आपूर्ति बहाल करा दे रहा हूं।

## हैंडपंप का हेड और मोटर चोरी

**भटनी(एसएनबी)।** स्थानीय थाना क्षेत्र में ग्राम साहेपार के महादेवा टोला निवासी एक व्यक्ति का मोटर और हैंडपंप का हेड चोरी होने का मामला प्रकाश में आया है। जयकार नाथ गुप्ता उर्फ मुन्ना गुप्ता पुत्र बंशी गुप्ता निवासी ग्राम साहेपार टोला महादेवा अपना मकान पेट्रोल पंप चौराहे पर बनवा रहे हैं। निर्माणाधीन मकान के पश्चिम लगे हैंड पंप का हेड और मोटर को 7/8 जून की रात्रि को चोर खोल ले गए। गृह स्वामी का कहना है कि वह प्रतिदिन अपने निर्माणाधीन मकान पर सुबह के समय जाते हैं। दिन भर वहां रहने के बाद रात्रि आठ बजे घर वापस जाते है। शनिवार की सुबह जब वह वहां पहुंचे तो हेड सहित मोटर गायब था। घटना के संबंध में पीड़ित ने थाने में तहरीर दिया है।

## पत्नी की शौहर ने की पिटाई,जेवर भी छीना

**खुखुन्दू (एसएनबी)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव में पत्नी की शौहर ने पिटाई कर दी। आरोप है कि मारने-पीटने के बाद जेवर भी छीन लिया। पिता और भाई आए तो उन्हें भी मारा-पीटा गया है। थाने पहुंच तहरीर दी है। बरियारपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती की शादी खुखुन्दू थाना क्षेत्र के एक गांव में एक युवक के साथ हुई है। आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद से ही पति और ससुराल वाले मिलकर विवाहिता को छोटी-छोटी बातों को लेकर मारते-पीटते हैं। सोमवार रात को विवाहिता भोजन पका रही थी। उसी दौरान चार रोटी अधिक बच गया। इसी बात को लेकर पति ने विवाहिता की जमकर पिटाई कर दी। उसके बाद ससुराल फोन कर ससुर को बुला लिया। ससुर मंगलवार को अपने बेटे के साथ बेटी के ससुराल पहुंचे। बातचीत चल ही रहा था कि किसी बात को लेकर पति ने फिर विवाहिता को पीटना शुरू कर दिया। पिता और भाई ने जब इसका विरोध किया तो पति समेत उसके भाई भी मिलकर विवाहिता के पिता और भाई की बेरहमी से पिटाई शुरू कर दी। इस दौरान पिता और भाई के कपड़े भी फट गए। विवाहिता ने पिता के बाइक की चाभी और जेवरात छीनने का भी आरोप लगाया है।

s

# फरियादी की भूमि से अवैध कब्जा हटाने के लिए प्रशासन ने चस्पा किया नोटिस

**भाटपाररानी (एसएनबी)।** भाटपार रानी तहसील क्षेत्र के अंतर्गत थाना दिवस के अवसर पर पहुंचे बनकटा थाना क्षेत्र के दलन छपरा गांव निवासी फरियादी सुरेन्द्र गौड़ द्वारा अपनी जमीन पर अवैध रूप कब्जा किये जाने की शिकायत को गम्भीरता से लेते हुए उपजिलाधिकारी हरिशंकर लाल ने पुलिस बल के साथ राजस्व टीम को भेजकर मामले में अवैध रूप से काबिज अतिक्रमणकारी के खिलाफ नोटिस जारी कर मंगलवार तक अपना पक्ष रखने की तिथि नियत किया है।



अवैध कब्जे की भूमि पर नोटिस चस्पा करते राजस्वकर्मी। फोटो : एसएनबी

मिली जानकारी के अनुसार विगत कुछ दिन पूर्व कब्जे को लेकर दोनों पक्षों में मारपीट की घटना भी हुई थी। जिसे लेकर पीड़ित पक्ष ने आज शनिवार को थाना दिवस में पहुंचकर प्रार्थना पत्र देते हुए अवैध कब्जा को हटाने के लिए आवेदन किया। जिसको गम्भीरता से लेते हुए उपजिलाधिकारी ने राजस्व टीम के रिपोर्ट के आधार पर अंतिम रूप से कब्जाधारी को अपना पक्ष रखने के लिए मंगलवार तक का समय नियत कर दिया। साथ ही टीम के संयुक्त रिपोर्ट के आधार पर अवैध कब्जे को हटाने के लिए मंगलवार दिन नियत किया गया है। इसके लिए नोटिस भी चस्पा किया गया।

मौके पर पहुंचे टीम के समक्ष एकत्र हुए ग्रामीणों ने अवैध कब्जे की जानकारी दी। यहां मुख्य रूप से दलन छपर के ग्राम प्रधान, ग्राम चौकीदार, थाना प्रभारी बनकटा अमित कुमार राय,हल्का दरोगा राघवेंद्र सिंह, उपस्थित रहे। उप जिलाधिकारी के इस फौरी कार्यवाही को लेकर क्षेत्र में चर्चा की जा रही है।

# गिरफ्तार चोर की निशानदेही पर चोरी की तीन बाइक बरामद

**देवरिया(एसएनबी)।** शुक्रवार को दीवानी कचहरी परिसर में एक बाइक को अनलाक करते आम लोगों की मदद से कोतवाली पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार शातिर चोर की निशानदेही पर पुलिस ने चोरी की तीन बाइक बरामद किया । इस मामले में सदर कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करते हुए उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

**दीवानी कचहरी से बाइकों के चोरी होने का मामला**

मालूम हो कि शुक्रवार को दीवानी न्यायालय परिसर में सदर कोतवाली पुलिस टीम ने आम लोगों के सहयोग से एक बाइक को अनलाक करते हुए एक व्यक्ति को धर दबोचा। गिरफ्तार व्यक्ति ने अपना नाम व पता विनोद पासवान पुत्र मोतीलाल पासवान निवासी रामपुर सोहरौना थाना हाटा जनपद कुशीनगर बताया।



देवरिया-गिरफ्तार बाइक चोर व चोरी की बरामद तीन बाइक।

पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्त द्वारा बताया गया कि उसके द्वारा शादी समारोह, भीड़भाड़ वाले स्थानों आदि से मोटरसाइकिल चोरी करके बेच दिया जाता है।

अभियुक्त की निशानदेही पर लकड़ी हुड्डा गरुणपार स्थित रेलवे माल गोदाम रेलवे ट्रैक के पास में छिपाकर रखी गयी 3 अदद चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद की गयी । बरामद मोटरसाइकिल के सम्बन्ध में अभियुक्त द्वारा बताया गया कि वाहन सं. यूपी 52 बीडी 0230 हीरो स्पेलण्डर प्लस को उसने 1 मार्च 2024 को पुरवा चौराहा स्थित शिवाय होटल से एक शादी समारोह से, वाहन सं.यूपी 52 आर 0947 को रुद्रपुर मोड़ स्थित बैजन्ती लान गौरी बाजार से तथा वाहन सं. यूपी 52 एन 9529 पैशन प्रो को 6 जून 2024 को रघवापुर अंग्रेजी शराब की दुकान के पास से चोरी किया था।

**गिरफ्तार करने वाली टीम में ये रहे शामिल :** शातिर वाहक चोर को गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर चोरी की तीन बाइक बरामद करने वाली पुलिस टीम में सदर कोतवाली के उ.नि. सदानन्द यादव, उ.नि. इंतखाब आलम, उ.नि. श्यामराज सिंह,उ.नि. रिद्यन सिंह, हे.का. नरेन्द्र कुमार चौधरी, का. कमलू गिरी,का. विश्वजीत राजभर, का अवधेश कुमार, का रघुवंश मौर्या,का चक्रधारी चौहान,का दिनेश सोनकर, का रजनीश कुमार शामिल रहे।

# पूर्व सपा विधायक को पुलिस ने भेजा नोटिस

रुद्रपुर (एसएनबी)। उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जिला के थाना राधानगर पुलिस ने पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 83/2024, धारा 117/505 (2) भादवि व 66 सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के तहत थाना राधानगर के प्रभारी निरीक्षक रमेश पटेल ने देवरिया जनपद के विधानसभा क्षेत्र रुद्रपुर के पूर्व सपा विधायक अनुग्रह नारायण उर्फ खोखा सिंह के खिलाफ नोटिस भेजकर तीन दिन में उक्त थाने में उपस्थित होकर बयान दर्ज कराने को कहा है।

इस मामले में पूर्व विधायक अनुग्रह नारायण उर्फ खोखा सिंह ने राधानगर जिला फतेहपुर के प्रभारी निरीक्षक को लिखित बयान में कहा कि आप द्वारा प्रेषित नोटिस के माध्यम से मुझे निर्देशित किया गया कि नोटिस प्राप्त होने के तीन दिवस के अन्दर मैं आपके थाना राधानगर में उपस्थित होकर अपना बयान दर्ज करायें। जबकि उपरोक्त परिक्षेत्र में मुझे आपको अवगत कराना है कि जनपद फतेहपुर लोकसभा के प्रत्याशी और वर्तमान में नवनिर्वाचित सांसद मा. नरेश उत्तम पटेल पूर्व प्रदेश अध्यक्ष समाजवादी पार्टी हैं और जो भी मुकदमा दर्ज किया गया है वह निश्चित ही राजनीति से प्रेरित होगा। इसलिये वहां से मुकदमा में मेरा लोकेशन ट्रेस करने पर यह स्पष्ट हो जायेगा कि उक्त मुकदमे में मेरा कोई सरोकार नहीं है। दूसरी बात कि मैं एक सीनियर सीटीजन व्यक्ति हूँ, और नियमतः धारा 160 सीआरपीसी के पैरा 2 एवं 160(2) सीआरपीसी के विधि व्यवस्था के अनुसार प्रार्थी को उपस्थित होने के लिये बाध्य नहीं किया जा सकता है।

उन्होंने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में कहा है कि हम समाजवादी लोग कानून एवं न्याय पालिका का सम्मान करते हैं। यदि आवश्यक हो तो अपने द्वारा पुलिस जन को मेरे क्षेत्र में भेजकर मेरा बयान लिया जा सकता है।

# देवरहा बाबा आश्रम पर पहुंचे डीएम व एसपी

**मईल/लार रोड(एसएनबी)।** मईल थाने पर बरहज की उपजिलाधिकारी दीक्षा श्रीवास्तव लोगों की समस्या सुन रही थी तभी वहां दोपहर में अचानक जिलाधिकारी अखण्ड प्रताप सिंह व पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा थाना समाधान दिवस व देवरहा बाबा आश्रम पर पहुंच कर निरीक्षण कर स्थानीय समस्याओं से रूबरू हुए। जिलाधिकारी ने आये हुए सभी राजस्व कर्मचारी को निर्देशित किया कि थाना दिवस पर आने वाले मामले को गंभीरता से लें व त्वरित निस्तारण करें। किसी भी प्रकार की कोताई न करें। कोई जटिल समस्या हो तो उच्च अधिकारी को सूचना दें मामले को हल कराएं। इस दौरान मईल थाने में कुल चार मामले आये चारो राजस्व से संबंधित मामला था जिसे संबंधित राजस्व कर्मी को निस्तारण करने के लिए सौंप दिया गया।



फरियाद सुनते डीएम एसपी। फोटो - एसएनबी

जानकारी के अनुसार महर्षि योगीराज देवरहा बाबा आश्रम के पीठाधीश्वर योगी श्यामसुंदर दास जी महाराज ने देवरहा बाबा आश्रम पर बन रहे पुलिस चौकी व गोचर की भूमि पर कब्जे को लेकर प्रशासन से शिकायत की थी। जिसको लेकर जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने स्थानीय लेखपाल अमरनाथ प्रसाद से धरातलीय स्थिति की जानकारी ली। स्थानीय लेखपाल ने पुलिस चौकी के नाम प्रस्तावित जमीन का नजरी नक्शा व धरातलीय स्थिति से प्रशासनिक अधिकारियों को अवगत कराया। आश्रम के पीठाधीश्वर श्याम सुंदर दास जी महाराज का कहना है कि पुलिस चौकी के लिए जो जमीन प्रस्तावित है वह जल मग्न इलाके में स्थित है और आश्रम के सुरक्षा के लिए यह स्थान अनुपयुक्त है। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने राजस्व विभाग के अधिकारी और कर्मचारियों के साथ प्रस्तावित भूमि का निरीक्षण किया। मौके पर प्रभारी निरीक्षक गोरखनाथ सरोज के साथ तहसील प्रशासन के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे। यहां 62 लाख की लागत से देवरहा बाबा पुलिस चौकी के नाम से निर्माण होने जा रहा है शासन से पैसा भी आ गया है।

डीएम व एसपी ने संत देवरहा बाबा के आदम प्रतिमा पर पूजा अर्चना भी किया। पीठाधीश्वर से डीएम एसपी से वार्ता के बाद पुलिस चौकी निर्माण का कार्य शुरू कराने की बात सामने आई है। वहीं पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा की दृष्टि से नरियांव से देवरहा बाबा आश्रम आने वाली न प्रमुख सड़क पर एक पुलिस पिकेट के लिए कमरा बनाए जाने की बात कही जिसकी सभी ने सराहना की।

इस दौरान प्रमुख रूप से सहायक परियोजना प्रबंधक सतीश श्रीवास्तव, संजीव कुमार शाही, शान्तनु श्रीवास्तव पुलिस महकमा सहित राजस्व कर्मी उपस्थित रहे।

# प्राप्त हुए 114 प्रार्थना पत्रों में 40 निस्तारित

## थाना समाधान दिवस

देवरिया(एसएनबी)। शनिवार को जनपद के समस्त थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जनपद के समस्त थानों पर कुल 114 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें 40 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण किया गया।

जिलाधिकारी अखण्ड प्रताप सिंह एवं पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने थाना मईल में जनसमस्याओं को सुना। यहां कुल 3 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनके निस्तारण हेतु राजस्व व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम का गठन कर उनके निस्तारण हेतु संबन्धित को उचित दिशा निर्देश दिये गये।

इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी दीपेन्द्र नाथ चौधरी द्वारा थाना रामपुर कारखाना में जनसमस्याओं को सुना गया। यहां पर कुल 10 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें 1 प्रार्थना पत्र का निस्तारण कराया गया। शेष प्रार्थना पत्रों में राजस्व व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम का गठन कर उनके निस्तारण हेतु संबन्धित को उचित दिशा निर्देश दिये गये।

इस अवसर पर पुलिस विभाग एवं राजस्व विभाग के संबन्धित अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

इसके अलावा जनपद के अन्य थानों पर भी राजस्व के अधिकारी एवं पुलिस के अधिकारी मौजूद रहकर उनके द्वारा जनता की समस्याओं को सुना गया एवं संयुक्त रूप से राजस्व व पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंच कर कई समस्याओं का निस्तारण भी कराया गया।

# 62 लाख रुपये से बनेगी देवरहा बाबा पुलिस चौकी

मईल, हिन्दुस्तान संवाद। मईल थाना क्षेत्र में देवरहा बाबा आश्रम है। जहां सुरक्षा की दृष्टि से लगभग 62 लाख की लागत से देवरहा बाबा पुलिस चौकी के नाम से निर्माण होने जा रहा है। शासन से पैसा भी आ गया है। शनिवार को जिलाधिकारी अखण्ड प्रताप सिंह व पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा, एसडीएम बरहज दीक्षा श्रीवास्तव ने राजस्वकर्मीयों के साथ पहुंच कर स्थलीय निरीक्षण किया।

अधिकारियों ने देवरहा बाबा के आश्रम के मचान के नीचे पहुंच पूजा किया। पीठाधीश्वर योगीराज आचार्य श्यामसुंदर दास महाराज से आश्रम की जानकारी ली। पुलिस चौकी बनने में कुछ अड़चनें आ रही थी, जिसपर डीएम अखंड प्रताप सिंह ने पीठाधीश्वर से वार्ता करते हुए इसका सामाधान निकाला गया।

# पति समेत आधा दर्जन पर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा

सलेमपुर, हिन्दुस्तान संवाद। एक वर्ष पूर्व शादी हुई महिला को दहेज के लिए प्रताड़ित किये जाने के मामले में पुलिस ने एसपी के निर्देश पर पति समेत ससुराल पक्ष के आधा दर्जन लोगों पर दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज किया है।

भाटपाररानी थाना के अनजान गांव निवासी राधेश्याम गुप्ता की बेटी दुर्गा गुप्ता ने पुलिस को दिए तहरीर में कहा है कि मेरी शादी एक वर्ष पूर्व पिता ने कोतवाली क्षेत्र के मालीपुर गांव निवास नितेश गुप्त के साथ धूमधाम से किया। विवाह के बाद विदा होकर ससुराल आई। ससुराल आने के कुछ समय तक सब ठीक रहा उसके बाद मेरे पति नितेश गुप्ता, ससुर हरिकेवल सास सुभावती ननद अमृता गुप्ता व देवर मुकेश व विकास हम प्रार्थी के दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे। दहेज के रूप में तीन लाख रूपये और मांगने लगे। ने देने पर को प्रताड़ित करने लगे। तबीयत खराब होने पर मेरा इलाज ससुराल वाले नही कराये। तब मैं अपने पिता को इस पूरी बात बताई। पिता ने ससुराल पहुंचे और मुझे मायके ले आये। जहां पर मार्च माह में पुत्र पैदा हुआ। पुत्र पैदा होने पर ससुराल वाले 13 मार्च को विदा कराकर ले आये और पुनः दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित करने लगे। 13 मई को ससुराल वालों ने पूरा मायका समान व आभूषणों को छीन लिए और मारपीट कर नगर से निकाल दिया। एसपी के निर्देश पर पुलिस ने ससुराल पक्ष के पति नितेश गुप्ता, ससुर हरिकेवल, सास सुभावती, ननद, अमृता गुप्ता, देवर मुकेश व विकास पर केस दर्ज किया है।



सदर कोतवाली पुलिस के हत्थे चढ़ा शातिर बाइक लिफ्टर।

# बाइक चोरी के तीन मामलों का खुलासा, बाइकें बरामद

देवरिया, निसं। शुक्रवार को दीवानी कचहरी परिसर से बाइक चोरी करते पकड़ा गया लिफ्टर शातिर चोर निकला है। वह करीब एक दशक से चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहा है और उसके खिलाफ कई जिलों में मुकदमा दर्ज है। सदर कोतवाली पुलिस ने उसकी निशानदेही पर तीन बाइकें बरामद किया। इसके साथ ही पुलिस ने बाइक चोरी के तीन मामले का खुलासा किया।

सदर कोतवाली पुलिस ने शुक्रवार को दीवानी कचहरी के पास से आम लोगों की मदद से बाइक चोरी करते एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने अपना नाम विनोद पासवान पुत्र मोतीलाल पासवान, निवासी रामपुर सोहरौना, थाना हाटा, जनपद कुशीनगर बताया। गिरफ्तार अभियुक्त ने पूछताछ में बताया कि वह शादी समारोह, भीड़ वाले स्थानों से बाइक चोरी कर उसे बेच देता है। पुलिस ने अभियुक्त की निशानदेही पर लकड़ी हट्टा गरुणपार स्थित रेलवे माल गोदाम रेलवे ट्रैक के पास छिपाकर रखी गयी तीन बाइकें बरामद की।

# चार ससुरालियों पर पर प्रताड़ना का केस

देवरिया। विवाहिता को मारपीट कर हाथ तोड़ने, विभिन्न तरह से प्रताड़ित करने तथा घर से निकालने के मामले में सदर कोतवाली पुलिस ने पति, सास, ससुर तथा ननद के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया है। पीड़िता प्रिया बाजपेयी पुत्री माहेश्वर बाजपेयी ने पुलिस को तहरीर दिया कि उनकी शादी वर्ष-2017 में शहर के साकेतनगर निवासी विपुल दीक्षित पुत्र रविन्द्र दीक्षित से हुआ। शादी के बाद आये दिन सास, ससुर व ननद के उकसाने पर पति से उसे मारते पिटते रहते। मारपीट कर उन्होंने उसका हाथ तोड़ दिया तथा घर से निकाल दिया। सास ने लात से उसके पेट, पीठ और लात पर मारकर घायल कर दिया। ननद उसके खिलाफ कान भरती रहती,जिससे पूरा परिवार मिलकर उसे प्रताड़ित करते हैं।

**आयोजन** | डीएम, एसपी ने मईल थाने पर लोगों की सुनीं समस्याएं, विभिन्न थानों पर शिकायतों को लेकर पहुंचे फरियादी

# थाना दिवस में 114 में 40 मामलों का हुआ निस्तारण

देवरिया, निज संवाददाता। तीन महीने बाद जून महीने के दूसरे शनिवार से थाना दिवस शुरू हो गया। इसमें जिले के समस्त थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। थानों पर राजस्व एवं पुलिस के अधिकारियों की मौजूदगी में जनता की समस्याओं को सुना गया। जिले के थानों पर कुल 114 मामले आये, जिनमें से 40 का निस्तारण किया गया। कुछ मामलों में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंच कर समस्याओं का निस्तारण कराया। हालांकि चुनाव के बाद आयोजित इस पहले समाधान दिवस पर फरियादियों की बहुत भीड़ नहीं रही।

शनिवार को जिलाधिकारी अखण्ड प्रताप सिंह व पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने मईल थाने में थाना समाधान दिवस में लोगों की समस्याओं को सुना। थाने पर 3 प्रार्थना पत्र आये, जिनका निस्तारण करने को राजस्व व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम गठित कर निर्देश दिया गया। अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी दीपेन्द्र नाथ चौधरी ने रामपुर कारखाना में जनसमस्याओं को सुना। थाने पर कुल 10 प्राथना पत्र प्राप्त हुए जिसमें महज एक का निस्तारण किया गया तथा अन्य प्रार्थना पत्रों का राजस्व व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम का गठित कर निस्तारण का निर्देश दिया गया। सलेमपुर संवाद अनुसार कोतवाली सलेमपुर व खुखुन्दू थाने पर समाधान दिवस पर कुल 21 मामले आये, जिसमें एक मामले का निस्तारण किया गया।

## समाधान दिवस पर आए सबसे अधिक राजस्व के मामले

भाटपाररानी क्षेत्र के थानों पर समाधान दिवस में कुल 15 शिकायतें, जिसमें 6 का मौके पर ही निस्तारण किया गया। शेष शिकायती पत्रों का निस्तारण राजस्व विभाग और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम को करने का निर्देश दिया गया। बनकटा थाना में उपजिलाधिकारी हरिशंकर लाल की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस में कुल 4 शिकायतें आई, जिसमें से 2 का एसडीएम ने मौके पर निस्तारण किया। भाटपाररानी थाने में 5 शिकायतों में 1 का राजस्व कानूनगो ने मौके पर निस्तारण किया। खामपार मेंमें 3 शिकायती पत्रों में 1 मामलें का निस्तारण किया गया। जबकि श्रीरामपुर थाने में कुल 3 शिकायतों में 2 का थानाध्यक्ष ने निस्तारण किया।

## डीएम और एसपी ने मईल थाने में सुनी फरियाद

मईल थाने पर बरहज की उपजिलाधीकारी दीक्षा श्रीवास्तव लोगों की समस्या सुन रही थी। तभी अचानक जिलाधिकारी अखण्ड प्रताप सिंह व पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा पहुंच गए। डीएम ने राजस्व कर्मचारियों को थाना दिवस पर आने वाले मामले को गंभीरता से लेने का निर्देश दिया। कोई जटिल समस्या हो तो उच्च अधिकारी को सूचना जरूर दें। मईल थाने में कुल चार राजस्व से संबंधित मामले आये, जिसे राजस्व कर्मी को निस्तारण करने को सौंप दिया गया।

## लार में दो मामलों का निस्तारण

लार थाने पर सीओ सलेमपुर दीपक शुक्ला व तहसीलदार अलका सिंह और प्रभारी निरीक्षक कपिलदेव चौधरी ने फरियादियों की समस्याओ को सुना। इसमें कुल सात मामले आये। जिनमें दो मामलों का निस्तारण किया गया। वहीं सुरौली में थाना दिवस में चार राजस्व व एक पुलिस का मामला आया, जिसमें एक निस्तारित हुआ।

## बरियारपुर में दो मामलें का समाधान

बरियारपुर थाने पर एसओ दिग्विजय सिंह के नेतृत्व में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जहां पर कुल तीन मामले आए। जिसमें दो मामलों का निस्तारण किया गया, एक मामला भूमि विवाद से संबंधित था।

# अपहरण के आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल

पथरदेवा। दबिश देकर अपहरण के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। शनिवार को पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। कुछ दिन पहले बघौचघाट थाना क्षेत्र के एक गांव का रहने वाला युवक एक नाबालिक लड़की को बहला-फुसलाकर उसके घर से भगा ले गया। परिजनों की तहरीर पर आरोपी तेजप्रताप के खिलाफ बघौचघाट थाने में मुकदमा दर्ज हुआ था। थानाध्यक्ष मृत्युंजय राय ने बताया कि मेदीपट्टी गांव से युवक को पकड़ लिया गया। लड़की को बरामद कर वन स्टाप सेंटर भेज दिया गया है।

# हड्डी रोग विभाग में मरीजों के बीच धक्का-मुक्की

**अफरातफरी**

देवरिया, निज संवाददाता। महर्षि देवरहा बाबा स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में शनिवार को रोगियों की भीड़ रही। कालेज की ओपीडी में दो हजार से रोगी आए। इसके चलते हड्डी रोग विभाग समेत कई चिकित्सकों के कक्ष सामने पहले दिखाने को धक्का मुक्की भी हुई। सुरक्षाकर्मियों ने लोगों को नंबर आने पर ही चिकित्सक के पास पहुंचने को राजी किया।

मेडिकल कालेज में सप्ताहांत होने के बावजूद बड़ी संख्या में रोगी पहुंचे। सबसे अधिक भीड़ हड्डी रोग विभाग में रही। यहां 427 नए रोगियों को मिलाकर पांच सौ से अधिक रोगी चिकित्सक को दिखाने पहुंचे। सबसे अधिक भीड़ कक्ष संख्या 21 के सामने हुई। यहां एचओडी डॉ. अजय यादव रोगी परीक्षण कर रहे थे। रोगियों की भारी भीड़ के चलते हाल खचाखच भरा हुआ था। 12 बजे के करीब रोगियों का धैर्य जवाब दे गया। कुछ लोग साइड से घुसे तो कतार में खड़े रोगी धक्का मुक्की करने लगे। वह पहले दिखाने की कोशिश में आगे निकलने का प्रयास करने लगे। इसके चलते कहासुनी भी होने लगी। इसके चलते कुछ देर तक मामला गरम रहा। वहीं जनरल मेडिसीन विभाग में 416 नए रोगी इलाज कराने पहुंचे। नेत्र रोग में 207, बालरोग में 158, चर्म रोग में 154, कम्युनिटी मेडिसीन में 70, जनरल सर्जरी में 139 और स्त्री व प्रसूति रोग विभाग में 132 नए रोगियों ने पंजीकरण कराया।



मेडिकल कॉलेज के हड्डी रोग विभाग के सामने एक दूसरे से उलझते रोगी व तीमारदार।

## औषधि वितरण केंद्र में भी रही मरीजों व तीमारदारों की भीड़

मेडिकल कालेज के औषधि वितरण केंद्र पर भी शनिवार को भारी भीड़ रही। केंद्र के सभी छः काउंटरों पर बड़ी संख्या रोगी दवा लेने पहुंचे। भीषण गर्मी में पसीना पोछते हुए कतार में खड़े रहे। पूरब तरफ के चारो काउंटरों के साथ पश्चिमी तरफ के दोनो काउंटरों पर लंबी कतार लगी रही। इसके साथ ही पैथालॉजी काउंटर पर भी बड़ी संख्या में लोगों ने सैंपल दिया।

# दो महिलाओं समेत चार पर मुकदमा

रुद्रपुर। कोतवाली क्षेत्र के महदहां गांव में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। मामले में पुलिस ने दो महिलाओं सहित चार के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज की है। महदहां गांव की रहने वाली खुशबून निशा पत्नी शाबिर अली ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि तीन जून की सायं करीब पांच बजे उसका लड़का अफजल अली व उसके बहन का लड़का मुहम्मद आलिम मदनपुर में कपड़े की दुकान से घर आ रहे थे। रास्ते में रोक कर दूसरे पक्ष के लोगों ने मारपीट की।

# मारपीट का केस दर्ज

सलेमपुर। कोतवाली क्षेत्र के ठाकुर गौरी निवासी शंकर खरवार पुत्र नन्दू खरवार ने पुलिस को तहरीर देकर कहा है कि मैं 16 मई को लगभग 7 बजे के समय पर चेरो चौराहा से घर आ रहा था। उसी दौरान रास्ते में ईंटहुआ चन्दौली चिमनी के समीप गांव के राकेश खरवार पुत्र सुनील खरवार ने पीछे से धक्का मारकर गिरा दिए।

## मोटरसाइकिल चोर को पुलिस ने किया गिरफ्तार, तीन मोटरसाइकलें बरामद

जागरण संवाददाता, देवरिया: कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर शनिवार को एक मोटरसाइकिल चोर को कचहरी रोड से गिरफ्तार किया। उसकी निशानदेही पर तीन चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की गई। चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया।

कोतवाली पुलिस कचहरी रोड के पास से एक आरोपित को गिरफ्तार किया। उसने अपना नाम पता विनोद पासवान पुत्र मोतीलाल पासवान निवासी रामपुर सोहरौना थाना हाटा जनपद कुशीनगर बताया। बताया कि मेरे द्वारा शादी समारोह, भीड़भाड़ वाले स्थानों आदि से मोटरसाइकिल चोरी करके उसे बेच दिया जाता है। लकड़ी हट्टा गरुणपार स्थित रेलवे माल गोदाम रेलवे ट्रैक के पास में छिपाकर रखी गई तीन अदद चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद की गईं। बरामद मोटरसाइकिल के संबंध में आरोपित ने बताया कि हीरो स्प्लेंडर प्लस को मैंने दिनांक एक मार्च को पुरवा चौराहा स्थित शिवाय होटल से एक शादी समारोह से, दूसरा वाहन रुद्रपुर मोड़ स्थित बैजन्ती लान गौरी बाजार से तथा तीसरा वाहन छह जून को रघवापुर अंग्रेजी शराब की दुकान के पास से चोरी किया था।

## घर में घुसकर मारपीट, चार के विरुद्ध मुकदमा

**रामपुर कारखाना:** क्षेत्र के हिरंदापुर गांव में घर में घुसकर के मारपीट करने के मामले में पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर चार लोगों के विरुद्ध गंभीर धारा में मुकदमा पंजीकृत के मामले की जांच में जुट गई है।

हिरंदापुर गांव के रहने वाले रहने वाली कविता देवी ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि गांव के कुछ लोग हमारे घर में घुसकर के हमारे लड़के और लड़की को गाली गलौज देते हुए लाठी डंडे से मारपीट के घायल कर दिया जिससे गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने महिला की तहरीर पर गांव के रहने वाले राजेश यादव, रुदल यादव, कल्लू यादव तथा राजेश की पत्नी के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर लिया।

# पूर्व विधायक खोखा सिंह को 160 सीआरपीसी का नोटिस

रुद्रपुर। सपा के पूर्व विधायक अनुग्रह नारायण सिंह उर्फ खोखा सिंह को जनपद फतेहपुर थाना राधानगर से धारा 160 सीआरपीसी के तहत नोटिस भेजा गया है। उन पर 66 आईटी एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। विधायक पर आरोप है कि उन्होंने सोशल मीडिया के माध्यम से हिंसा भड़काने की कोशिश की।

**सोशल मीडिया के माध्यम से हिंसा भड़काने की कोशिश की**

फतेहपुर जिले के राधानगर के थाना प्रभारी रमेश पटेल ने नोटिस प्राप्त होने के तीन दिवस के अंदर थाने में उपस्थित होकर व्यक्तिगत रूप से अपना बयान दर्ज कराने का निर्देश दिए है। उल्लेखनीय है कि फतेहपुर जिले में इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार सपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल निर्वाचित हुए है।

राज्य सरकार की ओर से दर्ज मुकदमे में बताया गया है कि पीयूष तिवारी की आईडी से तमाम भड़काऊ पोस्ट डाल कर मतगणना के दिन हिंसा भड़काने की कोशिश की। इस पोस्ट को कई आईडी से शेयर किया गया।

जांच में पूर्व विधायक की आईडी भी पाई गई। पूर्व विधायक खोखा सिंह ने कहा कि हम समाजवादी लोग कानून और न्यायपालिका का सम्मान करते है। संवाद

# देवरहा बाबा पुलिस चौकी निर्माण का रास्ता साफ

- करीब 62 लाख की लागत से जल्द शुरू होगा निर्माण कार्य
- डीएम व एसपी ने मौके का निरीक्षण कर पीठाधीश्वर से की वार्ता

जागरण संवाददाता, देवरिया: प्रसिद्ध महर्षि देवरहा बाबा आश्रम की सुरक्षा के लिए मईल में देवरहा बाबा पुलिस चौकी भवन निर्माण का रास्ता साफ हो गया। डीएम अखंड प्रताप सिंह व एसपी संकल्प शर्मा ने शनिवार को देवरहा बाबा आश्रम पहुंचकर पीठाधीश्वर श्यामसुंदर दास से वार्ता की। उनकी शंकाओं को दूर किया। करीब 62 लाख की लागत से जल्द ही पुलिस चौकी भवन का निर्माण कार्य शुरू होगा।

सरयू नदी किनारे स्थित महर्षि देवरहा बाबा आश्रम मईल व वहां आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर लंबे समय से पुलिस चौकी की स्थापना की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। शासन से देवरहा बाबा पुलिस चौकी की स्वीकृति व धन अवमुक्त होने के बाद भवन निर्माण को लेकर अड़चनें आ गई थी। डीएम, एसपी के अलावा एसडीएम बरहज दीक्षा श्रीवास्तव व जिला सूचना अधिकारी शान्तनु श्रीवास्तव की मौजूदगी में राजस्वकर्मियों के साथ चौकी स्थल का निरीक्षण किया। आश्रम से करीब 100 मीटर पहले चयनित भूमि को लेकर पीठाधीश्वर श्यामसुंदर दास से वार्ता की। जिसके बाद समाधान निकाल लिया गया। चयनित स्थल पर ही चौकी का निर्माण कार्य कराया जाएगा। चौकी का निर्माण यूपीपीसीएल (उप्र प्रोजेक्ट कारपोरेशन लिमिटेड) कराएगी। प्रत्येक वर्ष बाढ़ से आश्रम के घिर जाने के कारण चौकी भवन को करीब छह से आठ ऊंचाई पर बनाने का निर्देश डीएम ने दिया। एसपी ने सुरक्षा को देखते हुए नरियांव से देवरहा बाबा आश्रम आने वाली प्रमुख सड़क पर पुलिस पिकेट के लिए कमरा बनाने की भी बात कही। सभी ने इसकी सराहना की।

डीएम व एसपी ने देवरहा बाबा आश्रम में मचान के नीचे पहुंचे। महर्षि देवरहा बाबा की प्रतिमा पर पूजा अर्चना की। पीठाधीश्वर श्यामसुंदर दास ने प्रसाद वितरित किया। इस अवसर पर सहायक परियोजना प्रबंधक सतीश श्रीवास्तव, संजीव कुमार शाही आदि मौजूद रहे।

यह और अन्य खबरें देखे-
https://www.jagran.com/local/uttar-pradesh_gorakhpur-city-news-hindi.html

# पीड़ित लगा रहे चक्कर, नहीं हो रहा समाधान

## आए 114 मामले, 40 का हुआ निस्तारण, मईल थाना में जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने सुनी फरियाद

**समाधान दिवस**

जागरण संवाददाता, देवरिया: सदर कोतवाली समेत जिले के सभी थानों में समाधान दिवस का आयोजन शनिवार को किया गया। डीएम अखंड प्रताप सिंह व एसपी संकल्प शर्मा ने मईल थाना में फरियाद सुनी। सदर कोतवाली में एडीएम व एडिशनल एसपी ने समस्या सुनी। यहां तपती धूप में चलकर विभिन्न गांवों से आए लोगों की अधिकांश समस्या का समाधान नहीं हो सका। जिले के थानों में कुल 114 शिकायती पत्र प्राप्त हुए। जिसमें 40 समस्या का समाधान किया गया।

थाना मईल पर कुल तीन प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिनके निस्तारण के लिए राजस्व व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम का गठन कर निर्देश दिए गए। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी दीपेंद्र नाथ चौधरी ने थाना रामपुर कारखाना में समस्याएं सुनी।

यहां कुल 10 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें एक प्रार्थना पत्र का निस्तारण कराया गया। शेष प्रार्थना पत्रों में राजस्व व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम का गठन कर उनके निस्तारण के निर्देश दिए गए।



मईल में समस्या सुनते डीएम अखंड प्रताप सिंह व एसपी संकल्प शर्मा • सौ. पुलिस मीडिया सेल

- किसी को परेशान न करें, इसकी शिकायत मिली तो कार्रवाई होगी
- तपती धूप में दूरदराज क्षेत्रों से आए फरियादियों को मिली निराशा



जमीन नापी के लिए प्रार्थना पत्र दिए हैं सुनवाई नहीं हो रही है। कई बार प्रार्थना पत्र देने के बाद आज फिर से सदर कोतवाली में आया हूं। देखा जाए, कब तक न्याय मिलता है।

ओम प्रकाश गुप्ता, बेलापार



सदर कोतवाली क्षेत्र के रानीघाट की रहने वाली हूं। मैंने जमीन बैनामा कराया है। गांव का ही एक दबंग व्यक्ति मेरी मकान नहीं बनने दे रहा है। कई बार प्रार्थना पत्र दे चुकी हूं, समाधान नहीं हो रहा है।

बिंदा देवी, रानीघाट

पुलिस विभाग एवं राजस्व विभाग के अधिकारी, कर्मचारीगण मौजूद रहे। करौंदी बाजार संवाददाता के अनुसार थाना दिवस के अवसर पर शनिवार को बरियारपुर थाने पर थानाध्यक्ष दिग्विजय सिंह के नेतृत्व में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि कुल तीन मामले आए थे, जिसमें दो मामला पुलिस से संबंधित था। जिसका निस्तारण किया गया और एक मामला भूमि विवाद से संबंधित था, जिसके लिए राजस्व कर्मियों के साथ टीम बना कर मौके पर निस्तारण के लिए भेजा गया है। राजस्व निरीक्षक कैलाश यादव, लेखपाल जितेंद्र कुशवाहा, रोली यादव आदि उपस्थित रहे।

खुखुंदू संवाददाता के अनुसार शनिवार को थाने में आयोजित समाधान में कुल चार मामले आए, जिसमें एक भी मामले का समाधान हुआ। नायब तहसीलदार, प्रभारी निरीक्षक, लेखपाल व पुलिस कर्मचारी मौजूद रहे।

शनिवार को आयोजित समाधान दिवस पर नायब तहसीलदार व प्रभारी निरीक्षक दिलीप कुमार सिंह बैठे थे। फरियादियों ने प्रार्थना पत्र सौंपा। कुल चार मामले आए। फरियादियों से मामले की जानकारी लेते हुए प्रार्थना पत्र देखा, किसी भी मामले का समाधान नहीं हुआ। वहीं कुछ का मौके पर जाकर समाधान करने की बात कही। नायब तहसीलदार ने मातहत कर्मचारियों को निर्देश दिया कि सभी मामले देखकर और समाधान करने लायक हो उसे अवश्य समाधान करें, अनायास किसी को परेशान न करे, शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। प्रभारी निरीक्षक दिलीप कुमार सिंह, दीपक पटेल मिथिलेश पाल, नीतिन सिंह ,पवन यादव, अखिलेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# राजस्व व पुलिस अधिकारी समस्याएं सुनें और निपटाएं

## समाधान दिवस पर कुल 114 प्रार्थनापत्र प्राप्त हुए, 40 का किया निस्तारण, राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम का गठन

संवाद न्यूज एजेंसी

**देवरिया।** जिले के समस्त थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समस्त थानों पर राजस्व के अधिकारी एवं पुलिस के अधिकारी मौजूद रहकर उनके द्वारा जनता की समस्याओं को सुना गया एवं संयुक्त रूप से राजस्व व पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंच कर कई समस्याओं का निस्तारण भी कराया गया।

इसी क्रम में डीएम अखंड प्रताप सिंह व पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने मईल थाने में जनसमस्याओं को सुना। इस दौरान कुल तीन प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनके निस्तारण के लिए राजस्व व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम का गठन कर दिया गया है।

अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी दीपेंद्र नाथ चौधरी ने रामपुर कारखाना थाने में जनसमस्याओं को सुना। यहां कुल 10 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, इसमें एक का निस्तारण कर शेष प्रार्थना पत्रों में राजस्व व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम का गठन कर उनके निस्तारण के लिए संबंधित को उचित दिशा निर्देश दिया।



मईल थाने में समस्या का निस्तारण करते डीएम व एसपी। स्रोत पुलिस

इस अवसर पर पुलिस विभाग एवं राजस्व विभाग के संबंधित अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। थाना समाधान दिवस के अवसर पर जिले में कुल 114 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, इसमें 40 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण किया गया।

**समाधान दिवस पर आए 15 मामले, 6 का मौके पर निस्तारण:** भाटपार रानी। सर्किल के सभी थानों में लोकसभा चुनाव के बाद पहली बार शनिवार को आयोजित समाधान दिवस में 15 शिकायती पत्र आए। इसमें छह का निस्तारण कर दिया गया। शेष का निस्तारण राजस्व विभाग और पुलिस टीम के संयुक्त अभियान में अगले समाधान दिवस तक हर हाल में करने का निर्देश दिया गया बनकटा थाना में उपजिलाधिकारी हरिशंकर लाल की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस में कुल चार शिकायती पत्र आए, जिसमें दो का एसडीएम ने मौके पर निस्तारण कर दिया। भाटपार रानी थाना परिसर में आयोजित समाधान दिवस में कुल पांच शिकायती पत्र आए, जिसमें एक का राजस्व कानूनगो भाटपाररानी ने मौके पर निस्तारण कर दिया।

खामपार थाना में आयोजित समाधान दिवस में तीन शिकायती पत्र आए, जिसमें एक का निस्तारण हुआ। श्रीरामपुर थाना परिसर में आयोजित समाधान दिवस में कुल तीन शिकायती पत्र आए, जिसमें दो का थाना अध्यक्ष ने निस्तारण कर दिया। इस दौरान सभी थाना अध्यक्ष एवं राजस्व टीम मौजूद रहे।

### डीएम-एसपी ने मईल में सुनी फरियाद

मईल। थाना परिसर में समाधान दिवस में पहुंचे जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह और पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं। जिलाधिकारी ने सभी राजस्व कर्मचारियों व पुलिस विभाग को निर्देश दिए कि थाना दिवस में आने वाले मामले को गंभीरता से लें व त्वरित निस्तारण कर समस्या का समाधान करें। समाधान दिवस में कुल चार मामले आए। जो राजस्व से संबंधित थे, जिसे राजस्व कर्मी को निस्तारण के लिए दिए गए। इस दौरान बरहज एसडीएम दीक्षा श्रीवास्तव, जिला सूचना अधिकारी शांतनु श्रीवास्तव, तहसीलदार अरुण कुमार, राजस्व निरीक्षक विरेंद्र कुमार, लेखपाल अमरनाथ, हरिप्रसाद, अर्जुन कुमार, कृष्ण मोहन पांडेय, थानाध्यक्ष गोरखनाथ सरोज, अजय तिवारी, सद्गुरु मिश्र, सुमंत, अरविंद कुमार, रंजीत सिंह, रामसिंह मनोज यादव आदि उपस्थित रहे।

### बरियापुर थाने में दो मामलों का निस्तारण

बरियारपुर। बरियारपुर थाने में एसओ दिग्विजय सिंह के नेतृत्व में थाना समाधान दिवस का आयोजन हुआ। एसओ ने बताया कि कुल तीन मामले आए, जिसमें दो पुलिस से संबंधित थे, जिसका निस्तारण किया गया और एक मामला भूमि विवाद से संबंधित था। इसके लिए राजस्व कर्मियों के साथ टीम बना कर मौके पर निस्तारण के लिए भेजी गई। इस मौके पर कानूनगो कैलाश यादव, लेखपाल जितेंद्र कुशवाहा, रोली यादव, पुलिस स्टाफ और क्षेत्र के लोग उपस्थित रहे। संवाद

# बाइक चोर की निशानदेही पर तीन बाइकें बरामद

देवरिया। कोतवाली पुलिस ने कचहरी रोड के पास से आम लोगों की मदद से शुक्रवार को एक शातिर बाइक चोर को गिरफ्तार किया था। उसकी पहचान कुशीनगर के हाटा के रामपुर सोहरौना गांव निवासी विनोद पासवान पुत्र मोतीलाल पासवान के रूप में हुई।

पुलिस टीम ने गिरफ्तार अभियुक्त से पूछताछ की। पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि शादी समारोह, भीड़भाड़ वाले स्थानों से बाइक चोरी करके उसे बेचता है। अभियुक्त की निशानदेही पर लकड़ी हट्टा गरुणपार स्थित रेलवे माल गोदाम रेलवे ट्रैक के पास छिपाकर रखी गई चोरी की तीन बाइक बरामद की गई। बरामद बाइक के संबंध में अभियुक्त ने बताया कि वाहन संख्या यूपी 52 बीडी 0230 हीरो स्पेलंडर प्लस को एक मार्च को पुरवा चौराहा स्थित शिवाय होटल से शादी समारोह से, दूसरी वाहन संख्या यूपी 52 आर 0947 को रुद्रपुर मोड़ स्थित वैजंती लान गौरी बाजार से तथा तीसरी वाहन संख्या यूपी 52 एन 9529 पैशन प्रो को दिनांक 06 जून को रघवापुर अंग्रेजी शराब की दुकान के पास से चोरी की थी। पुलिस टीम तीनों बाइक को कब्जे में ले लिया। इसके बाद अभियुक्त के विरुद्ध कोतवाली में मुकदमा पंजीकृत करते हुए जेल भेज दिया। संवाद

# 60 लाख से बनेगी देवरहा बाबा पुलिस चौकी

मईल। देवरहा बाबा आश्रम के सुरक्षा के लिए शासन से पुलिस चौकी निर्माण के लिए धन की स्वीकृति मिल गई है। जो 60 लाख से बनेगी। शनिवार को जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह व पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा एसडीएम दीक्षा श्रीवास्तव, जिला सूचना अधिकारी शांतनु श्रीवास्तव व राजस्व कर्मियों के साथ पहुंच कर पुलिस चौकी के लिए प्रस्तावित जमीन का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान बरहज तहसीलदार अरुण कुमार, वीरेंद्र कुमार, अमरनाथ, अर्जुन कुमार उपस्थित रहे। संवाद

KUSHINAGAR POLICE

5

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 09-06-2024

# 15 हजार का इनामी गिरफ्तार

**पटहेरवा।** पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल के निर्देश पर पटहेरवा पुलिस ने शनिवार को 15 हजार के इनामी तथा गैंगस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्त को फाजिलनगर के बघौच मोड़ से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस उसके खिलाफ अग्रिम विधिक कार्रवाई में जुटी हुई है। पटहेरवा थाना परिसर में आयोजित प्रेसवार्ता में एसओ राकेश रोशन सिंह ने बताया कि अभियुक्त सिद्दू कुरैशी उर्फ वासिद पुत्र खलील कुरैशी मुहल्ला कुरैशीयन बघरा थाना तिताबी जनपद मुजफ्फरनगर का निवासी है।

# 15 हजार का इनामी गैंगस्टर गिरफ्तार

जासं,पडरौना : डेढ़ वर्ष से फरार गैंगस्टर को पटहेरवा थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उसकी पहचान सिद्दू कुरैशी निवासी मुहल्ला कुरैशीयन बघरा थाना तिताबी जिला मुजफ्फरनगर के रूप में हुई। पुलिस ने उस पर 15 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है।

पुलिस को सूचना मिली कि डेढ़ वर्ष से फरार चल रहा गैंगस्टर बघौचघाट मोड़ के पास मौजूद है। पुलिस टीम ने वहां पहुंच कर उसकी तलाश शुरू कर दी। मोड़ पर संदिग्ध हाल में दिखे अधेड़ को बुलाया तो वह भागने लगा। पीछा कर पुलिस ने उसे पकड़ लिया।

# दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने पकड़ा

दाहूगंज। तमकुहीराज थाना क्षेत्र की एक महिला का वीडियो बनाकर उसका शारीरिक शोषण करने वाले आरोपी को पुलिस ने शनिवार को पकड़ लिया। महिला ने इस मामले में शुक्रवार को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी।

तमकुहीराज थाना क्षेत्र की निवासी एक महिला ने तहरीर में बताया था कि उसके पति जीवन यापन करने के लिए कई वर्षों से विदेश में काम करते हैं। घर के छोटे-मोटे कार्यों के लिए घर के बगल में रहने वाला एक लड़का उसकी सहायता कर दिया करता था। इसी बीच उसने महिला का अश्लील वीडियो बना लिया।

# बलवा व हत्या के प्रयास का आरोपी गिरफ्तार

**तमकुहीराज।** थाने की पुलिस ने बलवा, हत्या के प्रयास आदि के मामले में दर्ज एक मुकदमे के वांछित आरोपी को शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आरोपी को जेल भेजने की कार्रवाई में जुटी हुई है। तमकुहीराज थानाक्षेत्र के गौरी नरोत्तम निवासी रमेश प्रसाद पुत्र झोटिल के खिलाफ तमकुहीराज थाने में हत्या का प्रयास, बलवा सहित कई गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत है। मुकदमा दर्ज होने के बाद आरोपी पुलिस को चकमा देकर फरार चल रहा था।

# खड्डा थाने में शिकायत आने पर तत्काल हटवाया अतिक्रमण

**खड्डा।** खड्डा थाना परिसर में एएसपी रितेश कुमार सिंह व तहसीलदार महेश कुमार की मौजूदगी व एसओ नीरज कुमार राय की देखरेख में आयोजित थाना दिवस जमीनी विवाद से संबंधित मात्र एक ही मामले आया, जिसका मौके पर निस्तारण करा दिया गया। इसी तरह हनुमानगंज थाना परिसर में भी थानाध्यक्ष अजय पटेल की अध्यक्षता में थाना दिवस आयोजित हुआ, जिसमें तीन नये मामले आए। इसमें से दो मामलों का मौके पर ही निस्तारण करा दिया गया। पकड़ी बृजलाल में आरआरसी सेंटर के लिए चिह्नित जमीन पर अवैध अतिक्रमण का मामला आया, जिसे तहसीलदार महेश कुमार ने पुलिस फोर्स भेजकर अवैध अतिक्रमण को हटवा दिया।

**हाटा संवाद के अुनासार,** स्थानीय कोतवाली परिसर में कोतवाल राजप्रकाश सिंह की अध्यक्षता में आयोजित थाना समाधान दिवस में कुल 9 मामले आए, जिसमें चार राजस्व व पांच पुलिस से संबंधित रहे। इस दौरान पड़री के टोला गौरा निवासी गीता देवी पत्नी प्रणव कुमार ने बताया कि उसकी जमीन की दो बार राजस्व व पुलिस टीम के मौजूदगी में पैमाइश पहले हो चुकी है फिर भी विपक्षी उसे परेशान कर रहा है। बरवा छत्तरदास निवासी अजय प्रताप सिंह ने बताया कि वराससत के लिए क्षेत्रीय लेखपाल बार बार दौड़ा रहे हैं।

# समाधान दिवस में चार मामलों का हुआ निस्तारण

कुशीनगर, हिन्दुस्तान टीम। डीएम उमेश मिश्र की अध्यक्षता व एसपी धवल जायसवाल की उपस्थिति में कोतवाली पडरौना में आयोजित समाधान दिवस पर फरियादियों की समस्याओं का एक-एक कर गंभीरता पूर्वक सुना गया। राजस्व व पुलिस विभाग को निर्धारित समय अवधि के भीतर निस्तारण के लिए निर्देश दिए गए। इस दौरान कुल 16 मामले आये, जिसमें से चार मामलों का मौके पर निस्तारण किया जा सका।

डीएम ने कहा कि प्रार्थना पत्रों के निस्तारण में संवेदनशील रहें। प्रार्थना पत्रों के निस्तारण में किसी भी स्तर की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। इसलिए सभी अधिकारी और कर्मचारी गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें, जो आपके क्षेत्राधिकार के बाहर हो तत्काल प्रार्थी को अवगत कराएं। डीएम ने राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों की टीम बनाकर मौके पर जाकर प्रार्थना पत्रों व शिकायतों को गंभीरता से लेकर शत-प्रतिशत निष्पक्ष निस्तारण करने का निर्देश दिया। समाधान दिवस में कुल 16 प्रार्थना पत्र आए, जिसमे से 4 का निस्तारण तत्काल किया गया। एसपी ने समस्त पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया कि शिकायती प्रार्थना पत्रों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण जल्द से जल्द किया जाना चाहिए। इस अवसर पर एसडीएम सदर व्यास उमराव, सीओ सदर अभिषेक प्रताप, थाना प्रभारी पडरौना सहित राजस्व विभाग के कानूनगो व लेखपाल आदि उपस्थित रहे।



शनिवार को पडरौना कोतवाली में फरियाद सुनते डीएम उमेश मिश्र, एसपी धवल जायसवाल व अन्य अधिकारी। ● हिन्दुस्तान

पटहेरवा संवाद के अनुसार पटहेरवा थाने पर आयोजित समाधान दिवस में पहुंचे एडिशनल एसपी अभिनव त्यागी व एसडीएम तमकुही विकास चन्द्र के सामने राजस्व से संबंधित कुल पांच मामले आये। इनमे से एक मामले का मौके पर समाधान कराया गया। शेष बचे चार मामले में टीम बनाकर निस्तारण का आदेश दिया गया। इस दौरान एसओ पटहेरवा राकेश रोशन सिंह, प्रभारी कानूनगो राणा प्रताप सिंह, हल्का लेखपाल राजीव कुमार, नर्वदेश्वर सिंह आदि मौजूद रहे।

**तरयासुजान थाने में एक भी मामले का नहीं हुआ निस्तारण:** तरयासुजान। तरयासुजान थाने पर आयोजित समाधान दिवस एसओ आशुतोष सिंह की अध्यक्षता में हुई। इसमें राजस्व के सात एवं पुलिस से संबंधित एक मामला आया मगर किसी भी मामले का निस्तारण मौके पर नहीं हो सका। रास्ते की विवाद को लेकर दरोगा गुप्ता घघवा जगदीश निवासी लगभग दो माह से थाने का चक्कर लगा रहे हैं पर अब तक कोई सामाधान नहीं हो सका।

### 30 मई की रात आयी आंधी के बाद से ही प्रभावित है कई क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति, ग्रामीणों ने सड़क उतर कर जताया विरोध

# बिजली कटौती से हाहाकार, लोगों ने किया रोड जाम

छितौनी, हिन्दुस्तान संवाद। विद्युत उपकेन्द्र श्रीमनगर छितौनी अन्तर्गत ग्राम सभा दरगौली के बेलवनिया टोला के सैकड़ों लोगों ने बिजली विभाग के खिलाफ लापरवाही का आरोप लगाते हुये पनियहवा- नेबुआ हाईवे पर शनिवार की रात जाम लगा दिया। नारेबाजी कर अविलंब बिजली आपूर्ति बहाल कराने की मांग की। अचानक हाईवे पर लोगों की नारेबाजी व सड़क जाम होने पुलिस को हरकत में आना पड़ा। पुलिस की सूचना पर मौके पर पहुंचे जेई विद्युत प्रभात दूबे व एसओ अजय कुमार पटेल ने लोगों की समस्याएं सुनने के बाद रविवार को सुबह तक बिजली आपूर्ति बहाल कराने का आश्वासन दिया। इसके बाद लोग शांत हुए।



हाईवे जाम किए ग्रामीणों को समझाती पुलिस व जेई विद्युत। ● हिन्दुस्तान

बीते 30 मई की रात आई आंधी व चक्रवाती तूफान से उक्त विद्युत उपकेन्द्र की आपूर्ति व्यवस्था ध्वस्त हो गयी है। बीते 10 दिनों तक अधिकांश गांवों व टोलों में विद्युत आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी सकी है। कुछ दिन तक ग्रामीण इंतजार करते रहे कि अधिकारियों व कर्मचारियों की चुनाव व मतगणना में व्यस्तता के कारण टूटे पोल व तार ठीक नहीं हो पाए होंगे मगर कई दिन बीतने के बाद भी बिजली आपूर्ति शुरू नहीं हुई तो भीषण गर्मी व उमस से उबल रहे ग्रामीणों का धैर्य जवाब दे गया। ग्रामीण रात में लामबंद होकर सैकड़ों की संख्या में महिलाओं समेत बेलवनिया गांव के समीप हाईवे पर पहुंचे और जाम लगा दिया। जेई व पुलिस के समझाने पर शांत हुए। इस दौरान ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि लाइनमैन की धनउगाही व लापरवाही से वह लोग त्रस्त हैं। जिममेदार अधिकारी सामने आकर पहले ही बता देते कि कितना समय लगेगा तो बात समझ में आती मगर अब तक किसी ने नहीं बताया कि कब तक लागों को इस भीषण गर्मी में उबलना पड़ेगा। सूचना पर पहुंचे एसओ हनुमानगंज अजय कुमार पटेल व जेई प्रभात दूबे ने लोगों को रविवार की सुबह 10 बजे तक विद्युत आपूर्ति बहाल कराने का आश्वासन दिया, तब जाकर लोग अपने घरों की ओर लौटे।

हाटा संवाद के अनुसार हाटा में आये दिन बिजली की कटौती के चलते नगरवासी व व्यापारी परेशान हैं। व्यापार मंडल के अध्यक्ष दिलीप कुमार जायसवाल, सुनील नाथानी, फिरोज आलम उर्फ छोटे का कहना है कि आये दिन दोपहर से लेकर देर शाम तक बिजली की भयंकर कटौती हो रही है, जिससे आमजन को इस भीषण गर्मी के चलते बेहाल होना पड़ रहा है। ग्रामीण इलाकों में शेड्यूल के हिसाब से सप्लाई कुछ ठीक मिल रही है। हाटा में होने वाली बिजली कटौती से निजात मिलनी चाहिए।

फाजिलनगर संवाद के अनुसार: भीषण गर्मी में फाल्ट के नाम पर फाजिलनगर में लगातार विद्युत कटौती से आम जनता से लगायत व्यापारी त्रस्त हैं। लोगों का गुस्सा कभी भी बिजली विभाग के खिलाफ सड़क पर उतर सकता है। फाजिलनगर बिजली उपकेन्द्र से सात फीडर के माध्यम से नगर पंचायत सहित 200 गांवों को बिजली आपूर्ति होती है, लेकिन सरकार के लाख दावों के बावजूद फाल्ट और अन्य कारणों से अक्सर लोगों को बिजली कटौती से परेशान होना पड़ रहा है। व्यापार मण्डल के पूर्व अध्यक्ष मनोज कुमार श्रीवास्तव, महामंत्री ब्यास सिंह, युवा व्यापार मण्डल के अध्यक्ष धीरज वर्मा, व्यापारी संतोष सिंह, बजरंगी जायसवाल आदि लोगों का कहना है दिन या रात कभी भी लोगों को लगातार दस घंटे बिजली नहीं मिल रही है। कभी दो कभी चार घंटे बाद फाल्ट या तार टूटने के नाम पर आपूर्ति बन्द कर दिया जाता है, जिससे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इससे जल्द निजात नहीं मिला तो उपभोक्ता इसके खिलाफ धरना प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे। इस संबंध में अवर अभियन्ता संदीप मिश्रा ने बताया कि कसया से आने वाले 33 हजार के तार व पोल बदलने का कार्य चल रहा है, जिससे चलते दिन में आपूर्ति बंद करना पड़ रहा है। 15 जून के बाद सुचारू रुप से बिजली की आपूर्ति शुरु हो जायेगी।

# पांच अगस्त तक लागू रहेगी धारा-144

कुशीनगर। एडीएम वैभव मिश्र ने सूचना दी है कि आगामी त्योहारों इदुज्जुहा (बकरीद), मुहर्रम, बीएड प्रवेश हेतु संयुक्त प्रवेश परीक्षा व यूपी लोक सेवा आयोग की विभिन्न परीक्षाओं को देखते हुए जिले में धारा 144 लागू की गयी है। आगामी 5 अगस्त तक यह प्रभावी रहेगी। इस दौरान निषेधाज्ञा का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। इससे जुड़े सभी तरह के प्रतिबंध लागू रहेंगे।

# 12 पुलिसकर्मी किए गए लाइनहाजिर

**कार्रवाई**

- एसपी धवल जायसवाल आए अपने पुराने तेवर में, हुआ बदलाव
- कार्रवाई के चलते लापरवाह पुलिस कर्मियों में हड़कंप की स्थिति

**पडरौना, निज संवाददाता।** लोकसभा चुनाव के बाद एसपी धवल जायसवाल अपने पुराने तेवर में आ गये हैं। शनिवार को एसपी ने अपने कर्तव्य में लापरवाही बरतने वाले 12 पुलिस कर्मियों को लाइन हाजिर कर दिया है। इस कार्रवाई से लापरवाह पुलिस कर्मियों में हड़कंप की स्थिति है।

कर्तव्य में लापरवाही बरतने को लेकर एसपी ने शनिवार को नेबुआ नौरंगिया थाने में तैनात हेड कांस्टेबल राजकुमार शुक्ला, कांस्टेबल अजीत प्रजापति, शिवम राय, चौराखास थाने में तैनात हेड कांस्टेबल गजानंद तिवारी, कांस्टेबल उमेश कुमार, हनुमानगंज थाने में तैनात हेड कांस्टेबल मुकुल त्रिपाठी, कांस्टेबल रामानंद यादव, तुर्कपट्टी थाने में तैनात कांस्टेबल हेमंत कुमार, पटहेरवा थाने में तैनात हेड कांस्टेबल मिथिलेश तिवारी, कांस्टेबल सचिन कुमार एवं रविन्द्र नगर धूस थाने में तैनात कांस्टेबल रंजीत कुमार व सूरज सरोज को तत्काल प्रभाव से लाइनहाजिर कर दिया है।

# लापता किशोर का तीन बाद भी पता नहीं

**जासं, वोदरवार :** कप्तानगंज के मथौली बाजार निवासी 14 वर्षीय किशोर का लापता होने के तीन दिन बाद भी सुराग नहीं लगा है। पुलिस किशोर की तलाश कर रही है। घटना बीते गुरुवार की है। रमेश गुप्ता कस्बे में ही ठेला चलाकर परिवार पालते हैं। उनके बेटे आकाश को क्रिकेट खेलने का शौक है। कुछ दिनों से वह स्पोर्ट्स कालेज में नामांकन कराने को लेकर माता-पिता पर दबाव बना रहा था। घटना वाले दिन की शाम को आकाश घर से निकला तो देर रात तक नहीं लौटा। शनिवार को मां सोमारी ने थाने में तहरीर दी।

# चोरी के आरोप में युवक को पुलिस को सौंपा

पटहेरवा। थाना क्षेत्र के एक गांव में शुक्रवार की रात शादी के रिसेप्शन में आर्केस्ट्रा देखने बाद सो रहे रिश्तेदार की जेब से 13 हजार रुपये चुरा लेने का आरोप लगा एक व्यक्ति को पकड़ डायल 112 नंबर पुलिस को सौंप दिया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर पकड़े गये व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई किये जाने की माग की है।

थाना क्षेत्र के गांव महुअवा निवासी नवी रसूल के घर शुक्रवार की रात शादी का रिसेप्शन था। देर रात आर्केस्ट्रा देखने के बाद सभी लोग जहां जगह मिली सो गए। नवी रसूल ने आरोप लगाया है कि सुबह चार बजे के करीब गांव का ही एक व्यक्ति मौका देखकर घर में घुस गया और बाहर के कमरे में सो रहे एक रिश्तेदार की जेब में रखा 13 हजार रुपये निकाल कर भाग गया।

## वांछित गिरफ्तार

तमकुहीराज : बलवा और हत्या के प्रयास के वांछित गौरी नरोत्तम गांव के रहने वाले रमेश को तमकुहीराज थाने की पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## दुष्कर्म के मामले में फरार आरोपित गिरफ्तार

तमकुहीराज : दुष्कर्म के मामले में वांछित बाल अपचारी को तमकुहीराज थाना पुलिस ने शनिवार को पकड़ा और न्यायालय ले गई।

# हर सूचना और शिकायत को गंभीरता से लें थानेदार : एएसपी

जागरण संवाददाता,पडरौना : एएसपी दक्षिणी अभिनव त्यागी ने कहा कि अपराधों पर नियंत्रण स्थापित कर कानून व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाएं। गंभीर प्रकृति के अपराध को अंजाम देने वाले अपराधियों की अभियान चलाकर संपत्ति जब्त की जाए। पेशेवर अपराधियों के विरुद्ध की जा रही गुंडा व गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई में तेजी लाएं।

वे शनिवार को अपने कार्यालय में कसया सर्किल के थानों की समीक्षा के दौरान एसएसआइ व विवेचकों को संबोधित कर रहे थे। कहा कि थाने पर मिलने वाली हर सूचना व शिकायतों को थानेदार गंभीरता से लें। भूमि विवाद से जुड़े मामलों में त्वरित कदम उठाया जाए। कार्रवाई का उल्लेख संबंधित रजिस्टर में अवश्य करें। गंभीर प्रकृति के अपराध की घटनाओं में लिप्त लोगों के विरुद्ध गुंडा- गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की जाए। थानेदार नागरिकों से बेहतर व्यवहार करें। घटना की सूचना मिलते ही बीपीओ व बीट के दारोगा मौके पर पहुंचें।



पडरौना नगर में सुभाष चौक पर लगा जाम● जागरण

# शहर में जाम से मुक्ति का नहीं हो रहा इंतजाम

जागरण संवाददाता, पडरौना : सड़कों पर अतिक्रमण से नगरवासियों को जाम की समस्या से राहत मिलने के आसार नहीं दिख रहे हैं। आए दिन लोग जाम की समस्या से जूझ रहे हैं, लेकिन इसको लेकर अधिकारी गंभीर नहीं हैं। शनिवार को सुबह से लेकर शाम तक नगर के सभी प्रमुख मार्गों पर जाम की समस्या दिखी। जिससे वाहन चालकों को परेशानी उठानी पड़ी।

नगर के सुभाष चौक, बेलवा चुंगी, बावली तिराहा के अलावा जिला मुख्यालय से शुरू होने वाला जाम छावनी, कुबेरस्थान मोड़, बड़ी गंडक नहर, कठकुइयां मोड़, रामकोला रोड

## तेज धूप में बिलबिला उठे लोग, अतिक्रमण की वजह से वाहनों का निकलना मुश्किल

के अलावा कोतवाली मार्ग, धर्मशाला रोड, तिलक चौक, डिग्री कालेज, जटहां बाजार मार्ग पर रहा। जाम के लिए जिम्मेदार अतिक्रमण के लिए लोगों ने पुलिस-प्रशासन को भी कठघरे में खड़ा किया। दिलीप मोदनवाल ने बताया कि आए दिन लोगों को जाम की समस्या से जूझना पड़ता है। इसका प्रशासनिक स्तर पर स्थाई समाधान होना चाहिए। नंदू कुमार ने कहा कि सड़कों की पटरियों पर बेतरतीब वाहन चलाने वाले भी इसके लिए जिम्मेदार हैं। पुलिस को चाहिए कि यातायात नियमों का कड़ाई से अनुपालन कराए। राजन चौरसिया ने कहा कि सड़क की पटरी से अतिक्रमण हटवाने के साथ गलत साइड से चलने वालों के विरुद्ध सख्ती से कार्रवाई की जानी चाहिए। विनोद कुमार चौरसिया ने कहा कि जाम की समस्या को लेकर जिला प्रशासन जिम्मेदार है। इसको लेकर सार्थक कदम उठाया जाना चाहिए। प्रभारी निरीक्षक यातायात सत्य सान्याल शर्मा ने कहा कि नगर में ट्रैफिक व्यवस्था को संभालने में यातायात पुलिस लगी है।

# चुनाव के बाद पहले समाधान दिवस में कम आए फरियादी

## सदर कोतवाली में डीएम, एसपी ने सुनीं लोगों की समस्याएं, थाने पर गुणवत्तापूर्ण समाधान करने के निर्देश

जागरण संवाददाता, पडरौना: आदर्श चुनाव आचार संहिता के समाप्त होने के बाद शनिवार को आयोजित थाना समाधान दिवस में कम फरियादी आए। सदर कोतवाली में डीएम उमेश मिश्र, एसपी धवल जायसवाल ने पीड़ितों की समस्याएं सुनीं और समाधान कराया। अधिकारियों ने कहा कि शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता वाले इस दिवस पर आए पीड़ितों की समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण समाधान कराएं।

प्रभारी निरीक्षक सुशील कुमार शुक्ल के नेतृत्व में सुबह 10 बजे समाधान दिवस का आयोजन हुआ। थोड़ी ही देर बाद डीएम, एसपी कोतवाली पहुंचे। दोनों अधिकारियों ने दोपहर दो बजे तक फरियादियों की समस्याएं सुनीं। खिरकिया के अशोक प्रसाद ने डीएम को बताया कि उनके नाम से पट्टा आवंटित है पर संबंधित भूमि पर कब्जा किसी और का है। डीएम ने एसडीएम सदर को निर्देश दिया कि वे स्वयं मौके पर जाकर पट्टाधारक को चिह्नित भूमि पर कब्जा दिलाएं। इसी तरह जंगल बनवीरपुर के रमेश ने मनबढ़ों के विरुद्ध सार्वजनिक रास्ता बंद किए जाने की शिकायत की।



पडरौना कोतवाली में थाना समाधान दिवस के दौरान कोतवाल सुशील कुमार शुक्ल से जानकारी लेते डीएम उमेश मिश्र साथ में एसपी धवल जायसवाल( दाएं) • जागरण

एसपी ने कहा कि मनमानी करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई होगी। अधिकारियों ने पुलिस-राजस्व टीम को मौके पर जाकर मामले का निस्तारण कराने के निर्देश दिए। आयोजन के दौरान कुल 14 मामले आए। इसमें चार मामलों को मौके पर निस्तारित कर दिया गया। अन्य मामलों में टीम बनाकर एक सप्ताह के भीतर निस्तारित करने के निर्देश दिए गए।

डीएम ने कहा कि समाधान दिवस पर आए मामलों का ससमय निस्तारण करें, ताकि शासन-प्रशासन की छवि प्रभावित न हो। दायित्वों के प्रति लापरवाही बरतने वाले अधिकारी-कर्मचारियों की जवाबदेही तय कर कार्रवाई होगी। एसपी ने कहा कि पुलिस से जुड़े मामले में त्वरित कार्रवाई की जाए। मामला अगर उच्चाधिकारी से जुड़ा हो तो बिना देर लगाए सूचित करें। इस मौके पर एसडीएम सदर व्यास नारायण उमराव, सीओ अभिषेक प्रताप अजेय सहित अन्य कर्मी मौजूद रहे।

- शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता में शामिल है दिवस : डीएम
- 14 मामलों में से चार का मौके पर किया गया निस्तारण

### काली पट्टी बांध लेखपालों ने प्रदर्शन किया

समाधान दिवस पर सदर कोतवाली सहित सभी थानों में लेखपालों ने काली पट्टी बांध कर प्रदर्शन किया। कसया संवाददाता के अनुसार गौरव प्रताप सिंह कसया के बड़हरा लक्ष्मीपुर के लेखपाल हैं। बीते 6 जून को उन्हें जानकारी मिली कि कुछ लोग दलित आबादी की भूमि पर कब्जा कर रहे हैं। लेखपाल मौके पर गए और मना किए लेकिन लोग नहीं माने। थाने पर जाकर तहरीर दी। आरोप है कि एसएचओ ने तहरीर बदलने को कहा, नहीं बदलने पर प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार सिंह ने उनके साथ दुर्व्यवहार किया। इसी मामले को लेकर समाधान दिवस में लेखपालों ने संगठन के जिलाध्यक्ष निलेश रंजन राव के नेतृत्व में काली बांध कर विरोध किया और त्वरित कार्रवाई की मांग की। सीओ कुंदन सिंह ने उन्हें एफआईआर की कापी देते हुए बताया कि चार लोगों के विरूद्ध सरकारी कार्य में बाधा डालने का मुकदमा आज दर्ज कर लिया गया है। संघ के अध्यक्ष ने कहा कि आज आंदोलन स्थगित कर रहे हैं। यदि एसएचओ के विरूद्ध कार्रवाई नहीं हुई तो सोमवार को पुलिस अधीक्षक से मुलाकात के बाद पुनः आंदोलन किया जाएगा। इस मौके पर तहसील मंत्री डा. सुरेश कुशवाहा, प्रभारी कानूनगो ब्रजेश मणि त्रिपाठी, डा. शैलेंद्र दूबे, विनोद सिंह, अजय दूबे, श्रीनिवास सिंह, राजन मिश्र, अकरम अली, रतन मंजरी, शैलेश दूबे, राजू प्रजापति आदि उपस्थित रहे। उधर विरोध प्रदर्शन पर रामकोला के एसएचओ विनय कुमार सिंह ने बताया कि लेखपाल द्वारा दी गई तहरीर में उनका भी नाम शामिल था, जो मौके पर थे ही नहीं। जांच में भी इसकी गांव के लोगों ने पुष्टि की। सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करने वालों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

# अलग-अलग थानों के लापरवाह 12 पुलिसकर्मी लाइन हाजिर

जागरण संवाददाता, पडरौना: पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल ने दायित्वों के प्रति लापरवाही बरतने वाले 12 आरक्षियों को शनिवार की रात लाइन हाजिर कर दिया। एक साथ 12 पुलिसकर्मियों पर हुई कार्रवाई के बाद जिले के लापरवाह कर्मियों में भय का माहौल है।

नेबुआ नौरंगिया में तैनात हेड कांस्टेबल राजकुमार शुक्ल, कांस्टेबल अजीत प्रजापति, शिवम राय, चौराखास में तैनात हेड कांस्टेबल गजानंद तिवारी, कांस्टेबल उमेश कुमार, हनुमानगंज में तैनात हेड कांस्टेबल मुकुल त्रिपाठी, कांस्टेबल रामानंद यादव, तुर्कपट्टी में तैनात कांस्टेबल हेमंत कुमार, पटहेरवा में तैनात हेड कांस्टेबल मिथिलेश तिवारी, कांस्टेबल सचिन कुमार, रवींद्रनगर धूस में तैनात कांस्टेबल रंजीत कुमार, कांस्टेबल सूरज सरोज को लाइन हाजिर कर दिया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि दायित्व के प्रति लापरवाही पाए जाने पर इन्हें लाइन हाजिर किया गया है। लापरवाही किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### पुलिस अधीक्षक ने शनिवार की रात की कार्रवाई

**बेटे को पीटने के मामले में कार्रवाई न करने का पुलिस पर आरोप** : कसया: क्षेत्र के विशुनपुर मंगुरही की इंद्रावती देवी ने बेटे को मारने-पीटने और मोबाइल फोन छीन लेने के मामले में कसया पुलिस पर कार्रवाई नहीं किए जाने का आरोप लगाया है। एसपी को दिए गए प्रार्थना पत्र में कहा है कि उनके बेटे शिवम को 15 मई को गांव के कुछ लोगों ने घर से बुलाया। रास्ते में मारापीट कर फोन छीन लिया। घटना वाले दिन ही तहरीर दी गई, कसया थाना पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। (विज्ञप्ति)।

# अराजकतत्वों का अड्डा बना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तमकुहीराज

जासं, तमकुहीराज : सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तमकुहीराज अराजकतत्वों का अड्डा बन गया है। कस्बे में स्थित दवा की दुकानों, पैथालाजी सेंटर और एक्स-रे आदि के व्यवसाय में दलालों का बोलबाला है। यह रोगियों के हाथ से पर्ची लेकर रोगियों का आर्थिक शोषण कराते हैं। अधीक्षक डा. अमित राय ने कहा कि इस मामले में कार्रवाई के लिए सीएमओ व एसओ को पत्र भेजा जाएगा।

# चोरी के आरोपित को ग्रामीणों ने पकड़ कर पुलिस को सौंपा

जासं, पटहेरवा : क्षेत्र के गांव महुअवा में घर में घुसकर चोरी करने के आरोपित युवक को ग्रामीणों ने उसके घर से पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पीड़ित नबी रसूल के घर में शनिवार की रात कोई कार्यक्रम था। घर के सभी सदस्य उसी में व्यस्त थे। आरोप है कि भोर में करीब तीन बजे के आसपास गांव का एक युवक घर में घुस गया और 13 हजार रुपये नकदी लेकर फरार हो गया। इसी दौरान घर की ही किसी महिला ने उसे कमरे से तेजी से बाहर निकलते देख स्वजन को जानकारी दी।

डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पुलिस ने जांच पड़ताल की। सुबह स्वजन आरोपित को उसके घर से पकड़ कर पुलिस को सौंप दिए। थानाध्यक्ष राकेश रोशन सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## फरार आरोपी गिरफ्तार

**तमकुहीराज।** पुलिस ने बलवा, हत्या के प्रयास आदि के मामले में वांछित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस उसके खिलाफ कार्रवाई में जुटी है। इंस्पेक्टर अतुल कुमार श्रीवास्तव ने बताया तमकुहीराज थाना क्षेत्र के गौरी नरोत्तम निवासी रमेश प्रसाद के खिलाफ हत्या के प्रयास सहित विभिन्न गंभीर धारा में केस दर्ज है। आरोपी की तलाश की जा रही थी। शनिवार को आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। संवाद

## अपहरण के मामले में फरार आरोपी को दबोचा

**तमकुहीरोड।** सेवरही पुलिस ने अपहरण के दर्ज मुकदमें में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया। इंस्पेक्टर सेवरही दिग्विजयनारायण राय ने बताया थाना क्षेत्र के दवनहां निवासी राज पटेल की अपहरण सहित गंभीर धाराओं में दर्ज मुकदमे में तलाश की जा रही थी।आरोपी पुलिस कों चकमा दे रहा था। शनिवार कों सूचना के आधार पर सक्रिय हुई पुलिस टीम ने वांछित आरोपी कों गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। संवाद

## इनामी बदमाश गिरफ्तार

**पटहेरवा।** पुलिस ने 15 हजार के इनामी एक आरोपी कों शनिवार कों गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इंस्पेक्टर पटहेरवा राकेश रोशन सिंह ने बताया मुजफ्फरपुर जिले के मुहल्ला कुरैशीयन बधरा निवासी सिद्दू कुरैशी उर्फ़ वासिद स्थानीय थाने में दर्ज मुकदमे में 15 हजार का वांछित इनामी आरोपी है। आरोप शातिर किस्म का है और पुलिस कों चकमा दे रहा था।सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने आरोपी कों शनिवार कों गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। संवाद

# टीम बनाकर शिकायतों का करें निस्तारण : डीएम



पडरौना कोतवाली में आयोजित समाधान दिवस पर फरियादियों की समस्या सुनते डीएम उमेश मिश्रा, एसपी धवल जायसवाल व अन्य। संवाद

## डीएम और एसपी ने पडरौना कोतवाली में सुनी लोगों की फरियाद

संवाद न्यूज एजेंसी

**पडरौना।** कोतवाली परिसर में आयोजित थाना समाधान दिवस में डीएम और एसपी ने लोगों की फरियाद सुनीं। डीएम ने पुलिस और राजस्व अधिकारियों को टीम बनाकर लोगों की शिकायतों का निस्तारण करने का निर्देश दिया। समाधान दिवस में 16 शिकायतें दर्ज हुईं, जिनमें चार का मौके पर निस्तारण किया गया।

डीएम ने कहा कि प्रार्थना पत्रों के निस्तारण में संवेदनशील रहें। शिकायतों के निस्तारण में किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। सभी अधिकारी और कर्मचारी गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें। उन्होंने राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों को राजस्व टीम बनाकर पुलिस बल की सहायता से मौके पर जाकर मिली शिकायतों के निस्तारण करने का निर्देश दिया। इस मौके पर कुल 16 शिकायतें दर्ज हुई, जिसमें से चार का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष 12 शिकायतों के निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया इस दौरान सदर एसडीएम व्यास नारायण उमराव, सीओ सदर अभिषेक प्रताप, कोतवाल सुशील शुक्ला आदि मौजूद रहे।

तमकुहीराज प्रतिनिधि के अनुसार थाना परिसर में शनिवार को तहसीलदार चंदन कुमार शर्मा, इंस्पेक्टर अतुल कुमार श्रीवास्तव की मौजूदगी में थाना समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इसमें कोइंदी बुजुर्ग निवासी प्रमिला देवी ने राजस्व से जुड़ी शिकायत की।

# दुष्कर्म के मामले में किशोर को भेजा बाल सुधार गृह

संवाद न्यूज एजेंसी

तमकुहीराज। महिला की तहरीर पर पुलिस ने गांव के एक किशोर पर दुष्कर्म का केस दर्ज कर शनिवार को उसे बाल सुधार गृह भेज दिया। विदेश से पति जब घर आया तो इसकी जानकारी हुई और पति ने साथ रखने से मना कर दिया। मामला बढ़ता देख पत्नी ने किशोर के खिलाफ पुलिस को तहरीर देकर केस दर्ज कराया।

तमकुहीराज थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने आरोप लगाया है कि उसका पति जीवन यापन के लिए विदेश में रहकर काम करता है। घर पर पड़ोस का रहने वाला किशोर का आना-जाना था। इसी दौरान किशोर ने महिला के साथ दुष्कर्म किया और वीडियो बना लिया।

## विदेश से पति के आने के बाद महिला ने किशोर पर दर्ज कराया केस

वीडियो वायरल करने की धमकी देते हुए रुपये मांगने लगा। लोक-लाज के डर से महिला किशोर को रुपये देने लगी। महिला का पति जब विदेश से घर पहुंचा तो किशोर ने वीडियो दिखा दिया। वीडियो देखने के बाद पति ने महिला को साथ रखने से इन्कार कर दिया।

इसके बाद महिला ने किशोर पर केस दर्ज कराया है। इंस्पेक्टर ने बताया कि केस दर्ज कर आरोपी किशोर को बाल सुधार गृह भेजा गया है।

# बुद्धस्थली में 27 पर्यटक पुलिस जरूरत पर ढूंढ़ते रह जाएंगे

पकवा इनार (कुशीनगर)। पर्यटकों व सैलानियों की सुविधा के लिए महात्मा बुद्ध की महापरिनिर्वाण स्थली कुशीनगर में पर्यटन थाना है। पर्यटकों को जानकारी के अभाव में किसी तरह की कोई समस्या का सामना न करना पड़े, इसके लिए दर्शनीय स्थलों पर पर्यटक पुलिस तैनात की गई थी। साल 2022 में 14 दिसंबर को बुद्ध नगरी कुशीनगर में पर्यटन थाना का लोकार्पण हुआ था। यह थाना बुद्ध विपश्यना उपवन में है।

थाने में 27 पर्यटक पुलिस तैनात हैं, उसका पता किसी जिम्मेदार को नहीं है। पर्यटक उन्हें ढूंढते रहते हैं, लेकिन ये कहीं नजर नहीं आ रहे हैं। शनिवार को मुख्य महापरिनिर्वाण मंदिर गेट, मांथा कुंवर मंदिर, रामाभार स्तूप, म्यांमार बुद्ध विहारी, जापान-श्रीलंका मंदिर, थाई मंदिर आदि जगहों पर पर्यटक पुलिस की तैनाती की पड़ताल की गई, तो कहीं भी पर्यटक पुलिस नहीं मिली।

**2017 में दिया गया था प्रशिक्षण :** पर्यटन विभाग व स्वदेश दर्शन योजना के तहत वर्ष 2017 में कुशीनगर में पर्यटक पुलिस की शुरुआत की गई थी। तत्कालीन एसपी यमुना प्रसाद, एसडीएम श्रीप्रकाश शुक्ल, क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी रविन्द्र मिश्र समेत तमाम गण्यमान्य लोगों की मौजूदगी में शुरूआत हुई थी। तैनात पर्यटक पुलिस को टीके राय, अंबिकेश त्रिपाठी ने प्रशिक्षण दिया था। पुलिस और ट्रैफिक पुलिस के अधिकारियों ने भी टिप्स दिए थे।

*चुनाव के चलते थाने में तैनात जवान इधर-उधर थे। अब सभी आ गए हैं। प्रत्येक प्वाइंट पर पर्यटक पुलिस की नजर रहेगी। सुरक्षा और शांति बनाए रखने के साथ पर्यटकों के सुविधाओं का ख्याल रखा जाएगा।* -**हरिवंश भारती**, पर्यटन थाना।

## 2.30 बजे चाइना मंदिर

कुशीनगर मुख्य भव्य प्रवेश द्वार से 100 मीटर पर चाइना मंदिर है। यह कुशीनगर की प्रतिकृति समेटे है। मंदिर में लोगों की आवाजाही थी। लेकिन पर्यटक पुलिस कहीं नहीं दिखी। नाम न छापने की शर्त पर लोगों ने बताया कि महीनों से पर्यटन पुलिस कभी-कभी दिखाई देती है।

## 2.45 बजे मुख्य मंदिर प्रवेश द्वार

चिलचिलाती धूप और उमस भरी गर्मी के बीच मंदिर में आने जाने वालों का सिलसिला जारी। लेकिन सुरक्षा और जानकारी देने के लिए तैनात पर्यटक पुलिस नदारद रही।

## 2.40 बजे म्यांमार मंदिर

**पर्यटन** थाने में तैनात 27 पर्यटक पुलिस मुख्य प्रवेश द्वार से लेकर आगे दर्शनीय स्थलों पर नहीं दिखाई दे रही है। यह हम नहीं यहां के स्थानीय लोगों का भी यह कहना है। दोपहर बाद 2.40 बजे म्यांमार मंदिर में प्रवेश द्वार के आसपास कहीं पर्यटक पुलिस दिखाई नहीं दी।

## 2.55 बजे रामाभार स्तूप:

रामाभार स्तूप भी कुशीनगर के बुद्ध से जुड़े दर्शनीय स्थलों में प्रमुख हैं। यहां सूर्योदय से सूर्यास्त तक आवक बनी रहती है। लेकिन यहां भी पर्यटन पुलिस नदारद दिखी।

## 2.50 बजे मांथा कुंवर मंदिर

बुद्ध मंदिर मार्ग स्थित मांथा कुंवर मंदिर पर भी पर्यटकों की आवक बनी रहती है। इसके बावजूद यहां कोई पर्यटक पुलिस नहीं दिखाई दी। यहां पुरातत्व विभाग के तैनात कर्मचारी मौजूद थे।

# एसपी के आदेश पर दर्ज हुआ केस

**अहिरौली बाजार।** थाना क्षेत्र के गांव टीकर निवासी रीता देवी ने बीते 13 मई को एसपी को शिकायती पत्र दी थी। उन्होंने एसपी से कहा था कि बीते नौ मई की शाम करीब सात बजे देवर श्यामू, देवरानी चांदनी व ससुर गुलाम घर में घुसकर उन्हें और उनके बच्चों के साथ मारपीट कर घायल कर दिया। अहिरौली बाजार पुलिस ने एसपी के आदेश के बाद तहरीर के आधार पर तीन आरोपियों के विरुद्ध मारपीट समेत अन्य धारा में केस दर्ज कर कार्रवाई में जुटी है। संवाद

# पटीदारों पर मारपीट का केस

**अहिरौली बाजार।** थाना क्षेत्र के ग्राम सखौली निवासी सुधा यादव ने पुलिस को तहरीर दी है। उन्होंने पुलिस को बताया है उनके पट्टीदार रामगोपाल, रमेश, प्रेम और शिवप्रकाश 29 मई को सुबह उनके साथ अमर्यादित शब्दों का प्रयोग किया। विरोध करने पर आरोपी उनके साथ मारपीट किए। तहरीर मिलने पर पुलिस आरोपियों पर केस दर्ज कर लिया है। संवाद

# एसपी ने 12 सिपाहियों को किया लाइन हाजिर

**पडरौना।** एसपी धवल जायसवाल ने हाईवे से सटे थाना पटहेरवा के दो पुलिसकर्मियों सहित 12 पुलिसकर्मियों को शनिवार देर रात लाइन हाजिर कर दिया। हाईवे से सटे पटहेरवा थाने पर तैनात सिपाही मिथिलेश तिवारी, सचिन कुमार, नेबुआ नौरंगिया थाने पर तैनात राजकुमार शुक्ला, अजीत प्रजापति, शिवम राय, चौरा खास थाने पर तैनात गजानंद तिवारी, उमेश कुमार, हनुमानगंज थाने मुकुल त्रिपाठी, रामानंद यादव, तुर्कपट्टी थाने पर तैनात हेमंत कुमार और रविंद्रनगर धुस थाने पर तैनात रंजीत कुमार व सूरज सरोज को लाइन हाजिर किया गया है। संवाद

# लेखपालों ने समाधान दिवस में किया प्रदर्शन तब दर्ज हुआ केस

## पैमाइश के दौरान जरीब फेंकने और जान से मारने की धमकी देते हुए लेखपाल को धक्का देने का आरोप

संवाद न्यूज एजेंसी

**पडरौना।** पैमाइश करने गए लेखपाल को धक्का देने और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देने के मामले में केस दर्ज नहीं होने से नाराज लेखपालों ने थाना समाधान दिवस में काली पट्टी बांधकर शनिवार को प्रदर्शन किया।

मामला बढ़ता देख रामकोला थानाध्यक्ष ने केस दर्ज कर एफआईआर की कॉपी उपलब्ध कराई। इसके बाद लेखपालों का विरोध प्रदर्शन समाप्त हुआ। केस दर्ज करने में देरी की वजह तहरीर से सपा नेता का नाम निकालने के लिए थानाध्यक्ष का दबाव बनाना बताया जा रहा है।

रामकोला थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर बड़हरा गांव निवासी रामप्यारे अपने घर के पास दीवार का निर्माण करा रहे थे। किसी ने लेखपाल गौरव प्रताप सिंह को सूचना दी कि ग्रामसभा और हरिजन आबादी की जमीन रामप्यारे कब्जा कर रहे हैं। बृहस्पतिवार को लेखपाल लक्ष्मीपुर बड़हरा गांव में पहुंचे और ग्रामसभा की जमीन में निर्माण होने की बात कहते हुए रामप्यारे से निर्माण कार्य




रामकोला थाने में काली पट्टी बाधकर प्रदर्शन करते लेखपाल। संवाद

रोकने को कहा। इससे रामप्यारे नाराज हो गए और लेखपाल से उलझ गए। शोर सुनकर गांव वालों की भीड़ जुट गई।

लेखपाल ने जरीब निकाली तो रामप्यारे और इनके घर की महिलाओं ने जरीब को फेंक दिया। वहां मौजूद गांव के सपा नेता सुनील चंद ने लेखपाल को जान से मारने की धमकी देते हुए खदेड़ दिया। लेखपाल ने घटना के दिन ही रामकोला पुलिस ने रामप्यारे, सुनील चंद्र, राजन, मीना के खिलाफ तहरीर दी। आरोप है कि थानाध्यक्ष ने सुनील चंद्र का नाम तहरीर से हटाने के लिए दबाव बनाने लगे।

इसकी जानकारी होने पर जिलाध्यक्ष निलेश रंजन राय की मौजूदगी में कसया तहसील के अध्यक्ष राधेश्याम सिंह के नेतृत्व में शुक्रवार को लेखपालों की बैठक हुई और केस दर्ज नहीं करने पर आंदोलन की रणनीति बनी। शनिवार को थाना दिवस में मौजूद लेखपालों ने काली पट्टी बांध कर रामकोला थानाध्यक्ष के खिलाफ प्रदर्शन किया। लेखपालों ने थानाध्यक्ष और सिपाहियों पर कार्रवाई और केस दर्ज करने की मांग कर रहे थे।

मामला बढ़ता देख पुलिस ने लक्ष्मीपुर बड़हरा निवासी रामप्यारे, सुनील चंद्र मीना, राजन पर सरकारी कार्य में बाधा डालने और जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया। इसके बाद लेखपाल शांत हुए। थानाध्यक्ष विनय कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर से नाम निकालने की कोई बात नहीं थी। मामला संदिग्ध था। जांच के बाद केस दर्ज किया गया है।

### दुर्व्यवहार से नाराज लेखपालों ने किया प्रदर्शन

**तमकुहीरोड/दुदही।** सेवरही और विशुनपुरा थाने में शनिवार को लेखपालों ने काली पट्टी बांधकर प्रदर्शन किया। लेखपालों ने रामकोला के एसएचओ पर दुर्व्यवहार का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। लेखपालों का आरोप था कि पिछले दिनों कसया के लेखपाल गौरव प्रताप सिंह अतिक्रमण हटवाने एक गांव में गए थे। वहां अतिक्रमण करने वाले लोगों ने उनके साथ दुर्व्यवहार कर उनका सामान भी छीन लिया था। इसकी शिकायत लेकर अतिक्रमणकारियों के खिलाफ कार्रवाई कराने के लिए जब लेखपाल रामकोला थाने पहुंचे तो वहां के एसएचओ ने भी लेखपाल के साथ दुर्व्यवहार किया। इस दौरान लेखपाल संघ के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष मुकेश कुमार, जयंत गुप्ता, बब्बन बिहारी मिश्र, शैलेंद्र पांडेय, प्रमोद यादव, विनोद कुमार, अच्छेलाल सिंह आदि मौजूद रहे। संवाद

# फरार चल रहे दो आरोपी गिरफ्तार

**छितौनी।** हनुमानगंज पुलिस ने धोखाधडी सहित विभिन्न धाराओं में दर्ज मुकदमे में फरार चल रहे दो आरोपियों कों शनिवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इंस्पेक्टर हनुमानगंज अजय कुमार पटेल ने बताया कप्तानगंज थाना क्षेत्र के सोमली टोला झझहवा निवासी नरसिंह व सिसवा शुक्ल निवासी परदेशी धोखाधड़ी और अन्य मामलों में दर्ज मुकदमे में वांछित आरोपी है। शनिवार कों सूचना के आधार पर दोनों आरोपियों कों गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। संवाद

# घरेलू विवाद में मारपीट तीन पर केस

**अहिरौली बाजार।** थाना क्षेत्र के ग्राम बरसैना निवासी नीलम देवी ने पुलिस को तहरीर दी है कि छह जून की शाम उनके देवर शन्नी, अंजली और संदीप ने उनकी पिटाई कर दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियों पर केस दर्ज कर लिया है। संवाद

## धमकी देने का केस दर्ज

**अहिरौली बाजार।** डुमरी निवासी महिला ने पुलिस को तहरीर दी है। कहा है कि बेटी की शिकायत उसके ससुराल में करने की उलाहना देने पर गांव के ही चंदन ने मारपीट के साथ ही जान-माल की धमकी दी। तहरीर के आधार पर पुलिस धमकी देने के मामले में केस दर्ज कर कार्रवाई में जुटी है। संवाद

# मारपीट करने के मामले में चार पर केस दर्ज

तरयासुजान। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक महिला ने पुलिस को तहरीर दी है। उन्होंने गांव के चार लोगों पर मारपीट करने का अरोप लगाया है। पुलिस तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर कार्रवाई में जुटी है। अहिरौलीदान निवासी मीरा कुमारी ने पुलिस को दिए तहरीर में बताया कि उनके खेत में लगे फसलों को छुट्टा पशुओं से बचाने के लिए लकड़ी से बनाई बाड़ को पड़ोसी अंकित सिंह ने उखाड़कर फेंक दिया।

विरोध करने पर आरोपी उनके साथ मारपीट की। शाम को खेत से काम करने के बाद मां के घर आई तो आरोपी के घर की रेखा देवी, पलकी कुमारी और सियनजी कुमारी ने मां को भी मारपीट कर घायल कर दिया। एसओ आशुतोष सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर जांच की जा रही है। संवाद

# MAHARAJ GANJ POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 09-06-2024

# तस्करी की शिकायत पर मारपीट का आरोप

**नौतनवा।** स्थानीय थाना क्षेत्र के पैसिया बाबू निवासी विशाल अग्रहरी ने शनिवार को पुलिस को शिकायती पत्र देकर करीब एक दर्जन तस्करों पर मारपीट का आरोप लगाया है। शिकायतकर्ता का कहना है कि तस्करों का गिरोह गोल बंद होकर उसके ऊपर उस वक्त हमला कर दिया जब वह अपनी दुकान पर बैठा हुआ था। आरोप है कि पैसिया बाबू गांव के रास्ते बड़े पैमाने पर चावल की तस्करी की जा रही थी। जिसकी शिकायत पुलिस क्षेत्राधिकारी से की गई थी। बताया जा रहा है कि उसी वजह से कुछ लोग आक्रोशित हो गए और लाठी डंडा लेकर हमला कर दिया।

# समाधान दिवस पर 11 मामले निस्तारित

- 82 फरियादियों ने सुनाई अपनी फरियाद
- एसपी ने छह शिकायतों का किया समाधान

महराजगंज, हिन्दुस्तान टीम। लोकसभा चुनाव के बाद शनिवार को जिले के सभी थानों पर समाधान दिवस का आयोजन हुआ। कुल 82 पीड़ित शिकायत लेकर पहुंचे थे। इसमें से 11 फरियादियों के प्रार्थना पत्र का जांच-पड़ताल के बाद निस्तारित किया।

एसपी सोमेन्द्र मीना ने निचलौल, कोठीभार, बरगदवा, परसामलिक थाना के समाधान दिवस का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उनके सामने चौदह प्रार्थना पत्र आए। जिसमें से एसपी ने छह प्रार्थना पत्रों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया।

सदर कोतवाली में सीओ आभा सिंह फरियादियों के प्रार्थना पत्र पर सुनवाई कीं। भगवानपुर संवाद के अनुसार परसामलिक थाना के समाधान दिवस में पहुंचे एसपी ने निर्देश दिया कोई भी मामला लंबित नहीं रहनी चाहिए। एसआई कमलेश कुमार यादव, अनिल सिंह, सूरज जायसवाल, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि जीतबहादुर उर्फ भोला यादव आदि मौजूद रहे। पनियरा संवाद के अनुसार एसडीएम सदर रमेश कुमार की देखरेख में समाधान दिवस में राजस्व के कुल चार मामले आए। जिसमें तीन का निस्तारण कराया गया है। शेष प्रभारी निरीक्षक निर्भय कुमार कुमार सिंह ने बताया कि चार राजस्व से संबंधित मामले आए। जिसमें से तीन का मौके पर निस्तारण किया गया।



सदर कोतवाली में सीओ आभा सिंह ने प्रार्थना पत्रों पर सुनवाई कीं।

फरेंदा संवाद के अनुसार समाधान दिवस में कुल 6 मामले आए। जिसमें राजस्व के तीन व पुलिस से सम्बधित 3 मामले शामिल थे। पुलिस से सम्बधित तीन मामलों का त्वरित निस्तारण कर दिया गया। शेष तीन मामलों के निस्तारण के लिए राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम गठित कर मौके पर भेजा गया। इस अवसर पर थाना प्रभारी अंकित सिंह, राजस्व निरीक्षक उपेन्द्र तिवारी व चौकी इंचार्ज मौजूद रहे।

# नशीली दवाओं के साथ दो आरोपित गिरफ्तार

**बरगदवा।** मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में स्थानीय पुलिस शनिवार की दोपहर बरगदवा गांव के कब्रिस्तान के समीप दो तस्करों को भारी मात्रा में नशीली दवा के साथ हिरासत में ले लिया। आरोपित नशीली दवा को पगडंडी के रास्ते नेपाल ले जा रहे थे।

उपनिरीक्षक रविन्द्र नारायण मिश्र व राजीव कुमार ने कांस्टेबल अमन सिंह, संदीप मौर्य के साथ वाहन जांच कर रहे थे। दो युवकों की बाइक की डिक्की से 30 शीशी ओनरेक्स सिरप व 110 एमपुल डायजापाम कैप्सूल बरामद हुआ। पकड़े गए आरोपित मिथुन चौधरी व गणेश यादव निवासी बरगदवा के खिलाफ एनडीपीएस के तहत केस पंजीकृत किया गया। थानाध्यक्ष बरगदवा स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि आरोपित का इसके पहले भी एनडीपीएस के तहत नेपाल व भारत में मुकदमा दर्ज है।



एसपी सोमेन्द्र मीना ने शनिवार को एएसपी आतिश कुमार सिंह के साथ नौतनवा थाने में नवनिर्मित निरीक्षक कक्ष का लोकार्पण किया।

# नवनिर्मित निरीक्षक कक्ष का एसपी ने किया लोकार्पण

नौतनवा, हिन्दुस्तान संवाद। एसपी सोमेन्द्र मीना ने शनिवार को नौतनवा थाने में नवनिर्मित प्रभारी निरीक्षक कक्ष का फीता काटकर शुभारंभ किया। इस दौरान एएसपी आतिश कुमार सिंह भी मौजूद रहे। इस मौके पर एसपी ने कहा कि फरियादियों के बेहतर सुविधा के लिए लगातार जनपद के थानों पर इस तरह के कार्य किया जा रहे हैं। पुलिस अधिकारी व कर्मियों को भी कार्य करने में काफी आसानी होगी।

एसपी सोमेंद्र मीना ने कहा कि भारत नेपाल सीमा का महत्वपूर्ण थाना होने की वजह से पुलिस के सामने कई चुनौतियां भी रहती हैं। जिससे निपटने के लिए पुलिस टीम को और सशक्त बनाने के प्रयास भी हो रहे हैं। अपराधिक घटनाओं के साथ मामूली बातों को लेकर आए दिन विवाद की घटनाओं से निपटने के लिए भी पुलिस टीम हल्का बीट स्तर पर भी काम कर रही है। एसपी सोमेंद्र मीना थाना परिसर में बेहतर कार्य एवं अन्य कार्यों को देख प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय कि सराहना किया। तहसीलदार पंकज शाही, नायब तहसीलदार सौरभ श्रीवास्तव, क्षेत्राधिकारी जयप्रकाश त्रिपाठी, प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय, उपनिरीक्षक योगेन्दर कुमार, उपनिरीक्षक संजय कुमार, मोहम्मद काशिफ, उदय श्रीवास्तव, राजा वर्मा सहित बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

## थानों व सीओ कार्यालय का किया निरीक्षण

एसपी सोमेन्द्र मीना ने शनिवार को निचलौल व बरगदवा थाना के अलावा क्षेत्राधिकारी कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। कार्यालय के अभिलेख, महिला हेल्प डेस्क रजिस्टर, आगंतुक रजिस्टर, अपराध रजिस्टर, विवेचना रजिस्टर ग्राम रजिस्टर, त्यौहार रजिस्टर आदि का निरीक्षण कर उसके रखरखाव की स्थिति की जायजा लिया। सीसीटीएनएस कार्यालय को चेक करते हुए साफ-सफाई रखने व राजकीय कार्यो को समय से पूरा करने के लिए निर्देशित किया। बैरक, हवालात, मेस व थाना परिसर का भी निरीक्षण किया ।

# नवागत चौकी इंचार्ज ने संभाला पदभार

**झनझनपुर।** एसपी सोमेन्द्र मीना के आदेश पर चौक थाना के एसआई दुर्गेश कुमार वैश्य शनिवार को सदर कोतवाली के बागापार पुलिस चौकी के प्रभारी का कार्यभार ग्रहण कर लिया। चौकी क्षेत्र के पुलिस कर्मियों के साथ बैठक कर दिशा निर्देश दिया कि फरियाद लेकर आए लोगों के प्रार्थना पत्र पर त्वरित जांच-पड़ताल कर गुणदोष के आधार पर त्वरित कार्रवाई करें। कानून व्यवस्था का पालन सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया।

# दो किलो गांजा के साथ पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कोल्हुई।** कोल्हुई क्षेत्र के बगही पुलिया के पास से पुलिस व एसएसबी की संयुक्त टीम शनिवार को बार्डर रोड पर चेकिंग कर रहे थे। टीम को देख झोला लेकर व्यक्ति भागने लगा। टीम ने उसे दौड़ाकर पकड़ लिया। तलाशी में झोले से दो किलोग्राम गांजा बरामद हुआ। एसओ आनंद गुप्ता ने बताया कि आरोपित के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत करवाई कर न्यायालय भेज दिया गया।

# मारपीट के मामले में एक पर दर्ज हुआ मुकदमा

**सिंदुरिया।** थाना क्षेत्र के भागाटार टोला अमतहा निवासी करूरेश उर्फ़ राहुल कन्नौजिया ने पुलिस को तहरीर दिया है। इसमें उसने आरोप लगाया है कि रात को बाइक से दूध लेकर घर जा रहा था। रास्ते में गांव का युवक लाठी लेकर बैठा था। बाइक रोककर लाठी से मारने लगा। भागकर किसी तरह जान बचाई। थानाध्यक्ष अजीत प्रताप सिंह ने बताया कि आरोपी के खिलाफ केस दर्ज की है।

# सीमावर्ती क्षेत्र में उर्वरक तस्करी तेज, अंकुश नहीं

**खनुआ।** सौनौली के कैथवलिया उर्फ बरगदही, खनुआ, शेखफरेंदा, केवटलिया और नौतनवा थाना क्षेत्र के आराजी सरकार उर्फ बैरियहवा, सुंडी, बोगडी घाट, मुडिला व बैरिया बजार गांव में धान का बीज, यूरिया व डीएपी खाद डंप कर कैरियर के माध्यम से उर्वरक व धान का बीज नेपाल ले जाया जा रहा है। एसडीएम का कहना है कि सीमा से सटे गांव के पगडंडियों से तस्करी की सूचना नहीं है। यदि ऐसा हो रहा है तो अंकुश लगाया जाएगा।

# नौतनवां थाने पर पहुंचने वाले फरियादियों को मिलेगी सहूलियत

- सा नवनिर्मित प्रभारी कक्ष का एसपी और एएसपी ने किया उद्घाटन
- जनसहयोग से प्रभारी कक्ष का कराया गया है निर्माण

जागरण संवाददाता, नौतनवा : थाना परिसर में नवनिर्मित प्रभारी निरीक्षक कार्यालय का शनिवार की दोपहर पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना एवं अपर पुलिस अधीक्षक आतिश कुमार सिंह ने फीता काटकर उद्घाटन किया गया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि थाना परिसर में पहले से मौजूद प्रभारी निरीक्षक कक्ष परिसर का दायरा थोड़ा कम था, जिसके कारण फरियादियों को समस्या का सामना करना पड़ता था। जिसका संज्ञान लेते हुए जनसहयोग से प्रभारी निरीक्षक द्वारा एक नए प्रभारी निरीक्षक कक्ष का निर्माण कराया गया। जिसका लाभ थाने पहुंचने वाले फरियादियों को मिलेगा और उनके लिए सहूलियत भी होगी। एएसपी आतिश कुमार सिंह ने कहा कि थाने पर आने वाले फरियादियों को बेहतर व्यवस्था के साथ अपेक्षित न्याय भी मिलना चाहिए, पुलिसिंग का यही सबसे अहम कर्तव्य होता है। सीओ जयप्रकाश त्रिपाठी, तहसीलदार पंकज शाही, नायब तहसीलदार सौरभ श्रीवास्तव, प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय, एसएसआइ संजय कुमार, चौकी प्रभारी योगेंद्र कुमार, एसआइ अखंड प्रताप सिंह मौजूद रहे।

# थाना समाधान दिवस में आए 82 मामले

जागरण संवाददाता, महराजगंजः जिले में शनिवार को समस्त थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान थानों पर आए कुल 82 मामलों में मात्र 11 शिकायतों का निस्तारण किया गया। पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना ने निचलौल, कोठीभार, बरगदवा और परसामलिक में पहुंचकर सुनवाई की। जहां पर आए कुल 14 शिकायतों में छह शिकायतों का समाधान किया गया।

सदर कोतवाली में सीओ आभा सिंह ने सुनवाई की। इस दौरान महुअवां गांव के रहने वाले मंगरू प्रसाद ने शिकायत दर्ज कराई कि गांव में ही विपक्षियों की ओर से रास्ते को कब्जा कर लिया गया है। जिसपर सदर सीओ आभा सिंह ने लेखपाल और कलेक्ट्रेट चौकी पुलिस को मामले में जांच के बाद रास्ता खुलवाने का आदेश दिया। इस दौरान आए कुल सात मामलों में तीन का निस्तारण किया गया। सदर कोतवाल राहुल शुक्ला, उपनिरीक्षक दुर्गेश कुमार वैश्य, ओपी गुप्ता, दिलीप कुमार, मंगल सिंह, बृजभान यादव मौजूद रहे।



कोठीभार थाने पर सुनवाई करते पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना। जागरण

# बरगदवा में नशीली दवा के साथ दो गिरफ्तार

जासं, बरगदवा : पुलिस ने शनिवार की दोपहर बरगदवा गांव के कब्रिस्तान के समीप दो तस्करों को नशीली दवा के साथ गिरफ्तार कर लिया । तस्कर नशीली दवा को पगडंडी के रास्ते नेपाल ले जा रहे थे । उपनिरीक्षक रविन्द्र नारायण मिश्र ने न बाइक से जा रहे दो युवकों की तलाशी ली । बाइक की डिक्की से 30 शीशी ओनरेक्स सिरप व 110 एमपुल डायजापाम कैप्सूल बरामद हुआ । पुलिस ने आरोपित मिथुन चौधरी व गणेश यादव निवासी बरगदवा पर एनडीपीएस के तहत मुकदमा पंजीकृत किया है ।

यह और अन्य खबरें देखें-
https://www.jagran.com/local/uttar-pradesh_gorakhpur-city-news-hindi.html

# प्रभारी निरीक्षक कक्ष का उद्घाटन



प्रभारी निरीक्षक कक्ष का उद्घाटन करते पुलिस अधिकारी। संवाद

**नौतनवा।** पुलिस अधीक्षक सोमेन्द्र मीणा, अपर पुलिस अधीक्षक आतिश कुमार सिंह ने शनिवार को नौतनवा थाना परिसर में नवनिर्मित प्रभारी निरीक्षक कक्ष का उद्घाटन किया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि क्षेत्र के लोगों के सहयोग से निर्मित प्रभारी निरीक्षक कक्ष आगंतुकों, फरियादियों की सुविधा होगी।

इस मौके पर सीओ जय प्रकाश त्रिपाठी, प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय, वरिष्ठ उप निरीक्षक संजय कुमार, चौकी प्रभारी योगेंद्र कुमार, चौकी प्रभारी भूपेंद्र प्रताप सिंह मौजूद रहे। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक ने पुलिस क्षेत्राधिकारी कार्यालय नौतनवा का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने अभिलेखों का जांच किया, लंबित मामलों के निस्तारण के निर्देश दिया। संवाद

# फंदे से लटका मिला महिला का शव, हत्या का आरोप

## ससुरालियों ने शव उतारने के बाद पुलिस को दी सूचना

बागापार। सदर कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम सिसवा राजा टोला रामनगर में शुक्रवार को विवाहिता का फंदे से लटकता शव मिला। परिजनों ने शव को नीचे उतारने के बाद पुलिस को सूचना दी।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मायके वालों ने दहेज के लिए हत्या करने का आरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार, सदर कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम सिसवा राजा टोला रामनगर निवासी महेंद्र ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार की दोपहर पत्नी का इलाज कराने मुख्यालय गए थे। घर पहुंचे तो बहू शीला को आवाज दी, लेकिन वह नहीं आई। कमरे की तरफ नजर पड़ी तो देखा बहू शीला का शव पंखे से लटक रहा था।

उसने पुलिस को सूचना दी। वहीं शीला के घर वालों ने दहेज के लिए हत्या करने का आरोप लगाया है। कोतवाल राहुल शुक्ला ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। संवाद

# गांजा के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**खनुआ।** सशस्त्र सीमा बल 66वीं वाहिनी के बीओपी खैराघाट व कोल्हुई पुलिस की संयुक्त टीम ने गश्त के दौरान भारत नेपाल सीमा के पिलर संख्या 538 के पास से एक युवक के बैग से गांजा बरामद किया है। बाद में पुलिस को सौंप दिया। असिस्टेंट कमांडेंट सुबीर घोष ने बताया कि पिलर संख्या 538 राजमंदिर कला के पास नेपाल की तरफ से एक युवक बैग लेकर आता दिखाई दिया। संदेह होने पर रोककर तलाशी ली गई तो बैग से दो किलो गांजा बरामद हुआ। आरोपी ने पूछताछ में अपना दिनेश गुप्ता निवासी परासखाड़ थाना कोल्हुई बताया। आरोपी को अग्रिम कार्रवाई के लिए कोल्हुई पुलिस को सौंप दिया है। संवाद



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी दिनेश। संवाद

# अड्डा बाजार में 40 बोरा चावल बरामद

**अड्डा बाजार।** नौतनवा के नायब तहसीलदार शौरभ श्रीवास्तव ने शनिवार को पुलिस और एसएसबी के साथ बैरिया बाजार स्थित एक घर के सामने से 40 बोरा चावल बरामद किया है। नौतनवा थाने में औपचारिकता पूरी करके कस्टम के हवाले कर दिया गया। संपतिहा चौकी पर तैनात एसआई रामायन प्रसाद, एसएसबी के एसआई जेडटीएम शीतलाऊ, रमाशंकर गुप्ता, ईश्वरलाल रावत टीम में शामिल रहे। संवाद

# नशीली दवा के साथ दो गिरफ्तार, केस दर्ज

**बरगदवा।** पुलिस ने शनिवार को दोपहर बरगदवा गांव के कब्रिस्तान के समीप दो तस्करों को भारी मात्रा में नशीली दवा के साथ गिरफ्तार किया है। बाइक की डिक्की से 30 शीशी सिरप व 110 कैप्सूल बरामद हुए। आरोपी मिथुन चौधरी व गणेश यादव निवासी बरगदवा को जेल भेज दिया गया। थानाध्यक्ष बरगदवा स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि आरोपित का आपराधिक इतिहास दर्ज है। इसके पहले भी एनडीपीएस के तहत नेपाल व भारत में केस दर्ज है। संवाद

# भूमि विवाद में मारपीट, आठ घायल

**मिठौरा।** सिंदुरिया थाना क्षेत्र के ग्राम सभा हरिहरपुर में दो भाइयों में भूमि विवाद में मारपीट हो गई, जिसमें आठ लोग घायल हो गए। सिंदुरिया थानाक्षेत्र के ग्राम सभा हरिहरपुर निवासी दो सगे भाई प्रमोद और प्रदूत में बाईपास में पड़ी भूमि और मुआवजे की रकम को लेकर मारपीट हो गई। मारपीट में प्रमोद, प्रमोद की पत्नी विमला, पुत्री ज्योति, पुत्र आकाश और दूसरे पक्ष से प्रमोद के पिता मुनेशर, भाई प्रदूत, भाभी और भाई का लड़का दीपक घायल हो गए। पुलिस केस दर्ज कर जांच कर रही है। संवाद

# युवक की मौत मामले में केस दर्ज

**ठूठीबारी/ बरगदवां।** पिपरा गांव के पूरब ठूठीबारी नौतनवां मार्ग पर बुधवार की शाम ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया है। निचलौल थाना क्षेत्र के ग्राम सिरौली निवासी रामाशंकर ने बताया की पांच जून की शाम दमाद रामबचन ग्राम हरपुर थाना बरगदवा बुधवार को सिरौली जा रहे थे। पिपरा और पड़ियाताल मंदिर के बीच में ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आने से उनकी मौत हो गई। बरगदवां थानाध्यक्ष स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया की ट्रैक्टर-ट्रॉली को कब्जे में लेकर आरोपी अनिल यादव के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। संवाद

# BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 09-06-2024

# महिला स्कैन्डल में फंसे सीओ सिटी हटे

**बस्ती (एसएनबी)।** महिला के साथ स्कैन्डल में फंसने के बाद प्राथमिकी दर्ज सीओ सिटी को पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी ने उनके पद से हटाते हुए उन्हें सीओ आफिस में तैनाती देते हुए क्षेत्राधिकारी रुधौली रहे सत्येन्द्र भूषण तिवारी को क्षेत्राधिकारी सदर का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। उल्लेखनीय है कि बीते दिनों राजस्थान की एक महिला के साथ पत्नी संग मारपीट करने के मामले में राजस्थान में क्षेत्राधिकारी सदर विनय चौहान के ऊपर प्राथमिकी दर्ज की गयी थी जिसे महिला थाने में स्थान्तरित करते हुए मामले की जांच करायी गयी। अपर पुलिस अधीक्षक ने मामले की जांच कर आख्या पुलिस महानिरीक्षक बस्ती रेंज को प्रेषित किया था। जांच आख्या में संतुष्ट न होने पर आईजी रेंज ने पूरे प्रकरण की जांच के लिए सिद्धार्थनगर एसपी को जांच अधिकारी नामित कर दिया और मामले से डीजीपी को अवगत कराते हुए विभागीय कार्यवाही की संस्तुति की। मामला उच्चाधिकारियों तक पहुंचा तो शनिवार को आनन-फानन में पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी ने क्षेत्राधिकारी विनय चौहान को सदर सर्किल की जिम्मेदारी वापस लेते हुए उन्हें क्षेत्राधिकारी कार्यालय से संबद्ध कर दिया और सीओ रुधौली सत्येन्द्र भूषण तिवारी को रुधौली के अतिरिक्त सदर सर्किल के थाना कोतवाली पुरानी बस्ती,वाल्टरगंज, महिला थाना की आपराधिक एवं पूर्व में दिये गये कार्यों का पर्यवेक्षण करने तथा सर्किल सदर व रुधौली में शान्ति व कानून व्यवस्था बनाये रखने का निर्देश दिया है।

# थाना समाधान दिवसः आये तीन मामले, दो निस्तारित




फरियादियों की समस्या सुनते पुलिस अधिकारी व मण्डलायुक्त व आईजी।

बस्ती (एसएनबी)। शनिवार को थानाध्यक्ष पुरानी बस्ती की अध्यक्षता में थाना परिसर में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान कुल तीन आवेदन पुलिस को प्राप्त हुए जिसमें पुलिस से संबंधित दो मामलो का मौके पर निस्तारण किया गया। एक- एक मामले को संबंधित विभाग के हवाले निस्तारण हेतु अग्रेसित किया गया है। पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी के आदेश व अपर पुलिस अधीक्षक ओपी सिंह के दिशा निर्देश में क्षेत्राधिकारी विनय सिंह चौहान के कुशल पर्यवेक्षण में शनिवार को थाना पुरानी बस्ती में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसमे 3 आवेदन पत्र प्राप्त हुए। 2 आवेदन पत्र पुलिस विभाग से संबंधित व 1 आवेदन पत्र राजस्व से संबंधित पाया गया।

पुलिस से संबंधित 2 आवेदन पत्र का निस्तारण किया गया। समाधान दिवस पर वरिष्ठ उप निरीक्षक अजय पांडेय ,उप निरीक्षक आशुतोश शुक्ला, प्रभारी चौकी हड़िया, उप निरीक्षक महेंद्र कुमार, उप निरीक्षक नंदलाल सरोज सहित समस्त पुलिस बल , राजस्व विभाग से संजय कुमार श्रीवास्तव, लेखपाल महेंद्र सिंह सहित अन्य लेखपाल मौजूद रहे। उधर कलवारी थाने पर मण्डलायुक्त अखिलेश सिंह तथा आईजी आरके भारद्वाज थाना कलवारी पर पहुंचे और जनसुनवायी की। इस दौरान क्षेत्र से आये फरियादियों की समस्याओं को दोनो उच्चाधिकारियों ने एक एक कर सुनकर निस्तारण हेतु संबंधित को निर्देश दिया गया।

जानकारी के अनुसार थाना समाधान दिवस के अवसर पर मण्डलायुक्त बस्ती मण्डल अखिलेश सिंह व पुलिस महानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र आरके भारद्वाज द्वारा जनपद के थाना कलवारी पर जनसुनवाई की गयी । इस अवसर पर आए फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए गये। थाना समाधान दिवस पर आने वाले शिकायतों के प्रति संवेदनशीलता बरतने और गुणवत्ता का पूर्ण ख्याल रखते हुए समयान्तर्गत निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु तथा प्रत्येक मामले में मौके पर जाकर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया जिससे पीड़ित को न्याय मिले। तत्पश्चात पुलिस महानिरीक्षक द्वारा थाना कलवारी के बीट सूचना रजिस्टर, भूमि विवाद रजिस्टर व उपस्थिति पंजिका का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। इस अवसर पर थानाध्यक्ष कलवारी व अन्य पुलिस बल के अधिकारी व कर्मचारी गण तथा राजस्व विभाग के अधिकारी व कर्मचारी गण मौजूद रहे।

**कुदरहा प्रतिनिधि** के अनुसार शनिवार को थाना लालगंज पर थाना प्रभारी अनस अख्तर की अध्यक्षता में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समाधान दिवस में राजस्व से संबंधित 8 व पुलिस से सम्बन्धित 1 कुल मिलाकर 9 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ। मौके पर पुलिस से सम्बन्धित एक प्रार्थना पत्र का निस्तारण हुआ व अन्य प्रार्थना पत्रों के गुणवत्ता पूर्वक निस्तारण के लिए संबंधित को निर्देशित किया गया।

## ज्वाइन्ट मजिस्ट्रेट ने सुनी फरियाद



**रुधौली (एसएनबी)।** लोकसभा चुनाव समाप्त होने के बाद प्रथम थाना समाधान दिवस थाना सभागार रुधौली में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट शाहिद अहमद की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। समाधान दिवस में कुल 17 मामले आए। केवल एक मामले का मौके पर निस्तारण हो सका। शेष 16 मामले को संबंधित विभाग को सौंप कर गुण दोष के आधार पर जल्द से जल्द निस्तारण करने का निर्देश दिया। इस मौके पर तहसीदार रवि यादव, प्रभारी निरीक्षक चंदन कुमार, कानूनगो विजय यादव, हबीबुल्लाह, सहित लोग मौजूद रहे।

## गाड़ी न देने पर महिला की पिटाई, एफआईआर

**बस्ती (एसएनबी)।** एक महिला से उसकी गाड़ी चलाने के लिए आरोपी युवक ने मांगा। जिसे न देने पर महिला की पिटाई की गयी तथा जान से मारने की धमकी दिया। इस सम्बन्ध में पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पर मुकदर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र के पिकौरा शिव गुलाम मोहल्ला की रहने वाली प्रियंका सिंह से आरोपी गोलू निषाद ने गाड़ी चलाने के लिए मांगा। जिसपर प्रियंका ने गाड़ी देने से मना कर दिया तो आरोपी गोलू उसे गालियां देते हुए मारापीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। यह देख आस पास के लोग जब इकट्ठा होने लगे तो आरोपी मौके से भाग निकला। मामले में पीड़िता प्रियंका सिंह पत्नी शेर सिंह मोहल्ला पिकौरा शिव गुलाम थाना कोतवाली की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी गोलू निषाद के विरुद्ध धारा 323, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

## धोखाधड़ी कर खाते से निकाले रुपये, केस

**बस्ती (एसएनबी)।** धोखाधड़ी कर एक खाते से अज्ञात जालसाज द्वारा हजारो रूपये की निकासी कर लिया। इस सम्बन्ध में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मुकदर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत जयपुरवा निवासी रामरंग सिंह पुत्र झिनकू सिंह ने पुलिस को लिखित तहरीर देकर बताया कि उसके एसबीआई बैंक के खाते से किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा धोखाधड़ी कर यूपीआई के माध्यम से 80000 रुपये, 10000 रुपये, 5000 रुपये, 3000 रुपये सहित कुल 98 हजार रूपये की निकासी बारी-बारी से कर ली गयी। मामले में पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध धारा 420 आईपीसी व 66डी आईटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाला युवक गिरफ्तार

**छावनी (एसएनबी)।** सोशल मीडिया पर सीएम को लेकर आपत्तिजनक पोस्ट करने का मामला गरमा गया। शुक्रवार को एक युवक द्वारा की गई पोस्ट को लेकर भाजपा व हिंदूवादी संगठनों में रोष व्याप्त है। सीएम व बस्ती पुलिस को टैग कर ट्वीट करने के बाद हरकत में आई पुलिस ने युवक को हिरासत में ले लिया है। थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत कुवागांव के सोशल मीडिया ग्रुप में मुजीब सिद्दीकी नामक युवक द्वारा सूबे के सीएम के साथ पूर्व सीएम की आपत्तिजनक वीडियो पोस्ट करने के बाद मामला गरमा गया। सोशल मीडिया में वायरल होने के बाद अमोढ़ा निवासी दिवाकर सिंह ने स्क्रीन शट लगाकर ट्वीट कर उच्चाधिकारियों को अवगत कराया। ट्विटर हैंडल पर आए ट्वीट को लेकर सक्रिय हुई पुलिस ने बरईजोत गांव के एक युवक को उसके घर से शनिवार की सुबह हिरासत में ले लिया। भाजपा नेता व समाजसेवी चन्द्रमणि पांडेय ने कहा कि वीडियो में सीएम योगी को पूर्व सीएम का पैर धोते हुए दिखाया गया है जिसको लेकर आपत्ति है। सपा को उन्होंने निशाने पर लेते हुए कार्यवाही की मांग किया। जिससे सामाजिक उन्माद न फैलने पाए। अखबार वायरल हुए इस वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। सीओ अशोक मिश्र ने कहा कि आपत्तिजनक पोस्ट को लेकर लोग ओछी हरकत कर रहे हैं। शिकायत मिलने कठोर कार्यवाही की जाएगी।

# लेनदेन में मारपीट, दो पर मुकदमा

**बस्ती (एसएनबी)।** रुपये के लेन देने के विवाद में एक युवक तथा उसके भाई की पिटाई की गयी तथा जान से मारने की धमकी दिया देते हुए फल का ठेला उलट कर नुकसान पहुंचाया गया। इस सम्बन्ध में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों पर मुकदर्ज किया है।कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत झण्डा तिरंगा चौराहा पर रूपये की लेनदेन को लेकर नगर क्षेत्र के फुटहिया निवासी सूरज तथा राधेश्याम सिंह के बीच में विवाद हो गया। जिसके बाद राधेश्याम तथा सरदार भगत सिंह उर्फ दद्दू ने मिलकर सूरज को गालिया देते हुए पिटाई करनी शुरू कर दी। यह देख बीच बचाव में भाई विष्णु गुप्ता आया तो उसे भी मारापीटा गया तथा फल का ठेला ढकेलकर पलट दिया गया। जिससे सारे फल नुकसान हो गये। मामले में पीड़ित सूरज कुमार गुप्ता पुत्र रामजगत गुप्ता निवासी फुटहिया संसारपुर थाना नगर हालमुकाम तिरंगा चौराहा के बगल थाना कोतवाली की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी राधेश्याम सिंह पुत्र नायब सिंह, सरदार भगत सिंह उर्फ दद्दू पुत्र राधेश्याम सिंह निवासीगण फुटहिया संसारपुर थाना नगर के विरुद्ध धारा 323, 504, 506, 427 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# सीडी बनवाने के विवाद में मारपीट, केस

**बस्ती (एसएनबी)।** सीडी बनवाने की बात को लेकर एक युवती की उसके पट्टीदार तथा अन्य लोगो द्वारा मिलकर गालियां देते हुए पिटाई की गयी तथा जान से मारने की धमकी दिया। इस सम्बन्ध में पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों पर मुकदर्ज किया है।कलवारी थाने की पुलिस को लिखित तहरीर देकर निशा चौधरी पुत्री बाबूराम चौधरी निवासिनी बभनियांव बुजुर्ग थाना कलवारी ने बताया कि उसके पटटीदार पिन्टू चौधरी तथा अन्य लोग उसके दरवाजे पर आकर सीडी बनवाने के विवाद को लेकर गालियां देते हुए उसे मार रहे थे। जिसके बचाने के लिए चाचा ष्याम शरण आये तो उन्हें भी मारापीटा गया तथा जान से मारने की धमकी दी गयी। मामले में पीड़िता निशा चौधरी पुत्री बाबूराम चौधरी निवासी बभनियांव बुजुर्ग थाना कलवारी की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी पिन्टु चौधरी पुत्र रामजी, रामकिशोर चौरसिया पुत्र खुशहाल, पुर्नवासी पुत्र रामकिशोर चौरसिया, बाढू चौरसिया पुत्र गंगोली चौरसिया निवासीगण बभनिवांय बुजुर्ग थाना कलवारी के विरुद्ध धारा 323, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# हाइवे पर दबंगों का शिकार बन रहे मुर्गी लदे वाहन

**छावनी (एसएनबी)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के हाइवे पर बीती रात स्कार्पिओ सवार दबंगों ने फिर एक मुर्गी लदे वाहन को शिकार बनाते हुये चालक व खलासी की पिटाई कर मुर्गी लूट लिया और चालक- खलासी को दूर ले जाकर छोड़ दिया। पीड़ित पोल्ट्रीफार्म संचालक ने छावनी पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही के लिये मांग किया है। अमेठी जनपद के जगदीशपुर थाना के जलालपुर तिवारी निवासी संचालक शेखू खान पुत्र शमशाद ने दिए तहरीर में आरोप लगाया है कि बीती रात पोल्ट्रीफार्म से मुर्गे लादकर नौतनवां महराजगंज जा रहे वाहन को थाना क्षेत्र के हाइवे पर रामजानकी तिराहे के पहले सफेद रंग की स्कार्पिओ पर सवार तीन से चार लोग वाहन को रोक कर असलहा लहराते हुये चालक असलम पुत्र मोहम्मद सलीम व खलासी तौकीर अहमद पुत्र इश्तियाक निवासी बाजगढ़ जनपद अमेठी को बाहर खींच कर मारने पीटने लगे व मुर्गे लदे वाहन को कब्जे में लेकर चालक परिचालक वाहन में बैठाकर अयोध्या की ओर कुछ दूर ले जाकर उतार दिया और वाहन में लदी मुर्गों को लूट लिये। इस सम्बन्ध में थानाध्यक्ष राजेश कुमार तिवारी ने बताया कि मामले में छानबीन की जा रही है।

# पांच वारंटी गिरफ्तार

**बभनान (एसएनबी)।** पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी के निर्देश पर अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थानाध्यक्ष पैकोलिया रामफल चौरसिया के नेतृत्व में पुलिस टीम ने न्यायालय से वांछित चल रहे खरथुआ निवासी प्रेम नारायण पुत्र राम जियावन , गोविंद पुत्र सतिराम,अरुण पुत्र राम प्रकाश,रामप्रकाश पुत्र रामजियावन और माया राम पुत्र कैलाश को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने वारंटियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया।

# भुगतान को लेकर मिल कर्मचारियों ने दिया धरना

**बस्ती (एसएनबी)।** बस्ती शुगर मिल पर कर्मचारियों का लगभग 15 करोड़ रुपए का बकाया है। इसको लेकर आज शिव शक्ति चीनी मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष सूर्यमणि चतुर्वेदी के नेतृत्व में कर्मचारियों ने मिल परिसर में धरना दिया। सूर्यमणि चतुर्वेदी ने बताया कि



मिल काफी दिनों से बंद चल रही है। बजाज मिल प्रबंधन कर्मचारियों का बकाया भुगतान नहीं दे रहा है। जबकि जिला प्रशासन ने मिल प्रबंधन पर भुगतान करने का आदेश भी दिया है लेकिन मिल प्रबंधन द्वारा इस पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा। उन्होंने आगे बताया कि अब तक मिल प्रबंधन द्वारा करीब 200 ट्रक स्क्रैप जो कि लगभग 25 करोड रुपए का है प्रबंधन द्वारा बेचा जा चुका है। जिसमें तहसील में केवल 5 करोड रुपए जमा कराए गए हैं बीती रात इसी सदमे में मिल श्रमिक छोटेलाल की हार्ट अटैक से मृत्यु हो चुकी है। मिल प्रबंधन पर करीब 10 लाख रुपए का मिल श्रमिक का बकाया है। आगे कहा की जिलाधिकारी द्वारा 10 बिंदु पर समझौता हुआ था लेकिन किसी भी बिंदु पर मिल प्रबंधन खरा नहीं उतर रहा है । उन्होंने कहा कि जब तक हम लोगों की मांगे नहीं मानी जाती हम लोग धरने पर अनवरत बैठे रहेंगे और मिल का कोई भी सामान बाहर नहीं जाने देंगे। धरने में दिनेश चौधरी, अशोक सिंह, जगन्नाथ पाण्डेय, सतीश सिंह, राजकुमार चतुर्वेदी, विनोद सिंह, संजय सिंह, राजकुमार पाण्डेय मुस्ताक हुसैन, कोदई चौधरी मेहीलाल, संतराम, उत्तम श्रीवास्तव, दिलीप चौधरी सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे।



बस्ती चीनी मिल परिसर में धरने में बैठे चीनी मिल कर्मचारी। ●हिन्दुस्तान

# मांग को लेकर कर्मचारी धरने पर बैठे

बस्ती, हिन्दुस्तान संवाद। बस्ती चीनी मिल पर कर्मचारियों का लगभग 15 करोड़ रुपये का बकाया है। इसको लेकर आज शिवशक्ति चीनी मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष सूर्यमणि चतुर्वेदी के नेतृत्व में शनिवार को कर्मचारियों ने मिल परिसर में धरना दिया। सूर्यमणि चतुर्वेदी ने बताया कि चीनी मिल काफी दिनों से बंद चल रही है। बजाज मिल प्रबंधन कर्मचारियों का बकाया भुगतान नहीं दे रहा है। जबकि जिला प्रशासन ने भुगतान करने का आदेश भी दिया है। उन्होंने आगे बताया कि अब तक मिल प्रबंधन ने 25 करोड़ में करीब 200 ट्रक स्क्रैप बेचा जा चुका है। जिसमें तहसील में केवल पांच करोड़ जमा कराए गए हैं। बीती रात सदमे में मिल श्रमिक छोटेलाल की हार्ट अटैक से मौत हो गई है। मिल प्रबंधन पर छोटेलाल का करीब 10 लाख बकाया है। उन्होंने कहा कि मांगे नहीं मानी जाती हम लोग धरने पर बैठे रहेंगे। धरने में दिनेश चौधरी, अशोक सिंह, जगन्नाथ, सतीश सिंह, राजकुमार चतुर्वेदी, विनोद सिंह, संजय सिंह, राजकुमार, मुस्ताक हुसैन, कोदई चौधरी मेहीलाल, संतराम, उत्तम श्रीवास्तव, दिलीप चौधरी सहित काफी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे।

# जनपद में छह परीक्षा केंद्रों पर बीएड प्रवेश परीक्षा आज

- जिले में 2886 अभ्यर्थियों का बनाया गया है परीक्षा सेंटर
- दो पॉलियों में होगा पेपर, आब्जर्वर व स्टैटिक मजिस्ट्रेट रहेंगे तैनात

बस्ती, निज संवाददाता। जिले के छह केन्द्रों पर रविवार को बीएड प्रवेश परीक्षा आयोजित होगी। परीक्षा के नोडल प्रभारी एपीएनपीजी कॉलेज के प्राचार्य प्रो. अभय प्रताप सिंह ने बताया कि जिले में कुल 2886 अभ्यर्थियों का सेंटर बनाया गया है। प्रत्येक केन्द्र पर लगभग 500 अभ्यर्थियों की परीक्षा होगी। उन्होंने बताया कि प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर दो-दो आब्जर्वर तैनात किए गए हैं। इसके अलावा शासन स्तर से प्रत्येक केन्द्र पर एक-एक स्टैटिक मजिस्ट्रेट लगाया गया है। साथ ही जिले में तीन केन्द्र प्रतिनिधियों की भी ड्यूटी लगाई गई है। परीक्षा के नगर नोडल एडीएम कमलेश चंद्र बाजपेयी हैं।

नोडल प्रभारी ने बताया कि परीक्षा दो पॉलियों में होगी। पहली पॉली सुबह नौ बजे से दोपहर 12 बजे तक चलेगी। दूसरी पॉली दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे चलेगी। जिले में परीक्षा का नोडल केन्द्र एपीएनपीजी कॉलेज बस्ती को बनाया गया है। डिप्टी नोडल राजकीय डिग्री कॉलेज के प्राचार्य बने हैं। जिले में कुछ छह परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। इनमें शहर का एपीएनपीजी कॉलेज, शिवहर्ष किसान पीजी कॉलेज, खैर इंटर कॉलेज, राजकीय इंटर कॉलेज, राजकीय कन्या इंटर कॉलेज और श्रीकृष्ण पांडेय इंटर कॉलेज शामिल हैं। जिले में प्रश्नपत्र पहुंच चुके हैं। परीक्षा के दिन नौ जून की सुबह पांच बजे पहली पाली की परीक्षा के लिए कोषागार से केंद्रों को प्रश्नपत्र भिजवाए जाएंगे। दूसरी पाली के लिए सुबह नौ बजे कोषागार से पेपर केंद्रों पर पहुंचेंगे।

# एक पखवाड़े बाद दर्ज हुआ केस बना चर्चा का विषय

बभनान, हिन्दुस्तान संवाद। गौर पुलिस ने एक पखवाड़े बाद चार नामजद के विरुद्ध गालीगलौज व जानमाल की धमकी देने की धारा में केस दर्ज किया, तो चर्चा का बाजार गर्म हो गया।

पूर्व सभासद ने एसपी को दिए शिकायती-पत्र में फर्जी केस में फंसाने की आशंका भी जताई थी। शुक्रवार को गौर पुलिस ने नगर पंचायत बभनान के वार्ड नंबर-14 चन्द्रशेखर आजादनगर निवासी रामजतन की तहरीर पर पुलिस ने वार्ड निवासी लीलावती, लालचन्द, सुभाष चन्द व विशाल के विरुद्ध पुरानी रंजिश में 25 मई को गालीगलौज व धमकी देने के मामले में सात जून को केस दर्ज किया।

वहीं इसी मामले में लीलावती ने छह जून को ही एसपी बस्ती को दिए प्रार्थना-पत्र में अपने दामाद पारस यादव व बेटी चांदनी यादव सहित परिजनों को फर्जी मुकदमे में फंसाने की आशंका जताई थी। वहीं दस वर्ष तक सभासद रही चांदनी ने छह जून को एसपी बस्ती को दिए प्रार्थना-पत्र में बताया था कि मेरे पति छह माह के लिए जिला बदर किए गए हैं। वह घर पर नहीं रहते हैं। विपक्षी द्वारा फर्जी केस में फंसाने की धमकी दी जा रही है। पुलिस बिना जांच-पड़ताल किए बगैर फर्जी केस दर्ज किया गया है। इस बाबत प्रभारी निरीक्षक गौर रामकुमार राजभर ने बताया कि तहरीर कल दी गई, जिस पर केस दर्ज किया गया है।

# जनपद में लंबित चल रहीं 499 विवेचनाएं

बस्ती। लोकसभा चुनाव संपन्न होने के बाद पुलिस जिले की सुरक्षा व्यवस्था, पुरानी घटनाओं के खुलासे के साथ ही लंबित विवेचनाओं को लेकर हरकत में आ गई है। चुनावी व्यस्तता के कारण करीब 499 विवेचना पुलिस के पास लंबित हो गई हैं। इन्हें निस्तारित करने के लिए सभी थानों में अभियान चलेगा। इनमें सबसे अधिक विवेचना शहर कोतवाली व सबसे कम पैकोलिया थाने में है। पुलिस कप्तान गोपालकृष्ण चौधरी ने बताया कि समस्त विवेचकों को निर्देश दिए गए है कि संगीन घटनाओं में तेजी से काम कर आरोप पत्र कोर्ट में दाखिल करें। इसकी अब रोजाना समीक्षा होगी। लोकसभा चुनाव की वजह से पुलिस बीते तीन माह से व्यस्त चल रही थी।

### तीन माह बाद फिर शुरू हुआ थाना समाधान दिवस, कमिश्नर-आईजी ने कलवारी, एसपी ने छावनी में की सुनवाई

# तेज धूप के कारण थानों पर कम आए फरियादी

**समाधान दिवस**

बस्ती, हिन्दुस्तान टीम। जिले के सभी थानों में माह के दूसरे शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। तेज धूप व लू के कारण थानों पर उम्मीद से कम फरियादी आए। पुलिस और भूमि विवाद से जुड़े मामलों की सुनवाई हुई। कमिश्नर-आईजी व एसपी ने थाने पर शिकायत सुनकर निस्तारण कराया। सुनवाई के दौरान सर्वाधिक जमीन से संबंधित मामले पहुंचे। अधिकारियों ने मातहतों को प्राप्त शिकायती-पत्रों का निश्चित समयसीमा में निस्तारण करने का निर्देश दिया। कमिश्नर अखिलेश सिंह व आईजी आरके भारद्वाज एक साथ कलवारी थाने पर पहुंचे। इस दौरान फरियादियों के प्रार्थना-पत्र लेकर उसकी सुनवाई कर अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए गए। कहा कि थाना समाधान दिवस पर आने वाले शिकायतों के प्रति संवेदनशीलता बरते और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें।

पुलिस महानिरीक्षक ने थाना कलवारी के बीट सूचना रजिस्टर, भूमि विवाद रजिस्टर व उपस्थिति पंजिका का भी निरीक्षण कर आवश्यक-दिशा निर्देश दिया।

**एसपी ने छावनी थाने पर की सुनवाई :** पुलिस कप्तान गोपालकृष्ण चौधरी ने हर्रैया सर्किल के छावनी थाने पर फरियादियों से रूबरू होते हुए उनकी समस्याओं को सुना। वहां मौजूद संबंधित राजस्व व पुलिस विभाग के अधिकारियों को शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए। पुलिस कप्तान ने कहा कि थानास्तर से पुलिस व राजस्व की टीम बनाकर मौके पर जाएं। शिकायतों को शत-प्रतिशत निष्पक्ष निस्तारण कराएं। एसडीएम विनोद पाण्डेय, सीओ अशोक मिश्र, एसएचओ राजेश तिवारी व राजस्व कर्मी मौजूद रहे। थाने पर आई रामगढ़ निवासिनी मुन्नी देवी, नगराबदली की रीमा देवी, तालागांव से माधुरी शुक्ला, सोनहवा के अयूब, नटाउवा निवासिनी शीला देवी, रामभवन की समस्या सुनकर एसपी ने समाधान के निर्देश दिए। कुल नौ मामले आए जिनमें से दो का निस्तारण कराया गया।



कलवारी में थाना समाधान दिवस की सुनवाई करते कमिश्नर-आईजी।



छावनी थाने पर आए फरियादियों की सुनवाई करते एसपी साथ में सीओ हर्रैया।

## कोतवाली में छह मामलों की हुई सुनवाई

थाना समाधान दिवस पर कोतवाली में तहसीलदार सदर विनय प्रभाकर व शहर कोतवाल विजय दुबे ने सुनवाई की कुल छह मामले आए जिसमें एक पुलिस व एक राजस्व मामले का निराकरण कराया गया। इसी तरह पुरानी बस्ती, वाल्टरगंज, नगर, मुंडेरवा, लालगंज, दुबौलिया, परसरामपुर, रुधौली, पैकोलिया में सनवाई की गई, सौनहा में एसडीएम आशुतोष तिवारी, गौर में तहसीलदार भानपुर पंकज गुप्ता, हर्रैया में नायब तहसीलदार विजय कुमार गुप्ता ने सुनवाई की। कुल चार मामलों में से एक का निस्तारण किया गया।

**केस 1** छावनी थाने पर शिकायत करने आई रामगढ निवासी मुन्नी देवी ने बताया कि एक जून को जेठ के परिवारवालों ने महिला और बच्चों की पिटाई कर दी। थाने पर सुनवाई नही होने पर एसपी को थाना दिवस पर शिकायती पत्र दिया।

**2** नगराबदली गांव निवासी रीमा पत्नी रतिराम ने बताया कि सात जून को पति-पत्नी के बीच कहासुनी के दौरान पट्टीदार हनुमंत, नेबुलाल, रामपाल और मंगल आदि ने पिटाई कर दी। मामले में सुनवाई नहीं होने पर थाना दिवस में शिकायत की।

# हटाए गए सीओ सिटी, पुलिस ऑफिस से अटैच

हि फॉलोअप

बस्ती, निज संवाददाता। महिला चिकित्सक संग मारपीट के मामले में आरोपी सीओ सिटी विनय सिंह चौहान पर आखिर कार्रवाई हो गई। एसपी गोपालकृष्ण चौधरी ने शनिवार को सीओ सिटी के पद से हटाकर पुलिस ऑफिस में अटैच कर दिया है। उनके स्थान सीओ रुधौली सत्येन्द्र भूषण त्रिपाठी को सिटी सर्किल का प्रभार दे दिया है। इस हाई-प्रोफाइल मामले को लेकर पुलिस महकमे में हड़कंप मचा हुआ है। विभागीय जांच के साथ सीओ सिटी के खिलाफ दर्ज केस की विवेचना भी आईजी रेंज आरके भारद्वाज सिद्धार्थनगर पुलिस को ट्रांसफर कर दिया है।

- डिप्टी एसपी की विभागीय जांच के बाद विवेचना बदली
- एसपी सिद्धार्थनगर की ओर से की जा रही है जांच

**मारपीट, धमकी व एससीएसटी के तहत केस दर्ज**

दलित समाज से आने वाली महिला चिकित्सक की तहरीर पर सीओ, उनकी पत्नी व बेटी पर एससीएसटी एक्ट के तहत भी केस दर्ज किया गया है। पहले इस केस की विवेचना सीओ रुधौली को दी गई थी उसके बाद मामले की निष्पक्ष जांच के लिए विवेचना सिद्धार्थनगर पुलिस को ट्रांसफर कर दी गई।

गौरतलब है कि सीओ के खिलाफ राजस्थान में तैनात महिला चिकित्सक ने तहरीर देकर महिला थाने में एक जून 24 को सायं सवा छह बजे एकराय होकर सरकारी बंगले में बंद करके मारने-पीटने का आरोप लगाते हुए केस दर्ज कराया था। तहरीर के मुताबिक सीओ, उनकी पत्नी व बेटी भी आरोपित की गई हैं। मामला पुलिस अधिकारी जुड़ा होने के कारण महिला थानेदार निधि यादव घटना को पचाने में जुटी रहीं। इस मामले इनकी भी भूमिका संदिग्ध बताई जाती है। जब मामला उच्चाधिकारियों के संज्ञान में आया तो लगातार दो दिनों विभागीय जांच व तबादले की कार्रवाई शुरु हो गई है।

**त्रस्तरीय जांच शुरू :** पुलिस महानिरीक्षक आरके भारद्वाज ने पूछे जाने पर बताया कि मारपीट व हरिजन उत्पीड़न के आरोपित सीओ के खिलाफ तीन स्तर पर जांच चल रही है। पहली विभागीय जांच एसपी सिद्धार्थनगर की ओर से चल रही है। दूसरा दर्ज आपराधिक केस की विवेचना गैर जनपद स्थानांतरित कर सिद्धार्थनगर पुलिस से कराई जा रही है। बताया कि तीसरी विभागीय जांच डीजीपी के आदेश पर अलग से कराई जा रही है। जांच रिपोर्ट आने के बाद मुख्यालय से कार्रवाई की जा सकती है।

# सीएम पर आपत्तिजनक पोस्ट, आरोपी हिरासत में

छावनी। सीएम योगी को लेकर छावनी क्षेत्र निवासी युवक द्वारा शुक्रवार को सोशल मीडिया पर अभद्र पोस्ट करने से हंगामा हो गया। सीएम व बस्ती पुलिस को टैग कर ट्वीट के बाद हरकत में आई पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया। सीओ अशोक मिश्र ने कहा कि मामले में कठोर कार्रवाई की जाएगी। कुवागांव के सोशल मीडिया ग्रुप में सूबे के सीएम के साथ पूर्व सीएम की आपत्तिजनक वीडियो को लेकर मामला गरमा गया। वायरल होने के बाद अमोढ़ा निवासी दिवाकर सिंह ने उच्चाधिकारियों को अवगत कराया। पुलिस ने मुजीब सिद्दीकी निवासी बरईजोत को उसके घर से शनिवार सुबह हिरासत में ले लिया। भाजपा नेता चन्द्रमणि पांडेय ने कार्रवाई की मांग की।

# करंट लगने से युवती घायल, सुधरी हालत

**जासं बानपुर, बस्ती:** लालगंज थाना क्षेत्र के बांसापार गांव में शनिवार की शाम 5.30 बजे करंट की चपेट में आने से एक युवती झुलस गई। गांव के मनोज की 17 वर्षीय बेटी खुशी मोबाइल चार्जिंग लगा रही थी, इसी बीच उसे करंट लग गया। जिससे वह गिर गई। परिवार के लोग उसे पीएचसी बनकटी ले गए। हालत में सुधार न होने पर चिकित्सक ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# रुपये के लेनदेन को लेकर हुए मारपीट के मामले में केस

बस्ती: नगर थाने के फुटहिया संसारपुर निवासी सूरज कुमार गुप्ता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि 17 मई को शास्त्री चौक के पास रुपये के लेन देन की बात को लेकर कुछ लोगों ने अपशब्द कहते हुए मारा पीटा। उनकी खीख पुकार सुनकर उनके भाई विष्णु गुप्ता बीच बचाव करने पहुंचे तो आरोपितों ने उनको भी मारा पीटा व जान से मारने की धमकी दी। उनका फल का ठेला भी गिरा दिया। इससे उनका काफी नुकसान हुआ। पुलिस ने तहरीर के आधार पर राधेश्याम सिंह व सरदार भगत सिंह उर्फ दद्दू निवासी फुटहिया संसारपुर के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

# मुख्यमंत्री पर आपत्तिजनक पोस्ट को लेकर शिकायत

जासं,छावनी,वस्ती: छावनी थाना क्षेत्र के कुआं गांव निवासी भाजपा नेता दिवाकर विक्रम सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को लेकर किए गए एक आपत्तिजनक पोस्ट पर कार्यवाही की मांग की है। भाजपा नेता ने एक्स पर लिखा है कि छावनी थानाक्षेत्र के कुआं गांव निवासी मुजीब अहमद द्वारा फेसबुक पर मुख्यमंत्री की आपत्तिजनक फोटो पोस्ट की गई है। फोटो को गलत तरीके से पेश कर धार्मिक उन्माद फैलाने की कोशिश की गई है। छावनी पुलिस ने एक्स पर ही विधिक कार्यवाही के बारे में लिखा है। सीओ हर्रैया अशोक मिश्र ने कहा है कि अगर कोई भी इस तरह का कार्य करेगा तो उसकी जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

# अश्लील गाने को लेकर हुई मारपीट, चालान

जागरण संवाददाता, खेसरहा: खेसरहा थाना क्षेत्र के सुहई कनपुरवा गांव में देररात तेज आवाज में गीत बजाने से मना करने पर मनबढ़ों ने एक युवक की पिटाई कर दी। पुलिस ने दोनों पक्ष से आठ लोगों को पकड़ कर थाने ले आई जिनका सुबह शांति भंग में चालान कर दिया। शुक्रवार को गांव निवासी मुन्ना पुत्र विक्री उमर के यहां बहू भोज का आयोजन था। इसमें रात करीब 12 बजे तक तेज आवाज में अश्लील गाना चल रहा था। बगल के ही ब्रज दीप पाण्डेय जब डीजे बंद करने को कहा तो वहां मौजूद लोग अपशब्दों का प्रयोग करते हुए मारपीट करने लगे। पुलिस ने मौके से एक पक्ष से मुन्ना पुत्र विक्री उमर, दिनेश पुत्र गोली, रणजीत पुत्र सूरज, जितेन्द्र कुमार पुत्र मुन्ना, रोशन पुत्र रणजीत, धर्मेन्द्र पुत्र मुन्ना, आर्यन पुत्र ओमप्रकाश तथा दूसरे पक्ष के ब्रज दीप का शांति भंग में चालान किया है।

# फरार अभियुक्तों के घर कुर्की का नोटिस चस्पा

बस्ती। पुलिस ने तीन वांछित अभियुक्तों के घर कुकी की नोटिस चस्पा की है। वाल्टरगंज पुलिस ने अभियुक्त शाहिद निवासी हरखाभारी बन्तला के घर पर शनिवार की सीआरपीसी की धारा 82 के तहत कुर्की की नोटिस चस्पा किया है। अभियुक्त पर विद्युत अधिनियम के तहत स्थानीय थाने में केस दर्ज है। इस केस में वह लंबे समय से फरार चल रहा था। इसी तरह सोनहा पुलिस द्वारा पॉक्सो एक्ट से संबंधित फरार अभियुक्त विशाल यादव निवासी ग्राम चकिया उर्फ पलहिया थाना लालगंज व विशाल यादव निवासी ग्राम कचनी थाना लालगंज के घर पर प्रचार-प्रसार व डुग्गी मुनादी करा के 82 की नोटिस चस्पा किया गया है।

# सीओ रुधौली को सदर का भी चार्ज

जासं, वस्ती: एसपी गोपाल कृष्ण चौधरी ने क्षेत्राधिकारी सदर विनय चौहान को क्षेत्राधिकारी कार्यालय के पद पर तैनात किया गया है। वहीं क्षेत्राधिकारी रुधौली सत्येंद्र भूषण तिवारी को रुधौली सर्किल के साथ ही सर्किल सदर के थाना कोतवाली, पुरानी बस्ती, वाल्टरगंज, महिला थाना के आपराधिक एवं पूर्व में दिए गए कार्यों का पर्यवेक्षण करेंगे।

# कुछ समस्याओं का निस्तारण, बाकी को आश्वासन

## थानों पर आयोजित हुआ समाधान दिवस, अधिकारियों ने सुनीं फरियाद, कुछ मामलों के लिए टीम गठित





कलवारी थाने में जनसमस्या सुनते मंडलायुक्त अखिलेश सिंह, आइजी आरके भारद्वाज व छावनी थाने में जनसुनवाई करते पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी • जागरण

जागरण टीम, बस्ती: जनपद के सभी थानों पर शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने पीड़ितों की फरियाद सुनी। कुछ को त्वरित न्याय मिला को कुछ को आश्वासन से काम चलाना पड़ा। कई मामलों में टीम गठित की गई।

कलवारी थाने पर आयोजित थाना समाधान दिवस का निरीक्षण करने पहुंचे आयुक्त अखिलेश सिंह व आइजी आरके भारद्वाज ने पीड़ितों की समस्या को सुना। राजस्व के मामलों के निस्तारण के लिए टीम गठित कर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण का निर्देश दिया। कुल 10 मामले आए जिनमें दो मामलों का त्वरित निस्तारण किया गया। शेष आठ मामलों के निस्तारण के लिए टीम गठित की गई। थानाध्यक्ष भानुप्रताप सिंह, राजस्व निरीक्षक त्रिलोचन पांडेय, लेखपाल अभय शंकर त्रिपाठी, दिलीप पटेल सहित अन्य मौजूद रहे।

हर्रैया कार्यालय के अनुसार छावनी थाने पर आयोजित समाधान दिवस में पहुंचे एसपी गोपाल कृष्ण चौधरी ने लोगों की समस्याएं सुनीं। कुल नौ मामले आए दो का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। एसपी ने एक-एक कर सभी की शिकायतों को सुना। रामगढ़ निवासी मुन्नी देवी, नगरा बदली निवासी रीमा देवी, ताला गांव की माधुरी शुक्ला, सौनहवा निवासी अनूप, नटौवा की शीला देवी, राम भवन ने एसपी को अपनी समस्याओं से अवगत कराया। उप जिलाधिकारी विनोद कुमार पांडेय, क्षेत्राधिकार हर्रैया अशोक कुमार मिश्रा भी मौजूद रहे। हर्रैया थाने पर नायब तहसीलदार विजय कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित थाना समाधान दिवस में कुल चार मामले आए। जिसमे से एक मामले का त्वरित निस्तारण किया गया। उपनिरीक्षक कमलेश यादव, लेखपाल कृष्णा मोहन पटेल सहित अन्य मौजूद रहे। दुबौलिया थाना में एसएसआइ सुरेन्द्र प्रसाद की अध्यक्षता में आयोजित थाना समाधान दिवस कुल छह मामले आए। मौके पर एक का भी निस्तारण नहीं हो सका। परशुरामपुर थाने पर तहसीलदार अनुराग सिंह ने पीड़ितों की सुनवाई की। कुल सात मामले आए। जिनमें से किसी का निस्तारण नहीं हो सका।

कोतवाली में तहसीलदार विनय भास्कर और प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार दुबे ने पीड़ितों की सुनवाई की। इस दौरान कुल छह मामले आए, इसमें से दो का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। वहीं पुरानी बस्ती थाने पर थानाध्यक्ष महेश सिंह ने शिकायतों की सुनवाई की। कुल तीन शिकायतें आईं, मौके पर दो का निस्तारण कर दिया गया। रुधौली कार्यालय के अनुसार रुधौली थाने में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट शाहिद अहमद की अध्यक्षता में कुल 17 मामले आए, इनमें से केवल एक का ही मौके पर निस्तारण हो सका। शेष 16 मामले को संबंधित विभाग को सौंप कर गुण दोष के आधार पर जल्द से जल्द निस्तारण करने का निर्देश दिया। तहसीलदार रवि यादव, प्रभारी निरीक्षक चंदन कुमार, कानूनगो विजय सहित अन्य मौजूद रहे। लालगंज प्रतिनिधि के अनुसार लालगंज थाने पर प्रभारी थानाध्यक्ष अनस अख्तर ने पीड़ितों की फरियाद सुनी। कुल मिलाकर नौ शिकायत दर्ज की गई। एक मामले का मौके पर ही निस्तारण किया गया।

# आपत्तिजनक पोस्ट करने का आरोपी हिरासत में

**छावनी।** थाना क्षेत्र निवासी युवक के सोशल मीडिया पर मुख्यमंत्री को लेकर आपत्तिजनक पोस्ट करने से मामला गरमा गया। शुक्रवार को हुए इस अपमानित करने वाले पोस्ट को लेकर भाजपा व हिंदूवादी संगठनों में रोष व्याप्त हो गया। सीएम व बस्ती पुलिस को टैग कर एक्स पर पोस्ट करने के बाद हरकत में आई पुलिस ने युवक को हिरासत में ले लिया है। ग्राम पंचायत कुआगांव के सोशल मीडिया ग्रुप में सूबे के सीएम के साथ पूर्व सीएम की आपत्तिजनक पोस्ट वायरल हुई। अमोढ़ा निवासी दिवाकर सिंह ने स्क्रीन शॉट लगाकर एक्स पर उच्चाधिकारियों को अवगत कराया। एक्स हैंडल पर आए संदेश को लेकर सक्रिय हुई पुलिस ने बरईजोत गांव के एक युवक को उसके घर से शनिवार को सुबह हिरासत में ले लिया। सीओ अशोक मिश्र ने कहा कि आपत्तिजनक पोस्ट को लेकर लोग ओछी हरकत कर रहे हैं। संवाद

# दुष्कर्म के आरोपियों की कुर्क होगी संपत्ति

**बस्ती।** किशोरी को भगा कर ले जाने, दुष्कर्म और आपत्तिजनक वीडियो वायरल करने के मामले में दो नामजद आरोपियों की संपत्ति कुर्क की जाएगी।

शनिवार को सोनहा थाने की पुलिस टीम ने लालगंज क्षेत्र के चकिया उर्फ पलहिया निवासी विशाल यादव व इसी क्षेत्र के कचनी निवासी एक अन्य आरोपी के घर पर कुर्की की नोटिस चस्पा की।

## पुलिस ने आरोपियों के घर नोटिस चस्पा किया

सोनहा क्षेत्र के एक गांव के व्यक्ति ने चार मई को केस दर्ज कराया था। आरोप लगाया था कि कचनी और पलहिया गांव के दो आरोपी उसकी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले गए। दोनों ने उसके साथ दुष्कर्म किया और आपत्तिजनक वीडियो पोस्ट किया।

पुलिस केस दर्ज कर दोनों की तलाश कर रही है। मगर अब तक वे नहीं मिले। न्यायालय से गैर जमानती वारंट जारी होने के बावजूद वे हाजिर नहीं हुए। इसके बाद न्यायालय से कुर्की की नोटिस किया गया है।

मुकामी पुलिस का कहना है कि दुष्कर्म के आरोपियों की तलाश भी की जा रही है। यदि जल्द न्यायालय में हाजिर नहीं हुए तो उनके घर की कुर्की की जाएगी। संवाद

# धोखाधड़ी कर खाते से उड़ा दिए 98 हजार रुपये

वस्तीः कोतवाली क्षेत्र के जयपुरवा मोहल्ला निवासी रामरंग ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि चार से सात मई के मध्य उनके एसबीआइ खाते से आरोपित द्वारा धोखाधड़ी करके यूपीआइ के माध्यम से 80 हजार, 10 हजार व पांच हजार व तीन हजार रुपये, कुल 98 हजार रुपये बारी बारी निकाल लिया। पुलिस ने एयरटेल डी.बी.एच. टेलीकालर फोन नंबर 9502132877 के धारक नाम पता अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

**खेत में पोल लगाने से मना करने पर मारापीटा,** वस्तीः पुरानी बस्ती थाने के हथियागढ़ गांव की चंद्रावती देवी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि कुछ लोग उनके खेत में जबरदस्ती बिजली का पोल लगा रहे थे। मना करने पर उन लोगों ने उन्हें मारा पीटा। अपशब्द कहते हुए पुनः दोबारा घर में घुसकर मारा पीटा व जाति सूचक शब्द कहा। मारपीट में उनकी सोने की नथुनी व सोने की बाली गिर गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर विकास गोस्वामी, आकाला देवी पत्नी हरीश सहित चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

**टीनशेड रखने की वात को लेकर मारपीट, दोनों पक्षों पर मुकदमा**

वस्तीः पुरानी बस्ती थाने के खुटहना गांव में टीनशेड रखने के विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। एक पक्ष के जानू ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि टीन शेड रखने के विवाद को लेकर कुछ लोगों ने मारा पीटा। अपशब्द कहते हुए जान माल की धमकी दी। पुलिस ने रामचन्दर, गणेश, राजेश निवासीगण खुटहना के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। दूसरे पक्ष के राम चन्दर की तहरीर पर कमलेश, जानू व प्रियंका पत्नी कमलेश के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

# तीन महीने बाद समाधान दिवस का आयोजन, गर्मी के चलते रहा फीका

## उमस भरी गर्मी के कारण गिने-चुने पहुंचे फरियादी, मुंडेरवा में महज चार मामले आए



सोन्हा में फरियाद लेकर आए लोग। संवाद



लालगंज में फरियादियों के इंतजार में बैठे थाना प्रभारी। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

बस्ती। लोकसभा चुनाव आचार संहिता के कारण तीन माह तक समाधान दिवस आयोजित नहीं हुआ। आचार संहिता खत्म होते ही शनिवार को थानों पर सुबह से ही कुर्सियां सजाई जाने लगीं।

अधिकारी भी समय से पहुंच गए, लेकिन उमस भरी गर्मी के कारण गिने-चुने फरियादी ही पहुंचे। फरियादियों के न पहुंचने से समाधान दिवस फीका रहा।

मुंडेरवा प्रतिनिधि के अनुसार, समाधान दिवस में महज चार मामले ही आए। थानाध्यक्ष अभिमन्यु सिंह ने बताया कि बांसगांव और बैदुखोर ऊर्फ दतुवाखोर में राजस्व से जुड़े मामले का लेखपाल जितेंद्र सिंह व उप निरीक्षक जावेद खान के नेतृत्व में टीम भेजकर का निस्तारण कराया गया। दो मामले निस्तारित नहीं किए जा सके।

बनकटी प्रतिनिधि के अनुसार, लालगंज थाने में आयोजित समाधान दिवस में सन्नाटा छाया रहा। थानाध्यक्ष अनस अख्तर ने बताया कि राजस्व के आठ व पुलिस से संबंधित एक मामला आया। पुलिस से संबंधित मामले का तत्काल समाधान किया गया।

## शिकायतों पर संवेदनशील होकर करें कार्रवाई

कलवारी थाने में आयोजित समाधान दिवस में अचानक मंडलायुक्त अखिलेश सिंह व आईजी आरके भारद्वाज पहुंचे। दोनों अधिकारियों को देखते ही थाने में हड़कंप मच गया। अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं। मंडलायुक्त ने मातहतों को निर्देश दिए कि शिकायतों के प्रति संवेदनशीलता बरतें और गुणवत्ता का पूर्ण ख्याल रखें शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही जाकर करें।

## तीन दिनों से नहीं निकल रही खतौनी

बहादुरपुर। भूलेख की वेबसाइट से काश्तकारों को तीन दिनों से खतौनी नहीं मिल रही है। सर्वर की खामियों के चलते काश्तकार परेशान हैं। किसी को पैमाइश के लिए तो किसी को जमानत कराने के लिए खतौनी लगानी है। मगर, वेबसाइट पर कोड डालने के बाद भी खतौनी नहीं दिख रही है। ऐसे में शनिवार को आयोजित समाधान दिवस पर खतौनी की समस्या को लेकर काश्तकारों ने शिकायत की है। माधान दिवस में पहुंचे फरियादियों ने बताया कि भूलेख वेबसाइट से खतौनी नहीं निकल रही है। ऐसे में वह जमीन की पैमाइश के लिए प्रार्थना पत्र नहीं दे पा रहे हैं। संवाद

# सड़क किनारे के पेड़ को काट ले जा रहे लोग



दुबौलिया क्षेत्र में काटे गए पेड़। संवाद

**दुबौलिया।** थाना क्षेत्र में कई जगह वन विभाग व पुलिस की मिलीभगत से धड़ल्ले से सड़क किनारे सरकारी पेड़ काटे जा रहे हैं। भिउरा-कप्तानगंज संपर्क मार्ग पर स्थित अवधूत नगर मोड़ पर सड़क किनारे दो बबूल के पेड़ रातों-रात काट कर उसकी जड़ पर मिट्टी रख दिया गया। सैनिया-ऊर्जी संपर्क मार्ग पर सैनिया से 200 मीटर दूरी पर चार पेड़ को काट लिए गए। इस मामले में थानाध्यक्ष चंद्रकांत पांडेय ने बताया कि पेड़ सरकारी है। वन विभाग को इसकी जानकारी होगी। कप्तानगंज के रेंजर राजीव प्रसाद ने कहा कि मौके पर टीम भेज कर जानकारी ली जाएगी। इसके बाद कार्रवाई की जाएगी। संवाद

# 11 हेड कांस्टेबल बने सब इंस्पेक्टर

**बस्ती।** पुलिस मुख्यालय स्तर से 1991 बैच के 643 हेड कांस्टेबल को उपनिरीक्षक पद पर पदोन्नति दी गई है। जिसमें बस्ती जिले में तैनात 11 हेड कांस्टेबल भी शामिल हैं। नगर थाने पर तैनात हेड कांस्टेबल मृत्युंजय मिश्रा, मुंडेरवा में तैनात राम शिला, कोतवाली में तैनात राज कुमार के अलावा रमेश कुमार, राम सुरेश, लालचंद यादव, ओम प्रकाश, कमलेश यादव, राजेश कुमार, राजेशधर दुबे व दुर्बल यादव अब उपनिरीक्षक बन गए हैं। डीआईजी स्थापना प्रभाकर चौधरी ने जारी आदेश में कहा है कि जो जिस स्थान पर तैनात है,उसी जगह उसकी पदोन्नति मानी जाएगी। संवाद

## मारपीट के मामले में चार पर केस

**सल्टौआ।** सोनहा थाना क्षेत्र के परसोहिया गांव में जमीन के विवाद में दो पक्षों में मारपीट हो गई। प्रभारी निरीक्षक सोनहा उपेंद्र कुमार मिश्र ने बताया कि जमीन के विवाद को लेकर दोनों पक्षों में मारपीट हो गई थी। तहरीर के आधार पर परशुराम , पतिराम यादव निवासी परसोहिया व अखिलेश , अनिल निवासी पकरी मोती पर केस दर्ज कर एसडीएम भानपुर के कोर्ट में भेज दिया गया है। संवाद

## मारपीट कर ठेला ढकेलने में दो नामजद

**बस्ती।** कोतवाली पुलिस ने तिरंगा चौराहे पर 17 मई को हुई मारपीट के मामले में दो आरोपियों पर केस दर्ज किया गया है। नगर थाना क्षेत्र के संसारपुर हाल मुकाम तिरंगा चौराहा सूरज कुमार ने तहरीर देकर राधेश्याम सिंह व सरदार भगत सिंह उर्फ दद्दू पर आरोप लगाया है कि रुपये की लेनदेन की बात पर अपशब्द कहते हुए मारापीटा। शोर शराबा सुनकर वादी के भाई विष्णु गुप्ता बीच-बचाव करने आए तो उनकी भी पिटाई की गई। जान से मारने की धमकी दी गई। फल का ठेला भी ढकेल दिया। इससे काफी नुकसान हुआ। संवाद

## चार पटीदारों पर मारपीट का केस

**बस्ती।** कलवारी थाना क्षेत्र के बभनियांव बुजुर्ग गांव में मारपीट के मामले में पुलिस ने चार आरोपियों पर केस दर्ज किया है। निशा चौधरी ने तहरीर दी कि पटीदार दरवाजे पर आकर मारने-पीटने लगे। पुलिस ने पिंटू चौधरी, राम किशोर चौरसिया, पुर्नवासी और बादू चौरसिया निवासी बभनिवांय बुजुर्ग पर केस दर्ज किया है। संवाद

# चोरी, तोड़फोड़ में एक पर केस

**बस्ती।** दुबौलिया पुलिस ने चोरी, तोड़फोड़ व धमकी के मामले में एक आरोपी पर केस दर्ज किया है। खुशहालगंज निवासी ज्ञान बहादुर सिंह ने तहरीर दी कि गांव के अजीत शर्मा ने 26 मई की रात करीब 12 बजे घर में घुस कर आंगन में रखा मोटर, स्टेबलाइजर, फर्नीचर, कुर्सी बाल्टी चुरा लिया। आंगन में लगा नल तोड़ दिया व चबूतरे को क्षतिग्रस्त कर दिया। संवाद

# मारपीट में चार नामजद

बस्ती। पुरानी बस्ती पुलिस ने हथियागढ़ में खेत में बिजली का खंभा लगाने के विवाद में मारपीट के मामले में चार आरोपियों पर केस दर्ज किया है। इस बाबत चंद्रावती देवी ने पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर विकास गोस्वामी, आकाला देवी, खुशबू और मुस्कान पर केस दर्ज किया है। संवाद

# आज छह केंद्रों पर होगी बीएड की प्रवेश परीक्षा

## सुबह 9 से 12 और दोपहर दो से शाम पांच बजे तक होगी परीक्षा

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** जनपद के छह केंद्रों पर रविवार को बीएड प्रवेश परीक्षा होगी। प्रत्येक केंद्र पर करीब 500 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। जिला विद्यालय निरीक्षक जगदीश प्रसाद शुक्ल ने बताया कि परीक्षा दो पालियों में होगी। पहली पॉली सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक चलेगी।

दूसरी पाली दोपहर दो से शाम पांच बजे चलेगी। परीक्षा का नोडल एपीएन पीजी कॉलेज के प्राचार्य प्रो. अभय प्रताप सिंह को बनाया गया है। डिप्टी नोडल राजकीय डिग्री कॉलेज के प्राचार्य को बनाया गया है।

सभी परीक्षा केंदद्र शहर में हैं। एपीएन पीजी कॉलेज, शिव हर्ष किसान पीजी कॉलेज, खैर इंटर कॉलेज, राजकीय इंटर कॉलेज, राजकीय कन्या इंटर कॉलेज और श्रीकृष्ण पांडेय इंटर कॉलेज का नाम शामिल हैं। नौ जून की सुबह पांच बजे पहली पाली की परीक्षा के लिए कोषागार से केंद्रों को प्रश्नपत्र भेजे जाएंगे।

दूसरी पाली के लिए सुबह नौ बजे कोषागार से पेपर केंद्रों को पेपर भेज जाएंगे। परीक्षा केंद्र पर प्रत्येक कक्ष में 24 परीक्षार्थियों के बैठने की व्यवस्था होगी। परीक्षा शुरु होने से 30 मिनट पूर्व केंद्र पर पहुंचना अनिवार्य है। परीक्षार्थियों की बॉयोमीट्रिक हाजिरी दर्ज की जाएगी। हर केंद्र पर दो पर्यवेक्षक और एक स्टेटिक मजिस्ट्रेड तैनात रहेंगे।

### जीआरएस इंटर कॉलेज में होगी कंपार्टमेंट परीक्षा

**बस्ती।** यूपी बोर्ड परीक्षा वर्ष 2024 हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट के इंप्रूवमेंट कंपार्टमेंट परीक्षा के लिए जिले के 356 विद्यार्थियों ने आवेदन किया है। जिला विद्यालय निरीक्षक ने शहर के जीआरएस इंटर कालेज को परीक्षा केंद्र के लिए प्रस्तावित किया है। जहां हाईस्कूल के 148 और इंटरमीडिएट 216 विद्यार्थी कंपार्टमेंट की परीक्षा में शामिल होंगे। माध्यमिक बोर्ड द्वारा जारी हाईस्कूल के परीक्षा परिणाम में यदि किसी एक विषय में फेल अथवा कम नंबर पास विद्यार्थी अपना नंबर बढ़वाना चाहते हैं तो बोर्ड उन्हें कंपार्टमेंट परीक्षा का मौका देता है। विद्यार्थी यदि चाहें तो उस विषय में इम्प्रूवमेंट के तहत परीक्षा देकर अपना अंक सुधार कर सकते हैं। अगर कोई परीक्षार्थी दो विषयों में फेल है तो वह कंपार्टमेंट के तहत एक विषय की परीक्षा दे सकता है। अगर वह उस विषय में पास हो जाता है तो उसे फेल वाले विषय में इम्प्रूवमेंट का लाभ देते हुए पास कर दिया जाता है। इसके लिए कुल 356 विद्यार्थियों ने इंप्रूवमेंट व कंपार्टमेंट परीक्षा के लिए आवेदन किए हैं। संवाद

### इन बातों का रखें ध्यान

- अभ्यर्थियों को अपने साथ वास्तविक प्रवेशपत्र के साथ एक आईडी प्रूफ लाना होगा।
- प्रवेशपत्र के साथ उसकी फोटोकॉपी और फार्म में लगाई गई पासपोर्ट साइज फोटो भी लाना जरूरी है।
- परीक्षा केंद्र के अंदर मोबाइल या किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक या डिजिटल डिवाइस ले जाने की अनुमति नहीं होगी।
- पानी की पारदर्शी बोतल अभ्यर्थी अपने साथ ले जा सकते हैं।
- परीक्षा के लिए प्रवेशपत्र, आईडी, फोटो, प्रवेश पत्र की फोटो कॉपी के अलावा सिर्फ काला पेन ले जाने की अनुमति होगी।

# ९८ हजार की धोखाधड़ी में केस दर्ज

**बस्ती।** कोतवाली पुलिस ने यूपीआई के माध्यम से ९८ हजार रुपये की धोखाधड़ी के मामले में केस दर्ज किया है। जयपुरवा निवासी रामरंग सिंह ने तहरीर देकर बताया कि चार से सात मई के बीच उनके एसबीआई खाते से चार बार में ९८ हजार रुपये निकाल लिए गए। पुलिस केस दर्ज कर छानबीन कर रही है। संवाद

# मारपीट व बलवा के पांच वारंटी गिरफ्तार

**पैकोलिया।** थानाध्यक्ष राम फल चौरसिया ने बताया कि खरथुआ गांव निवासी पांच लोग बल्वा-मारपीट के मामले में कोर्ट में काफी दिनों से उपस्थित नहीं हो रहे थे। कोर्ट ने उनके विरुद्ध वारंट जारी किया था। मुखबिर की सूचना पर वारंटी प्रेम नारायण, गोविंद, अरुण, रामप्रकाश और मायाराम को घर से गिरफ्तार किया कर न्यायालय भेजा गया। संवाद

# कैली अस्पताल से बाइक चोरी

**बस्ती।** कोतवाली क्षेत्र के कैली अस्पताल से बाइक चोरी के मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। वाल्टरगंज थाना क्षेत्र के पुर्सिया निवासी बृजेश कुमार ने तहरीर देकर बताया कि एक मई को दोपहर करीब 2:30 बजे उनके भाई दिनेश कुमार बाइक लेकर कैली अस्पताल में भर्ती रिश्तेदार को देखने गए थे, जहां से बाइक चोरी हो गई। **संवाद**

# कर्मचारियों ने दिया धरना



शुगर मिल पर कर्मचारियों के बकाया को लेकर मिल में दिया धरना। संवाद

**बस्ती।** बस्ती चीनी मिल पर कर्मचारियों का करीब 15 करोड़ रुपये का बकाया है। इसे लेकर शनिवार को शिव शक्ति चीनी मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष सूर्यमणि चतुर्वेदी के नेतृत्व में कर्मचारियों ने मिल परिसर में धरना दिया।

सूर्यमणि ने बताया कि मिल लंबे समय से बंद चल रही है। बजाज मिल प्रबंधन कर्मचारियों के बकाए का भुगतान नहीं दे रहा है, जबकि प्रशासन ने मिल प्रबंधन को भुगतान करने का आदेश भी दिया है। लेकिन इस पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि यदि जल्द ही भुगतान नहीं किया तो आंदोलन किया जाएगा। मौके पर दिनेश चौधरी, अशोक सिंह, जगन्नाथ पांडेय, सतीश सिंह, राजकुमार चतुर्वेदी, विनोद सिंह, संजय सिंह, राजकुमार आदि मौजूद रहे। संवाद

SIDDHARTH NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 09-06-2024

# समाधान दिवस में सिर्फ 5 फरियादी ही पहुंचे

डुमरियागंज (एसएनबी)। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की आदर्श आचार संहिता समाप्त होने के बाद शनिवार को थाना संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन उपजिलाधिकारी (न्यायिक) कल्याण सिंह मौर्या की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। जिसमें राजस्व निरीक्षक, लेखपाल व पुलिस उपस्थित रहे। थाना समाधान दिवस में आए फरियादियों की शिकायतों को उपजिलाधिकारी ने सुनकर उनका त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित को निर्देशित किया।

शासन के मंशा के अनुरूप द्वितीय शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन डुमरियागंज थाना परिसर में हुआ। इस दौरान कुल 5 शिकायत प्रार्थना पत्र मिले जिनका निस्तारण हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। उपजिलाधिकारी (न्यायिक) कल्याण सिंह मौर्या ने बताया कि सामान्य निर्वाचन लोकसभा 2024 सम्पन्न कराने हेतु चुनाव आचार संहिता के अनुपालन में समाधान दिवस व तहसील दिवस का आयोजन नही किया जा रहा था। चुनाव आचार संहिता के समाप्त हो जाने के बाद समाधान दिवस का आयोजन किया गया है। उपजिलाधिकारी ने थाने में प्राप्त हुई शिकायत पंजिका का भी निरीक्षण किया। उपजिलाधिकारी ने राजस्व व पुलिस को स्पष्ट निर्देश दिए कि शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराया जाए एवं शिकायतों के निस्तारण से शिकायतकर्ता को भी अवगत कराया जाए। इंचार्ज प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार मिश्रा ने अधीनस्थों को तय समय-सीमा में शिकायत के निस्तारण के निर्देश दिए। इस दौरान लेखपाल संघ अध्यक्ष रमेशचंद्र श्रीवास्तव, आनन्द गौतम, अवनीश कुमार, देवेंद्र राठौर, विवेक, राज प्रताप, राहुल वर्मा, पवन यादव, मधु श्रीवास्तव आदि सहित तमाम राजस्वकर्मी उपस्थित रहे।

**भनवापुर प्रतिनिधि के अनुसार** थाना त्रिलोकपुर परिसर में शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता रवि कुमार यादव व थाना अध्यक्ष चंदन कुमार के मौजूदगी में किया गया। चुनाव में आचार संहिता लागू होने के कारण कई महीनों से समाधान दिवस का आयोजन बन्द कर दिया गया था। चुनाव संपन्न होते हुए फिर जनता की समस्या का निदान करने के लिए समाधान दिवस चालू कर दिया गया। कई महीनों से जटिल समस्या का समाधान देखा गया और विभिन्न प्रकार के प्रकरण देखने को मिला जो भूमि विवादित संबंधित प्रार्थना पत्र की जांच सुचार रूप से देखा गया। जिसमे चार मामले आए। वहीं किसानों को बताया गया की सरकार की मंशा है किसी प्रकार की परेशानी किसान को ना होने पाए।

सोहना गांव का खलिहान मामला आया था। मौके पर इटवा तहसीलदार ने जाकर खलिहान कब्जेदार को हटवा कर मौके पर निस्तारण करवाया। मौके पर चौकी विस्कोहर राकेश कुमार त्रिपाठी,, चौकी विजोरा पप्पू गुप्ता, उपनिरीक्षक विजय कुमार यादव, वेद प्रकाश मोड, उपेंद्र सिंह, मिथिलेश कुमार मिश्रा, हेड कांस्टेबल कुंज बिहारी तिवारी, एहतेशान अहमद, विजेंदर यादव, राजस्व निरीक्षक दिलीप कुमार चौरसिया, हल्का लेखपाल सच्चिदानंद मिश्रा, राम गोपाल श्रीवास्तव, इंद्रपाल, जय प्रकाश, प्रभाकांत मौर्य, देवी लाल गिरी, बृज किशोर तिवारी, गिरीश चंद आदि लोग मौजूद रहे।

# थाना और पुलिस चौकियों के बोर्डों से हटेगा निजी संस्था का नाम

- एडीजी ने आईजी, डीआईजी व सभी पुलिस कप्तानों को दिये निर्देश
- जनपद के सीमावर्ती क्षेत्र में पुलिस थानों का लगाये बोर्ड

**गोरखपुर (एसएनबी)।** अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन डा. के एस प्रताप कुमार ने सभी जिला पुलिस प्रमुखों को निर्देश जारी किया है कि जनपदों के थानों व पुलिस चौकियों के नाम के बोर्ड से किसी भी प्राइवेट एजेन्सी व संस्था का नाम तत्काल हटाया जाए।

उनका कहना है कि उत्तर प्रदेश पुलिस एक निष्पक्ष पुलिस बल है ऐसी स्थिति में जनपदों के थानों पुलिस चौकियों के नाम के बोर्ड पर किसी प्राइवेट एजेन्सी व संस्था का नाम अंकित होने से आम जनमानस में उस प्राइवेट संस्था का उत्तर प्रदेश पुलिस वल पर प्रभाव होने को संदेश जाने की प्रवल संभावना है। इससे पुलिस की निष्पक्षता पर भी प्रश्नचिन्ह उठ सकता है । इससे इन एजेन्सियों व संस्थाओं का प्रचार-प्रसार व मार्केटिंग भी होती है जो कदापि उचित नही है। इसके अतिरिक्त जनपदों की जनपदीय सीमा पर पुलिस विभाग से सम्वन्धित सीमा समाप्त और प्रारम्भ होने के वोर्ड काफी जर्जर अवस्था में है। इससे यह ज्ञात नही हो पाता है कि एक-दूसरे जनपद की सीमा कहाँ पर समाप्त-व प्रारम्भ हो रही है।

इस सन्दर्भ में अपर पुलिस महानिदेशक ने शनिवार को जोन के समस्त पुलिस महानिरीक्षक-पुलिस उपमहानिरीक्षक एवं पुलिस कप्तानों को निर्देशित किया गया है कि थाने व चौकियों पर लगाये जाने वाले वोर्ड पर किसी भी प्राइवेट एजेन्सी संस्था का नाम अंकित न किया जाए साथ ही समस्त जनपदों की सीमा समाप्त व प्रारम्भ होने का पुलिस विभाग से सम्वन्धित बोर्ड स्थापित करना सुनिश्चित करें। जिसकी गुणवत्ता ऐसी हो कि उसे रात्रि में भी पढ़ने पर भी कोई कठिनाई न हो ।

# मारपीट व गाली देने के मामले में पूर्व विधायक सहित चार पर मुकदमा

**बांसी(एसएनबी)** ।पूर्व विधायक व सपा ज़िला अध्यक्ष लालजी यादव सहित चार लोगों पर कोतवाली पुलिस ने ग्राम् प्रधान प्रतिनिधि को मारने पीटने ,गाली गलौज देने व सोने की चौन छीनने का मुकदमा पंजीत किया है ।कटहा निवासी ग्राम पंचायत पिपरहिया के प्रधान प्रतिनिधि गौरी शंकर पुत्र रामजीत ने कोतवाली बांसी में शुक्रवार की रात तहरीर देकर आरोप लगाया है कि वह शुक्रवार कि शाम अपने कुछ काम से ब्लाक कार्यालय गए थे जहां पूर्व विधायक लालजी यादव ,हर्रैया नानकार के ग्राम प्रधान राजेश पासवान ,गौरव पुत्र जवाहिर व अशोक पुत्र अज्ञात ने गोलबंद होकर उसे गाली दिया और मारा पीटा तथा उसका सोने का चौन छीन लिया है ।कोतवाल बिन्देश्वरी मणि त्रिपाठी का कहना है कि तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीत कर मामलें की जांच किया जा रहा है ।इस संबंध में पूर्व विधायक लालजी यादव ने कहा कि मामला निराधार है ।यह मुकदमा राजनीति से प्रेरित है।

# पीड़ित ने सुरक्षा की लगाई गुहार

**डुमरियागंज (एसएनबी)।** डुमरियागंज टाउन निवासी राजीव कुमार अग्रहरी ने डुमरियागंज थाने में प्रार्थना पत्र देकर सुरक्षा की गुहार लगाई है। अपने प्रार्थना पत्र में कहा कि प्रार्थी का खेत ग्रा रुधौला, तप्पा-हल्लौर में है प्रार्थी का अंश सेक्टर रोड से मिला हुआ पूरब तरफ स्थित है, जिसमें धान की रोपई करने हेतु ड्राईवर समेत प्रार्थी का बटाईदार जुताई करा रहा था इसी बीच डुमरियागंज टाउन के ही कुछ लोगो द्वारा लाठी डन्डा लेकर खेत में घुसकर ड्राइवर को खेत जोतने से मना करने लगे तथा प्रार्थी का नाम लेकर गालीगुप्ता करने लगे। उक्त लोग किसी भी समय मारपीट व अपराध कर सकते हैं। उक्त लोग जाते जाते-जान से मार डालने की धमकी दिया है। प्रार्थी के जानमाल का खतरा बना हुआ है। पीड़ित ने उक्त लोगो को विरुद्ध उचित कानूनी कार्यवाही करते हुऐ जान माल की रक्षा की गुहार लगाई है।

# तीन अलग अलग मामलों में खेसरहा पुलिस ने दस को भेजा न्यायालय

**खेसरहा (एसएनबी)।** क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के क्रम में खेसरहा पुलिस द्वारा तीन भिन्न भिन्न मामलों में कुल दस लोगों को अलग अलग स्थानों से गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया।

थाने से दी गई जानकारी के मुताबिक पुलिस अधीक्षक सुश्री प्राची सिंह के आदेश के क्रम में क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु पुलिस क्षेत्राधिकारी सतीश चंद्र पांडेय के पर्यवेक्षण व प्रभारी निरीक्षक रवीन्द्र सिंह के नेतृत्व में अपराधियों के विरूद्ध सघन अभियान चलाया गया। अभियान के तहत शनिवार को खेसरहा पुलिस ने थाना क्षेत्र के सुहई कनपुरवा निवासी 8 नफर अभियुक्तों को धारा 151 के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा दिया। एक अन्य मामले में थाना क्षेत्र के ही बेलवा लगुनही निवासी अभियुक्त मसहूर आलम उर्फ मंगरु पुत्र माशूक को उसके घर से ही पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस द्वारा जानकारी दी गई कि अभियुक्त उपरोक्त के विरुद्ध मारपीट के मामले में थाना स्थानीय पर दर्ज मुअसं 108/2024 धारा 323,326,506 के तहत हमराह के साथ उनि रामा प्रसाद ने गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा।इसी क्रम में खेसरहा पुलिस के उनि शेषनाथ यादव तथा हेकां शोभनाथ द्वारा थाना क्षेत्र के ही टिकुइया निवासी अभियुक्त बिपिन कुमार चतुर्वेदी पुत्र रामजी को भी मरवटिया नहर की पुलिया से गिरफ्तार कर आवश्यक कार्यवाही के पश्चात न्यायालय भेजा गया। पुलिस के अनुसार अभियुक्त उपरोक्तके विरुद्ध भी मुकामी थाना पर मुअसं 96/24 धारा 498ए, 304बी, 201 व 3 डीपी एक्ट से सम्बन्धित मुकदमा पंजीत है। मामला उपरोक्तमें लडकी के पिता ने मई मांह में थाने पर प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही की मांग किया था। मुकदमा पंजीकृत कर पुलिस अभियुक्त की तलाश कर रही थी। अभियुक्तों की गिरफ्तारी में हे का रामकिशुन, हेकां जयसिंह चौरसिया, का राहुल कुमार, आशीष तथा कां विरेन्द्र कुमार का भी सराहनीय योगदान रहा।

# अभद्र टिप्पणी पर शांतिभंग में चालान

भवानीगंज। भवानीगंज थानाक्षेत्र के भानपुर मस्जिदिया गांव निवासी एक युवक की ओर से सोशल मीडिया पर अभद्र पोस्ट करने पर लोगों ने पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने आरोपी युवक को शांति भंग में चालान कर दिया है।

भानपुर मस्जिदिया गांव निवासी अजय कुमार चौरसिया, गणेश कुमार, श्रवण समेत लगभग दो दर्जन लोगों ने भवानीगंज थानाध्यक्ष को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया कि गांव का एक युवक सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी की है। इससे समाज की भावनाएं आहत हुई हैं। सूचना पर पहुंचे बढ़नीचाफा नगर पंचायत अध्यक्ष धर्मराज वर्मा ने भी समाज में अराजकता फैलाने वाले आरोपी युवक के विरुद्ध तत्काल कार्रवाई की मांग की।

# आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में पति गिरफ्तार

- विवाहिता ने तीन जून को गले में फंदा लगाकर की थी आत्महत्या
- कठेला कोठी चौराहे से पुलिस ने किया आरोपी को गिरफ्तार

मिश्रौलिया, हिन्दुस्तान संवाद। कठेला समय माता थाना क्षेत्र के औरहवा गांव के टोला बड़ुइया में तीन जून को महिला के खुदकुशी के मामले में पुलिस ने शनिवार को आरोपित पति को कठेला कोठी चौराहे से गिरफ्तार कर लिया है।

थानाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने बताया कि शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र के बरैनिया गांव निवासी हरीराम चौहान की पुत्री विमला(32) की शादी कठेला थाना क्षेत्र के औरहवा गांव के टोला बड़ुइया निवासी ओम प्रकाश के साथ हुई थी।

तीन जून को ससुराल में विमला ने फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली थी। मामले में पुलिस ने मृतका के पिता की तहरीर पर पति, ससुर व सास के खिलाफ धारा 498ए व 306 के तहत केस दर्ज कर लिया गया था। मामले में पुलिस ने शनिवार को आरोपित पति ओम प्रकाश को कठेला कोठी चौराहे से गिरफ्तार कर लिया है।

चुनाव की अधिसूचना के बाद लगा था ब्रेक, कहीं एक तो कहीं पांच फरियादियों ने लगाई न्याय की गुहार

# चुनाव बाद समाधान दिवस पर फरियादें कम

**समाधान दिवस**

**सिद्धार्थनगर, हिन्दुस्तान टीम।** लोकसभा चुनाव की अधिसूचना लगने के साथ थाना समाधान दिवस पर ब्रेक लग गई थी। अधिसूचना हटने के बाद शनिवार को आयोजित समाधान दिवस में एक तो कम फरियादी आए दूसरे जो आए भी उनमें से अधिकांश को निराश होकर लौटना पड़ा।

त्वरित न्याय के लिए आयोजित होने वाले समाधान दिवस में कुछ को ही मौके पर न्याय मिल पा रहा है। अधिकांश के हिस्से में निराशा ही आ रही है। लंबे अंतराल के बाद भीषण गर्मी में न्याय की आस लेकर आए फरियादियों के हाथों में आश्वासन का झुनझुना थमा कर बैरंग भेज दिया गया। सिद्धार्थनगर थाना पर सीओ चकबंदी एजाज अहमद की अध्यक्षता में आयोजित थाना समाधान दिवस में चार मामले पेश हुए। चारों ही राजस्व से संबंधित थे। मौके पर एक का भी निस्तारण नहीं हो सका। टीम गठित कर समय सीमा के अंदर निस्तारण के लिए निर्देशित किया गया है।

**इटवा और त्रिलोकपुर में आए पांच-पांच मामले, निस्तारण सिफर:** लोकसभा चुनाव आचार संहिता खत्म होने के बाद शनिवार को इटवा थाने पर थानाध्यक्ष संतोष कुमार तिवारी और त्रिलोकपुर थाने पर तहसीलदार रवि कुमार यादव के अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस का आयोजन गया। इस दौरान दोनों थानों पर पांच-पांच मामले सामने आए। मौके पर एक भी मामले का निस्तारण नही हो सका। सभी मामलों के निस्तारण के लिए पुलिस व राजस्व विभाग की टीमें गठित कर तय समय में निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। इटवा थाने पर उप निरीक्षक रमेश साहनी, त्रिलोकपुर थाने पर उप निरीक्षक राकेश कुमार त्रिपाठी, पप्पू गुप्त, विजय कुमार यादव, वेद प्रकाश, उपेंद्र सिंह, मिथलेश कुमार मिश्र आदि मौजूद रहे।

**डुमरियागंज में एसडीएम न्यायिक व भवानीगंज में तहसीलदार ने सुनीं फरियाद:** शनिवार को थानों पर समाधान दिवस का आयोजन किया गया। डुमरियागंज में पांच और भवानीगंज में महज मामला पेश हुआ। एक का भी मौके पर निस्तारण नहीं किया जा सका। डुमरियागंज थाने पर आयोजित समाधान दिवस में एसडीएम न्यायिक कल्याण सिंह मौर्य ने फरियाद सुनी। पांच मामले पेश हुए, सभी राजस्व से जुड़े थे। मौके पर एक भी मामला निस्तारित नहीं हो सका। एसडीएम ने कहा कि फरियादियों को त्वरित न्याय मिलने की व्यवस्था सुनिश्चित होनी चाहिए। कोशिश है कि यथाशीघ्र मामले का निस्तारण हो जाए। इस दौरान प्रभारी थानाध्यक्ष राकेश कुमार मिश्रा आदि मौजूद रहे। भवानीगंज थाने पर तहसीलदार डॉ.संतराज सिंह व सीओ अखिलेश वर्मा ने थानाध्यक्ष रामदेव के साथ लोगों की फरियाद सुनीं। महज एक मामला पेश हुआ जिसके निस्तारण के टीम गठित कर दी गई है।



डुमरियागंज थाने में आयोजित समाधान दिवस के दौरान फरियाद सुनते न्यायिक एसडीएम कल्याण सिंह मौर्य । • हिन्दुस्तान

## जोगिया कोतवाली में एक भी नहीं निपटा मामला

जोगिया कोतवाली में थाना अध्यक्ष अनुज सिंह ने अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। चुनाव की अधिसूचना के बाद का पहला समाधान दिवस था इससे लोगो को जानकारी ही नहीं हो पाई थी । चार मामले आए। माजिगवा गांव के व्यक्ति ने अपने पड़ोसी पर आरोप लगाया कि उसने निशानदेही मिटा दी है। मामला न्यायालय से स्टे भी है। थानाध्यक्ष ने पुलिस और लेखपाल को निर्देशित किया कि मौके का मुआयना कर रिपोर्ट दें। भूमि विवाद का खरगोरा, हाटा गांव से मामला पेश हुआ।



त्रिलोकपुर थाने पर तहसीलदार रवि कुमार यादव की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। • हिन्दुस्तान

## अवैध कब्जे को हटवाने के लिए लगा रहा है चक्कर

डुमरियागंज थाना क्षेत्र के टिकरिया गांव निवासी मुहम्मद इलियास शनिवार को डुमरियागंज थाने पर आयोजित समाधान दिवस में प्रभारी अधिकारी को दर्जनों ग्रामीणों के हस्ताक्षर युक्त शिकायती पत्र देकर गांव के कुछ लोगों पर ग्राम समाज की जमीन पर अवैध कब्जा करने का आरोप लगाया। उसने बताया कि गड्ढा पाट लेने से जल निकासी बाधित हो गई है। विरोध करने पर अवैध कब्जेधारी लोग फौजदारी पर आमादा हो जाते हैं। समाधान के लिए वह काफी परेशान है।

# पैमाइश में मिले अवैध कब्जे पर चला बुलडोजर

**बांसी/ सोहना, हिन्दुस्तान संवाद।** बांसी कस्बे के प्रतापनगर वार्ड के ताल की पैमाइश में मिले अवैध अतिक्रमण को शनिवार को नायब तहसीलदार राघवेंद्र पांडेय की मौजूदगी में जेसीबी से हटा दिया गया। अब पैमाइश ताल के पश्चिम दिशा में रविवार से शुरू होगी। प्रशासन का कहना है कि एक सप्ताह के अंदर प्रतापनगर ताल को कब्जे से मुक्त करा दिया जाएगा।

दरअसल बांसी कस्बे के प्रतापनगर वार्ड के ताल को कई मछली व्यवसायियों ने पंपिंग सेट लगाकर सुखा रहे थे। आपके अपने अखबार हिन्दुस्तान ने एक जून के अंक में मछली मारने के लिए सुखा रहे हैं ताल शीर्षक से खबर प्रकाशित की। खबर प्रकाशित होने के बाद तहसील प्रशासन ने दो जून से ताल की पैमाइश शुरू कर दी थी। बीच में मतगणना कार्य होने से पैमाइश कार्य प्रभावित रहा। अब तक की पैमाइश में तमाम खामियां मिली हैं। 25 बीघे में फैले ताल पर कब्जा कर मकानों का निर्माण भी कराया जा रहा था। शनिवार को राजस्व टीम ने मौके पर पहुंच कर जेसीबी से कब्जा हटवा दिया। नायब तहसीलदार राघवेन्द्र पांडेय ने कहा कि सीमांकन का कार्य शुरू किया गया है। आधे हिस्से की पैमाइश पूरी हो गई। नौ जून से अब ताल के पश्चिमी हिस्से की पैमाइश होगी। पैमाइश पूरी होने के बाद कब्जाधारियों को फिर से हटाया जाएगा। साथ ही जो भी दोषी पाया जाएगा उसके खिलाफ विधिक कार्रवाई भी होगी। टीम में लेखपाल गिरीश चंद्र श्रीवास्तव, अनिल श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

इधर, इटवा तहसील क्षेत्र के सोहना गांव में शनिवार को तहसीलदार रवि कुमार यादव ने टीम के साथ पहुंच कर अतिक्रमण हटवाया।दरअसल गांव के कुछ लोगों ने सार्वजनिक भूमि पर अतिक्रमण कर लिया गया था। इसको लेकर ग्रामीण लगातार शिकायत कर रहे थे। शनिवार को त्रिलोकपुर थाने पर थाना समाधान दिवस में प्रकरण पहुंचने पर तहसीलदार ने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच कर सार्वजनिक भूमि का सीमांकन कराया। इसके बाद सार्वजनिक भूमि पर किए गए अतिक्रमण को तत्काल हटवाया गया।



बांसी के प्रतापनगर वार्ड में स्थित ताल की जमीन से अवैध कब्जा को जेसीबी से हटवाते प्रशासनिक अधिकारी व कर्मचारी । • हिन्दुस्तान

बांसी कोतवाली में कटहा गांव के व्यक्ति ने दर्ज कराया केस

# सपा जिलाध्यक्ष व प्रधान के खिलाफ लूट का केस

## आरोप

- आरोपियों पर मारपीट करने व दो सोने की चेन छीनने का आरोप
- तहरीर मिलने पर पुलिस ने केस दर्ज कर शुरू की मामले की जांच

बांसी, हिन्दुस्तान संवाद। सपा जिलाध्यक्ष व पूर्व विधायक लालजी यादव, प्रधान सहित दो अन्य के खिलाफ बांसी कोतवाली पुलिस ने शनिवार को मारपीट कर लूट करने का केस दर्ज कर लिया है। आरोप है कि आरोपियों ने मारने-पीटने के साथ ही दो सोने की चेन छीन ली है।

बांसी कोतवाली क्षेत्र के कटहा गांव निवासी गौरी शंकर पुत्र रामजीत ने शनिवार को पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि शुक्रवार को वह बांसी ब्लॉक पर अपने कुछ काम से गया हुआ था। वहां पहुंचने पर सपा जिलाध्यक्ष व पूर्व विधायक लालजी यादव, हरैया नानकार गांव के प्रधान राजेश पासवान, बांसी निवासी गौरव पुत्र जवाहिर निषाद व अशोक निवासी नरकटहा ने उनके साथ पहले गाली गलौज की फिर मारते पीटते हुए गले से दो सोने की चेन छीन ली। पुलिस ने तहरीर के आधार पर चारों नामजद के खिलाफ धारा 392, 323, 504 के तहत केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। बांसी कोतवाल बिंदेश्वरी मणि त्रिपाठी का कहना है कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर जांच की जा रही है। सपा जिलाध्यक्ष का पक्ष जानने के लिए कई बार उनके मोबाइल पर संपर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन फोन रिसीव नहीं हुआ।

## फरार चल रहा आरोपित गिरफ्तार

खेसरहा। खेसरहा पुलिस ने शनिवार को फरार चल रहे आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। एसओ रवीन्द्र सिंह ने बताया कि क्षेत्र के टिकुइया गांव निवासी बिपिन कुमार चतुर्वेदी पुत्र रामजी पर धारा 498ए,304बी,201 व ३ डीपी एक्ट के तहत केस दर्ज था। पुलिस ने शनिवार को उसे मरवटिया नहर पुलिया से गिरफ्तार कर लिया है।

# सोहना में सरकारी भूमि से हटाया गया कब्जा

जागरण संवाददाता, इटवा : इटवा तहसील के ग्राम सोहना में सरकारी भूमि पर किए गए अतिक्रमण को पुलिस बल की मौजूदगी में तहसील प्रशासन की टीम ने हटवा दिया। गांव के ही चार लोगों ने अस्थाई रूप से कब्जा कर रखा था। कब्जा हटाने के साथ चेतावनी दी गई कि अगर फिर अतिक्रमण किया गया तो आगे कड़ी कारंवाई की जाएगी।

शनिवार को त्रिलोकपुर थाने पर शिकायत पहुंची कि कुछ लोग चुनाव के दौरान सरकारी भूमि पर कब्जा कर लिए हैं। झोपड़ी रखने के साथ भूमि को घेर भी लिया गया है। अस्थाई कब्जा आगे स्थाई भी हो सकता है। शिकायत पर तहसीलदार रवि कुमार यादव, हल्का लेखपाल विवेक पटेल व त्रिलोकपुर पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे। यहां राधे रमन, मालवर, कीर्तन और छोटकन द्वारा किए गए कब्जा को हटाया गया। तहसीलदार ने कहा कि सरकारी भूमि पर किसी तरह का अतिक्रमण क्षम्य नहीं है। आज कब्जा हटाया गया है, अगर किसी ने दोबारा फिर से कब्जा करने का प्रयास किया तो कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित कराई जाएगी।



इटवा तहसील के ग्राम सोहना मे पुलिस की उपस्थिति मे सरकारी भूमि से हटवाती राजस्व टीम • जागरण

# सिद्धार्थनगर में सपा जिलाध्यक्ष पर लूट का मुकदमा

बांसी (सिद्धार्थनगर)। सपा जिलाध्यक्ष और पूर्व विधायक लालजी यादव व ग्राम प्रधान सहित चार लोगों के खिलाफ बांसी कोतवाली पुलिस ने शनिवार को लूट का केस दर्ज किया है। आरोप है कि आरोपियों ने मारने-पीटने के साथ ही सोने की दो चेन छीन ली है। बांसी कोतवाली क्षेत्र के कटहा गांव निवासी गौरीशंकर ने शनिवार को पुलिस को तहरीर देकर मारपीट और लूट का आरोप लगाया। ➤ ब्योरा P05

# 666 परीक्षार्थी देंगे बीएड प्रवेश परीक्षा

- दो पालियों में दो केंद्रों पर होगी परीक्षा, नकल को लेकर सख्ती
- बुद्ध विद्यापीठ पीजी कॉलेज, शिवपति पीजी कॉलेज बने केंद्र

सिद्धार्थनगर, निज संवाददाता। नौ जून को होने वाली बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा को लेकर जिला प्रशासन भी तैयार है। नकल वहीन परीक्षा कराने के लिए सख्ती बरतने के निर्देश जारी किए गए हैं। इस बार जिले के दो परीक्षा केंद्रों पर 666 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा को सकुशल, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण माहौल में कराने के लिए सभी तैयारियां तेज कर दी गई हैं।

बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा के जनपदीय प्रभारी एवं जिला विद्यालय निरीक्षक सोमारू प्रधान ने बताया कि नौ जून को आयोजित होने वाली इस परीक्षा में 666 परीक्षार्थी शामिल होंगे। इसके लिए जिले में परीक्षा केंद्र के रूप में शिवपति पीजी कॉलेज शोहरतगढ़ में 316 व बुद्ध विद्यापीठ पीजी कॉलेज सिद्धार्थनगर में 350 परीक्षार्थी परीक्षा में बैठेंगे। इन केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों से परीक्षा की निगरानी की जाएगी। साथ ही परीक्षा को नकल विहीन व पारदर्शिता से कराने के लिए प्रत्येक केंद्र पर दो-दो ऑब्जर्वर की तैनाती भी की गई है।

प्रत्येक दो परीक्षा केंद्र पर एक प्रतिनिधि भी परीक्षा केंद्रों पर नजर रखेंगे। प्रत्येक सेंटर पर एक स्टैटिक मजिस्ट्रेट भी मौजूद रहेंगे। उन्होंने बताया कि बीएड प्रवेश परीक्षा दो पालियों में होगी। इसमें प्रथम पाली सुबह नौ बजे से 12 बजे तक और द्वितीय पाली दो बजे से शाम पांच बजे तक होगी। परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

## कोषागार से प्रश्नपत्र भेजे जाएंगे

नौ जून की सुबह पांच बजे पहली पाली की परीक्षा के लिए कोषागार से केंद्रों को प्रश्नपत्र भिजवाए जाएंगे। दूसरी पाली के लिए सुबह नौ बजे कोषागार से पेपर केंद्रों को पेपर भिजवाए जाएंगे। उत्तर पुस्तिका की तीन प्रतियां होंगी। एक प्रति परीक्षार्थी ले जा सकेंगे। एक प्रति कोषागार में जमा होगी जबकि, मूल प्रति बुंदेलखंड विश्वविद्यालय की टीम लेकर आएगी। प्रत्येक केंद्र पर जहां पर कड़ी सुरक्षा होगी तो वहीं दूसरी ओर बुंदेलखंड विश्वविद्यालय की ओर से जारी की जाने वाली गाइड लाइन का सख्ती से पालन कराया जाएगा।

# पुलिस ने विभिन्न थानों में किया पैदल गश्त

जासं, सिद्धार्थनगर : ईद-उल-जुहा व शांति व्यवस्था के दृष्टिगत विभिन्न थानों की पुलिस ने शनिवार को चिन्हित हाट स्पाट तथा भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गश्त किया। लोगों में सुरक्षा का अहसास कराते हुए पुलिसकर्मियों ने कहा कि किसी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें। किसी प्रकार की समस्या होने पर तत्काल मामले की जानकारी पुलिस को दें। सदर थाना क्षेत्र में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक अनूप मिश्रा की अगुवाई में पुलिस ने गश्त किया। इसी क्रम में मोहाना थाना क्षेत्र में थाना प्रभारी जीवन त्रिपाठी की अगुवाई में पुलिस गश्त की गई।

# अभद्र टिप्पणी करने के मामले में आरोपित भेजा गया न्यायालय

जागरण संवाददाता, भवानीगंज : थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत भानपुर मस्जिदिया निवासी एक युवक पर अभद्र टिप्पणी का आरोप लगाते हुए हिंदू समाज के आधा दर्जन लोगों ने कार्रवाई की मांग की थी, शनिवार को उसे गिरफ्तार कर स्थानीय पुलिस ने न्यायालय भेज दिया।

गांव निवासी अजय कुमार, गनेश, श्रवण, संचित, अखिलेश, सुरेश, संचित ने थाने पर शिकायती पत्र देते हुए आरोप लगाया था कि गांव के ही बरकतुल्लाह पुत्र जुम्मन अली ने सोशल मीडिया पर सांप्रदायिक माहौल खराब करने के उद्देश्य से अभद्र टिप्पणी की है। इससे हिंदू समाज में रोष व्याप्त है। धार्मिक उन्माद फैलने की आशंका है। इस टिप्पणी से हिंदू समाज के लोगों की भावनाएं आहत हुई हैं। अतः जांच कर शीघ्र आरोपी पर कड़ी कार्रवाई की जाए। थानाध्यक्ष भवानीगंज रामदेव ने शनिवार दोपहर बताया है कि उक्त प्रकरण में आरोपित को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया गया है। गिरफ्तार करने वाले टीम में उपनिरीक्षक राजाराम यादव, कांस्टेबल हेमंत यादव शामिल रहे।



पुलिस अभिरक्षा में आरोपित • जागरण

- थाना क्षेत्र के भानपुर मस्जिदिया गांव के युवक पर आरोप
- थानाध्यक्ष को प्रार्थना पत्र देकर की थी कार्रवाई की मांग

# शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें

जागरण संवाददाता, डुमरियागंज : डुमरियागंज तथा भवानीगंज थाने पर शनिवार को थाना संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। जिसमें राजस्व, पुलिस व अन्य विभागों के कुल छह मामले आए। जिसमें से एक भी निस्तारण नहीं किया जा सका। डुमरियागंज में उपजिलाधिकारी न्यायिक कल्याण सिंह मौर्या की अध्यक्षता में समाधान दिवस संपन्न हुआ। कुल पांच मामले आए। जिसमें तीन राजस्व व दो पुलिस के थे। भवानीगंज में तहसीलदार डा. संतराज सिंह बघेल की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस में राजस्व संबंधी सिर्फ एक मामला सामने आया। उपजिलाधिकारी ने बताया कि चुनाव आचार संहिता के समाप्त हो जाने के बाद समाधान दिवस का आयोजन किया गया है। राजस्व व पुलिस को स्पष्ट निर्देश दिए कि शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराया जाए एवं शिकायतों के निस्तारण से शिकायतकर्ता को भी अवगत कराया जाए। डुमरियागंज में इंचार्ज प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार मिश्रा, थानाध्यक्ष भवानीगंज रामदेव, लेखपाल रमेशचंद्र श्रीवास्तव, आनन्द गौतम, अवनीश कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## यह और अन्य खबरें देखें

https://www.jagran.com/local/uttar-pradesh_ gorakhpur-city-news-hindi.html

पूर्वोत्तर रेलवे
ई-आक्शन सूचना
वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

# प्रभारी निरीक्षक डुमरियागंज लाइन हाजिर

जासं, सिद्धार्थनगर : एसपी प्राची सिंह ने विभागीय कार्यों में लापरवाही बरतने के आरोप में प्रभारी निरीक्षक डुमरियागंज मुकेश राय को शनिवार को लाइन हाजिर कर दिया है। डुमरियागंज कस्बे में मंगलवार को छह वर्ष की बच्ची के साथ हुई दुष्कर्म की घटना के बाद पुलिस की बड़ी किरकिरी हुई थी। पूर्व भाजपा विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह मौके पर पहुंचकर आरोपित को गिरफ्तार करने की मांग की थी। इसके अगले दिन पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। मामले की जांच सीओ डुमरियागंज स्वयं कर रहे हैं। इसके अलावा क्षेत्र में कुछ और हुई घटनाओं में प्रभारी निरीक्षक की लापरवाही सामने आई, इसके बाद एसपी ने उन्हें लाइन हाजिर कर दिया।

# अश्लील गाने को लेकर हुई मारपीट, चालान

जासं, खेसरहा: खेसरहा थाना क्षेत्र के सुहई कनपुरवा गांव में देररात तेज आवाज में गीत बजाने से मना करने पर मनबढ़ों ने एक युवक की पिटाई कर दी। शुक्रवार को गांव निवासी मुन्ना पुत्र विक्री उमर के यहां बहू भोज का आयोजन था। इसमें रात करीब 12 बजे तक तेज आवाज में अश्लील गाना चल रहा था। बगल के ही ब्रज दीप पाण्डेय पुत्र अवधेश पाण्डेय ने जब डीजे बंद करने को कहा तो वहां मौजूद लोग अपशब्दों का प्रयोग करते हुए मारपीट करने लगे। मौजूद लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके से एक पक्ष से मुन्ना पुत्र विक्री उमर, दिनेश पुत्र गोली, रणजीत पुत्र सूरज, जितेन्द्र कुमार पुत्र मुन्ना, रोशन पुत्र रणजीत, धर्मेन्द्र पुत्र मुन्ना, आर्यन पुत्र ओमप्रकाश तथा दूसरे पक्ष के ब्रज दीप पुत्र अवधेश पाण्डेय का शांति भंग में चालान किया है।

मारपीट के मामले में आरोपित गिरफ्तार : खेसरहा : खेसरहा थाना क्षेत्र के बेलवालगुनही गांव में नाली विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट का मामला सामने आया है। बेलवा लगुनही निवासी रईस तथा मशहूर आलम उर्फ मंगरू में गुरुवार को नाली के पानी को लेकर मारपीट हो गई जिसमें मशहूर आलम उर्फ मंगरू ने दांत से रईस का कान काट लिया था। इसकी शिकायत रईस ने थाने पर की थी । पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपित मशहूर आलम उर्फ मंगरू को गिरफ्तार कर लिया है।

# स्पीड ब्रेकर की ऊंचाई को कम करने का काम शुरू

## इटवा चौराहा के सभी चारों प्रमुख मार्गों पर बनाए गए थे ऊंचे गति अवरोधक, राहगीर हो रहे थे परेशान

**जागरण प्रभाव**

- भारी वाहनों के आवागमन से घरों में दरार तो छत से उखड़ने लगे थे प्लास्टर, यहां हमेशा बनी रहती थी दुर्घटना की आशंका
- दैनिक जागरण में खबर प्रकाशित होने के बाद हरकत में आया पीडब्लूडी विभाग, रात में अनजान राहगीर होते थे हादसे के शिकार

जागरण संवाददाता, इटवा : नगर पंचायत इटवा में लोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जो स्पीड ब्रेकर बनाए गए थे, वह नागरिकों के लिए असुविधा बन रहा था, साथ ही दुर्घटना को दावत दे रहा था। दोपहिया वाहनों के लिए हर समय हादसे की आशंका बनी रहती है तो लोडेड वाहनों के गुजर से आसपास के मकान हिल जाते थे। घरों में दरार तो प्लास्टर भी उखड़ने लगे थे। समस्या को दैनिक जागरण ने इसे प्रमुख उठाया, इसके बाद पीडब्लूडी विभाग के अधिकारी हरकत में आए और स्पीड ब्रेकर की ऊंचाई को कम करने का कार्य प्रारंभ किया गया।

इटवा चौराहे पर सभी चारों मार्गों पर स्पीड ब्रेकर बनाए गए थे। इटवा-बढ़नी, बांसी व डुमरियागंज मार्ग पर चौराहे के निकट ये स्पीड ब्रेकर काफी ऊंचे बना दिए गए थे। विभागीय अधिकारियों ने गति अवरोधक बनवाते समय ये भी ध्यान नहीं दिया कि इसमें स्टेट हाइवे भी शामिल है। स्पीड ब्रेकर ऊंचे बन जाने की वजह से बाइक सवारों के समय हर समय खतरा बना रहता है। कोई अनजान बाइक सवार तेज गति में आए और स्पीड ब्रेकर न देख सके तो निश्चित ही उसे दुर्घटना का शिकार हो जाना पड़ेगा।

यही नहीं चौराहे के आसपास रहने वाले लोग दहशत में रहते हैं। रात में तेज रफ्तार लोडेड ट्रक या लारी का गुजर होता है और ब्रेकर के पास जब वाहन जाते है तो आसपास के मकान हिल जाते हैं। चौराहा निवासी सुरेंद्र जायसवाल के छत का प्लास्टर ही उखड़ गया। निहाल चौधरी के मकान में दरारें आ गई हैं। पप्पू सोनी, किशन, वहीद, पृथ्वी, वीरेंद्र के घरों पर भी सुरक्षा को लेकर खतरा मंडरा रहा था। इस समस्या को दैनिक जागरण ने 31 मई के अंक में - सुरक्षा के लिए बने स्पीड ब्रेकर से हो रही असुविधा, शीर्षक से खबर प्रकाशित थी। नतीजा ये रहा कि विभागीय अधिकारियों ने इसे संज्ञान में लिया और गति अवरोधक की ऊंचाई कम कराने का कार्य शुरू कराया। दुर्गेश पटेल, सहायक अभियंता, पीडब्लूडी ने बताया कि पुलिस के कहने पर चारों मार्गों पर स्पीड ब्रेकर बनाए गए थे, पर जब समस्या के बारे में पता चला तो इसको संज्ञान में लिया गया। दो मार्गों पर इसकी ऊंचाई कम करा दी गई हैं। शेष दो मार्गों पर भी स्पीड ब्रेकर की ऊंचाई कम करा दी जाएगी।



इटवा - बिस्कोहर मार्ग पर स्पीड ब्रेकर की ऊंचाई कम रहे श्रमिक • जागरण



इटवा चौराहे के मार्गों पर बनाए गए हैं ऊंचे गति अवरोधक, भारी गाड़ियों से हिल रहे मकान

सुरक्षा के लिए बने स्पीड ब्रेकर से हो रही असुविधा




# आज दो सेंटर पर होगी बीएड की प्रवेश परीक्षा

## दोनों सेंटरों पर 666 छात्र होंगे शामिल, प्राचार्य ने बुद्ध विद्या पीठ कॉलेज सेंटर का किया निरीक्षण

संवाद न्यूज एजेंसी

**सिद्धार्थनगर।** बीएड प्रवेश परीक्षा रविवार को जिले के दो केंद्रों पर होगी। परीक्षा को सकुशल और निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने के लिए प्रशासन की ओर से तैयारी कड़ी की गई है। परीक्षा में दोनों केंद्र पर 666 परीक्षार्थी हिस्सा लेंगे। उधर, प्राचार्य अभय कुमार श्रीवास्तव ने बुद्धा विद्या पीठ कॉलेज में सेंटर का निरीक्षण किया।

जिले के दो केंद्रों पर बीएड प्रवेश परीक्षा होगी। इसमें नगर बुद्ध विद्यापीठ पीजी कॉलेज व दूसरा शोहरतगढ़ के शिवपति पीजी कॉलेज में परीक्षा संपन्न होगी। एक कॉलेज में 350 छात्र-छात्रा व एक कॉलेज में 316 छात्र-छात्रा भाग लेंगे। पहला प्रश्नपत्र सुबह नौ बजे से 12 बजे तक और द्वितीय प्रश्न पत्र दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे तक होगा।

**कहा- सेंटर से 500 मीटर की दूरी पर बंद रहेगी सभी फोटो स्टेट की दुकानें**

संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा को निष्पक्ष, निर्विघ्न एवं सकुशल सम्पन्न कराने के लिए दो स्टेटिक मजिस्ट्रेट लगाए गए हैं। परीक्षा केंद्र के 500 मीटर की परिधि के भीतर फोटो स्टेट की समस्त दुकानें बंद रहेंगी। परीक्षा में अभ्यर्थी को प्रवेश पत्र, उसकी एक फोटोयुक्त प्रति तथा एक पहचान पत्र लाना अनिवार्य है।



बुद्ध विद्या पीठ कॉलेज में सेंटर का निरीक्षण करते प्राचार्य। संवाद

# एजेंसी व संस्था के सौजन्य से थाने पर नहीं लगेंगे बोर्ड

## एडीजी ने चेताया, ऐसे बोर्ड लगवाया तो होगी कड़ी कार्रवाई

संवाद न्यूज एजेंसी

**गोरखपुर।** थाना और चौकियों पर प्राइवेट एजेंसी और संस्था के सौजन्य से बोर्ड लगवाने वाले थानेदार और चौकी प्रभारियों की अब खैर नहीं। एडीजी डॉ. केएस प्रताप ने इस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए तत्काल प्रभाव से थाने और चौकियों पर प्राइवेट एजेंसी व संस्था के सौजन्य से लगे बोर्ड को हटवाने का निर्देश दिया है। उन्होंने जोन के सभी जिलों के कप्तान को निर्देश जारी कर सख्ती से पालन कराने का आदेश जारी किया है।

**एडीजी डॉ. केएस प्रताप ने जोन के सभी थाने और चौकियों के लिए जारी किया निर्देश**

सुंदरीकरण के नाम पर थाना और चौकियों पर काम कराने के बाद प्राइवेट एजेंसी या संस्था के नाम का बोर्ड लगाने की नयी परंपरा हाल के दिनों में शुरू हुई है। मामला संज्ञान में आने के बाद एडीजी ने इस पर नाराजगी जताते हुए जोन के सभी जिलों के कप्तान को पत्र लिखा है।

पुलिस चौकी और थाने के बोर्ड पर प्राइवेट संस्था का नाम होने से समाज में यह संदेश जा रहा है कि उक्त संस्था या व्यक्ति का पुलिस पर प्रभाव है।

थाने में अपना बोर्ड लगाकर संस्था अपना प्रचार-प्रसार कर रही हैं। ऐसे में पुलिस की निष्पक्षता पर भी सवाल खड़ा हो सकता है जो किसी भी दशा में उचित नहीं है। इसलिए थाना व पुलिस चौकी के बोर्ड पर संस्था या व्यक्ति का नाम अंकित न किया जाए। उन्होंने आगे कहा कि अधिकांश जिलों में थाने की सीमा समाप्त व प्रारंभ होने का बोर्ड जर्जर अवस्था में है।

# लोकसभा चुनाव के कारण लगभग दो माह बाद शनिवार को आयोजित हुआ समाधान दिवस

संवाद न्यूज एजेंसी

सिद्धार्थनगर। लोकसभा चुनाव के कारण लगभग दो माह बाद शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इसमें भूमि विवाद से जुड़े अधिक मामले थे। राजस्व विभाग को टीम बनाकर मौके पर जाकर निस्तारण के लिए निर्देश दिया गया।

सदर थाना में चकबंदी अधिकारी की मौजूदगी में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इसमें तीन मामले आए थे। तीनों जमीन से जुड़े थे। इसलिए राजस्व और पुलिस की संयुक्त टीम गठित करके मौके पर जाकर निस्तारण करने का निर्देश दिया गया।

इस दौरान कोतवाल गौरव कुमार सिंह, पुरानी नौगढ़ चौकी प्रभारी अनूप कुमार मिश्र और लेखपाल मौजूद रहे। डुमरियागंज प्रतिनिधि लोकसभा चुनाव की आचार संहिता हटने के दो महीने बाद शनिवार को डुमरियागंज सीओ सर्किल के थानों पर आयोजित थाना संपूर्ण समाधान दिवस जनमानस की जानकारी के अभाव में फीका साबित हुआ।

समाधान दिवस की अध्यक्षता एसडीएम न्यायिक कल्याण सिंह मौर्य ने किया। इस मौके पर प्रभारी थानाध्यक्ष आरके मिश्र, लेखपाल संघ अध्यक्ष रमेश चंद्र श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे। मिश्रौलिया प्रतिनिधि के अनुसार थाने में आयोजित थाना समाधान दिवस के दौरान 3 शिकायतें प्राप्त हुई। इनमें मौके पर दो शिकायतों का निस्तारण कर दिया गया। शनिवार को थाना परिसर में नायाब तहसीलदार अमित कुमार सिंह और थाना निरीक्षक सत्येंद्र कुंवर की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न मामलों से संबंधित कुल 3 शिकायती प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुए। इनमें से मौके पर दो का निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायती पत्रों के यथाशीघ्र निस्तारण के लिए संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जोगिया प्रतिनिधि के अनुसार जोगिया कोतवाली में थानाध्यक्ष अनुज कुमार सिंह ने अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। चार मामले आए। मामलों में कार्रवाई का निर्देश दिया गया।

# प्रशासन ने अतिक्रमण को बलपूर्वक हटाया

संवाद न्यूज एजेंसी



सोहना में कब्जा हटवाता प्रशासन। संवाद

इटवा। क्षेत्र के सोहना गांव में लोकसभा चुनाव के दौरान घोला की जमीन पर किए गए अवैध कब्जे को तहसीलदार इटवा रवि कुमार यादव की मौजूदगी में शनिवार को बलपूर्वक हटवा दिया गया। दोबारा कब्जा करने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई।

क्षेत्र के ग्राम सोहना में रोड के किनारे स्थित घोला जल निकासी के लिए छोड़ी गई जमीन पर गांव के राधे रमन, मालवर, कीर्तन व छोटकन आदि ने बांस बल्ली गाड़कर अवैध कब्जा कर लिया था। इसकी शिकायत हुई थी। सड़क के किनारे होने व जलनिकासी का एक मात्र रास्ता होने के कारण ग्रामवासी परेशान हो गए। परेशानी का कारण जलनिकासी के न होने से खेतों में होने वाले जलभराव को लेकर था।

ग्रामवासियों ने त्रिलोकपुर थाना सहित तहसीलदार इटवा को भी शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की थी। प्रशासन ने मामले को संज्ञान में लिया और शनिवार को पुलिस की मौजूदगी में कब्जे को खाली करवाया। साथ ही चेतावनी दी कि अगर दोबारा कब्जा किए तो कार्रवाई की जाएगी।

इस संबंध में तहसीलदार इटवा रवि कुमार यादव ने बताया कि त्रिलोकपुर पुलिस की मौजूदगी में शनिवार को अवैध कब्जे को हटवा दिया गया और दोबारा अवैध कब्जा करने की स्थिति में कठोर कार्रवाई करने की चेतावनी दी गई है।



बांसी नगर में ताल की भूमि पर हुए अतिक्रमण को जेसीबी से हटवाते नायब तहसीलदार सदर राघवेंद्र पांडेय। संवाद

# भूमि विवाद निस्तारण के लिए बनेगी टीम

## जिले के विभिन्न थानों में आयोजित हुआ समाधान दिवस, अफसरों ने सुनीं फरियादियों की समस्याएं







सदर थाना में चकबंदी अधिकारी, मिश्रौलिया थाने में नायब ताहसीलदार अमित कुमार सिंह और जोगिया कोतवाली में एसओ अनुज कुमार सिंह ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं। संवाद

# पांच थानों में आए 16 मामले, सिर्फ दो हुए निस्तारित



इटवा थाने पर शिकायत सुनते प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिंह • जागरण

जागरण टीम, सिद्धार्थनगर : लोकसभा चुनाव की आदर्श आचार संहिता खत्म होने के बाद शनिवार को जिले भर में स्थित सभी थानों में समाधान दिवस का आयोजित किया गया। सदर थाने में राजस्व से जुड़े कुल चार मामले प्रस्तुत हुए। सीओ चकबंदी एजाज ने मामलों की सुनवाई करते हुए सभी मामलों में राजस्व व पुलिस विभाग की टीम गठित कर मौके पर रवाना किया। इटवा व सदर से जुड़े पांच थानों में कुल 16 मामले प्रस्तुत हुए। महज दो मामलों का निस्तारण हुआ।

इटवा सर्किल से जुड़े थानों में कुल 12 मामले प्रस्तुत हुए, इसमें दो का निस्तारण मौके पर किया गया। शेष के लिए राजस्व और पुलिस की संयुक्त टीमें गठित करके मौके पर जांच एवं निस्तारण के लिए भेजा गया। इटवा थाने में प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार तिवारी की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में राजस्व से संबंधित पांच शिकायती पत्र प्रस्तुत हुए। पुलिस और लेखपाल की टीम को मौके पर जांच के लिए भेजा गया। प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि समय से जांच रिपोर्ट दें, जिससे समाधान किया जा सके। त्रिलोकपुर थाने में तहसीलदार रवि कुमार यादव एवं थानाध्यक्ष चंदन कुमार की उपस्थिति में आयोजित समाधान दिवस में पांच मामले पेश हुए। सभी राजस्व से संबंधित रहे। सभी में जांच कर समय से शिकायतें निस्तारित करने के लिए निर्देश दिए गए। यहां भिन्न-भिन्न प्रकरण एवं भूमि विवाद से जुड़े मामले को संयुक्त टीम ने निस्तारित कराया। कठेला थाने पर नायब तहसीलदार अमित कुमार सिंह व थानाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह के समक्ष दो मामले आए। भूमि विवाद से जुड़े इन मामले का निस्तारण कर दिया गया। राजस्व व पुलिस कर्मियों की उपस्थिति रही।


कार्यालय - ग्राम पंचायत पातालकुई, विकास खण्ड घुघली, जनपद- महराजगंज

कार्यालय - ग्राम पंचायत भरवलिया, विकास खण्ड घुघली, जनपद- महराजगंज

## दहेज हत्यारोपी पति गिरफ्तार, गया जेल

**तुलसियापुर।** कठेला समय माता थाने की पुलिस ने दहेज हत्या के मामले में फरार पति को शनिवार को दबोच लिया। थाने पर लाकर पूछताछ करके न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। क्षेत्र के ग्राम औरहवा टोला बड्इया की रहने वाली विमलावती (32) पत्नी ओमप्रकाश के संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। मृतका की लाश गत तीन जून को कमरे में साड़ी के फंदे से लटका हुआ मिला था। जिसके बाद मृतका के पिता हरिराम चौहान निवासी बरैनिया थाना शोहरतगढ़ ने थाने पर तहरीर देकर ससुराल पक्ष के ऊपर मृतका को दहेज के लिए मारपीट कर हत्या करने का आरोप लगाया। कठेला समय माता पुलिस ने मृतका के पति ओमप्रकाश को कठेला कोठी चौराहे से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। कठेला समय माता थाने के एसओ संतोष कुमार सिंह ने बताया कि पति समेत तीन लोगों पर केस दर्ज किया गया था। संवाद

## पुलिस ने वारंटी को किया गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**सिद्धार्थनगर।** खेसरहा पुलिस ने एक वारंटी को गिरफ्तार किया है। उसका नाम मसहूर आलम उर्फ मंगरू है और बेलवालगुनही थाना खेसरहा का निवासी है। पूछताछ करने के बाद जेल भेज दिया गया है। संवाद

## दहेज हत्यारोपी गिरफ्तार

**सिद्धार्थनगर।** खेसरहा पुलिस ने दहेज हत्या के मामले में फरार चल रहे आरोपी बिपिन कुमार चतुर्वेदी निवासी टिकुईया को शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। थाने पर लाकर पूछताछ करके न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया, जहां से जेल भेज दिया गया। संवाद

## रेलवे स्टेशन के पास से साइकिल चोरी

**सिद्धार्थनगर।** उसका निवासी दिलीप कुमार शनिवार को मुख्यालय पर मजदूरी करने के लिए आया था। एक व्यक्ति उसका साइकिल चुरा ले गया। पीड़ित ने इस मामले में कार्रवाई की मांग की है। संवाद

## सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी में युवक का चालान

**भवानीगंज।** थाना क्षेत्र के भानपुर मस्जिदिया गांव निवासी के बरकतुल्लाह के द्वारा सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी करने पर हिंदू समाज में रोष व्याप्त है। समाज के लोगों ने शुक्रवार देर शाम तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने केस दर्ज करके आरोपी को चालान कर दिया। क्षेत्र के भानपुर मस्जिदिया गांव निवासी अजय कुमार चौरसिया के साथ करीब छह से अधिक लोगों ने बरकतुल्लाह के खिलाफ भवानीगंज थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया कि बरकतुल्लाह द्वारा फेसबुक के माध्यम से हिंदू धर्म को लेकर एक अभद्र टिप्पणी की गई है। जिससे धार्मिक उन्माद फैलने की आशंका है। इस टिप्पणी को लेकर हम सभी हिंदू समाज के लोगों की भावनाएं आहत हुई हैं। इस संबंध में थानाध्यक्ष भवानीगंज रामदेव ने शनिवार दोपहर केस दर्ज करके आरोपी का चालान कर दिया। संवाद

# अतिक्रमण पर चला प्रशासन का बुलडोजर

**बांसी।** नगर क्षेत्र के प्रताप नगर वार्ड में स्थित ताल की पैमाइश राजस्व विभाग की टीम ने शनिवार को करके वहां हुए अतिक्रमण को जेसीबी से हटवाया।

प्रतापनगर वार्ड के पुरवौला माफी के गाता संख्या 168 में शनिवार को पैमाइश के दौरान अवैध कब्जा पाया गया। जिसकी बुनियाद को नायब तहसीलदार सदर राघवेंद्र पांडेय ने जेसीबी से हटवा दिया। जानकारी के अनुसार दो जून से प्रताप नगर के इस ताल की पैमाइश की जा रही है। इसके आधे हिस्से की पैमाइश शनिवार को पूरी हुई। उसमें अवैध कब्जा पाया गया, उसे ध्वस्त किया गया।

रविवार से लाल के पश्चिमी हिस्से की पैमाइश की जाएगी। नायब तहसीलदार सदर राघवेंद्र पांडेय ने बताया है कि पैमाइश के दौरान जहां भी अवैध कब्जा पाया जाएगा, उसे हटा दिया जाएगा । इस दौरान लेखपाल गिरीश चंद्र श्रीवास्तव सहित तमाम राजस्व कर्मी और नगर पालिका कर्मी मौजूद रहे। संवाद

SANT KABEER NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 09-06-2024

# थाना समाधान दिवस : 12 मामलों में एक का भी मौके पर नहीं हो सका निस्तारण

संतकबीरनगर/बखिरा (एसएनबी)। जिले के समस्त थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें पुलिस व राजस्व के उच्चाधिकारियों ने जनता की समस्याओं को सुनकर उनका निस्तारण कराया। इस दौरान सभी थानों पर कुल 12 मामले प्रस्तुत हुए जिनमें से एक भी मामले का निस्तारण नहीं हो सका।

पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने थाना बखिरा पर आयोजित थाना समाधान दिवस पर फरियादियों की समस्याओं को सुना। थाना समाधान दिवस की शिकायतों को सुनते हुए पुलिस अधीक्षक ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि थाना समाधान दिवस में आये लोगों की शिकायतों को गम्भीरता से सुना जाय तथा स्थलीय निरीक्षण करके समस्या का निस्तारण सुनिश्चित किया जाय।

**थाना समाधान दिवस में प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण जल्द से जल्द हो : एसपी**

एसपी ने पुलिस कर्मियों को निर्देशित किया गया कि थाना समाधान दिवस में प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण जल्द से जल्द किया जाना चाहिए तथा जिन प्रार्थना पत्रों का निस्तारण उच्चाधिकारी स्तर से किया जाना है उन पर रिपोर्ट लगाकर संबंधित अधिकारी को प्रेषित करें जिससे समय से उचित निस्तारण कराया जा सके। एसपी के मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार थाना कोतवाली खलीलाबाद में आठ प्रकरण, थाना महुली में एक प्रकरण तथा थाना बखिरा में दो और थाना बेलहर कला में एक मामला आया। जबकि थाना दुधारा, थाना धनघटा, थाना मेंहदावल तथा धर्मसिंहवा पर एक भी प्रार्थना पत्र नहीं आया।



थाना बखिरा पर आयोजित थाना दिवस में फरियादियों की समस्याएं सुनते एसपी।

# थाना दिवस में नहीं पहुंचे अधिकारी और लेखपाल

धनघटा/महुली (एसएनबी)। लोकसभा चुनाव समाप्त होने के बाद आचार संहिता हटने के बाद तहसील क्षेत्र के धनघटा और महुली थाने पर शनिवार को सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। थाना दिवस में धनघटा और महुली थाने में से किसी भी थाने पर तहसील के न तो अधिकारी पहुंचे और न ही लेखपाल ही थाना दिवस में नजर आए। ऐसे में प्रभारी निरीक्षक को खुद अकेले बैठकर थाना दिवस में पहुंचे फरियादियों के प्रार्थनापत्रों पर सुनवाई करनी पड़ी। तहसील के अधिकारियों एवं लेखपालों के थाना दिवस में न पहुंचने पर अपनी जमीन संबंधी समस्या लेकर प्रार्थनापत्र देने पहुंचे फरियादी बगैर प्रार्थनापत्र दिए ही निराश होकर वापस जाने को मजबूर हो गए। विदित हो कि लोकसभा चुनाव के दौरान चुनाव आचार संहिता लागू होने के कारण तहसील दिवस और थाना दिवस का आयोजन बन्द हो गया था।

लोकसभा चुनाव समाप्त होने के बाद जैसे ही आचार संहिता हटी तो धनघटा और महुली थाने पर शनिवार को थाना दिवस का आयोजन किया गया। महुली थाने पर पहुंचे तमाम फरियादी अपनी जमीन संबंधी प्रार्थनापत्र देने के लिए दोपहर तक तहसील के अधिकारियों एवं लेखपालों के पहुंचने का इन्तजार करते रहे लेकिन दोपहर बाद तक जब तहसील के अधिकारी और लेखपाल थाने पर नहीं पहुंचे तो फरियादियों को वापस जाने के लिए मजबूर होना पड़ा। इस दौरान मातहत पुलिसकर्मियों के साथ महुली थाने पर प्रभारी निरीक्षक महुली सतीश कुमार सिंह पहुंचे फरियादियों के प्रार्थनापत्रों पर सुनवाई की। पुलिस संबंधित पेश होने वाले मामलों पर प्रभारी निरीक्षक ने कार्रवाई करते हुए मामले का समाधान करा दिया लेकिन राजस्व संबंधित प्रार्थनापत्र को तहसील के अधिकारियों एवं लेखपालों के अनुपस्थित रहने के कारण फरियादियों ने पेश ही नहीं किया।

कमोवेश यही नजारा धनघटा थाने पर भी देखने को मिला। तहसील के अधिकारियों एवं लेखपालों की अनुपस्थिति के चलते आयोजित थाना दिवस में धनघटा थाने पर एक भी प्रार्थनापत्र पेश ही नहीं हुआ। कुल मिलाकर लोकसभा चुनाव समाप्त होने के बाद धनघटा और महुली थाने पर आयोजित थाना दिवस मात्र खानापूर्ति तक सिमट कर रह गया है।




फरियादियों के प्रार्थनापत्र का इन्तजार करते प्रभारी निरीक्षक महुली।

# पांच नामजद समेत 10 पर केस

**संतकबीरनगर (एसएनबी)।** थाना कोतवाली खलीलाबाद के बैरमपुर निवासी जय प्रकाश ने कुछ लोगों पर परिवार के सदस्यों को लाठी-डंडा व रॉड से मारने पीटने का आरोप लगाया है। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने पांच नामजद समेत 10 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया है।

कोतवाली पुलिस को दी गई तहरीर में के बैरमपुर निवासी जय प्रकाश पुत्र बसंत लाल ने कहा है कि 03 जून को वह अपनी पत्नी के साथ मिट्टी गिरवाने की बात कर रहा था। पीड़िता का आरोप है कि दिनांक 6 जून को सुबह करीब 7:00 वह अपने पत्नी के साथ मिट्टी गिरवाने के लिए स्थान देख रहा था कि तभी संजय चौधरी पुत्र संतराम, रामकेश चौधरी पुत्र पल्टू निवासी बैरमपुर उसकी पत्नी पूनम को अपशब्द कहने लगे और कहे कि यहां पर मिट्टी गिराने नहीं देंगे। फिर उसी दिन करीब 1:00 बजे गांव में कुछ लोग आपस में विवाद कर रहे थे कि तो मेरा भाई रवि प्रकाश पुत्र बसंत लाल दूर से झगड़ा देख रहा था। तभी अरविन्द चौधरी पुत्र संतराम, शुभकरन चौधरी पुत्र संतराम, गणेश चौधरी पुत्र शुभकरन चौधरी गोल बनाकर करीब 10 अज्ञात लोगों के साथ आये और लाठी-डंडा तथा रॉड से मारने-पीटने लगे। इसकी जानकारी होने पर परिवार की पूनम पत्नी जय प्रकाश, ओम प्रकाश पुत्र बसंतलाल, कमलावती पत्नी बंसत लाल को दौड़कर मारेपीटे। जिससे सिर में काफी चोट आई है। इस संबंध में इंस्पेक्टर रामकृपाल सिंह ने बताया कि पांच नामजद समेत 10 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# युवती को भगा ले जाने का आरोपी गिरफ्तार

**बखिरा ।** थाना बखिरा पुलिस ने युवती को बहला फुसलाकर भगा ले जाने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय रवाना किया। थानाध्यक्ष श्याम मोहन ने बताया कि अभियुक्त रियाज पुत्र अब्दुल करीम साकिन सुपा थाना बखिरा द्वारा वादी की पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले गया, जिसके संबंध मे वादी द्वारा थाना स्थानीय पर दिनांक 22.05.2024 को अभियोग पंजीकृत कराया गया था। थाना बखिरा पुलिस द्वारा महिला अपराध की संवेदनशीलता को देखते हुए त्वरित कार्रवाई कर उक्त आरोपी अभियुक्त को उ.नि. वीर बहादुर यादव, कां. हिमांशु मिश्रा, म.कां. नेहा सिंह ने गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया।

# हत्यारों पर हो सख्त कार्रवाई

**सेमरियावां।** जमीयतुल ओलमा ए हिंद प्रतापगढ़ के जनरल सेक्रेटरी मौलाना फारुक अहमद की हुई निर्मम हत्या पर जमीयतुल ओलमा संतकबीरनगर ने रोष व्यक्त किया है। साथ ही शोक संवेदना व्यक्त की है। संतकबीरनगर जिले के सेक्रेटरी मौलाना महमूदुर्रहमान कासमी ने मौलाना फारूक के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि मौलाना फारूक अहमद की हत्या कानून व्यवस्था की पोल खोलती है उन्होंने कहा कि जिस तरह निर्मम तरीके से मौलाना फारूक की हत्या की गयी वह काफी दुःखद है तथा वहां के स्थानीय प्रशासन के लिए खुली चुनौती है कि अपराध पर कोई लगाम नहीं है। उन्होंने पुलिस प्रशासन एवं स्थानीय प्रतापगढ़ प्रशासन से मांग की है कि हत्यारों पर शीघ्र सख्त कार्रवाई की जाए तथा मौलाना के परिजनों को उचित मुआवजा दिया जाय।

# जिले के एएसपी शशि शेखर को मिला आईपीएस कैडर

संतकबीरनगर (एसएनबी)। जिले के अपर पुलिस अधीक्षक शशि शेखर सिंह को आईएस कैडर प्रदान किया गया है। विभागीय प्रमोशन में पुलिस अधीक्षक पद पर प्रोन्नत हुए हैं। इनके



एएसपी शशि शेखर सिंह को आईपीएस कैडर पर प्रोन्नत होने के बाद उनके कंधों पर स्टार लगाते एसपी सत्यजीत गुप्ता। फोटो : एसएनबी

प्रोन्नत होने पर एसपी सत्यजीत गुप्ता ने कार्यालय में श्री सिंह के कंधों पर सिल्वर स्टार लगाकर उन्हें शुभकामनाएं दी। एसपी सत्यजीत गुप्ता ने बताया कि जनपद में नियुक्त एएसपी शशि शेखर सिंह को विभागीय प्रमोशन में आईपीएस कैडर पर प्रोन्नत किया गया है। उनके प्रोन्नत होने पर शनिवार को उनके कंधों पर सिल्वर स्टार लगाकर शुभकामनाएं दी गईं। एसपी ने इनके कार्यशैली की तारीफ करते हुए कहा कि शशि शेखर सिंह का कार्य व्यवहार काफी अच्छा रहा है। इस दौरान रीडर एसपी कृष्ण देव सिंह, प्रधान लिपिक उमाशंकर यादव, पीआरओ एसपी जितेन्द्र यादव सहित अन्य पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों में खुशी की लहर दौड़ गई है।

# 16 किग्रा गांजा व बाइक के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**संतकबीरनगर (एसएनबी)।** जिले की एसओजी व थाना दुधारा पुलिस टीम ने 16किलो ग्राम अवैध गांजा के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने अभियुक्तगण के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट का मुकदमा दर्ज किया गया है। इसके साथ ही उक्त तस्करों के आपराधिक मामलों की जांच-पड़ताल की जा रही है।

पत्रकारों से वार्ता करते हुए अपर पुलिस अधीक्षक शशि शेखर सिंह एवं क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद ब्रजेश सिंह ने संयुक्त रूप से बताया कि जिले में अवैध मादक पदार्थो के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में उनके द्वारा दिए गए निर्देशों के तहत इंस्पेक्टर दुधारा पंकज कुमार पाण्डेय व प्रभारी निरीक्षक एसओजी सर्वेश राय के संयुक्त नेतृत्व में गठित टीम द्वारा 07 जून की रात 09 बजे सेमरियावां चौराहा के पहले मुख्य मार्ग के पास से एक मोटरसाइकिल पर सवार 02 अभियुक्तगण मो. शमीम पुत्र मजीबुल्लाह निवासी इस्लामबाद सेमरियावां थाना दुधारा जनपद संतकबीरनगर व अल्ताफ पुत्र आमीन खां निवासी मेढ़पाटी थाना चांदपुर जनपद फतेहपुर आते दिखाये दिये, जिन्हें पकड़ा गया है। इनके पास से 02 ट्राली बैग में कुल 16 किलो अवैध गांजा, एक मोबाइल फोन बरामद किया गया है। उन्होंने बताया कि पूछताछ में अभियुक्तगण कहा है कि दोनों लोग रिश्तेदार हैं एवं काफी समय से आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा से सोनापती नामक व्यक्ति जो विजयवाड़ा जंक्शन के पास का रहने वाला है से गांजा



एसओसी व पुलिस टीम की हिरासत में लिया गया गांजा तस्कर। फोटो : एसएनबी

लाकर यहां तथा मुम्बई में थोक व फुटकर बेचते हैं। यह गांजा विजयवाड़ा में 03 हजार ₹ किलो की दर से मिलता है जिसे थोक मे 10 से 12 हजार ₹ किलो की दर से तथा फुटकर मे 200 ₹ एवं 500 ₹ में पांच व दस ग्राम की पुड़िया बनाकर बेचते हैं। एएसपी ने बताया कि पूछताछ में मो. शमीम ने बताया है कि अल्ताफ करीब पांच-छह माह पूर्व विजयवाड़ा से गांजा लेकर आते समय रेलवे स्टेशन ओरंगल (तेलंगाना) मे पकड़ लिया गया था। उस समय अल्ताफ के पास से पैंतालीस कि.ग्रा. गांजा बरामद हुआ था। पिछले महीने जमानत पर बाहर आया है। आर्थिक व भौतिक लाभ के लिये पिछले कई वर्षों से यह व्यवसाय कर रहे हैं।

# मारपीट की घटना में चार नामजद

**नाथनगर ।** महुली थाना क्षेत्र के बलही गांव में शुक्रवार की शाम दरवाजे पर पहुंचकर एक व्यक्ति को मारपीट कर घायल करने के आरोप में घायल की तहरीर पर पुलिस ने तीन महिलाओ समेत चार लोगों के विरूद्ध मारपीट का मुकदमा दर्ज कर घायल व्यक्ति को पुलिस अभिरक्षा में चिकित्सीय परीक्षण के लिए सीएचसी नाथनगर भेज दिया है। घटना के संबंध में पुलिस को दी गई तहरीर में थाना क्षेत्र के बलही गांव निवासी अक्तर हुसेन पुत्र मोहम्मद हुसेन ने बताया कि शुक्रवार की शाम करीब 6 बजे गांव निवासी विपक्षी अलीम पुत्र इद्रीश, जिनवा पत्नी अलीम, पुसिया पत्नी कमरूद्दीन ा जैनतुन पत्नी मोहम्मद हसन उसके दरवाजे पर पहुंचकर उसे भद्दी-भद्दी गालियां देने ।। गाली देने का जब उसने विरोध किया तो उक्त सभी उसे जान से मार देने की धमकी हुए उसके ऊपर हमला कर दिया और उसे मारपीट कर बुरी तरह घायल कर मौके से फ र हो गए। तहरीर के आधार पर पुलिस ने उक्त चारो हमलावरों के विरूद्ध आईपीसी की धारा 323, 504, 506 के तहत मुकदमा दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक महुली का कहना है कि जल्द ही नामजद हमलावरों को गिरफ्त में लेकर उनके विरूद्ध कानूनी कार्रवाई पूरी कर दी जाएगी।

# हत्या के बाद गांव में पसरा सन्नाटा, पुलिस तैनात

**कोहराम**

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। कोतवाली क्षेत्र के महुई में नाली निर्माण के लिए रास्ते को लेकर हुए विवाद में गोली मार कर युवक की हत्या कर दी गई। घटना के बाद गांव सन्नाटा पसर गया। पीड़ित परिवार के घर से लेकर पोस्टमार्टम हाउस तक कोहराम मच गया। वहीं गांव पुलिस छावनी में तब्दील हो गया।

महुई गांव के धर्मेंद्र यादव की गोली मार कर हुई हत्या के बाद अफरा-तफरी का माहौल कायम हो गया। हमलावर के हमले में पीड़ित परिवार के तीन अन्य लोग घायल हैं, जिनका जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है। इसमें धर्मदेव की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना के बाद आरोपी पक्ष के पुरुष और महिलाएं घर छोड़ कर भाग गए। पीड़ित के घर महिलाएं विलाप कर रही थी। वहीं जिला अस्पताल पर पीड़ित के नाते-रिश्तेदार, शुभेच्छु पहुंच गए थे। सभी घटना के आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे। दूसरी तरफ ग्रामीण अपने-अपने घरों में दुबक गए। सूचना के बाद एएसपी सत्यजीत गुप्ता, एसपी शशि शेखर सिंह, सीओ ब्रजेश सिंह आदि मौके पर पहुंच गए। एसओजी और स्वाट टीम भी गांव में पहुंच गई। पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दिया है। सीओ ब्रजेश सिंह ने बताया कि नाली निर्माण को लेकर रास्ते का विवाद है। उसी वजह से घटना घटी है। पीड़ित पक्ष के एक युवक की मौत हो गई। गांव में सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस फोर्स तैनात कर दी गई है। पीड़ित पक्ष की तरफ से तहरीर मिलते ही केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।



घायल होने के बाद अस्पताल में भर्ती योगेन्द्र यादव।



तलवारबाजी में घायल होने के बाद अस्पताल में भर्ती धर्मदेव यादव।



घटना में घायल होने के बाद अस्पताल में भर्ती बजरंगी यादव।



धर्मेन्द्र की मौत के बाद मां से लिपटकर रोता भाई।

### परिजन 100 नंबर पर फोन करते रहे, नहीं उठा

जिला अस्पताल आए पीड़ित परिजनों का आरोप था कि वारदात की सूचना देने के लिए कई बार 100 नंबर फोन किया गया, लेकिन रिसीव नहीं हुआ। यदि समय से पुलिस पहुंच गई होती तो शायद ही इतनी बड़ी घटना नहीं होती।

### धर्मेंद्र के मस्तक में लगी गोली

परिजनों ने बताया कि आरोपियों ने चार राउंड फायरिंग की। धर्मेंद्र के ललाट, बाएं हाथ की कलाई और पेट में गोली लगी है। पट्टीदारी के दो भाइयों पर गोली मारने का आरोप है। कोतवाल, सीओ के अलावा एएसपी और एसपी ने मौका मुआयना कर वारदात की जानकारी ली। आरोपी फरार हैं।

"महुई में नाली निर्माण होना है। पूर्व में उक्त जमीन की पैमाइश हुई थी। आरोप है कि विपक्षी ने पीड़ित पक्ष के खेत में भी मिट्टी पाट दी। उसी विवाद में गोली मार कर युवक की हत्या हुई। गोली मारने का आरोप एक परिवार के दो भाइयों पर लगा है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा। सुरक्षा के मद्देनजर गांव में फोर्स तैनात कर दी गई है। **सत्यजीत गुप्ता, एएसपी**



गोली लगने के बाद धर्मेन्द्र को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे परिजन।



धर्मेन्द्र की मौत से बेहाल परिजन।

# एसओजी के हत्थे चढ़े गांजा तस्कर ससुर-दामाद

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। दुधारा पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम के हत्थे शुक्रवार देर शाम चोरहा तिराहे से पहले पेट्रोल पंप के पास गांजा तस्कर ससुर-दामाद चढ़ गए। पकड़े गए आरोपी ससुर-दामाद के पास से 16 किलोग्राम गांजा, बाइक और मोबाइल फोन बरामद हुआ।

एएसपी शशि शेखर सिंह और सीओ सदर ब्रजेश सिंह ने बताया कि एसओ दुधारा पंकज कुमार पांडेय और एसओजी प्रभारी सर्वेश राय ने सूचना के आधार पर चोरहा तिराहे से पहले पेट्रोल पंप के पास से बाइक सवार दो लोगों को पकड़ा। तलाशी में दो ट्राली बैग में कुल 16 किलो गांजा और एक अदद मोबाइल बरामद हुआ। पूछताछ में पकड़े गए आरोपियों की पहचान मोहम्मद शमीम निवासी इस्लामबाद सेमरियावां थाना दुधारा और अल्ताफ निवासी मेढ़पाटी थाना चांदपुर जनपद फतेहपुर, हाल मुकाम इस्लामाबाद सेमरियावां दुधारा के रूप में हुई। पूछताछ में पकड़े गए आरोपियों ने बताया कि दोनों रिश्तेदार हैं। दोनों काफी समय से आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा जंक्शन के पास के रहने वाले सोनापती नामक व्यक्ति से गांजा खरीद कर लाते हैं। यहां और मुंबई में थोक व फुटकर में गांजा बेचते हैं। वह गांजा विजयवाड़ा में तीन हजार रुपये किलोग्राम की दर से मिलता है, जिसे थोक में 10 से 12 हजार रुपये किलो की दर से बेचते हैं। फुटकर में 200 रुपये एवं 500 रुपये में पांच व दस ग्राम की पुड़िया बनाकर बेचते हैं।



पकड़े गए गांजा तस्करों के बारे में जानकारी देते एएसपी शशिशेखर सिंह।

**मुंबई के साथ संतकबीरनगर और बस्ती में गांजा बिक्री का फैला रहे थे नेटवर्क :** पुलिस की पूछताछ में पकड़े गए आरोपी मोहम्मद शमीम ने बताया कि वह और अल्ताफ करीब चार साल से विजयवाड़ा से ट्रेन के जरिए गांजा लाते हैं और मुंबई में निसार अहमद को बेचने के लिए देते हैं। रिश्तेदार अल्ताफ की गिरफ्तारी के बाद उसे छुड़ाने को लेकर परेशान था। मई के बाद दूसरा चक्कर गांजा की खेप अल्ताफ के साथ ला रहा था।

### छह माह पूर्व आंध्र प्रदेश में पकड़ा गया था अल्ताफ

पूछताछ में आरोपी मोहम्मद शमीम ने बताया कि उसकी साली की बेटी से अल्ताफ की शादी हुई है। आरोपी अल्ताफ को प्रति चक्कर साथ जाकर विजयवाड़ा से ट्रेन से गांजा लाने के एवज में 5000 रुपए देते हैं। जनवरी 2024 में अल्ताफ विजयवाड़ा से गांजा लेकर आते समय रेलवे स्टेशन औरंगल (तेलंगाना) में पकड़ लिया गया था। उस समय अल्ताफ के पास से पैंतालिस किलो गांजा बरामद हुआ था। मई में अल्ताफ जमानत पर छूटा था।

# आपसी सौहार्द व भाईचारे के साथ त्योहार मनाएं

सेमरियावां, हिन्दुस्तान संवाद। आगामी त्योहार बकरीद को सकुशल संपन्न कराने, सुरक्षा व कानून व्यवस्था सुदृढ़ रखने तथा शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने के लिए शनिवार को पीस कमेटी की मीटिंग का आयोजन किया गया। अध्यक्षता कर रहे उप जिला मजिस्ट्रेट शैलेश दुबे, क्षेत्राधिकारी बृजेश सिंह ने उपस्थित लोगों से आपसी सौहार्द व भाईचारे के साथ त्योहार मनाने की अपील की।

अधिकारियों ने त्योहार के दौरान आने वाली समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की। संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। साथ ही मीटिंग में उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों, धर्मगुरुओं, जनप्रतिनिधियों व समाजसेवियों से अपील की गई कि सभी लोग एक दूसरे की भावनाओं का सम्मान करें। प्रभारी निरीक्षक थाना दुधारा पंकज कुमार पाण्डेय ने कहा कि सोशल मीडिया पर ऐसे कमेंट न करें जिससे किसी की धार्मिक भावनाएं आहत हों तथा किसी भी प्रकार की भड़काऊ, गलत, अशोभनीय पोस्ट शेयर न करें, लोगों से शांति व आपसी सौहार्द के साथ त्यौहार मनाने की अपील की गई।



बकरीद त्योहार को सकुशल संपन्न कराने के लिए थाना दुधारा पर पीस कमेटी की मीटिंग करते उप जिला मजिस्ट्रेट शैलेश दुबे व सीओ बृजेश सिंह।

इस अवसर पर मुहम्मद इनामुल्लाह कुरैशी, मुनीरुल हसन चौधरी, अखलाक अहमद, हाजी अब्दुल कय्यूम, अफजाल अहमद, इकबाल अहमद, मुहम्मद तैयब, ताजुद्दीन, अदील अहमद, शमशाद अली, मसूद अहमद, राम वृक्ष यादव, सतीश कुमार, मुहम्मद इस्माइल, खुर्शीद आलम नसीमुद्दीन उर्फ गुड्डू, अखलाक अहमद, अब्दुल कलाम, शमीम अहमद, अहमद हुसैन, हबीबुर्रहमान, मुहम्मद तय्यब आदि रहे।

# जिले की पुलिस ने किया 65 वाहनों का चालान

संतकबीरनगर। एसपी सत्यजीत गुप्ता के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत शनिवार को सभी थाना क्षेत्रों की पुलिस ने संदिग्धों की तलाश में वाहनों की चेकिंग की। पुलिस ने एमवी एक्ट के तहत 65 वाहनों का चालान किया। इसके अलावा 89 हजार रुपये शमन शुल्क की वसूली की। अभियान आगे भी जारी रहेगा।



प्रमोशन पाए एएसपी के कंधों पर सिल्वर स्टार लगाते एएसपी।

# प्रमोशन पाए एएसपी शशि शेखर सिंह के कंधों पर एसपी ने लगाया सिल्वर स्टार

**संतकबीरनगर।** एसपी सत्यजीत गुप्ता ने शनिवार को पुलिस कार्यालय में प्रमोशन पाए एएसपी शशि शेखर सिंह के कंधों पर सिल्वर स्टार लगा कर शुभकामनाएं दी। एसपी ने इनके कार्यशैली की तारीफ करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान सीओ यातायात केशवनाथ, रीडर एसपी कृष्ण देव सिंह, इंस्पेक्टर मनोज त्रिपाठी, प्रधान लिपिक उमाशंकर यादव, पीआरओ पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र यादव आदि उपस्थित रहे।

बखिरा थाने में एसपी ने दो शिकायती प्रार्थना पत्रों की सुनवाई की

# नहीं पहुंचे राजस्वकर्मी निराश लौटे फरियादी

**समाधान दिवस**



बखिरा में आयोजित थाना समाधान दिवस में शिकायतों की सुनवाई करते एसपी सत्यजीत गुप्ता। ● हिन्दुस्तान

संतकबीरनगर, हिन्दुस्तान टीम। लोक सभा चुनाव सम्पन्न होने के बाद शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन शुरू ज़रूर हुआ, लेकिन राजस्व कर्मियों के नहीं पहुंचने से जमीन संबंधी विवादों का निस्तारण नहीं हो पाया। जिसकी वजह से फरियादी निराश होकर घर लौट गए। लोगों में राजस्व कर्मियों के प्रति नाराजगी भी दिखी।

बखिरा संवाद के अनुसार एसपी सत्यजीत गुप्ता शनिवार को सुबह बखिरा थाने पर आयोजित थाना समाधान दिवस में पहुंच गए, लेकिन राजस्व कर्मी नहीं आए थे। इस दौरान एसपी ने दो शिकायती प्रार्थना पत्रों पर सुनवाई की, लेकिन राजस्व कर्मियों के न होने से दोनों मामले निस्तारित नहीं किए जा सके। समस्या समाधान की उम्मीद से आए फरियादी बगैर किसी निस्तारण के वापस चले गए। ऐसी हालत में राजस्वकर्मियों के न आने से फरियादियों की समस्या का समाधान नहीं हो सका। एसओ श्याम मोहन ने बताया कि थाना समाधान दिवस पर राजस्वकर्मियों के न आने से समस्या हुई।

नाथनगर संवाद के अनुसार थाना समाधान दिवस में फरियादियों की शिकायत सुनने के लिए एसओ सतीश सिंह मौजूद रहे, लेकिन राजस्व कर्मी नहीं आए। करीब एक दर्जन से अधिक जमीन विवाद से संबंधित प्रार्थना पत्र पहुंचा था, राजस्व कर्मियों के नहीं होने से समस्या का समाधान नहीं हुआ। शिकायतकर्ता मायूस होकर घर लौट गए। राजस्व कर्मियों के मनमानेपन रवैया की वजह से फरियादियों में काफी आक्रोश था।

बेलहर संवाद के अनुसार बेलहर थाने पर एसओ सरोज शर्मा की अगुआई में थाना समाधान दिवस का आयोजन हुआ। थाना दिवस में राजस्व कर्मी नहीं आए। एसओ सरोज शर्मा ने बताया कि सिर्फ एक मामला जमीन संबंधी विवाद का पहुंचा था, जो राजस्व कर्मियों के नहीं आने से निस्तारित नहीं हो पाया। थाना कोतवाली खलीलाबाद में आठ मामले आए पर यहां भी किसी मामले का निस्तारण नहीं हो सका।

मेंहदावल संवाद के अनुसार एसओ राम कृष्ण मिश्रा थाना समाधान दिवस में आने वाले फरियादियों की समस्याएं सुन रहे थे, लेकिन राजस्व विभाग का कोई कर्मी नहीं पहुंचा था। वैसे फरियादियों की समस्या भी कम दिखी।

एसओ रामकृष्ण ने बताया कि पुलिस से सम्बंधित दो मामले आए। जिन पर आवश्यक कार्रवाई की गई। इसके अलावा धनघटा, धर्मसिंहवा व दुधारा में कोई मामला नहीं आया।

# कार्य में लापरवाही पर दो चौकी प्रभारी लाइन हाजिर

जासं, संतकबीर नगर : पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने शनिवार को दो चौकी प्रभारियों को कार्य में लापरवाही पर लाइन हाजिर कर दिया। इन दोनों की लगातार शिकायत मिल रही थी। एसपी की इस कार्रवाई से विभाग में हड़कंप मच गया। माना जा रहा है कि कुछ और पुलिस वालों पर कार्रवाई होगी।

कानून-व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त रखने के लिए एसपी लगातार पुलिस के कार्यक्षेत्रों में बदलाव करते रहे हैं। इसके साथ ही कार्य में लापरवाही बरतने वाले पुलिसकर्मियों पर भी कार्रवाई होती है। शनिवार को एसपी ने कोतवाली खलीलाबाद के बरदहिया चौकी प्रभारी पवन कुमार और महुली थाना के मुखलिसपुर चौकी प्रभारी हरिकेश भारती को लाइन हाजिर कर दिया। दारोगाओं पर कार्य में लापरवाही बरतने व कुछ गंभीर शिकायत मिलने की बात कही जा रही है।

# गोलियों की गूंज से दहल गए ग्रामीण, मची चीख-पुकार

## आरोपित भूमि पर गिरा रहे थे मिट्टी, पूछताछ करने पर हुई घटना, आधे घंटे तक नहीं पहुंची पुलिस

जागरण संवाददाता, संतकबीर नगर : शनिवार की रात शुरू होते ही महुई गांव गोलियों की गूंज से दहल उठा। कई राउंड गोलियों की आवाज सुनकर लोग जब घटनास्थल पर पहुंचे तो देखा कि भूमि पर चार लोग गिरे पड़े हैं। हर तरफ चीख-पुकार मची है। घर की महिलाएं दहाड़े मार रही हैं। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई, लेकिन जब पुलिस आधे घंटे तक नहीं पहुंची तो लोग सभी घायलों को लेकर जिला अस्पताल की ओर भागे।

गांव के रिंकू यादव ने बताया कि उनका परिवार एक भूमि का बैनामा करवाया है। उसी भूमि में गांव के ही एक व्यक्ति का भी हिस्सा है। तहसील प्रशासन ने कुछ दिन पूर्व उस भूमि की



जिला चिकित्सालय पर घायलों से जानकारी लेते पुलिस कर्मी • जागरण

पैमाइश भी की थी। उसके बाद भी आरोपित उसकी भूमि पर कब्जा करना चाह रहे थे। इसकी जानकारी पुलिस को भी दी गई, लेकिन स्थानीय पुलिस इसे गंभीरता से नहीं लिया। सुबह आरोपित जब भूमि पर मिट्टी गिरा रहे थे, तब उन्हें रोका गया तो वह मान गए। शाम के समय आठ से अधिक सहयोगियों को बुलाकर रात में फिर काम शुरू किया। इसके बारे में जब भाई धर्मेंद्र ने पूछताछ की तो उसे गोली मार दी।

**मृतक गांव में चलाता था स्कूल :** धर्मेंद्र गांव में ही एक स्कूल चलाता था।



घटना के बाद जिला चिकित्सालय पर जानकारी करती पुलिस • जागरण

उसके निधन की सूचना से लोग दुखी हैं। जिला अस्पताल पर मौजूद ग्रामीण आरोपितों को कोस रहे थे। घटना को लेकर लोगों में आक्रोश था। कुछ लोग तामेश्वरनाथ पुलिस चौकी की पुलिस की भूमिका पर भी सवाल उठा रहे थे। उनका कहना है कि विवाद पुराना था, पुलिस इसे लेकर गंभीर नहीं थी।

**फोन करने के बाद भी घटनास्थल पर नहीं पहुंची पुलिस :** ग्रामीणों ने कहा कि गोली चलने के बाद पुलिस को सूचना दी गई, लेकिन चंद कदम की दूरी पर मौजूद तामेश्वरनाथ चौकी की पुलिस आधे घंटे तक मौके पर नहीं पहुंची।

# एएसपी शशि शेखर की पदोन्नति पर लगा स्टार

जासं, संतकबीर नगर : अपर पुलिस अधीक्षक शशि शेखर सिंह की पदोन्नति होने के बाद शनिवार को एसपी सत्यजीत गुप्ता ने स्टार लगाकर शुभकामनाएं दी। इसके साथ ही पुलिस विभाग के अधिकारियों ने एएसपी के उज्जवल भविष्य की कामना की।



कार्यालय में अपर पुलिस अधीक्षक शशि शेखर सिंह के कंधे पर स्टार लगाते एसपी सत्यजीत गुप्ता • फोटो पुलिस मीडिया सेल

पुलिस अधीक्षक ने अपने कार्यालय में अपर पुलिस अधीक्षक को विभागीय प्रमोशन में पुलिस अधीक्षक प्रोन्नत होने पर उनके कंधों पर सिल्वर स्टार लगाकर शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि एएसपी अपने चंद दिनों के कार्यकाल में जनपद के लोगों को अपनी ओर आकर्षिक किए हैं। इनकी कार्यप्रणाली समाज के अंतिम व्यक्ति को न्याय दिला रही है। बीते लोकसभा चुनाव में एएसपी ने शानदार काम करते हुए पुलिस कर्मियों का मनोबल बढ़ाया है।

# दहेज के लिए महिला को मारने के आरोप में आठ पर मुकदमा

जागरण संवाददाता, संतकबीर नगर : पुलिस ने अइचाकाट गांव में दहेज के लिए विवाहिता को जहर देकर मारने के आरोप में मृतका की मां की तहरीर पर पति, सास-ससुर समेत आठ लोगों पर मुकदमा दर्ज किया है।

बखिरा थाना क्षेत्र के देवलसा गांव की रहने वाली शकुंतला ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि मई 2021 में उनकी बेटी बबिता की शादी अइचाकाट गांव के रहने वाले इंद्रजीत से हुई थी। उनकी बेटी ससुराल गई। पति, ससुर राजाराम, सास पार्वती देवी, चचेरे ससुर राम सरन और उनकी पत्नी व ननद रंजू, देवर गोविंद व गौतम दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे। सभी लोग बाइक और एक लाख रुपये की मांग कर रहे थे। यह मामला कई बार महिला थाने पर भी गया, ससुराल के लोगों ने प्रताड़ित नहीं करने की बात कहते हुए सुलह किया। छह जून को सुबह सात बजे उनकी बेटी बबिता ने फोन पर बताया कि ससुराल वाले मुझे पीटा व जहर दे दिए हैं। वह बेटे सत्यम और कुछ और लोगों को लेकर बबिता के ससुराल पहुंची तो वह घर पर नहीं थी। उसके घर के लोगों से पूछा तो वह उसे अस्पताल ले जाने की बात बताई। जहरखोरी का मामला था। उसे गोरखपुर के लिए रेफर कर दिया गया है। वह लोग गोरखपुर पहुंचे तो देखा की बबिता की मृत्यु हो चुकी थी। प्रभारी रामकृपाल सिंह ने बताया कि पति समेत आठ लोगों पर दहेज हत्या के आरोप में केस दर्ज किया गया है।

# फरियादी करते रहे इंतजार नहीं आए जिम्मेदार



बेलहर थाने पर अधिकारियों का इंतजार करते फरियादी • जागरण

**मायूस हुए लोग, शासन के निर्देशों की अनदेखी, बेलहर थाने पर समाधान दिवस का मामला, थाने व तहसील पर समाधान दिवस का आयोजन करने का निर्देश**

जासं, सांथा : लोकसभा चुनाव के बाद बेलहर थाने पर शनिवार को आयोजित थाना समाधान दिवस में फरियादी दोपहर तक बैठे रहे, लेकिन कोई उनको समस्या को सुनने नहीं पहुंचा। काफी इंतजार के बाद सभी वापस चले गए।

जनता की समस्या के समाधान के लिए थाने व तहसील पर समाधान दिवस का आयोजन करने का निर्देश है। जिससे आम जनता की समस्याओं का निस्तारण स्थानीय स्तर पर हो जाए। लोगों को चक्कर न लगाना पड़े। शनिवार को बेलहर थाने पर कुछ इसी तरह का नजारा दिखाई दिया। थाने पर समाधान दिवस का आयोजन किया गया था, जिसके लिए कुर्सी मेज लगा दिया गया था। परंतु समाधान करने वाला कोई नहीं मौजूद था। इस दौरान फरियादी रामजीत निवासी बेलहर कला थाने पर पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि हमारे जमीन का न्यायालय में मुकदमा चल रहा है, जिस पर स्टे भी है। लेकिन विपक्षी रात्रि में मकान का निर्माण कर रहे हैं। मना करने पर अपशब्द कहते हुए मारपीट पर आमादा हैं। वह इसके लिए थाने का चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। गैड़ाखोर ऱकारपार के घनश्याम चौहान ने बताया कि हमारा जमीन करदहां में है। पैमाइश होने के बाद पत्थर भी लगा है। लेकिन विपक्षी भूमि पर जबरन कब्जा किए हैं। तीन वर्ष से चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। इसी प्रकार मत्ती देवी का भी चार वर्ष से जमीन का मामला है, जिस पर विपक्षी जबरन कब्जा कर रहे हैं। लगातार थाने का चक्कर लगाने के बाद भी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। यह सभी लोग समाधान दिवस में पहुंचकर कार्रवाई करने की मांग को लेकर पहुंचे थे। लेकिन सुबह से ही केवल कुर्सी मेज लगा रहा। दोपहर तक न तो थाने से कोई पहुंचा न ही तहसील से कोई अधिकारी मामला देखने पहुंचा। इस संबंध में उपजिलाधिकारी अरुण कुमार ने कहा की यह बेहद गंभीर मामला है। इसकी जानकारी की जाएगी कि आखिर थाने पर जिम्मेदार सुनवाई के लिए क्यों नहीं गए।

# रेस्टोरेंट में आग लगाने का आरोप, जांच शुरू

**बस्ती जिले के मुंडेरवा के रहने वाले प्रशांत चलाते है रेस्टोरंट, पांच लोगों ने रेस्टोरेंट के लिए बने फइबर शौचालय में लगाई आग**

जागरण संवाददाता, संतकबीर नगर : कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के टेमा चौराहे पर स्थित एक रेस्टोरेंट में आग लगाने का मामला सामने आया है। रेस्टोरेंट मालिक ने पांच लोगों पर रेस्टोरेंट में आग लगाने के साथ ही बंद कर देने की धमकी का आरोप लगाया है। पुलिस इस मामले की जांच में जुटी है।

एकमा गांव के रहने वाले शुभम राय ने तहरीर में लिखा है कि उनका टेमा चौराहे पर एक रेस्टोरेंट है। जिसकी देखभाल बस्ती जनपद के मुंडेरवा के रहने वाले प्रशांत सिंह करते हैं। बुधवार को रात साढ़े आठ बजे के करीब टेमा के रहने वाले पांच लोगों ने उनके रेस्टोरेंट के बगल में स्थित उनकी झोपड़ी में आग लगा दी। साथ ही उनके रेस्टोरेंट के लिए बने फाइबर के शौचालय में भी आग लगा दिया। जिसके चलते झोपड़ी और शौचालय दोनों जलकर राख हो गये। इससे भी जब आरोपितों का जी नहीं भरा तो वे रेस्टोरेंट की देखभाल करने वाले प्रशांत को चाकू दिखाते हुए रेस्टोरेंट को बंद करने की धमकी दी। ऐसा नहीं करने पर जान से मारने की बात कही।

इस संबंध में कोतवाली प्रभारी रामकृपाल सिंह ने कहा कि मामला संज्ञान में है। जांच की जा रही है, जल्द ही आरोपित पकड़े जाएंगे।




# 16 किलो गांजा के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

जागरण संवाददाता, संतकबीर नगर : शुक्रवार की देर रात जांच के दौरान एसओजी व दुधारा पुलिस टीम ने चोरहा तिराहे के पास बाइक सवार दो गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया। आरोपितों के पास से टीम ने 16 किलो गांजा भी बरामद किया है।

शनिवार को पुलिस लाइन सभागार में अपर पुलिस अधीक्षक शशि शेखर सिंह और क्षेत्राधिकारी ब्रजेश सिंह ने आरोपितों को मीडिया के सम्मुख प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि दुधारा के थानाध्यक्ष पंकज कुमार पांडेय और एसओजी प्रभारी सर्वेश राय को सूचना मिली की गांजा तस्कर बीएमसीटी मार्ग से बड़े पैमाने पर गांजा लेकर जाने वाले हैं। इस सूचना को गंभीरता से लेते हुए टीम ने घेराबंदी शुरू कर दी। शुक्रवार की रात करीब नौ बजे पुलिस वाहनों की जांच कर रही थी।

तभी चोरहा के पास एक बाइक पर सवार दुधारा थाना क्षेत्र के इस्लामबाद का मोहम्मद शमीम और फतेहपुर जनपद के चांदपुर थाना क्षेत्र के मेंढ़पाटी गांव का अल्ताफ दो ट्राली बैग लेकर आते दिखे। संदिग्ध लगने पर जब टीम ने उनकी बाइक रोकवाकर जांच की तो ट्राली बैग में इनके पास से 16 किलो गांजा मिला। पूछताछ में आरोपितों ने बताया कि दोनों रिश्तेदार हैं और काफी समय से आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा जंक्शन के पास रहने वाले सौनापती नामक व्यक्ति से गांजा लाकर इस जनपद में थोक व फुटकर बेचते हैं। गांजा विजयवाड़ा में तीन हजार रुपये किलो की दर से मिलता है, जिसे थोक में 10 से 12 हजार रुपये किलो और फुटकर में 200 से 500 रुपये में पांच व दस ग्राम की पुड़िया बनाकर बेचते हैं। शमीम ने बताया है कि अल्ताफ करीब पांच-छह माह पूर्व विजयवाड़ा से गांजा लेकर आते समय रेलवे स्टेशन ओरंगल (तेलंगाना) मे पकड़ लिया गया था। उस समय अल्ताफ के पास से 45 किलो गांजा बरामद हुआ था। पिछले महीने जमानत पर बाहर आया है। आर्थिक व भौतिक लाभ के लिए पिछले कई वर्षों से दोनों व्यवसाय कर रहे हैं।



पुलिस लाइन के सभागार में गांजा तस्करों को मीडिया के सामने प्रस्तुत करते (दाएं से) सीओ ब्रजेश सिंह और एएसपी शशि शेखर सिंह • फाटो पुलिस मीडिया सेल

# यातायात पुलिस की तैनाती समस्या का समाधान नहीं

संतकबीर नगर : खलीलाबाद बाईपास, चंद्रशेखर तिराहा, बरदहिया बाजार सहित अन्य स्थानों पर यातायात पुलिस कर्मियों की तैनाती हर दिन होती है। इसके बाद भी अनेक चालक दुर्घटना की परवाह किए बिना इधर-उधर से वाहन निकालते रहते हैं। सबसे खराब स्थित चंद्रशेखर तिराहा और नूर मस्जिद के सामने ओवरब्रिज पर देखने को मिलती है। इससे खतरे की संभावना बनी रहती है। (जासं)

# युवती के अपहरण का आरोपित युवक गिरफ्तार

जासं, बखिरा: बखिरा थानाक्षेत्र के एक गांव के किशोरी के अपहरण के आरोपित युवक को पुलिस ने शनिवार को बालू शासन पुल से गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। थानाक्षेत्र के किशोरी के पिता गत 22 मई को युवक पर बहला फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाया था। थानाध्यक्ष श्याम मोहन का कहना है कि शनिवार को मुखबिर की सूचना पर आरोपित युवक सूपा निवासी रियाज को बालूशासन पुल के पास से गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है।

**उधार का पैसा मांगने पर धमकी देने का आरोप** : संतकबीर नगर : कोतवाली खलीलाबाद के मोतीनगर निवासी मोहम्मंद अजीम खान ने एक व्यक्ति पर धमकी देने का आरोप लगाया।

# पदोन्नति होने पर एसपी ने लगाया स्टार

**संतकबीरनगर।** अपर पुलिस अधीक्षक शशि शेखर सिंह की पदोन्नति पर एसपी सत्यजीत गुप्ता ने स्टार लगाकर बधाई दिया। शनिवार को अपने कार्यालय पर एसपी ने जनपद में नियुक्त एएसपी शशि शेखर सिंह को विभागीय प्रमोशन में पुलिस अधीक्षक प्रोन्नत होने पर उनके कंधों पर सिल्वर स्टार लगाकर शुभकामनाएं दी। इस दौरान सीओ यातायात केशवनाथ, रीडर एसपी कृष्ण देव सिंह, प्रभारी चुनाव सेल मनोज कुमार त्रिपाठी, पीआरओ जितेन्द्र यादव आदि मौजूद रहे। संवाद

# शांतिभंग की आशंका में सात का चालान

**संतकबीरनगर।** पुलिस टीम ने अलग-अलग मामले में सात आरोपियों का शांतिभंग की आशंका में चालान किया। जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के खिलाफ धरपकड़ के लिए चलाए गए अभियान के तहत पुलिस टीम ने विभिन्न स्थानों पर दबिश दी। थाना दुधारा पुलिस ने चार, मेंहदावल दो और थाना बेलहरकला पुलिस ने एक आरोपी को पकड़कर मजिस्ट्रेट के समक्ष किया। संवाद

# पति समेत आठ पर दर्ज हुआ दहेज उत्पीड़न का केस

संतकबीरनगर। कोतवाली खलीलाबाद थाना क्षेत्र के अईचाकाट गांव निवासी विवाहिता की मौत के मामले में पति समेत आठ लोगों पर दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज हुआ है।

छह जून को गोरखपुर मेडिकल कॉलेज में विवाहिता की उपचार के दौरान मौत हो गई थी।

पुलिस के अनुसार बखिरा थाना क्षेत्र के देवलसा गांव निवासी शकुंतला पत्नी गोविंद ने बताया कि उन्होंने बेटी बबिता की शादी 20 मई 2021 को इंद्रजीत पुत्र राजाराम ग्राम अईचाकाट के साथ किया था। करीब एक वर्ष बाद लड़की विदा होकर ससुराल गई और तभी से

## कोतवाली खलीलाबाद थाना क्षेत्र के अईचाकाट गांव का मामला

उसके ससुराल वाले दहेज में बाइक व एक लाख रुपये की मांग करने लगे। बताया कि छह जून को सुबह उनके मोबाइल पर बबिता ने फोन किया और कहा कि ससुराल वाले उसे मार रहे हैं और मुझे जहर देकर मार डालेंगे। उसके घर पहुंचने पर पता चला कि उसे चोट लग गई है, उसे अस्पताल ले जाया गया है। खलीलाबाद सरकारी अस्पताल गए वहां से पता चला कि गोरखपुर रेफर कर दिया गया है। मेडिकल कॉलेज पहुंचा तो उसकी मौत हो चुकी थी। संवाद

# समाधान दिवस : कहीं फरियादी नहीं आए, कहीं अफसर रहे गायब

## बेलहर में अफसरों के न रहने से बिना फरियाद सुनाए ही वापस हो गए फरियादी

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। जनपद में लोकसभा चुनाव समाप्त होने के बाद पहला थाना समाधान दिवस शनिवार को हुआ। हाल यह रहा कि कहीं फरियादी आए तो कहीं अफसर नहीं मौजूद रहे। कई जगह अफसर आए तो फरियादी नहीं रहे। बेलहर में फरियादी बिना फरियाद सुनाए ही वापस हो गए। कई स्थानों पर राजस्व विभाग के अधिकारी की कमी से फरियादियों की समस्या का समाधान नहीं हो सका।

पहला थाना समाधान दिवस आधी अधूरी तैयारियों के साथ शनिवार को शुरु हुआ। पुलिस विभाग के अधिकारी थानों पर पहुंचे। वहीं राजस्व विभाग के अधिकारी नहीं पहुंचे। इसकी वजह से तमाम फरियादी अपनी पीड़ा अधिकारियों तक नहीं पहुंचा सके। जो शिकायतें आईं भी वह राजस्व विभाग के अधिकारियों की से निस्तारित नहीं हो सकीं। दुधारा, धनघटा, मेंहदावल और थाना धर्मसिंहवा पर एक भी फरियादी नहीं पहुंचा। वहीं कोतवाली खलीलाबाद में आठ, महुली एक, बखिरा दो और बेलहरकला थाना पर एक प्रार्थना पत्र पहुंचा। 12 शिकायतों में एक भी शिकायत का निस्तारण नहीं हो सका।

**बखिरा में एसपी ने सुनी फरियाद :** एसपी सत्यजीत गुप्ता ने थाना बखिरा पर आयोजित थाना समाधान दिवस पर फरियादियों की समस्याओं को सुना। थाना समाधान दिवस की शिकायतों को सुनते हुए एसपी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि समाधान दिवस में आए लोगों की शिकायतों को गंभीरता से सुना जाए। स्थलीय निरीक्षण करके समस्या का निस्तारण किया जाए।

**लगी रही कुर्सी नहीं आए अधिकारी :** बेलहर। थाना समाधान दिवस का आयोजन बेलहर कला थाने पर हुआ। आलम यह रहा कि कुर्सी-मेज लगा दिया गया था लेकिन अधिकारी नहीं आए। इस दौरान बेलहर कला के रामजीत थाने पर पहुंचे, उन्होंने बताया कि उनकी जमीन का न्यायालय में मुकदमा चल रहा है, जिस पर स्टे भी है, लेकिन इसके बावजूद विपक्षी रात में मकान का निर्माण कर रहे हैं। घनश्याम चौहान पुत्र रामलखन निवासी गैड़ाखोर सकारपार ने बताया कि उनकी जमीन बेलहरकला थाना के करदहां में है। पैमाइश होने के बाद पत्थर भी लगा है। न्यायालय में केस भी दर्ज है, इसके बाद भी विपक्षी जबरन कब्जा कर रहे हैं। इसी प्रकार मत्ती देवी जमीन का प्रकरण लेकर समाधान दिवस में पहुंचीं थीं। अधिकारियों के न आने पर सभी चले गए।



बेलहर थाने में खाली कुर्सियां। संवाद

### कोतवाली में इंस्पेक्टर और नायब तहसीलदार ने सुनीं समस्याएं

संतकबीरनगर। कोतवाली खलीलाबाद में कोतवाल आरके सिंह और नायब तहसीलदार थाना समाधान दिवस पर जन सुनवाई की। इसी बीच एएसपी शशिशेखर सिंह और सीओ सिटी ब्रजेश कुमार भी पहुंचकर जन सुनवाई का फीडबैक लिया। ज्यादातर जमीन से संबंधित शिकायतें पहुंचीं। ग्राम सेमरा निवासी आद्या प्रसद जमीन के मामले को लेकर शिकायती पत्र दिया। बूधाकला निवासी हरिराम नाली विवाद, दुरुआजप्ती निवासी मुनिराम सीमांकन के बाद जमीन पर कब्जा और पखुआपार गांव निवासी प्रमोद विश्वकर्मा, अरुण कुमार एवं अन्य ग्रामीणं सार्वजनिक रास्ते में दीवाल खड़ा करके आवागमन में अवरोध पैदा करने की शिकायत की। राजस्व विभाग के गैर मौजूदगी में किसी भी शिकायत का निस्तारण नही हो सका।

### नहीं आए फरियादी

मेंहदावल। थाना समाधान दिवस की मेंहदावल पुलिस ने तैयारी कर रखी थी लेकिन कोई अधिकारी नहीं पहुंचा। इससे कुर्सियां खाली पड़ी रहीं। हालांकि कोई फरियादी भी फरियाद लेकर नहीं आया।



कोतवाली में समस्या सुनते कोतवाल। संवाद

# मेंहदावल में नहीं रुक रहा मिट्टी का अवैध खनन

संवाद न्यूज एजेंसी

मेंहदावल। तहसील क्षेत्र में मिट्टी का अवैध खनन रूकने का नाम नहीं ले रहा है। नियमित ग्रामीण व शहरी क्षेत्र से सटे गांवों में मिट्टी का खनन अवैध रूप से किया जा रहा है। खनन माफिया सुबह से लेकर रात तक धरती का सीना चीर रहे हैं। इससे एक तरफ पर्यावरण संरक्षण को झटका लग रहा है, तो दूसरी तरफ शासन के निर्देशों की भी अनदेखी हो रही है। पुलिस प्रशासन खनन रोकने में पूरी तरह से विफल साबित हो रहा है।

मेंहद्रावल के कछार क्षेत्र सहित आसपास के गांवों में मिट्टी का अवैध खनन खुलेआम चल रहा है। सुबह से लेकर देर रात तक मशीन के सहारे मिट्टी का खनन होता है। ट्रैक्टर ट्राली के माध्यम से ऊंचे दाम पर हजारों ट्राली मिट्टी प्रतिदिन बिक्री की जा रही है। लेकिन इस पर नियंत्रण नहीं हो रहा है। इसके साथ ही मेंहदावल नगर पंचायत के आसपास के गांवों में भी मिट्टी का खनन तेजी से जारी है। कई स्थानों पर तो रात में खनन माफिया सक्रिय होते हैं, तो कई स्थानों पर दिन में भी खुदाई के कार्य में खनन माफिया लिप्त है। लेकिन इस पूरे घटनाक्रम पर लगाम नहीं लग पा रहा है।

जिससे पर्यावरण को काफी नुकसान पहुंच रहा है। तहसीलदार मेंहदावल आनंद कुमार ओझा ने कहा कि अवैध मिट्टी खनन रोकने का निर्देश जिम्मेदारों को दिया गया है। अगर कहीं भी अवैध रूप से मिट्टी का खनन किया जा रहा है तो तत्काल प्रभाव से अभियान चलाकर जिम्मेदारों पर कार्रवाई होगी।

# भाईचारे के साथ मनाएं बकरीद : एसडीएम

संवाद न्यूज एजेंसी

## पीस कमेटी की बैठक में सभी से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील

संतकबीरनगर। बकरीद को सकुशल संपन्न कराने के लिए दुधारा थाने पर पीस कमेटी की बैठक हुई। इसमें लोगों से आपसी सौहार्द व भाईचारे के साथ पर्व मनाने की अपील की गई।

एसडीएम सदर शैलेश दुबे और सीओ सिटी ब्रजेश सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में लोगों से त्योहार के दौरान आने वाली समस्याओं पर चर्चा की गई। एसडीएम ने कहा कि आपसी भाईचारे का पर्व है। इसे मिलजुल कर मनाना चाहिए। सीओ ब्रजेश सिंह ने कहा कि लोग एक दूसरे की भावनाओं का सम्मान करें। क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखें। साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करने वाले असामाजिकतत्वों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान एसओ पंकज पांडेय समेत अन्य मौजूद रहे।

# दो महिला समेत चार के खिलाफ केस दर्ज

**धनघटा।** महुली थाना क्षेत्र के बलही गांव निवासी व्यक्ति ने गांव की दो महिला समेत चार लोगों के खिलाफ गाली देने, मारने पीटने व धमकी देने का केस दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार महुली थाना क्षेत्र के बलही गांव निवासी अख्तर हुसैन पुत्र मोहम्मद हुसैन ने तहरीर में बताया कि शुक्रवार को बिना वजह गांव के अलीम पुत्र इद्रीश, जिनवा पत्नी अलीम, पुसिया पत्नी कमरुद्दीन, जैनतून पत्नी हसन मोहम्मद दरवाजे पर आकर गाली देने लगी। विरोध पर मारने पीटने लगे। गांव के लोगों के पहुंचने पर धमकी देते हुए चले गए। अलीम, जिनवा, पुसिया, जैनतून के खिलाफ केस दर्ज किया है। संवाद

# जांच के दौरान 65 वाहन चालकों पर कार्रवाई

**संतकबीरनगर।** पुलिस टीम ने संदिग्धों की धरपकड़ के लिए किए गए वाहन जांच के दौरान ट्रैफिक नियम तोड़ने वाले 65 वाहन चालकों पर कार्रवाई की। जिले के सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस टीम ने बैंक, वाहन एवं संदिग्ध व्यक्तियों की जांच पड़ताल की। चेकिंग के दौरान समस्त एसओ एवं प्रभारी यातायात संयुक्त पुलिस टीम ने मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत कड़ी कार्रवाई करते हुए 65 वाहनों के चालकों से यातायात नियम का उल्लंघन करने के मामले में 89,000 रुपये शमन शुल्क वसूल किया। संवाद

# अकेला पाकर युवती के साथ किया दुष्कर्म

**बेलहर।** बेलहर कला थाना क्षेत्र स्थित एक गांव में दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर बेलहरकला पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। बृहस्पतिवार की रात लगभग नौ बजे युवती अकेले घर में सो रही थी। इसी बीच गांव का ही युवक घर में घुस गया और दुष्कर्म किया। संवाद

# युवती को भगाने का आरोपी गिरफ्तार

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने युवती को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस टीम ने वांछित आरोपी रियाज निवासी सूपा थाना बखिरा को बालूशासन पुल के पास से पकड़ा।

22 मई को उसके खिलाफ अभियोग पंजीकृत कराया गया था। थाना बखिरा पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय प्रस्तुतकर जेल भेज दिया। संवाद

# पुरानी रंजिश में मारपीट, केस

**संतकबीरनगर।** बखिरा थाना पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट के मामले में चार आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार हसान अली निवासी नंदौर ने कोर्ट में बताया कि उनके पास बोलेरो गाड़ी व टेंपो है। किराए पर चलवाकर अपना व परिवार का भरण पोषण करते हैं। पड़ोसी गांव खरवनिया के तौफीक, वकील, फारुख व आस मोहम्मद रंजिश रखते हैं। 16 दिसंबर 2023 को दिन में दो बजे वह घर पर बैठे हुए थे। इसी दौरान लाठी डंडा लेकर आए और मारना पीटना शुरू कर दिया। बोलेरो, टेंपो में भी तोड़फोड़ की। संवाद

# मारपीट में भाइयों पर केस दर्ज

धनघटा। महुली थाना क्षेत्र के खरवनिया कला गांव निवासी महिला ने गांव के दो सगे भाइयों पर गाली देने, मारने पीटने व धमकी देने का आरोप लगाते हुए केस दर्ज कराया है।

पुलिस के अनुसार महुली थाना क्षेत्र के खरवनिया कला गांव निवासी इंद्रावती पत्नी रुदल ने तहरीर में बताया कि शुक्रवार को पानी की निकासी से नाराज होने पर विपक्षी जीतेन्द्र व विश्वनाथ गाली दे रहे थे।

विरोध करने मारपीट कर घायल कर दिए। पुलिस ने महिला की तहरीर पर जितेंद्र व विश्वनाथ के खिलाफ केस दर्ज किया है। संवाद

b

# GONDA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 09-06-2024

## चुनाव आचार संहिता हटने के बाद समाधान दिवस आयोजित, फरियादी कम पहुंचे

# समाधान दिवस में 105 मामले आए, आठ का निस्तारण हुआ

**आयोजन**

**गोण्डा, संवाददाता।** चुनाव आचार संहिता हटने के बाद शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिले के समस्त थानों में आयोजित समाधान दिवस में कुल 105 मामले आए, जिसमें से मात्र आठ मामलों का निपटारा किया गया, शेष मामलों के निस्तारण के लिए टीम गठित कर दी गई है। पहला समाधान दिवस होने के कारण फरियादियों की संख्या कम रहीं। वहीं इटियाथोक में राजस्व विभाग की ओर से कोई भी अधिकारी नहीं पहुंचा। हिन्दुस्तान ने समाधान दिवस की पड़ताल कराई। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट :-

**वजीरगंज : आधा दर्जन मामले आए, निस्तारित एक भी नहीं :** वजीरगंज थाना पर लोकसभा चुनाव के बाद आयोजित समाधान दिवस में आधा दर्जन मामले आए जिसमें तीन राजस्व व तीन पुलिस विभाग से संबंधित रहे। नायब तहसीलदार राम प्रताप पाण्डेय ने संबंधित क्षेत्र के लेखपालों को निस्तारण के लिए निर्देशित किया।

**छपिया : दो मामलों का का मौके पर ही निस्तारण :** ढाई महीने बाद थाना समाधान दिवस का आयोजन थाना परिसर में किया गया। समाधान दिवस की अध्यक्षता एसडीएम यशवंत राव ने किया। समाधान दिवस में कुल 10 मामले आये, जिसमें राजस्व से संबंधित 8 मामलेऔर पुलिस से संबंधित दो मामले शामिल हैं। पुलिस से संबंधित दोनों मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। एसडीएम ने बताया कि आठ राजस्व से संबंधित मामलों के समाधान के लिए टीमों का गठन कर दिया गया है।



मनकापुर में फरियाद सुनतीं नायब तहसीलदार।

### मनकापुर में नायब तहसीलदार ने सुनी समस्याएं

थाना समाधान दिवस की अध्यक्षता नायब तहसीलदार अनु सिंह ने किया। समाधान दिवस में कुल 10 शिकायते आयी। मौके पर दो टीमें निस्तारण के लिए रवाना की गयी। शिकायत कर्ता छोटका पत्नी मुन्ना लाल निवासिनी किसुनदासपुर ने खतौनी में नाम गलत होने की शिकायत दर्ज करायी, अष्टभुजा मोदन वाल निवासी शास्त्री नगर ने शिकायत किया कि विपक्षी इनकी जमीन में जबरन निर्माण कर रहे है। राम औतार पुत्र राम उजागर,निवासी -अंगनीपुरवा भिटौरा ने घर आने जाने वाले रास्ते पर अतिक्रमण हटवा कर रास्ता दिलाये जाने की मांग किया। मधुप शर्मा पुत्र दु:खहरन शर्मा निवासी गांधीनगर ने अपनी जमीन में आरोप लगाया कि बैनामाशुदा भूमि पर विपक्षी जबरन दीवाल बना रहे है।

### इटियाथोक में नहीं पहुंचे अफसर

समाधान दिवस में कोई अधिकारी नहीं पहुंचा। प्रभारी निरीक्षक इटियाथोक द्वारा समाधान दिवस आयोजित किया गया। उन्होंने ने बताया कि कुल पांच मामले राजस्व से संबंधित आये, जिसके निस्तारण के लिए राजस्व टीम का गठन कर दिया गया है। पुलिस से संबंधित कोई शिकायत नहीं मिली।

### कौड़िया में एक भी मामले का निस्तारण नहीं

थाना कौड़िया के आगंतुक कक्ष में आयोजित समाधान दिवस की अध्यक्षता थानाध्यक्ष अंकुर वर्मा ने की। जिसमें क्षेत्र के विभिन्न गांवों से कुल 9 शिकायती पत्र आया, जिसके निस्तारण के लिए राजस्व व पुलिस टीम मौके पर भेजा गया।

# आम तोड़ने से मना करने पर पीटा, मुकदमा दर्ज

**रुपईडीह।** आम तोड़ने से मना किया तो गांव के ही एक व्यक्ति ने मारने-पीटने व जाति सूचक शब्द का प्रयोग कर जान से मार डालने की धमकी दिया। पीड़ित सुनील कुमार सोनकर ने इसकी शिकायत पुलिस से की है। पुलिस ने संबंधित के विरुद्ध एससी-एसटी एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर जांच व पड़ताल शुरू की। कौड़िया थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत दुबहा बाजार के निवासी सुनील कुमार सोनकर ने पुलिस को एक शिकायती पत्र देकर कहा कि गांव के ही चांद बाबू पुत्र वारिस द्वारा आम तोड़ा जा रहा था।

# बहू के विरुद्ध दर्ज कराया मुकदमा

धानेपुर। सुकरौलिया गांव के रहने वाले व्यक्ति ने अपने बहू पर ही मारपीट करने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। धानेपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत त्रिलोकपुर के मजरा शुकरौलिया के रहने वाले जगदीश सोनकर के मुताबिक पारिवारिक विवाद को लेकर उनकी बहू संगीता ने उन्हें व उनकी पत्नी को अपशब्द कहते हुए मारा-पीटा और जान से मारने की धमकी दी है।

# 1318 परीक्षार्थी देंगे बीएड परीक्षा

गोंडा, संवाददाता। जिले में बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा रविवार को आयोजित की जायेगी। इसके लिए तीन विद्यालयों को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। डीएम नेहा शर्मा ने तैयारी बैठक में स्पष्ट निर्देश दिया कि परीक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नही की जायेगी। स्ट्रांग रूम पर अनाधिकृत लोगों का प्रवेश वर्जित रहेगा।



स्वामी विवेकानंद विद्यालय में कक्ष निरीक्षकों के साथ बैठक करते प्रधानाचार्य

परीक्षा केंद्रों की ऑनलाइन मॉनीटरिंग की जाएगी। शनिवार को जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार ने बताया कि बीएड प्रवेश परीक्षा में कुल 1318 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। जिसके लिए शहर के एलबीएस पीजी कॉलेज, जीजीआईसी और उतरौला रोड पर स्थित स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। परीक्षा दो पालियों में आयोजित की जायेगी। पहली पाली सुबह नौ से बारह और दूसरी पाली दो से पांच बजे तक का समय दिया गया है। नकल विहीन परीक्षा के लिए तीन केंद्रों पर स्टैटिक मजिस्ट्रेट के साथ एक - एक केंद्र प्रतिनिधि और दो सेक्टर मजिस्ट्रेट बनाए गए हैं। परीक्षा नोडल प्रो. रविंद्र कुमार पांडे ने बताया कि इस बार की बीएड प्रवेश परीक्षा बुंदेलखंड विश्वविद्यालय आयोजित करा रहा है। जिसमे तीन केंद्रों पर 1300 से अधिक विद्यार्थी परीक्षा में बैठेंगे। डीएम के निर्देश अनुसार परीक्षा पूरी तरह से नकल विहीन और पारदर्शी संपन्न कराने की तैयारी की गई है।

# सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं त्योहार: एसडीएम

करनैलगंज, संवाददाता। कोतवाली करनैलगंज में शनिवार को ईदुल अजहा यानी बकरीद को लेकर पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। जिसमें अधिकारियों ने शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए जहां नागरिकों से सहयोग मांगा वहीं सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाने की अपील की। बैठक में एसडीएम भारत भार्गव ने कहा कि ईदुल अजहा का पर्व आपसी भाईचारे के बीच मनाया जाए। त्योहार ऐसा मनाएं कि सौहार्द बना रहे।

कहीं कोई दिक्कत आती है तो उसे पहले ही बता दें। जिससे समय रहते उसका समाधान कराया जा सके। पर्व के दृष्टिगत मस्जिदों एवं ईदगाहों के पास साफ-सफाई व्यवस्था बेहतर करने के लिए निर्देश दिए गए हैं। सभी लोग मिलजुल के त्योहार मनाएं, कहीं भी विवाद की स्थिति पैदा न होने दें। कोतवाल निर्भय नारायण सिंह ने कहा कि त्योहार को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

# तमंचे के बल पर सर्राफ से जेवरात छीन भागे बदमाश

**वारदात**

- दुकान बंदकर एक बैग में जेवरात रख घर जा रहा था दुकानदार
- बदमाशों ने ओवरटेक कर रोकी बाइक

**परसपुर, संवाददाता।** थाना क्षेत्र में शुक्रवार देर शाम को ग्राम चरसड़ी में पंचवटी पुलिया के पास से बाइक सवार बदमाश तमंचे के बल पर सर्राफा व्यवसायी से आभूषण से भरा बैग को छीन कर भाग निकले। बैग में तकरीबन चार लाख रुपयों का सोने चांदी के जेवरात होना बताया जा रहा है। एक पखवाड़े में दूसरी बार हुई लूट की घटना से क्षेत्रीय लोग खौफजदा हैं। व्यवसायी की तहरीर पर पुलिस ने लूट का केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

परसपुर नगर के वार्ड नम्बर तीन निवासी राजन सोनी पुत्र मदन सोनी का ग्राम चरसड़ी चौराहे पर ज्वेलरी की दुकान है। उनका प्रतिदिन दुकान आना जाना होता है। राजन ने बताया कि वह शनिवार की शाम दुकान बंद करके पिता के साथ बाइक से घर के लिए रवाना हुए थे। चरसड़ी भौरीगंज मार्ग पर तकरीबन एक किलोमीटर दूर पंचवटी पुलिया के समीप वह पहुंचे थे, तभी बिना नम्बर के अपाची बाइक पर बैठे तीन बदमाशों ने पीछे से ओवरटेक करके उनकी बाईक के आगे लगा दिया। इसी बीच एक बदमाश ने रास्ता पूछा तो हेलमेट लगाए दूसरे ने तंमचे के बलपर उसके पिता से जेवरात रखा पिट्ठू बैग छीन लिया। सभी बदमाश पिता - पुत्र को धमकाते हुए भौरीगंज की तरफ भाग निकले। एसओ प्रदीप कुमार शुक्ला ने बताया कि तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# 105 शिकायतों में आठ का हो सका निस्तारण

जागरण टीम ● गोंडा : लोक सभा चुनाव समाप्त होने के बाद पहली बार थानों में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। सभी थानों में आयोजित समाधान दिवस में कुल 105 शिकायतें आईं। इनमें से आठ शिकायतों का निस्तारण मौके पर किया गया। शेष शिकायतों के निस्तारण के लिए टीम गठित की गई हैं।

# चार लोगों पर मारपीट का केस

**गोंडा।** थाना क्षेत्र उमरी बेगमगंज की ग्राम पंचायत मुकुंदपुर कुल्हाड़ी टिकुर निवासी कुसुम देवी ने बताया कि बारिश का पानी निकालने को लेकर पड़ोस के देवतादीन से विवाद हो गया। आरोप है कि कहासुनी के दौरान आरोपी ने अपने परिवार के लोगों संग मिलकर उसे मारपीटा। उसे गंभीर चोट आई है। कुसुम देवी ने गांव की ही संगीता, देवतादीन, लल्लू व नानबच्ची के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज कराया है। थानाध्यक्ष संजीव वर्मा ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है, जांच कराई जा रही है। (संवाद)

# आम तोड़ने से मना करने पर पीटा

**रुपईडीह(गोंडा)।** थाना क्षेत्र कौड़िया के दुबहा बाजार निवासी सुनील कुमार सोनकर ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। तहरीर के जरिये कहा है कि गांव के ही चांद बाबू उसके पेड़ से आम तोड़ रहे थे। मना करने पर मारापीटा और धमकी दी। थानाध्यक्ष अंकुर वर्मा ने बताया कि सुनील कुमार की तहरीर पर चांद बाबू के खिलाफ मारपीट व एससी-एसटी एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। (संवाद)

# करनैलगंज में हुई शांति कमेटी की बैठक

**करनैलगंज (गोंडा)।** कोतवाली करनैलगंज में शनिवार को बकरीद को लेकर शांति कमेटी की बैठक हुई। बैठक में अधिकारियों ने शांति व्यवस्था बनाए रखने व शांतिपूर्ण ढंग से त्योहार मनाने की अपील की। एसडीएम भारत भार्गव ने कहा कि ईद-उल-अजहा का पर्व भाईचारे के साथ मनाया जाए। उन्होंने सार्वजनिक स्थानों पर कुर्बानी करने से परहेज करने की अपील की। इस दौरान अपराध निरीक्षक शंभू सिंह, नगर चौकी प्रभारी आशीष वर्मा, उपनिरीक्षक बब्बन सिंह, चेयरमैन प्रतिनिधि रामजी लाल मोदनवाल, पूर्व चेयरमैन शमीम अहमद अच्छन, आशीष गिरी, एसपी तिवारी, शिवपूजन आदि मौजूद रहे। (संवाद)

# थैले के पांच रुपये वसूलने पर शॉपिंग मॉल पर 10 हजार रुपये का अर्थदंड

संवाद न्यूज एजेंसी

**गोंडा।** सामान के साथ दिए गए थैले का मूल्य वसूलने पर उपभोक्ता आयोग ने शॉपिंग मॉल पर 10 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया है। थैले के लिए वसूले गए पांच रुपये भी एक माह में लौटाने होंगे।

सदर तहसील क्षेत्र के सोहिली गांव के रहने वाले अधिवक्ता एसएन मिश्र ने जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग में परिवाद प्रस्तुत कर कहा कि वह 27 मई 2022 को शहर में बस स्टेशन स्थित बी-बाजार रिटेल प्रा.लि. शॉपिंग मॉल गए थे। वहां 747 रुपये का सामान खरीदा था, लेकिन मॉल के कर्मचारी ने थैले की कीमत के रूप में पांच रुपये जोड़कर 752 रुपये का बिल थमा दिया। कर्मचारी ने कहा कि थैले की कीमत अलग से ली जाती है। आयोग के नोटिस पर बी-बाजार रिटेल प्रा.लि. शॉपिंग मॉल की ओर से कोई

**थैले के पांच रुपये भी एक माह में लौटाने का उपभोक्ता आयोग ने दिया आदेश**

**अदालत से**

उपस्थित नहीं हुआ।

परिवाद की एकपक्षीय सुनवाई के दौरान आयोग के अध्यक्ष रामानंद, सदस्य सुभाष सिंह व मंजू रावत ने बी-बाजार रिटेल प्रा.लि. शॉपिंग मॉल के प्रबंधक को थैले का मूल्य पांच रुपये एक माह के अंदर वापस करने का आदेश दिया।

आयोग ने परिवादी को शारीरिक, मानसिक व सामाजिक क्षति के लिए पांच हजार रुपये और वाद व्यय के लिए पांच हजार रुपये भुगतान करने का आदेश दिया है। निर्धारित अवधि में आदेश का पालन न होने पर निर्णीत धनराशि पर सात प्रतिशत ब्याज देय होगा।

## पत्नी को आत्महत्या के लिए उकसाने के दोषी पति को पांच साल की सजा

**गोंडा।** पत्नी को आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में दोषी पति को न्यायालय ने पांच साल कारावास और 15 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। अभियोजन पक्ष के अनुसार उमरीबेगमगंज निवासी भुलई ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें कहा कि उन्होंने अपनी बहन फूलमती की शादी परसपुर के ग्राम चंदापुर गेरेटी निवासी राजेश कुमार से की थी। राजेश दहेज की मांग को लेकर फूलमती को पीटता था। इससे वह मानसिक तनाव में रहती थी। 11 नवंबर 2014 की रात फूलमती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। विवेचना में पुख्ता साक्ष्य मिलने पर पुलिस ने आरोपी राजेश कुमार के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया। ट्रायल के दौरान साक्ष्य के आधार पर न्यायालय ने राजेश को दोषी करार दिया। बृहस्पतिवार को निर्णय सुनाते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (एफटीसी प्रथम) सूर्यप्रकाश सिंह ने राजेश कुमार को पांच साल के कारावास व 15 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया। (संवाद)

# मारपीट के चार मामलों में 10 आरोपियों पर केस

**तरबगंज (गोंडा)।** क्षेत्र में मारपीट व तोड़फोड़ के चार मामलों में 10 आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। परसपुर के राजापुर निवासी सूरज तिवारी ने तरबगंज थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि निहालपुर पसियन पुरवा में उनके पंप हाउस का निर्माण कार्य चल रहा है। बृहस्पतिवार रात सामान रखने के विवाद में उसी गांव के पंकज पासवान, प्रदीप, बाबू व एक अज्ञात ने लाठी व लोहे की रॉड से हमला कर दिया। बचाव में आए दोस्त संतोष मिश्र की कार तोड़ दी। दूसरे मामले में पांडेय दुर्जनपुर निवासी प्रदीप पासवान ने चिर्रेबसना पाही निवासी बाबूलाल, उसके भाई बाबादीन, बेटे पंकज व प्रदीप के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। बताया कि कुछ माह पहले भाई करन से हुई मारपीट के दर्ज मुकदमे में सुलह करने का दबाव बनाने के लिए आरोपियों ने उन्हें बाजार जाते समय पीटा व धमकी दी। तीसरे मामले में मंशापुरवा अकबरपुर निवासी पिंकी ने भूमि विवाद में की गई मारपीट के आरोप में गांव के राजेंद्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। चौथे मामले में धोबियन पुरवा पांडेय दुर्जनपुर के संदीप ने टेंपो में सवारी बैठाने के विवाद को लेकर मारपीट के आरोप में नऊवन गांव निवासी जगन्नाथ वर्मा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। (संवाद)

# समाधान दिवस में आईं 105 शिकायतें, आठ ही निस्तारित

## आचार संहिता खत्म होने के बाद सभी थानों में आयोजित हुआ समाधान दिवस

संवाद न्यूज एजेंसी

गोंडा। आचार संहिता की बंदिशें खत्म होने के बाद सभी थानों में शनिवार को समाधान दिवस आयोजित किया गया। इस दौरान सुबह से दोपहर तक समाधान के आस में फरियादी इंतजार करते रहे। जिलेभर के थानों में आईं 105 शिकायतों में से महज आठ का ही मौके पर समाधान किया जा सका। वहीं, अन्य फरियादियों को जल्द समाधान का भरोसा दिया गया है।

मनकापुर कोतवाली में कुल 10 शिकायतें आईं। नायब तहसीलदार अनु सिंह की अगुवाई में शिकायतें सुनी गईं। सभी शिकायतें जमीन से जुड़ी पाई गईं। किशुन दासपुर निवासी छोटका ने खतौनी में नाम गलत दर्ज होने की शिकायत की। शास्त्रीनगर के अष्टभुजा मोदनवाल ने अपनी जमीन पर विपक्षी की ओर से जबरन निर्माण कराने की शिकायत की। अंगनी पुरवा भिटौरा के राम उजागर ने रास्ते से अतिक्रमण हटवाने की मांग की। गांधीनगर के मधुप शर्मा ने बताया कि उसकी बैनामाशुदा भूमि पर विपक्षी जबरन दीवार बनवा रहे हैं। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार मिश्रा, अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक हरिश्चन्द्र भारती, चौकी प्रभारी जिगना शिव कुमार यादव, अभिषेक मिश्रा, एसआई शुभाशुं पाठक, वाईके यादव, राजस्व निरीक्षक व लेखपाल आदि मौजूद रहे।

इसी तरह नगर व देहात कोतवाली, करनैलगंज, खरगुपुर, इटियाथोक, खरगूपुर, कटरा बाजार, नवाबगंज, परसपुर और धानेपुर समेत जिले के थानों में फरियाद सुनी गई। सीओ समेत राजस्व अधिकारियों ने फरियाद सुनी।



गोंडा में अपने कैंप कार्यालय में समीक्षा करते डीआईजी एपी सिंह। -संवाद

## अपराध समीक्षा में अतिक्रमण हटाने पर जोर

गोंडा। शहर व कस्बों में लोगों ने सड़क तक अतिक्रमण कर रखा है। इससे जाम की समस्या के साथ ही आवागमन बाधित होता है। लोगों को आवागमन में परेशानी उठानी पड़ती है। अभियान चलाकर अतिक्रमण हटवाएं। जिससे आवागमन सुलभ हो सके। यह निर्देश डीआईजी देवीपाटन परिक्षेत्र अमरेंद्र प्रसाद सिंह ने शनिवार को अपने कैंप कार्यालय में कानून-व्यवस्था एवं अपराध समीक्षा के दौरान चारों जिलों के पुलिस अधीक्षकों को दिए।

डीआईजी देवीपाटन परिक्षेत्र ने शुक्रवार रात पुलिस लाइन स्थित कैंप कार्यालय में पुलिस अधीक्षकों संग समीक्षा बैठक में कहा कि अतिक्रमण से आम लोगों को परेशानी झेलनी पड़ती है। अतिक्रमण के कारण ऑफिस टाइम में लगने वाले जाम में लोग फंस जाते हैं। लोग समय पर ऑफिस, कॉलेज व अपने प्रतिष्ठान पर नहीं पहुंच पाते हैं। अतिक्रमण लोगों के लिए समस्या बना है। इसे हर हाल में अभियान चलाकर हटवाया जाए। भूमि विवाद के मामलों में राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ समन्वय बनाकर उनका समय से निस्तारण कराएं। अपने-अपने जिलों के समस्त थाना क्षेत्रों में फुट पेट्रोलिंग कराएं। महिला संबंधित अपराधों में ध्यान रखें कि गवाहों की निर्धारित समय पर कोर्ट में उपस्थिति हो। इसके लिए जिले की मॉनीटरिंग सेल के कर्मचारियों संग गोष्ठी करके पॉक्सो एक्ट में प्रभावी कार्रवाई कराकर अभियुक्तों को अधिक से अधिक सजा कराना सुनिश्चित करें।

महिला व बालिकाओं से संबंधित अपराधों के मामलों में प्राथमिकता के आधार पर विशेष ध्यान दे प्रभावी कार्रवाई कराएं। नियमित रात्रि गश्त कराई जाए, जिससे चोरी की वारदातों में कमी लाई जा सके। इस दौरान एसपी विनीत जायसवाल (गोंडा), वृंदा शुक्ला (बहराइच), केशव कुमार (बलरामपुर) और घनश्याम चौरसिया (श्रावस्ती) मौजूद रहे। (संवाद)

# BALRAMPUR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 09-06-2024

# स्कार्पियो, पल्सर से मिलेगी आपात सेवा

बलरामपुर। पुलिस कर्मियों को 13 नई स्कार्पियो व चार पल्सर बाइक के साथ आपातकालीन सेवा के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। एसपी केशव कुमार ने हरी झंडी दिखाकर 112 सेवा वाहन को थानों के लिए रवाना कर दिया। जनपद बलरामपुर में डायल-112(पीआरवी) पुलिस कर्मियों को मिली 13 नई स्कार्पियो व चार पल्सर बाइक को सम्बन्धित को सुपुर्द कर हरी झंडी दिखाकर थानों पर रवाना किया गया। पीआरवी कर्मियों को इवेंट प्राप्त होने पर उत्कृष्ट रिस्पांस टाइम बनाए रखने, आम जनमानस व पीड़ितों को तत्काल आपात सहायता प्रदान करने को लेकर सेवा प्रदान की गई है।

# समाधान दिवस में सुनीं गईं फरियादियों की शिकायतें

बलरामपुर, संवाददाता। लोकसभा चुनाव सम्पन्न होने के बाद जून माह के दूसरे शनिवार को जिले के सभी थानों में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। राजस्व व पुलिस के अधिकारियों ने फरियादियों की शिकायतें सुनीं। जमीनी विवाद के मामलों में राजस्व व पुलिस की टीम गठित कर समस्या का समाधान कराने के निर्देश दिए गए।

पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने गैंड़ास बुजुर्ग व रेहरा बाजार थाने में आयोजित समाधान दिवस का निरीक्षण किया। एसपी ने फरियादियों की शिकायतें सुनीं। प्रभारी निरीक्षक को निर्देशित किया कि छोटे-छोटे विवादों को गंभीरता से लें। किसी भी पीड़ित को समस्या समाधान के लिए भटकना न पड़े। कहा कि जमीनी विवाद के मामले में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम गठित की जाए। टीम मौके पर जाकर गुणवत्तापूर्ण ढंग से समस्या का समाधान कराए। गैंड़ास बुजुर्ग में 19 मामले आए, जिसमें चार का मौके पर निस्तारण किया गया। रेहरा बाजार में 16 मामले आए, जिसममें दो का मौके पर निस्तारण किया गया। कोतवाली देहात में आयोजित समाधान दिवस में प्रभारी निरीक्षक दुर्गेश कुमार ने फरियादियों की शिकायतें सुनीं।

# छह वर्ष से विपक्षी नहीं दे रहे जमीन

## चुनाव आचार संहिता खत्म होने के बाद कोतवाली व थानों में आयोजित हुआ समाधान दिवस

संवाद न्यूज एजेंसी

**बलरामपुर।** चुनाव आचार संहिता खत्म होने के बाद शनिवार को जिले के सभी कोतवाली व थानों में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। पहले दिन लगे समाधान दिवस में फरियादियों की भारी भीड़ जुटी।

### एसपी ने शिकायतें सुनकर दिया निस्तारण का निर्देश

एसपी केशव कुमार ने गैंड़ास बुजुर्ग व रेहरा बाजार में समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए शिकायतें सुनीं। उन्होंने अधीनस्थों को शिकायतों का समय सीमा के अंदर निस्तारण करने का निर्देश दिया।

महराजगंज तराई थाने में आयोजित समाधान दिवस में मोहल्ला बंजारा निवासी मुमताज ने शिकायत की कि मोहल्ले के ही रज्जो से उन्होंने करीब छह वर्ष पहले तीन बिस्वा जमीन बैनामा लिया था। उसके बाद से लगातार वह जमीन पर कब्जा करने की कोशिश कर रही हूं लेकिन विपक्षीगण उन्हें उनकी जमीन नहीं दे रहे हैं।


बलरामपुर के गैंड़ास बुजुर्ग थाने में फरियाद सुनते एसपी केशव कुमार। स्रोत : विभाग

पीड़िता ने आगे बताया कि मैं उस पर घर बनवाना चाहती हूं लेकिन कब्जा न मिलने के कारण घर नहीं बनवा पा रही हूं। बरसात का मौसम आने वाला है। ऐसे में हम लोगों के समक्ष काफी परेशानी होगी। थाना दिवस की अध्यक्षता कर रहे थानाध्यक्ष गिरजेश तिवारी ने राजस्व टीम को तत्काल मौके पर जाकर मामले का निस्तारण करने का निर्देश दिया।

इसी थाने पर ग्राम विजयीडीह निवासी मन्नान ने शिकायत की कि मेरा खेत बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में आता है। बीते दिनों बाढ़ आने के कारण खेत में जलभराव के साथ बालू आ गया था। विपक्षी का खेत भी बगल में है। ऐसे में खेत इधर-उधर हो गया था। इस पर थानाध्यक्ष ने राजस्व कर्मियों के सहयोग से मामले का निस्तारण करा दिया।

हरैया सतघरवा थाने में ग्राम लखाही निवासी सनाउल्लाह ने रास्ते के विवाद को लेकर शिकायत की। वहीं ग्राम हरैया सतघरवा निवासी संतराम ने जमीन पर अवैध कब्जा किए जाने की शिकायत थानाध्यक्ष से की। प्रभारी थानाध्यक्ष हरीश शुक्ला ने बताया कि कुल 20 प्रार्थना पत्र आए थे जिनमें से एक का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायतों के निस्तारण के लिए राजस्व एवं पुलिस टीम को लगाया गया है।

इसी तरह नगर कोतवाली, देहात कोतवाली, उतरौला कोतवाली, रेहरा बाजार, सादुल्लाहनगर, तुलसीपुर, गैसड़ी व पचपेड़वा आदि कोतवाली व थानों में समाधान दिवस आयोजित कर पीड़ितों की शिकायतें सुनी गईं।

# डायल112 को 13 स्कार्पियो व चार पल्सर मिली



रिजर्व पुलिस लाइन से यूपी 112 वाहनों को झंडी दिखाकर रवाना करते एसपी केशव कुमार • सौ. पुलिस मीडिया सेल

**बलरामपुर** : कानून व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त बनाने के लिए यूपी डायल 112 पीआरवी पुलिस को 13 नई स्कार्पियो व चार पल्सर बाइक मिली है। पुलिस अधीक्षक ने रिजर्व पुलिस लाइन से वाहनों को हरी झंडी दिखाकर संबंधित थाने के लिए रवाना किया। एसपी ने पीआरवी कर्मियों को घटना की सूचा मिलने पर उत्कृष्ट टाइम रिस्पांस बनाए रखने, पीड़ित को तत्काल आपात सहायता उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। अपर पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार, क्षेत्राधिकारी ज्योतिश्री व प्रतिसार निरीक्षक बिहारी सिंह यादव मौजूद रहे। (जासं)

# नौ वारंटियों को पकड़ा

**बलरामपुर** : गैंड़ासबुजुर्ग थाना की पुलिस ने नौ वारंटी आरोपितों की गिरफ्तारी की है। थानाध्यक्ष दुर्विजय ने बताया कि बाकंभवानी निवासी विशनू, गेल्हई, दयाराम, भवन, ढढियवनडीह इटईरामपुर निवासी पचई, मेहलीलाल, मोतीलाल, पिपरा हरिकिशना निवासी चांदबाबू व सलाउद्दीन को गिरफ्तार किया गया है। (जासं)

# प्रधानमंत्री के शपथ ग्रहण में होंगे जिले के छह लोग

जासं • बलरामपुर : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में जनपद के छह लोगों को निमंत्रण मिला है। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेने के लिए उनके साथ सदर विधायक पल्टूराम, तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ल, उतरौला विधायक राम प्रताप वर्मा, लोकसभा प्रभारी अवधेश श्रीवास्तव एवं लोकसभा संयोजक शंकर दयाल पांडेय को निमंत्रण मिला है। शपथ ग्रहण में शामिल होने के लिए सभी लोग दिल्ली जाएंगे।

# आत्मरक्षा की दी जानकारी

**जासं • बलरामपुर** : मिशन शक्ति फेज चार के तहत बेटियों व महिलाओं को सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए पुलिस अधीक्षक केशव कुमार के निर्देश पर अभियान चलाया गया। गांवों के चौराहों, गांवों व भीड़ वाले स्थानों पर चौपाल लगाकर बेटियों व महिलाओं को सेल्फ डिफेंस के बारे में जानकारी दी गई।

# एसपी ने फरियादियों की शिकायतें सुनीं, निस्तारण के दिए आदेश



रेहराबाजार थाना में शिकायतें सुनते एसपी केशव कुमार • सौ. पुलिस मीडिया सेल

**जासं • बलरामपुर** : फरियादियों की शिकायतों का निस्तारण करने के लिए शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। एसपी केशव कुमार ने गैंड़ासबुजुर्ग व रेहराबाजार थाना परिसर में शिकायतें सुनकर निस्तारण का निर्देश दिया।

एसपी ने कहा कि राजस्व व पुलिस विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी टीम बनाकर मौके पर जाकर शिकायतों को गंभीरता से लेकर शत-प्रतिशत निष्पक्ष निस्तारण कराएं। थाना समाधान दिवस में प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण जल्द से जल्द किया जाना चाहिए। जिन प्रार्थना पत्रों का निस्तारण उच्चाधिकारी स्तर से किया जाना है, उन पर रिपोर्ट लगाकर संबंधित अधिकारी को भेजें, जिससे समय से उचित निस्तारण कराया जा सके।

# नियमों के उल्लंघन पर चार वाहन सीज

**बलरामपुर।** नियमों का उल्लंघन कर चलने वाले वाहनों के खिलाफ परिवहन विभाग द्वारा शनिवार को चेकिंग अभियान चलाया गया। एआरटीओ अरविंद कुमार ने बताया कि उतरौला तहसील क्षेत्र में चेकिंग के दौरान मानक से अधिक भार लदा हुआ पाए जाने पर दो वाहनों को सीज कर दिया गया। बिना फिटनेस के चलते मिलने पर भी दो वाहन सीज किए गए हैं। इसके अतिरिक्त अनियमितता मिलने पर 50 वाहनों का चालान कर दो लाख रुपये का जुर्माना भी वसूला गया है। (संवाद)

# पीआरवी को मिलीं 4 बाइकें व 13 स्कॉर्पियो

**बलरामपुर।** कानून व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त करने के लिए जिले की पुलिस टीम को हाईटेक किया जा रहा है। डायल 112 (पीआरवी) को 13 नई स्कॉर्पियो के साथ चार पल्सर बाइमें भी मिली हैं। पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने शनिवार को पुलिस लाइन से हरी झंडी दिखाकर नई स्कार्पियो व बाइक को संबंधित थानों के लिए रवाना किया। पुलिस अधीक्षक ने पीआरवी कर्मियों को सूचना प्राप्त होने पर बेहतर रिस्पांस टाइम बनाए रखने तथा पीड़ित को सहायता प्रदान करने का निर्देश दिया। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि मौके पर पहुंचने के बाद मामले को नियंत्रित करते हुए स्थिति की गंभीरता से स्थानीय थाना प्रभारी को अवगत कराएं और एमडीटी पर सही तथ्यों की रिपोर्ट अंकित करें। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार, क्षेत्राधिकारी ललिया ज्योतिश्री एवं प्रतिसार निरीक्षक बिहारी सिंह यादव आदि मौजूद रहे। (संवाद)

# कोतवाली में हुई शांति समिति की बैठक

**बलरामपुर।** नगर कोतवाली में शनिवार को बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। चांद के आधार पर पर्व तय होगा। सीओ बृजनंदन राय ने शहर के लोगों से शांतिपूर्ण और सौहार्द पूर्ण वातावरण में त्योहार मनाने की अपील की। कहा कि किसी भी तरह की मदद के लिए 112 नंबर मिलाएं। नगर कोतवाल शैलेष सिंह ने पुलिस की तैयारियों के बारे में विस्तार से बताया। (संवाद)

# BAHRAICH POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 09-06-2024

हिन्दुस्त

# पुलिस ने 41 को नामजद व 20-30 पर दर्ज कराया केस

पयागपुर, संवाददाता। पयागपुर में विद्युत फॉल्ट सही करने के दौरान लाइनमैन की मौत के प्रकरण ने तूल पकड़ लिया है। पुलिस ने 41 को नामज़द व 20 से 30 अन्य के विरुद्ध केस दर्ज कराया है। मृतक के पिता ने आरोपी बिजली कर्मी व जेई ने हंगामे में शामिल 14 नामजद व 25 अज्ञात पर केस दर्ज कराया था। करंट लगने से संविदा लाइन मैन की मौत मामले में अब तक तीन मुकदमें दर्ज हो चुके हैं।

पयागपुर में बुधवार की रात लाइनमैन की मौत के बाद बरपा हंगामा एवं सड़क जाम प्रकरण को लेकर शनिवार को स्थानीय पुलिस ने 41 लोगों को नामज़द एवं 20 से 30 अन्य के ख़िलाफ़ केस दर्ज कर लिया है। एसएचओ कमल शंकर चतुर्वेदी ने बताया कि सरकारी कार्य में बाधा एवं सड़क जाम कर आवागमन प्रभावित करने में आठ धाराओं में 41 लोगों को नामजद एवं बीस- तीस अज्ञात के विरुद्ध केस दर्ज किया गया है। इस संबंध में शीघ्र ही कार्यवाही की जाएगी। इसके पूर्व जेई विद्युत ने शुक्रवार को 14 लोग नामजद एवं 25 अज्ञात के विरुद्ध सरकारी कार्य में बाधा डालने का केस दर्ज कराया था। इससे पूर्व गुरुवार को लाइनमैन के पिता संगम लाल ने धारा 304 आईपीसी के तहत केस दर्ज कराया गया था।

# थाना दिवस पर पहुंचे फरियादी

बहराइच। चुनाव खत्म होने पर मिहींपुरवा में थाना दिवस का आयोजन किया गया। एसडीएम संजय कुमार की मौजूदगी में फरियादियों की समस्याओं को सुना गया। तीन लोगों ने अपनी समस्याएं रखी। इसमें एक का मौके पर ही निस्तारण कराया गया। तहसीलदार अंबिका प्रसाद चौधरी, थाना प्रभारी दद्दन सिंह मौजूद रहे।

हिन्दुस्तान

# असलहा धारकों को सैर कराने पर रेंजर निलंबित

- सोशल मीडिया पर वायरल हुआ वीडियो
- फील्ड डायरेक्टर की जांच रिपोर्ट में हुई पुष्टि

बहराइच, संवाददाता। कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग के धर्मापुर रेंज के रेंजर मोबिन आरिफ को शुक्रवार देर रात निलंबित कर दिया गया है। नोमेंस लेंड व सेंचुरी क्षेत्र में असलहों से लैस डब्ल्यूटीआई के सदस्यों को सैर कराने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा था।

दुधवा टाइगर रिजर्व के फील्ड डायरेक्टर ने जांच किया। एफडी की जांच रिपोर्ट में पुष्टि पर प्रिंसिपल चीफ कंजरवेटर ने कार्रवाई की है। विभागीय जांच की संस्तुति की गई है। जांच होने तक उन्हें मुख्य वनसंरक्षक कार्यालय लखीमपुर संबद्ध कर दिया गया है।

कतर्नियाघाट सेंचुरी क्षेत्र के धर्मापुर रेंज की जिम्मेदारी एक साल से मोबिन आरिफ बतौर रेंजर संभाल रहे थे। इस दौरान उन पर कई आरोप लगाए गए, जिनकी विभागीय जांच पहले से ही चल रही है। अब कुछ दिन पहले गैर सरकारी संस्था डब्ल्यूटीआई (वर्ल्ड वाइल्ड ट्रस्ट आफ इंडिया) के सदस्यों को बाघ संरक्षित क्षेत्र व नोमेंस लैंड की सैर कराई थी। इस दौरान प्रतिबंधित क्षेत्र में खुलेआम असलहा लेकर सदस्यों ने सैर किया था। इसका किसी ने सोशल मीडिया पर वीडियो अपलोड कर दिया।

वीडियो अपलोड होते ही हड़कंप मच गई। शासन ने दुधवा टाइगर रिजर्व के फील्ड डायरेक्टर ललित कुमार से जांच कराई। जांच में वायरल वीडियो की पुष्टि हुई। इस पर चीफ कंजरवेटर ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। इस कार्रवाई से विभाग में हड़कंप मच गया है। मुर्तिहा रेंजर को प्रभार दिया जा सकता है।

### जलाई गई चौकी में भी घिरे रेंजर

बहराइच। असलहों से लैस नेपाली शिकारियों ने भी कुछ दिन पहले धर्मापुर में बनी अस्थाई वन चौकियों को जला दिया था। दो दिन लगातार चौकी जलाने की घटना की जानकारी रेंजर ने डीएफओ को नहीं दी।

"धर्मापुर के रेंजर को निलंबित कर दिया गया है। यह कार्रवाई एफडी की रिपोर्ट पर चीफ कंजरवेटर ने की है। उन्हें मुख्य वन संरक्षक कार्यालय से संबद्ध किया गया है।

**बी शिवशंकर**, डीएफओ, बहराइच

# सड़क जाम कर उपद्रव करने के मामले में 81 लोगों पर मुकदमा

संसू,जागरण • पयागपुर(बहराइच) : करंट की चपेट में आकर हुई लाइनमैन की मौत के बाद सड़क जाम कर उग्र प्रदर्शन करने के मामले में पुलिस ने 81 लोगो के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

पयागपुर थानाध्यक्ष कमल शंकर चतुर्वेदी ने बताया कि बुधवार की रात संविदा कर्मी लाइनमैन की करंट से मौत हो गई थी। आक्रोशित भीड़ ने गोंडा-बहराइच मार्ग स्थित सुकईपुरवा मोड़ के पास जाम लगाकर प्रदर्शन किया था। जिससे वाहनों की लंबी कतार लग गई थी। उपनिरीक्षक विजय चौधरी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे तो वहां मौजूद किसान यूनियन के नेता राम कुमार वर्मा की अगुवाई में भीड़ उग्र हो गई थी। पुलिसकर्मियों को गालियां देते हुए लाठी,डंडों के साथ ईंट-पत्थर चलाते हुए दौड़ाया गया था। वाहनों में बैठे लोग बदहवास होकर भागने लगे थे, कई वाहनों को क्षति भी पहुंचाई गई थी। इसी क्रम में दरगाव पुरवा में भी ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए मुआवजे की मांग की थी। एसओ ने बताया कि मामले में उपनिरीक्षक रुदल बहादुर सिंह की तहरीर पर 41 नामजद व 40 अज्ञात लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

हिन्दुस्तान

# फर्जी मृत्यु प्रमाणपत्र मामले में माफिया गब्बर को जेल भेजा

- अपहृत का जारी हुआ था फर्जी मृत्यु प्रमाणपत्र
- हाईकोर्ट के आदेश से दर्ज हुआ था केस

बहराइच, संवाददाता। यूपी के टाप 50 में चिन्हित भू माफिया गब्बर सिंह का मंसूबा धराशाई हो गया है। 2016 में अपहृद अरुण मातनहेलिया प्रकरण में फर्जी मृत्य प्रमाणपत्र मामले में नामजद आरोपी व नगर पालिका परिषद सदर में वैक्सीनेटर को रिसिया एसएचओ ने धर दबोचा। गहन पूछताछ के बाद पुलिस ने उसे जेल भेज दिया है। अभी और भी नगर पालिका परिषद कर्मियों के सिर पर तलवार लटक रही है।

देहात कोतवाली के शिवनगर निवासिनी सुधा मातनहेलिया के पति अरुण कुमार मातनहेलिया के अपहरण मामले में भू माफिया देवेन्द्र सिंह उर्फ गब्बर सिंह आदि के विरुद्ध केस दर्ज कराया गया था। अपहृत की बरामदगी नहीं हो सकी है। जबकि नगर पालिका परिषद सदर से अरुण कुमार मातनहेलिया का मृत्यु प्रमाण पत्र जारी हो गया। इस मामले में सुधा मातनहेलिया ने हाईकोर्ट की शरण ली थी। हाईकोर्ट के आदेश पर वर्ष 2023 में दरगाह थाने में धोखाधड़ी का केस दर्ज किया गया था।

इस मामले की विवेचना क्राइम ब्रांच को सौंपी गई थी। क्राइम ब्रांच में तैनात रहे प्रदीप कुमार सिंह को तहकीकात मिली थी। बाद में उनका स्थानांतरण रिसिया एसएचओ के पद पर हो गया। एसपी वृंदा शुक्ला ने इसकी विवेचना रिसिया एसएचओ प्रदीप कुमार सिंह को सौंपी।

# नोमेंस लैंड पर असलहा लेकर घूमते दिखे एनजीओ के पदाधिकारी, रेंजर सस्पेंड

संसू, जागरण • बिछिया( बहराइच) : दुधवा टाइगर रिजर्व के कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग में एक गैर सरकारी संगठन(एनजीओ) के सदस्य हथियार लेकर घूमते दिखे। इस मामले को शासन ने गंभीरता से लिया है। इसमें धर्मापुर वन क्षेत्राधिकारी मोबीन आरिफ की संलिप्तता पाए जाने पर उन्हें निलंबित कर दिया गया है।

रेंजर के नियंत्रण वाले नोमेंस लैंड पर वाइल्डलाइफ ट्रस्ट आफ इंडिया के पदाधिकारियों द्वारा हथियार लेकर घूमने की पुष्टि हुई है। फील्ड डायरेक्टर दुधवा टाइगर रिजर्व की जांच रिपोर्ट में भी इसकी पुष्टि हुई है। प्रिंसिपल चीफ कंजर्वेटर आफ फारेस्ट्स एंड एचओडी सुधीर कुमार शर्मा ने रेंजर को निलंबित कर दिया है। दुधवा टाइगर रिजर्व के फील्ड डायरेक्टर ललित वर्मा ने बताया कि धर्मापुर रेंज में डब्ल्यूटीआइ टीम के सदस्यों द्वारा हथियार लेकर घूमने का मामला प्रकाश में आने के बाद रेंजर पर कार्रवाई की गई है। बताया कि जंगल में असलहा लेकर घूमना गैर कानूनी है।

# सरयू में डूबे किशोर का शव बरामद

संसू, जागरण • बहराइच( बहराइच) : सरयू नदी में शुक्रवार शाम को डूबे किशोर का शव बरामद हो गया। गुरघुटटा निवासी मीर खां उर्फ फारुख परिवारजन के साथ शुक्रवार को फातिया कराने गया था। शाम को घर वापसी में सरयू नदी के तकिया घाट पर लगे ड्रम पर बैठकर वह मोबाइल से सेल्फी लेने लगा, तभी वह नदी में गिर गया। तलाश में गोताखोरों को नदी में उतारा गया, लेकिन उसका पता नहीं चला थ। शनिवार को गोताखोरों ने फिर खोजबीन शुरू की, जिस पर किशोर का शव कुछ ही दूरी पर बरामद हो गया।

# अस्थाई वन चौकी जलाने वाले नेपाली शिकारियों पर मुकदमा दर्ज

संसू, जागरण● मिहींपुरवा (बहराइच): कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग के धर्मापुर वन रेंज की बीट संख्या 14, 15 में बीते दिनों नेपाली शिकारियों ने अस्थाई वन चौकी पर धावा बोला था। कई वन चौकियों को जला दिया गया था। मामले को दबाने के लिए धर्मापुर रेंजर मोबीन आरिफ ने मामले को दबाने का प्रयास किया था। डीएफओ बी .शिवशंकर ने इस पर कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए घटना स्थल का निरीक्षण कर अस्थाई वन चौकी जलाने वालों पर मुकदमा दर्ज करने के निर्देश दिए थे। जिसके बाद वन विभाग की ओर से कोतवाली मुर्तिहा में सेक्शन इंचार्ज वन दरोगा मुनीश कुमार ने अज्ञात नेपाली शिकारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है। डीएफओ ने बताया कि नेपाल के चीफ वार्डन बर्दिया से बात करके सहयोग करने को कहा गया है।

# सड़क जाम व पुलिस पर पथराव करने वाले 41 नामजद, 40 अज्ञात पर केस

पयागपुर (बहराइच)। थाना क्षेत्र में बीते दिनों अचानक आई आपूर्ति से संविदा लाइनमैन हनुमान यादव की मौत हो गई थी। जिसके बाद गुस्साए परिजनों व ग्रामीणों ने बहराइच-गोंडा मार्ग जाम कर दिया था। यही नहीं जाम हटवाने पहुंची पुलिस पर पथराव कर दिया था। पयागपुर थाना प्रभारी कमलशंकर चतुर्वेदी ने बताया कि मामले में पुलिस की ओर से 41 नामजद व 40 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया गया है। उनका कहना है कि कानून तोड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। (संवाद)

# दुष्कर्म व पॉक्सो का आरोपी भेजा गया जेल

**बहराइच।** पयागपुर थाना प्रभारी कमल शंकर चतुर्वेदी ने बताया कि छोटका पड़ेरा निवासी लालू पासी पर दुष्कर्म व पॉक्सो समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज था। जिसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। (संवाद)

# एएसपी ने की विवेचनाओं की समीक्षा

**बहराइच।** एएसपी नगर रामानंद कुशवाहा ने शनिवार को कोतवाली नगर में अर्दली रुप किया। जहां उन्होंने लंबित विवेचनाओं की समीक्षा की और विवेचकों से उनके संबंध में जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने विवेचनाएं पूर्ण कर खुलासा करने व वाहन चोरी की घटनाओं पर विराम लगाने के लिए निर्देशित किया। (संवाद)

# सास-बहू पर जानलेवा हमला करने वाला गिरफ्तार

**महसी।** प्रभारी थाना अध्यक्ष हरदी आनंद कुमार सिंह ने बताया कि शुक्रवार को खमरिया शुक्ल निवासी दयाराम शुक्ला ने अपनी भाभी शांती देवी व बहु रेनू देवी पर बांके से जानलेवा हमला कर दिया था। आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। (संवाद)

# वन चौकी जलाने वाले नेपाली शिकारियों के खिलाफ केस

## 10 दिन पूर्व धर्मापुर वन रेंज में जलाई गई थीं अस्थायी चौकियां

संवाद न्यूज एजेंसी

**मिहींपुरवा (बहराइच)।** कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग के धर्मापुर वन रेंज में बीते दिनों नेपाली शिकारियों ने हल्ला बोलते हुए कई वन चौकियों को जला दिया था। घटना को निलंबित धर्मापुर वन क्षेत्राधिकारी ने मामूली घटना बताई थी, जिससे उनकी भूमिका भी संदिग्ध हो गई थी। प्रकरण में वन विभाग ने मुर्तिहा कोतवाली में अज्ञात नेपाली शिकारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है। साथ ही नेपाल के वन विभाग से भी सहयोग मांगा है।

कतनिर्याघाट वन्यजीव प्रभाग के धर्मापुर वन रेंज की बीट संख्या 14, 15 में बीते दिनों नेपाली शिकारियों ने अस्थायी वन चौकी पर धावा बोला था। नेपाली शिकारियों ने कई वन चौकियों को जला दिया था। घटना को दबाने के लिए धर्मापुर मोबीन आरिफ से इसे मामूली घटना करार दिया था। हालांकि डीएफओ बी. शिवशंकर ने इस पर कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए घटना स्थल का निरीक्षण किया था। साथ ही नेपालियों के इस कायरता पूर्ण दुस्साहस पर नाराजगी जताते हुए अस्थाई वन चौकी जलाने वालों पर मुकदमा दर्ज करने के निर्देश दिए थे। जिसके बाद वन विभाग की ओर से कोतवाली मुर्तिहा में सेक्शन इंचार्ज वन दरोगा मुनीश कुमार ने अज्ञात नेपाली शिकारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है।

डीएफओ बी. शिवशंकर ने बताया कि अज्ञात नेपाली शिकारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। साथ ही नेपाल के चीफ वार्डन बर्दिया से बात करके सहयोग करने को कहा है। उन्होंने सहयोग करने का आश्वासन दिया है। शीघ्र ही अस्थायी वन चौकी जलाने वालों पर सख्त कार्रवई की जाएगी।

# SHRAWASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 09-06-2024

# पुलिस की पहल से जागरूक हो रहीं महिलाएं

श्रावस्ती। मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं व बालिकाओं को जागरूक किया जा रहा है। शनिवार को एसपी घनश्याम चौरसिया के निर्देशन में शक्ति दीदी टीम थाना क्षेत्र मल्हीपुर के ग्राम पटना, मल्हीपुर व मल्हीपुर चौराहा आदि स्थानों पर चौपाल लगाई।

# शिकायत निस्तारण में न करें लापरवाही : एसपी

श्रावस्ती। लोगों की शिकायतों का समाधान करने को शनिवार को सभी थानों में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें पुलिस अधीक्षक समेत अन्य अधिकारियों ने लोगों की शिकायत सुनी। साथ ही प्राप्त शिकायती पत्रों का निस्तारण किया।

थान इकौना व नवीन माडर्न थाना श्रावस्ती में पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया व सीओ इकौना सन्तोष कुमार शर्मा ने जनसुनवाई की। इस दौरान प्राप्त शिकायती पत्रों का निस्तारण किया। साथ ही कुछ शिकायतों का निस्तारण करने के लिए संबंधित को निर्देशित किया। एसपी ने कहा कि लोगों की शिकायत का प्राथमिकता से निस्तारण किया जाय। निस्तारण में लापरवाही मिलने पर संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। अपर पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार यादव व सीओ भिनगा अतुल कुमार चौबे ने कोतवाली भिनगा में आयोजित थाना समाधान दिवस में लोगों की समस्याओं को सुना और उसका निस्तारण किया। पुलिस उपाधीक्षक जमुनहा सतीश कुमार शर्मा ने थाना मल्हीपुर में जनसुनवाई की और समस्या का समाधान किया।

# पुलिस अधीक्षक ने इकौना थाने का निरीक्षण किया

**इकौना।** पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया शनिवार को निरीक्षण करने थाना इकौना पहुंच गए। थाना पहुंचे एसपी ने महिला हेल्प डेस्क पर मौजूद महिला आरक्षी शालिनी सिंह से दैनिक कार्यों की जानकारी ली। इसके साथ ही थाना कार्यालय में कार्यलेख पर मौजूद आरक्षी संतोष यादव सीसीटीएनएस पर आरक्षी राजेश से कार्यों के बारे में जाना। थाने के अभिलेखों को चेक किया तथा रखरखाव को लेकर जरूरी निर्देश दिया। इसके साथ ही एसपी ने थाना परिसर का भ्रमण कर साफ सफाई का जायजा लिया।

साथ ही भोजनालय, बैरक, कम्प्यूटर कक्ष, आदि का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखी। इस दौरान उन्होंने प्रभारी निरीक्षक को जरूरी निर्देश भी दिया।

# मिट्टी खनन में पांच ट्रैक्टर, तीन ट्रालियां व खनन मशीन सीज

संसू, जागरण • जमुनहा (श्रावस्ती) : चौगोई गांव के पास शुक्रवार की रात एसडीएम संजय राय ने अवैध मिट्टी खनन करते पांच ट्रैक्टर, तीन ट्रालियां व खनन मशीन को कर सोनवा पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने सभी वाहनों को सीज कर दिया।

जमुनहा तहसील क्षेत्र के चौगोई गांव में शनिवार की रात खनन माफिया की ओर से खनन करने वाली मशीन लगाकर अवैध मिट्टी खनन किया जा रहा था। ग्रामीणों ने इसकी सूचना जमुनहा एसडीएम संजय राय को दी। सूचना मिलते ही एसडीएम खनन स्थल पर पहुंचे। यहां ट्रैक्टर में खनन मशीन जोड़कर मिट्टी खनन किया जा रहा था। एसडीएम ने मौके से चार ट्रैक्टर-ट्राली, एक ट्रैक्टर व खनन मशीन को पकड़ कर सोनवा पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने सभी वाहनों को थाने पर लाकर सीज कर दिया। इसकी



सोनवा थाना परिसर में खड़े अवैध मिट्टी खनन करते पकड़े गए वाहन • जागरण

जानकारी होने पर भाकियू कार्यकर्ता यूनियन के जिलाध्यक्ष अजय कुमार वर्मा की अगुवाई में जमुनहा तहसील कार्यालय पहुंच गए और एसडीएम पर कार्रवाई की मांग करते हुए धरने पर बैठ गए। यूनियन के जिलाध्यक्ष का आरोप है कि एसडीएम ने उनके कार्यकर्ता से अभद्रतापूर्ण बात की है। सोनवा थाने के प्रभारी श्यामदेव चौधरी ने बताया कि पकड़ी गईं सभी ट्रैक्टर-ट्रालियों व खनन मशीन को सीज कर दिया गया है। खबर लिखे जाने तक भाकियू कार्यकर्ता धरने पर बैठे थे।

# गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारित कराएं शिकायतें : एसपी

जागरण टीम • श्रावस्ती : शनिवार को भिनगा कोतवाली समेत सभी थानों में समाधान दिवस आयोजित हुआ। कुल 33 प्रार्थना पत्र आए। इनमें से सिर्फ दो का निस्तारण हो सका। एसपी घनश्याम चौरसिया ने इकौना थाने में समाधान दिवस की अध्यक्षता की। उन्होंने कहा कि पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से सुनें और उन्हें गुणवत्तापूर्ण ढंग समय सीमा में निस्तारित कराएं।

एसपी ने कहा कि भूमि विवाद की शिकायतों को सूचीबद्ध किया जाए। राजस्व व पुलिस टीम मौके पर जाकर बिना किसी पक्षपात के शिकायतों का समयावधि के अंदर निस्तारण करें।

• समाधान दिवस : 33 शिकायतों में चार का मौके पर निस्तारण

छोटी-बड़ी सभी शिकायतों को रजिस्टर में दर्ज करें। भिनगा कोतवाली व सिरसिया थाने में 10-10 शिकायतें आईं। इनमें से दोनों स्थानों पर एक-एक का निस्तारण हो सका। गिलौला में सात, इकौना में तीन, मल्हीपुर में तीन शिकायतें आईं। इनमें एक भी शिकायत का निस्तारण नहीं हो सका।



मल्हीपुर थाने में आयोजित समाधान दिवस में फरियादियों की शिकायतें सुनते सीओ सतीश कुमार शर्मा (बाएं) • जागरण

# मिट्टी खनन कर रही मशीन सहित पांच ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़ीं, प्रदर्शन

## भाकियू पदाधिकारियों के विरोध के बाद भी नहीं माने एसडीएम, शुरू हुआ धरना

संवाद न्यूज एजेंसी

**तुलसीपुर (श्रावस्ती)।** चौगोई गांव में शुक्रवार देर रात मिट्टी खनन की सूचना पर पहुंचे एसडीएम की कार्रवाई से क्षुब्ध भाकियू कार्यकर्ता थाने में ही धरने पर बैठ गए। एक ओर जहां भाकियू कार्यकर्ताओं ने किसान का पक्ष लेकर कार्रवाई को अवैध बताया वहीं एसडीएम ने पुलिस बल को बुलाकर मशीन और पांच ट्रैक्टर-ट्रॉलियां कब्जे में ले लीं। आक्रोशित भाकियू कार्यकर्ताओं का धरना जमुनहा तहसील में शनिवार को भी जारी रहा।

जमुनहा तहसील क्षेत्र के सोनवा थाना अंतर्गत ग्राम चौगोई के निकट शुक्रवार देर रात के करीब एक मडरोलर मशीन लगाकर मिट्टी का खनन किया जा रहा था। इसी बीच मौके पर राजस्व निरीक्षक राजितराम मिश्रा व क्षेत्रीय लेखपाल अनिल पांडेय के साथ पहुंचे एसडीएम जमुनहा संजय कुमार राय ने खनन करने से रोक दिया। समर्थकों के साथ पहुंचे भाकियू युवा विंग के जिलाध्यक्ष अजय वर्मा ने इसका विरोध किया। बढ़ता विरोध देख एसडीएम ने पुलिस बुला ली।

मौके पर पहुंची सोनवा पुलिस मडरोलर मशीन सहित सभी ट्रैक्टर-ट्रॉली को थाने ले आई। इसके बाद भाकियू युवा विंग जिलाध्यक्ष के साथ कार्यकर्ता थाना परिसर में ही धरने पर बैठ गए। भाकियू कार्यकर्ताओं का आरोप था कि किसान अपने खेत को समतल करा रहा था। इस दौरान निजी उपयोग के लिए कुछ किसान ट्रैक्टर ट्रॉली से मिट्टी ले जाने के लिए आए थे। एसडीएम की ओर से भाकियू कार्यकर्ताओंव किसानों के साथ अभद्रता की गई। इसके विरोध पर अनिश्चित कालीन धरना-प्रदर्शन शुरू हो गया।





सोनवा थाने में धरने पर बैठे भाकियू कार्यकर्ता व थाने में खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली। -संवाद

"हमने डीएम से मामले की शिकायत की लेकिन डीएम ने एसडीएम को सही बताते हुए किसानों से जुर्माना देने को कहा है। इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हम कलेक्ट्रेट का घेराव करेंगे। जरूरत पड़ी तो श्रावस्ती में मुजफ्फरनगर जैसी घटना दोहराई जाएगी, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। **-अजय वर्मा** जिलाध्यक्ष भाकियू युवा विंग

"किसान धरना-प्रदर्शन कर रहे थे। एसडीएम के साथ अभद्रता जैसी कोई बात सामने नहीं आई है। कई ट्रैक्टर-ट्रॉली होने के कारण चालक इधर उधर भाग रहे थे जिन्हें पकड़ने के लिए एसडीएम ने पुलिस को बुलाया था। खनन निरीक्षक को मौके पर बुलाया गया है। उनकी जांच के बाद वाहन सीज करने की कार्रवाई की जाएगी। **-श्याम देव चौधरी,** थाना प्रभारी सोनवा

### "एसडीएम बोले-नहीं की गई अभद्रता

हमें कई दिनों से अवैध खनन की शिकायत मिल रही थी। रात को जब मैं मौके पर पहुंचा तो 10 ट्रैक्टर ट्राली के साथ मशीन से मिट्टी खनन हो रहा था। मुझे देखकर चालक ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर भागने लगे। इसके लिए पुलिस को बुलाना पड़ा। पुलिस ट्रैक्टर-ट्रॉली व मशीन सोनवा थाने ले गई है। मेरे या किसी राजस्व कर्मी द्वारा कोई अभद्रता नहीं की गई है। **-संजय कुमार राय,** एसडीएम जमुनहा

सुनवाई

समाधान दिवस में पीड़ितों ने लगाई फरियाद

# साहब चकमार्ग से हटवाएं कब्जा, होती है परेशानी

संवाद न्यूज एजेंसी

**श्रावस्ती।** जिले के थानों में शनिवार को आयोजित समाधान दिवस में कुल 33 प्रार्थना पत्र आए। मौके पर सिर्फ दो का ही निस्तारण हो पाया। गिलौला थाने में आयोजित समाधान दिवस में गोड़ारी निवासी रामउदार ने चकमार्ग से अतिक्रमण हटवाने की मांग की। उसने कहा कि अतिक्रमण से खेत तक आने-जाने में परेशानी होती है।

वहीं ग्राम विजयपुर सिसावां निवासी सुखदेव ने गांव के कुछ लोगों पर उसकी जमीन पर कब्जा करने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने जांच कराकर कब्जा हटवाने की मांग की है। गिलौला थाने में कुल आए सात प्रार्थना पत्र में किसी का निस्तारण नहीं हो पाया। इकौना व नवीन मॉर्डन थाना कटरा में आयोजित समाधान दिवस की अध्यक्षता एसपी घनश्याम चौरसिया ने की। इकौन में उन्हें तीन प्रार्थना पत्र मिले। जिनके निस्तारण के लिए एसपी ने टीम गठित कर शिकायतों का निस्तारण करने का निर्देश दिया।



थानों में आयोजित थाना समाधान दिवस में पीड़ितों की समस्या सुनते अधिकारी। -संवाद

भिनगा कोतवाली में आयोजित समाधान दिवस की अध्यक्षता एएसपी प्रवीण कुमार यादव ने की। यहां आए 10 में एक मामले का निस्तारण मौके पर किया गया। मल्हीपुर में तीन व सिरसिया में 10 प्रार्थना पत्र आए। जिसमें महज एक ही मामले का निस्तारण हो पाया।

# इकौना थाने का एसपी ने किया निरीक्षण



इकौना थाने का निरीक्षण करते एसपी। स्रोत-पुलिस

**इकौना (श्रावस्ती)।** इकौना थाने का शनिवार को एसपी घनश्याम चौरसिया ने निरीक्षण किया। उन्होंने महिला हेल्पडेस्क पहुंच कर वहां मौजूद महिला आरक्षी शालिनी सिंह से दैनिक कार्यों के बारे में जानकारी लिया। इसके बाद उन्होंने विवेचकों के साथ बैठक कर लंबित विवेचनाओं की समीक्षा की। विवेचनाओं का निस्तारण करने, वांछित व वारंटियों को गिरफ्तार करने का निर्देया। इसके बाद उन्होंने भोजनालय, थाना परिसर, बैरक व कार्यालय आदि का निरीक्षण कर सफाई पर विशेष ध्यान देने के लिए प्रभारी निरीक्षक इकौना को निर्देशित किया। इस दौरान उनके साथ सीओ इकौना संतोष कुमार मौजूद रहे। (संवाद)

# साथ रहने को राजी हुए दंपती

**श्रावस्ती।** पुलिस परिवार परामर्श केंद्र आने वाले पारिवारिक विवाद सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारित कराए जाते हैं। जिसमें वैचारिक मतभेद दूर करके परिवार टूटने से बचाया जाता है। इसी क्रम में शनिवार को परिवार परामर्श केंद्र में एक विवाद आया। जिसमें केंद्र प्रभारी अखिलेश पांडेय, महिला आरक्षी रिचा शुक्ला, रंजना, अंजना ने दंपती को आमने-सामने बैठाकर गिले शिकवे दूर किए। जिसके बाद दंपती साथ रहने को राजी हुए। जिन्हें समझौता कराकर घर भेजा गया। (संवाद)